आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 43 | उज्जैन, शुक्रवार 27 फरवरी, 2026 | फाल्गुन शुक्ल 11 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### राजस्थान में 12000 किग्राम बारूद से दहल उठेगा पाकिस्तान बॉर्डर

**जैसलमेर।** पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज (जैसलमेर) में भारतीय वायुसेना का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास 'वायु शक्ति-2026' आज होगा। युद्धाभ्यास में सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू भी मौजूद रहेंगी। वे 2 दिवसीय (26 और 27 फरवरी) जैसलमेर दौरे पर हैं। तय शेड्यूल के अनुसार- राष्ट्रपति 27 फरवरी को कॉम्बैट हेलिकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरेंगी। इस दौरान वे युद्धाभ्यास क्षेत्र का हवाई मुआयना करेंगी। यह पहली बार होगा, जब राष्ट्रपति जैसलमेर की सीमावर्ती एयरस्पेस में किसी लड़ाकू हेलिकॉप्टर की सह-पायलट बनेंगी। इसके बाद वे वायुसेना स्टेशन पर अधिकारियों और जांबाजों के साथ संवाद कर उनका हौसला बढ़ाएंगी।

### अनिल अंबानी का 3,716 करोड़ का बंगला अबोड कुर्क

**नई दिल्ली।** रिलायंस ग्रुप के पूर्व चेयरमैन अनिल अंबानी 26 फरवरी को दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। अंबानी सुबह करीब 11 बजे जांच एजेंसी के दफ्तर पहुंचे, जहां उनसे विदेशी मुद्रा नियमों के उल्लंघन और फंड के डायवर्जन को लेकर सवाल-जवाब किए गए। मामला सरकारी बैंकों से उनकी कंपनियों को मिले लोन में कथित गड़बड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। सीबीआई की 2019 की एफआईआर के आधार पर ईडी इस मामले की जांच कर रही है। एक दिन पहले ही जांच एजेंसी ने मुंबई के उनके 17 मंजिला घर 'अबोड' को कुर्क कर लिया। अनिल अंबानी रिलायंस कम्युनिकेशंस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के दूसरे दौर के लिए पहुंचे। आरोप है कि उनकी कंपनियों ने बैंकों से लिए लोन का डायवर्जन किया और विदेशी मुद्रा नियमों का उल्लंघन किया।

### द केरल स्टोरी 2 पर केरल हाईकोर्ट की रोक




**सेंसर बोर्ड से कहा- फिल्म का दोबारा रिव्यू करें; कल सिनेमाघरों में रिलीज होनी थी**

**तिरुवनंतपुरम।** केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को फिल्म द केरल स्टोरी 2 की रिलीज पर रोक लगा दी। कोर्ट ने सेंसर सर्टिफिकेट को लेकर उठे सवालों के बाद सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन को दोबारा फिल्म का रिव्यू करने का निर्देश दिया। फिल्म शुक्रवार यानी 27 फरवरी को रिलीज होने वाली थी। कुछ लोगों ने कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि फिल्म का नाम और कहानी केरल की छवि खराब कर सकती है। याचिकाकर्ताओं का कहना है, फिल्म में जबरन धर्म परिवर्तन और आतंकवाद जैसे मुद्दे दिखाए गए हैं। इससे पूरे केरल के बारे में गलत संदेश जा सकता है और लोगों की भावनाएं भड़क सकती हैं। कोर्ट ने बुधवार को कहा था कि वह फिल्म देखकर फैसला करेगा, लेकिन निर्माता ने फिल्म दिखाने से इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि केरल में आपसी सद्भाव है, लेकिन फिल्म में ऐसा दिखाया गया है जैसे ऐसी घटनाएं पूरे राज्य में हो रही हों। फिल्म निर्माता के वकील ने कहा कि यह मामला जनहित याचिका जैसा है और याचिकाकर्ताओं ने अपना व्यक्तिगत नुकसान नहीं बताया है। याचिकाकर्ताओं ने जवाब दिया कि अगर कई लोगों को एक जैसी चिंता है तो उनकी बात भी सुनी जानी चाहिए। टीजर को लेकर भी बहस हुई। सेंसर बोर्ड ने कहा कि उसने टीजर या ट्रेलर को पास नहीं किया है, इसलिए सोशल मीडिया पर डाले गए कंटेंट के लिए वह जिम्मेदार नहीं है। प्रोड्यूसर विपुल शाह ने बुधवार को सुनवाई के दौरान फिल्म के टाइटल में बदलाव करने का भी विरोध किया था।

### करप्शन इन ज्यूडीशियरी वाली एनसीईआरटी किताब पर बैन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार चैप्टर वाली एनसीईआरटी के 8वीं क्लास की सोशल साइंस की किताब बैन कर दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने किताब छापने और बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया। साथ ही कहा कि जो किताबें छप चुकी हैं, उसे जब्त कीजिए और डिजिटल कॉपियों को भी हटाइए। कोर्ट ने इस मामले में एनसीईआरटी डायरेक्टर और केंद्रीय शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही और विवादित चैप्टर लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी योग्यता बताने को भी कहा है। सीजेआई ने कहा- यह न्यायपालिका को बदनाम करने की गहरी और सोची-समझी साजिश लगती है। जिम्मेदारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नौकरानी ने मालिक के घर फर्जी रेड कराई, 3 लोग ईडी अफसर बनकर गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक नौकरानी ने अपने मालिक के घर पर फर्जी प्रवर्तन निर्देशालय की रेड कराई, मामला 11 फरवरी का है। 25 फरवरी को पुलिस ने रेखा देवी नाम की नौकरानी और उसकी भाभी पूजा राजपूत को पूरी साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 11 फरवरी को पुलिस की वर्दी पहने तीन लोग ईडी अफसर बनकर 86 साल के रिटायर्ड आर्किटेक्ट आरसी सभरवाल के घर में जबरन घुस गए। आरोपियों ने परिवार को धमकाया और तलाशी के दौरान मोबाइल फोन जब्त कर लिए। सभरवाल के पोते को शक हुआ तो उसने पूछताछ शुरू कर दी। इसके बाद तीनों आरोपी लगभग 3-4 लाख रुपये कैश, 7 महंगी घड़ियां और गहने लेकर कार से फरार हो गए।

---

**राजस्थान के उद्यमियों को साधने की रणनीति के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भीलवाड़ा दौरा**

# निवेश को लेकर राजस्थान के उद्योगपतियों से बात, मप्र नदियों का मायका

एजेंसी ▸▸ पटना

राजस्थान के उद्यमियों को साधने की रणनीति के तहत मध्यप्रदेश सरकार ने पड़ोसी राज्य में निवेश आकर्षित करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को 1 दिवसीय भीलवाड़ा दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने बड़े उद्योगपतियों, खासकर टेक्सटाइल सेक्टर से जुड़े उद्यमियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरीसेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर भीलवाड़ा, राजस्थान में आयोजित सनातन मंगल महोत्सव एवं संत समागम में



सहभागिता कर अपने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उनके लिए रोजगार सृजन सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सरकार बनने के साथ ही उन्होंने उद्योग विभाग का प्रभार स्वयं रखा। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश बढ़े और रोजगार के अवसर सृजित हों, इसके लिए नई उद्योग नीति तैयार की गई, जिसका प्रभाव अब दिखने लगा है।

**मारवाड़-मेवाड़ का आदमी सूखी रैती में भी तेल निकाल लेता है-** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री यादव ने उद्योगपतियों की क्षमता की तारीफ करते हुए हल्के अंदाज में कहा राजस्थान में तो मारवाड़ और मेवाड़ का आदमी सूखी रेत में भी तेल निकाल लेता है। पूरे देश के उद्योग जगत में इनका दबदबा है। सीएम ने कहा कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच भाईचारे का संबंध अनादि काल से चला आ रहा है और दोनों राज्यों ने विकास में एक-दूसरे का साथ दिया है।

**भीलवाड़ा के कपड़ा उद्योगों को मप्र में निवेश का निमंत्रण-** भीलवाड़ा को देश का 'टेक्सटाइल हब' कहा जाता है। मुख्यमंत्री यादव ने यहां के प्रमुख उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में बिजली, पानी, श्रम और औद्योगिक वातावरण बेहद अनुकूल है, जो निवेशकों के लिए बड़ी सुविधा है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित पीएम मित्र पार्क भी स्थापित हो चुका है, जिससे टेक्सटाइल सेक्टर में भारी अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने संकेत दिया कि भीलवाड़ा के उद्योगपति रामपाल सोनी ने मध्यप्रदेश में लगभग 5 हजार करोड़ रुपये के निवेश की इच्छा जताई है। सीएम ने आश्वासन दिया हमारी कैबिनेट और सीसीआई की संयुक्त बैठकें बड़े उद्यमियों को रियायत देने के उद्देश्य से आयोजित होती हैं। जो भी उद्योग लगाना चाहे, मध्यप्रदेश सरकार हर प्रकार का सहयोग करेगी।

**संत महात्माओं से आशीर्वाद**

भीलवाड़ा आगमन पर हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद डॉ. मोहन यादव ने हरी सेवा उदासीन आश्रम परिसर में चल रहे सनातन मंगल महोत्सव और दीक्षा-दान समारोह में शिरकत कर संतों का आशीर्वाद लिया राज्यों के बीच लंबे समय से चल रहे जल विवाद पर मुख्यमंत्री ने कहा मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। पानी परमात्मा की देन है। राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच कालीसिंध जल विवाद को हमने सौहार्द से हल किया। अब राज्यों के बीच सहयोग की नई परंपरा बन रही है।

---

**मोदी-नेतन्याहू की बैठक में समझौता**

# इजराइल में भारतीय यूपीआई चलेगा

**मोदी बोले- जल्द फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेंगे, इजराइल आना मेरे लिए गर्व की बात**

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल दौरे का आज आखिरी दिन हैं। मोदी दौरे के दूसरे दिन सबसे पहले यरूशलम के होलोकॉस्ट मेमोरियल याद वाशेम पहुंचे। यहां उन्होंने हिटलर के नाजी शासन में मारे गए 60 लाख यहूदियों को श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद इजराइली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात की। इस दौरान इसाक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, जो पूरी दुनिया का ध्यान खींच रही है। वहीं, पीएम मोदी ने इजराइली



राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता दिया। फिर पीएम मोदी और इजराइली पीएम नेतन्याहू ने द्विपक्षीय मीटिंग के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान बताया गया है कि इजराइल में भी अब भारत का यूपीआई पेमेंट सिस्टम चलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत जल्द इजराइल के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेगा। मोदी बुधवार को इजराइल पहुंचे थे। नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया था। इसके बाद पीएम मोदी ने इजराइली संसद नेसेट को भी संबोधित किया। उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल दिया गया। मोदी नेसेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने।

### भाजपा ने उमर खालिद से राहुल गांधी की तुलना की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में एआई समिट में हुए हंगामे पर भाजपा ने एक बार फिर राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया है। भाजपा ने राहुल गांधी की तुलना 2020 दंगे के आरोपी उमर खालिद से करते हुए दिल्ली भाजपा ऑफिस के बाहर एक पोस्टर लगाया। जिसमें लिखा- अराजकता का तरीका एक, बस देश विरोधी चेहरे बदलते रहते हैं। इस पोस्टर में एक तरफ उमर खालिद हैं जिसमें उसे सीएए के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए दिखाया गया है। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी हैं उनके आगे शर्टलेस कांग्रेस कार्यकर्ता की तस्वीरें है, जो एआई समिट का विरोध कर रहे हैं।

## सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन की पीएम अजमेर से करेंगे शुरूआत

**हर साल हजारों महिलाओं की जान बचाएगा यह टीका**

एजेंसी ▸▸ जयपुर

सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन का शुभारंभ करेंगे। हर साल देश में हजारों महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर से जान चली जाती है। एचपीवी वैक्सीन इस कैंसर से बचाने में एक बड़ा सुरक्षा कवच माना जाता है।

हजारों में कीमत होने के चलते यह वैक्सीन गरीब लोगों की पहुंच से दूर थी। अब राष्ट्रीय टीकाकरण में शामिल होने के कारण वैक्सीन





मुफ्त में लगाई जाएगी। अभियान की शुरूआत के लिए वैक्सीन की 3 लाख 60 हजार डोज राजस्थान पहुंच चुकी है।

## बाड़मेर में जमीन से निकल रहा क्रूड ऑयल

**अब तक 55 से ज्यादा टैंकर भर चुके**

एजेंसी ▸▸ बाडमेर

बाड़मेर में एक खेत में जमीन से क्रूड ऑयल निकल रहा है। पिछले 4 दिन से निकल रहे क्रूड ऑयल को एक गड्ढे में भरा जा रहा है, जिससे अब तक 55 से ज्यादा टैंकर भरे जा चुके हैं। जहां पर क्रूड ऑयल निकल रहा है, वहां से करीब 40 मीटर दूरी पर ऐश्वर्या वेलपैड (तेल का कुआं) है। अधिकारियों को इसकी पाइपलाइन में लीकेज का शक है, जिसे ढूंढने के प्रयास



किए जा रहे हैं। मौके पर केयर्न वेदांता कंपनी के अफसर मौजूद हैं। लोगों का कहना है कि यहां 24 फरवरी को ब्लास्ट भी किया गया था, जिससे घरों और स्कूल में दरारें आ गई। मामला कवास गांव का है। विधानसभा में बाड़मेर विधायक प्रियंका चौधरी और बायतु विधायक हरीश चौधरी ने यह मुद्दा उठाया। दरअसल, 23 फरवरी को दोपहर 12 बजे किसान हरजीराम खोथ के खेत में अचानक जमीन से क्रूड ऑयल निकलना शुरू हो गया। देखते ही देखते खेत के एक हिस्से में तेल फैल गया। सूचना पर कंपनी के इंजीनियर्स की एक टेक्निकल टीम मौके पर पहुंची।

## सालभर में 1.27 करोड़ का मटन सूत गए चीते

**रोजाना सिर्फ खाने पर ही खर्च हो रहे 35 हजार रु.**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल



मध्यप्रदेश सरकार के लिए कूनो जंगल में मौजूद चीतों को पालना लगभग 'सफेद हाथी पालने' के बराबर साबित हो रहा है। इन चीतों के खाने पर रोजाना 35 हजार रुपए खर्च किये जा रहे और सालभर के अंदर ही ये चीते 1 करोड़ 27 लाख रुपए का बकरी मीट खा गए। इन चीतों के लिए वैसे तो शिकार हेतु चीतल भी छोड़े जाते हैं, लेकिन चीतों को बकरी का मीट ज्यादा पसंद होता है। इस खबर का खुलासा कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब से हुआ। सरकार ने बताया कि कूनो वाइल्डलाइफ डिवीजन में अभी कुल 32 चीते हैं। सरकार ने इस दौरान यह भी बताया कि इन चीतों को कूनो जंगल से निकालकर ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, मुरैना से लेकर राजस्थान तक भेजा जा रहा। विधायक ने इस दौरान यह भी कहा था कि कूनो जंगल में चीतों को खाने को नहीं मिल रहा, जिस वजह से वे बाहर निकलकर शिकार कर रहे हैं और गांवों के लोगों की बकरियों व जानवरों का शिकार कर रहे हालांकि सीएम ने भी इस मामले में लिखित जवाब देते हुए यह भी बताया कि उक्त नेशनल पार्क में चीतों को खाने के लिए अलग से कोई रकम नहीं दी गई थी, चीतों को हर दिन कितनी बकरियों का मीट खिलाया जाता है, इसका कोई तय मानक भी नहीं है, जरूरत के हिसाब से उन्हें मीट दिया जाता है। हां, जंगल खुला होने से कभी-कभी चीते गांव में बकरियों-जानवरों का शिकार करते हैं।

## ग्रीन फील्ड रोड की बड़ी बाधा हुई दूर

**कलेक्टर और एसडीएम को साफा पहनाकर खुशी-खुशी दी किसानों ने दी जमीन**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सिंहस्थ की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट ग्रीन फील्ड के लिए किसानों से जमीन लेने के कलेक्टर शिवम वर्मा के भागीरथी प्रयास सफल हुए।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशन पर लगातार किसानों से संवाद चल रहा था। वहीं किसानों ने प्रशासन की बात को समझते हुए आज रेजिडेंसी पर पहुंचकर कलेक्टर को खुशी-खुशी अपनी जमीन को सौंप दिया।

कलेक्टर ने सभी का हार्दिक अभिनंदन करते हुए किसानों को



बधाई भी दी। शिवम वर्मा ने कहा कि वाकई में किसान हमेशा से शासन की योजनाओं के लिए मदद करता आया। किसान अन्न दाता तो हैं लेकिन वो दिल फरियाद भी हैं। वहीं जिस तरह से जनहित में यह कदम उठाया वह तारीफेकाबिल भी है। सांवेर एसडीएम घनश्याम धनगर कलेक्टर के निर्देशन पर लगातार किसानों को प्रेरित करते रहे। वहीं कई बार प्रशासन से भी उनका संवाद हुआ। इसी के चलते किसानों ने कलेक्टर के साथ एसडीएम को साफा पहनाकर उनका स्वागत किया।

### झांसी में 9वीं की छात्रा से छेड़छाड़, सुसाइड किया, अकेला पाकर घर में घुसा पड़ोसी

**झांसी।** झांसी में छेड़छाड़ से आहत 9वीं कक्षा की छात्रा ने सुसाइड कर लिया। वह बुधवार को घर पर अकेली थी। तभी दोगुनी उम्र का पड़ोसी घर में घुस आया। कमरे की कुंडी बंद करके छात्रा से जबरदस्ती करने लगा। तभी स्कूल से छात्रा का छोटा भाई घर पहुंच गया। उसने दरवाजा खोला तो आरोपी गंदी हरकत कर रहा था और छात्रा रो रही थी। भाई को देखते ही आरोपी छत से कूदकर भाग गया।

---

**शंकराचार्य केस में दावा**

# नाबालिगों से यौन शोषण की पुष्टि

**मेडिकल रिपोर्ट आई, पीड़ित बटुक बोला- अविमुक्तेश्वरानंद ने शोषण किया**

एजेंसी ▸▸ वाराणसी

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में बच्चों की मेडिकल रिपोर्ट आ गई है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि बच्चों के साथ कुकर्म की पुष्टि हुई है। पुलिस ने बुधवार को पीड़ित नाबालिगों का मेडिकल टेस्ट कराया था। दो डॉक्टरों के पैनल ने प्रयागराज के सरकारी अस्पताल में मेडिकल टेस्ट किया।

रिपोर्ट बंद लिफाफे में गुरुवार को जांच अधिकारी को सौंप दी गई है। इसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बटुकों से कुकर्म किसने किया? कब किया? कहां किया? ये जांच का विषय है। पूरी जांच के बाद साफ होगा कि अविमुक्तेश्वरानंद पर लगे आरोप कितने सही हैं। थाना प्रभारी झूंसी महेश मिश्र ने बताया कि कोर्ट का मामला है। ज्यादा जानकारी नहीं दे सकते।

इससे पहले, शंकराचार्य पर केस दर्ज कराने वाले आशुतोष महाराज ने बुधवार को कहा था कि सारे सबूत हैं। मेडिकल



में बटुकों से कुकर्म की पुष्टि हुई है। जल्द न्याय होगा। इधर, एक पीड़ित बटुक पहली बार मीडिया के सामने आया। उसने 'आज तक' को दिए इंटरव्यू में दावा किया- मैं अध्ययन के लिए गया था, तभी मेरा शोषण किया गया। हमारे साथ और भी बच्चे थे, उनका भी शोषण किया गया।

किसने शोषण किया? इस पर पीड़ित ने कहा- अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद। क्या आप माघ मेले की बात कर रहे? इस पर उसने कहा- जी, वहां पर भी मेरे साथ 16 जनवरी को शोषण किया। शंकराचार्य के शिष्य प्रकाश और अरविंद बच्चों को बाहर से लाते हैं। इसके बाद उनके साथ यौन शोषण किया जाता है।

**शंकराचार्य बोले- एपस्टीन फाइल की बातें दबाई जा रहीं**

इधर, अविमुक्तेश्वरानंद ने वाराणसी में मेडिकल रिपोर्ट पर कहा- आशुतोष महाराज ने रिपोर्ट की बातें बताईं। जांच टीम क्या कर रही है? क्या पुलिस ने उन्हें परमानेंट प्रवक्ता बना लिया? एक हिस्ट्रीशीटर (आशुतोष महाराज) कहानी बनाकर फैला देता है। सारे लोग उसमें दबकर हाय-दइया करने लगते हैं। हमें कोई खतरा नहीं है। अभी हमें मार दो। हम तो अपना पिंडदान कर चुके हैं। उन्होंने कहा- जनता को शंकराचार्य की कहानी देखने में लगा दिया गया है। इससे एपस्टीन फाइल से जो चीजें निकलकर आई हैं, उन्हें दबाया जा रहा। अब सवाल यह है कि कोर्ट की प्रोसीडिंग पूरी तरह गोपनीय रहती है। इसके बारे में कोर्ट, शिकायतकर्ता, पुलिस और खुद पीड़ित को ही जानकारी होती है। ऐसे में चैनल को यह किसने बताया कि ये बच्चे हैं? इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाने पर शंकराचार्य ने कहा- मठ को संरक्षित करने के लिए एक वर्ग होता है। उनका कहना है कि अगर जेल में जाकर आपको जहर का इंजेक्शन लगा दिया गया तो? ऐसी कई तरह की कहानियां सामने आ चुकी हैं।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## पुरानी योजना नए पैकिंग में...

एक बार फिर से धर्म नगरी में खाने पीने के लिए एक नए स्थान की जमकर ब्रांडिंग की गई है। नई दुकानें नया सामान पडोस के शहर की 56 वाली बातों का बखान किया जा रहा है। इससे पूर्व भी शहर में स्थानीय संस्था ने देवास रोड पर इसी 56 वाली बातों का बखान किया था। कुछ ही सालों में पूरा मामला ठंडा पड गया और टायङ्गटाय फिस की स्थिति सामने आई। पिछले समय से नई दुकानों का निर्माण ही रूका हुआ था अब जाकर चलने लगा है। एक संस्था ने पडोस के शहर की तर्ज पर 56 के बखान को 36 में समेटने का प्रयास किया है। दावे अनेक किए जा रहे हैं लेकिन शंका कुशंकाओं का जन्म लेना भी वाजिब है। आमजन में इसे लेकर खुसूर-फुसूर है कि इससे बाहर से आने वाले श्रद्धालु एवं पर्यटक कम ही जुड सकेंगे। शहरी क्षेत्र के ही लोगों के लिए यह प्रारंभिक दौर का आकर्षण रहने वाला है। इसी क्षेत्र में आवासीय स्थितियों में खाद्य की दुकानों का जमकर संचालन किया जाता है। 36 वाली जगह थोडी अंदर की और भी है। शुरूआत में जरूर यहां का लब्बोलुआब लोगों को लुभाने वाला है और अच्छी खासी भीड जुटने वाली है। उसके बाद तो यहां के खाद्य सामग्री की गुणवत्ता ही आमजन को यहां खींच सकती है।




## ट्रैंडिंग




## वर्षों से पूजा करने वाले दिव्यांग पुजारी को बलपूर्वक हटाया

**उज्जैन।** भगवान श्री महाकालेश्वर के कोतवाल श्री कालभैरव मंदिर परकोटे में स्थित शिव मंदिर की पूजा करने वाले दिव्यांग पुजारी अनिल कुमार नागर को वहां से बलपूर्वक गौरव संचोरा नामक व्यक्ति ने हटा दिया है। इस मामले की शिकायत दिव्यांग पंडित नागर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों को की है। पूर्व में भी श्री नागर के साथ ऐसा हो चुका है। तत्कालीन कलेक्टर शशांक मिश्र ने उनके साथ न्याय किया था।

### पूर्व में भी वर्ष 2019 में प्रताड़ित किया गया पुजारी को

शिकायत में पुजारी नागर ने बताया कि वे दुर्गा कालोनी ईदगाह रोड के निवासी हैं। श्री कालभैरव मंदिर के परकोटे में स्थित शिव मंदिर की वर्ष 2016 से नित्य पूजा अर्चना,अभिषेक करते आ रहे हैं। 20 दिनों पूर्व गौरव संचोरा नामक व्यक्ति ने उसके पूर्वजों का मंदिर बताते हुए उन्हें नियत स्थल से पूरी तरह से बेदखल कर दिया है। इससे दिव्यांग श्री नागर शिव पूजा अर्चना से वंचित हो गए हैं। इसे लेकर उन्होंने जनसूनवाई के साथ ही जिला कलेक्टर,अनुविभागीय अधिकारी को भी व्यक्तिगत अवगत करवाया है। पूर्व में भी वर्ष 2019 में उनके साथ ऐसा ही होने पर उन्होंने तत्कालीन कलेक्टर शशांक मिश्र को जनसुनवाई में इससे अवगत करवाया था। इसके बाद उन्हें बैठाया गया था।

## 'कैरियर अपॉर्च्युनिटी इन एविएशन' पर विशेष कार्यशाला

**उज्जैन।** ए फ्लायर की निदेशक डॉ. कविता ठाकुर ने किया छात्रों का मार्गदर्शन* उज्जैन। वाणिज्य अध्ययनशाला, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में विद्यार्थियों को भविष्य की नई संभावनाओं से अवगत कराने के लिए 'कैरियर अपॉर्चुनिटी इन एविएशन सेक्टर' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में ए फ्लायर संस्थान, इंदौर की निदेशक डॉ. कविता ठाकुर मैडम ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने सारगर्भित विचार साझा किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. कविता ठाकुर मैडम ने कहा कि आज के दौर में एविएशन (विमानन) सेक्टर तेजी से उभर रहा है और इसमें युवाओं के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

27 .16 करोड़ में बना भवन 4 सालों में ही वास्तविकता उजागर करने लगा, तीन मंजिला भवन में और भी बहुतेरी समस्याएं कर्मचारी बता रहे, कोई खुलकर सामने नहीं आ रहा

# नए नकोर प्रशासनिक संकुल भवन में तिरार, फ्लोरिंग धंसा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री मंगलनाथ मंदिर के गेट के उपरी भाग पर लगे पत्थर गिरना तो फिर भी वाजिब कहे जा सकते हैं क्योंकि उन्हें लगे 10 साल हो चुके हैं। अब तो 4 साल पहले निर्मित सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन में ही तिरार आने लगी है और फ्लोरिंग धंसने लगा है। यही नहीं और भी कई निर्माण की समस्याएं कर्मचारी बता रहे हैं लेकिन लोक निर्माण विभाग के इस काम को लेकर भी कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं है।

लोक निर्माण विभाग के पिछले वर्षों में किए गए काम अब तो खूद ही गुणवत्ता का सबूत देने के लिए तत्पर हुए जा रहे हैं। हाल ही में श्री मंगलनाथ मंदिर के मुख्य द्वार के उपरी तल से पत्थरों के गिरने की स्थिति सामने आई थी जो कि पूर्व में भी कई बार हुई है। अब उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन की स्थिति सामने आ रही है। इसे 27.16 करोड में लोक निर्माण विभाग पीआईयू ने निर्मित किया था। तत्कालीन कलेक्टर एवं वर्तमान संभागायुक्त आशीषसिंह के कार्यकाल में इसका निर्माण हुआ था और 29 मई 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसका लोकार्पण किया था।







### निर्माण की गुणवत्ता खुद ही बोलने लगी

सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल पर कलेक्टोरेट लगता है। इसी द्वितीय तल पर वीसी रूम में पास में दिवार एवं छत के भाग में सीधे तौर पर ही बडी सारी तिरार को सामान्य आंखों से ही देखा जा सकता है। लगभग आधा इंच के करीब की तिरार काफी कुछ कह रही है। यही नहीं पानी पीने के स्थान के पास जाने पर आपको एहसास होगा कि छत भी धंसी है। यहां जमीन में प्लोरिंग का पत्थर ही टूट कर छत के धंसने की गवाही दे रहा है। यही नहीं भूतल पर पार्किंग के स्थल की स्थिति को भी देखा जाए तो काफी कुछ सामने है। प्रथम तल के हाल भी बहुत ज्यादा मजबूत नहीं कहे जा सकते हैं।

### एक दर्जन से अधिक कार्यालय

तृतीय तल पर संभागायुक्त कार्यालय,द्वितीय तल पर जहां भवन अपने गुणवत्ता की गवाही दे रहा है वहां कलेक्टोरेट कार्यालय संचालित होता है। इसके अलावा इस भवन में भूतल पर लोक सेवा गारंटी कार्यालय योजना सांख्यिकी कार्यालय एवं पेंशन, तीन अपर कलेक्टर, तीन डिप्टी कलेक्टर, भारत निर्वाचन, जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय, भू-अभिलेख कार्यालय, जिला अन्त्यावसायी कार्यालय, लोक सेवा, एनआईसी एवं मीटिंग हॉल है।

### 27 करोड़ से अधिक की लागत

प्रशासकीय संकुल भवन का निर्माण 27 करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से किया गया है। निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग पीआईयू उज्जैन थी। भवन निर्माण के ठेकेदार ग्वालियर के आरबी गर्ग थे। प्रशासनिक संकुल भवन के भूतल पर 4125 वर्गमीटर में वाहनों हेतु पार्किंग, प्रथम तल पर 3925 वर्गमीटर में एसडीएम, तहसील कार्यालय एवं द्वितीय तल पर 3925 वर्गमीटर में कलेक्टर कार्यालय तथा तृतीय तल पर 1970 वर्गमीटर में संभागायुक्त कार्यालय का निर्माण किया गया । भवन में चार स्टेयर केस है। पांच लिफ्ट है। चार लिफ्ट 13 पैसेंजर एवं एक 28 पैसेंजर की है। सम्पूर्ण भवन में फायर फाईटिंग सिस्टम लगाया गया है। भूतल पर लगभग 500 दो पहिया वाहन एवं 40 चार पहिया वाहन खड़े किये जाने की पार्किंग क्षमता है। प्रथम तल पर 49 कक्ष हैं। द्वितीय तल पर कुल 44 कक्ष हैं। तृतीय तल पर कुल 25 कक्ष हैं। भवन में प्रवेश के चार द्वार है। भवन को प्रकाश एवं वेंटिलेशन की आवश्यकता अनुसार ओपन कोर्टयार्ड पेटर्न में रखा गया है।

## महिला पथ विक्रेताओं से अभद्रता और अवैध जब्ती पर भड़का आक्रोश




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन के तहत, हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ महाकाल, उज्जैन ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने नगर निगम कर्मचारियों और असामाजिक तत्वों द्वारा महिला पथ विक्रेताओं के साथ मारपीट, अभद्रता और सामान लूटने की घटनाओं पर कड़ा विरोध जताया है।

**अधिकारियों पर 'स्ट्रीट वेंडर एक्ट' के उल्लंघन का आरोप:** ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि 5 फरवरी को मोनू थनवार, आनंद भैरवे, नितिन बाली, अंगत बाली, मोईनुद्दीन चौधरी और अन्य कर्मचारियों ने 'स्ट्रीट वेंडर एक्ट 2014' और वेंडिंग सर्टिफिकेट होने के बावजूद गैरकानूनी तरीके से सामान जब्त किया। जब्ती के दौरान न तो कोई सीजर मेमो दिया गया और न ही टीवीसी कमेटी की सिफारिश ली गई।

## सिंहस्थ विकास कार्यों से महानगर बनेगा उज्जैन: सांखला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला ने सिंहस्थ 2028 के लिए चल रहे विकास और निर्माण कार्यों पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री के विजन की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यों से उज्जैन महानगर का स्वरूप ले रहा है।

**विकास कार्यों से मिलेगी शहर को नई पहचान:** सांखला ने कहा कि एक तरफ क्षिप्रा शुद्धिकरण और खान (कान्ह) डायवर्सन का कार्य प्रगति पर है, वहीं घाटों के निर्माण से उज्जैन की नई पहचान बनेगी। मंदिरों, सिंहस्थ पड़ाव क्षेत्र और शहरी विकास के अलग-अलग मास्टर प्लान शहर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र और मध्य प्रदेश की भाजपा सरकारें संयुक्त रूप से उज्जैन को संवारने में जुटी हैं।

**कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर:** उन्होंने रेलवे कनेक्टिविटी, प्लेटफार्म के सौंदर्यीकरण और सैकड़ों नई व अस्थायी ट्रेनों के ठहराव की प्रगति को सराहनीय बताया। सांखला ने मंदिरों के आसपास व्यापक वाहन स्टैंड, शहर को सिंहस्थ क्षेत्र से जोड़ने वाली अनेक पुलियाओं व रास्तों के निर्माण, नर्मदा-क्षिप्रा लिंक परियोजना से जल प्रवाह और सड़कों के चौड़ीकरण पर भी खुशी जताई। इसके साथ ही, उज्जैन से हवाई यात्रा को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के निर्णय का भी स्वागत किया।

## पीपलीनाका पर सड़क चौड़ीकरण के विरोध में रोड जाम, रहवासी सड़क पर उतरे



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के पीपली नाका क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के विरोध में गुरुवार को रहवासियों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और मार्ग पर जाम लगा दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना पर्याप्त सूचना और वैकल्पिक व्यवस्था के की जा रही कार्रवाई से कई मकान एवं दुकानों पर असर पड़ रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांग की कि चौड़ीकरण से प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और पुनर्वास की स्पष्ट योजना दी जाए। रहवासियों का आरोप है कि सर्वे की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही और कई आपत्तियों पर विचार नहीं किया गया।

सूचना मिलते ही पुलिस और नगर निगम का अमला मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाइश देने का प्रयास किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्रभावितों की समस्याओं का समाधान नियमों के तहत किया जाएगा और किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

करीब एक घंटे तक चले विरोध के कारण क्षेत्र में यातायात प्रभावित रहा। बाद में प्रशासन की समझाइश के बाद जाम समाप्त हुआ और आवागमन सुचारू हो सका।

## नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से आयोजित नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान दिल से कहो, अपने मोहन जी है न संपूर्ण उज्जैन जिले में निरंतर जारी है, जिसमें हजारों नागरिकों ने अपनी हृदय जांच करवाई है एवं सैकड़ो लोगों का उपचार विभिन्न अशासकीय अस्पतालों में निरंतर जारी है। इसी श्रृंखला में आज तराना विधानसभा के मकान एवं बड़नगर विधानसभा के जहांगीरपुर में सिविल आयोजित होगा।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से प्रारंभ इस अभियान में उज्जैन जिले की प्रत्येक विधानसभा में आयुष्मान अंतर्गत हृदय जांच हेतु अधिसूचित अस्पतालो के सहयोग से अनेकों शिविरों का आयोजन किया गया है। इसी श्रृंखला में नागदा खाचरोद विधानसभा के मडावदा में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ के आतिथ्य में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री धाकड़ ने नागदा खाचरोद विधानसभा सहित सम्पूर्ण उज्जैन जिले के नागरिकों से इस अभियान में सहभागिता कर लाभ लेने का आह्वान किया। शिविरों की श्रृंखला में महिदपुर विधानसभा के रणायरापीर में पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान के आतिथ्य में चोईथराम हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग से शिविर सपन्न हुआ।



**आज माकडोन एवं जगदीशपुर (जहांगीरपुर) में शिविर:** खोईवाल ने आगे बताया कि अभियान की श्रृंखला में आज तराना विधानसभा के माकडोन में एस एन कृष्णा हॉस्पिटल एवं बड़नगर विधानसभा के जहांगीरपुर में अवंती हॉस्पिटल उज्जैन के सहयोग से शिविर आयोजित किया जाएगा।

**लाभ लेने की अपील:** जिलाधीश रोशनकुमार सिंह, सीएमएचओ अशोक कुमार पटेल, पूर्णिमाश्री सेवा संगठन के अध्यक्ष विक्रमसिंह गोंदिया, धर्मेन्द्रसिंह भदौरिया, उज्जैन नगर अभियान संयोजक दीपक अग्रवाल, प्रकाश गोमे, कन्हैयालाल चौहान, विजय द्विवेदी, बाबूलाल पंवार, कांतीलाल परमार, सोनू भाटिया, जितेंद्र परमार,कमल बिलोनीया, अजय मकवाना, सुरेन्द्र मेहर, राजेश अहिरवार, महेंद्र गोमे, सुनील मेहर,दिलीप गांगोलिया, जितेंद्र चौधरी,अमृतेष त्रिवेदी , विकास करपरीया, पवन मकवाना,राजेश चौधरी, मनोज नागदेव,कमल चौधरी, अशोक माली, विकास मालवीय, धर्मेन्द्र सोलंकी, लखन परमार, सुभाष चोधरी,अर्जुन गोमे, चेतन बोरीवाल, विकास बाड़ोलिया सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों ने शिविर में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील शहरवासियों से की है।

## महाराजा महाविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन का सफल आयोजन




**उज्जैन।** महाराजा महाविद्यालय में विगत दिनों पूर्व छात्र सम्मेलन, एलूमनाई मीट का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने विचारों को व्यक्त करते हुए संस्था के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र कुमार लड्डा ने कहा कि यह सम्मेलन केवल पुरानी यादें ताजा करने का माध्यम नहीं है, बल्कि एक-दूसरे की हिम्मत बनने का माध्यम भी है। हम अपनी विशेषज्ञता से एक-दूसरे साथी की और अपने जूनियर छात्रों की मदद कर सकते हैं। आइए वादा करें कि हम इस जुड़ाव को केवल आज के दिन तक ही सीमित नहीं रखेंगे।

संस्था के सीईओ श्री शांतिलाल जैन ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि एलूमनाई मीट एक महत्वपूर्ण आयोजन है. यह वर्षों बाद पुराने साथियों को एक-दूसरे से मिलने का अवसर प्रदान करता है।

## श्री राम महल दरबार में निशान यात्रा एवं फाग महोत्सव मेला आज



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में होली महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं और धार्मिक उत्साह का माहौल बन चुका है। इसी कड़ी में श्री राम महल दरबार, खाटू श्याम जी मंदिर में परंपरानुसार प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला निशान यात्रा एवं फाग महोत्सव मेला 27 फरवरी 2026 (शुक्रवार) को परम पूज्य बाबा साहब अंजनी सखी गुरूजी के सान्निध्य में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस पावन आयोजन में खाटू श्याम बाबा की दिव्य ज्योत श्रृंगार दर्शन, 56 भोग प्रसादी, फूलों की होली, मधुर भजन संध्या और भोजन प्रसादी का विशेष प्रबंध रहेगा।

दोपहर 3 बजे पिपली नाका चौराहे से निशान यात्रा का शुभारंभ होगा, जिसमें हजारों श्याम प्रेमी भक्त शामिल होंगे। यात्रा भव्यता के साथ श्री राम महल दरबार तक पहुंचेगी। मार्ग में कई स्थानों पर मंच लगाकर बाबा साहब अंजनी सखी गुरूजी एवं भक्तों का स्वागत किया जाएगा। यात्रा समाप्त होने के बाद फाग महोत्सव मेला प्रारंभ होगा, जिसमें खाटू श्याम बाबा को फूलों की होली खेली जाएगी, 56 भोग अर्पित किया जाएगा और भजन संध्या के माध्यम से बाबा को रिझाया जाएगा।

आयोजकों ने सभी भक्तों से अपील की है कि वे सपरिवार बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर इस पावन फागोत्सव का आनंद लें, भजन संध्या में शामिल हों और प्रसादी ग्रहण करें। यह आयोजन न केवल होली के रंगों को धार्मिक उत्साह से जोड़ेगा, बल्कि श्याम प्रेमियों के बीच भक्ति और एकता का संदेश भी देगा।

# विकास के नाम पर खुदी सड़कें बनी लोगों के लिए मुसीबत

जर्जर व उखड़ी सड़कों पर चलना लोगों के लिए जोखिम भरा, सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी सड़कों की हालत खस्ता, काम पूरा होने के बाद ना तो सड़क का ठीक से भराव किया जा रहा ना ही रिपेयर करवाई जा रही, रहवासियों के लिए परेशानी का सबब बनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी गई कई सड़कों को दुरुस्त नहीं करवाया गया है ऐसे में यह रहवासियों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। जबकि कुछ दिन पहले निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने एक निर्देश जारी कर कहा था कि जहां पर भी सीवरेज लाइन सहित अन्य कार्यों के लिए विभिन्न मार्गों की सड़कें खोदी जा रही है वहां की मिट्टी तत्काल हटाए व कार्य पूरा होने के बाद मार्ग की सड़क की तुरंत सही से मरम्मत करवाई जाए ताकि नागरिकों को कोई परेशानी ना हो। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सीवरेज लाइन बिछाने के लिए सड़क को खोदा था । लेकिन अब कार्य पूरा होने के बाद ना तो सड़क की मरम्मत करवाई गई है ना ही इसका ठीक से भराव किया गया है, इस कारण सड़क उबड़-खाबड़ स्थिति में है। लोगों को यहां से निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



डाबरी पीठा क्षेत्र की सड़क



नई सड़क गोराना कुलर के समीप की सड़क



नई सड़क तिलक मार्ग की सड़क

### इन क्षेत्रों की सड़कों को नहीं सुधारा, नई सड़क पर तिलक मार्ग

नई सड़क पर तिलक मार्ग पर स्थित गली नंबर 6 में एक माह पहले सीवरेज लाइन बिछाने के लिए यहां की सड़क को खोदा था लेकिन कार्य पूरा होने के बाद ना तो ठीक से भराव किया गया ना ही सड़क की मरम्मत करवाई गई। इसी तरह नई सड़क पर गोराना कुलर के समीप सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी सड़क भी जर्जर स्थिति में है।

### डाबरी पीठा क्षेत्र

डाबरी पीठा क्षेत्र में नैनाल जमात खाने के समीप मार्ग की की सड़क को भी कई जगह से सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदा गया था लेकिन कार्य पूरा होने के बाद ना तो मिट्टी का भराव ठीक से किया गया ना ही सड़क को वापस दुरुस्त करवाया।

### ना ही मलबा उठा रहे ना ही सड़क की मरम्मत हो रही

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जहां पर भी सीवरेज लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी जा रही है उस स्थान पर बैरिकेड्स लगाकर उसे सुरक्षित किया जाए साथ ही मलबा भी तत्काल हटाए और कार्य पूरा होने के बाद सड़क की तुरंत सही से मरम्मत करवाई जाए ताकि नागरिकों को कोई परेशानी ना हो। लेकिन कार्य पूरा होने के बाद कई जगह की सड़कें नहीं सुधारी गई है इस कारण जर्जर व उखड़ी हुई इन सड़कों पर चलना लोगों के लिए जोखिम भरा हो गया है।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

इंदौर | उज्जैन | शुक्रवार, 27 फरवरी, 2026 | www.awantika.com



# सिंहस्थ क्षेत्र में आश्रम की आड़ में कर दिया था लग्जरी होटल निर्माण, निगम ने चलाया बुलडोजर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ की आरक्षित भूमि पर आस्था की आड़ लेकर किए जा रहे व्यावसायिक अतिक्रमण के विरुद्ध बुधवार को नगर निगम और जिला प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। सुबह भारी पुलिस बल के साथ नगर निगम की रिमूवल गैंग लालपुर और नरसिंह घाट क्षेत्र पहुंची, जहां 'आश्रम' निर्माण के नाम पर बनाए जा रहे आलीशान और होटलनुमा अवैध ढांचों को जमींदोज कर दिया गया।

प्रशासन को सूचना मिली थी कि श्री स्वामी पुण्यानंद आश्रम शंकराचार्य मठ, क्षत्रिय कलोता समाज पारमार्थिक न्यास और अखिल भारतीय चंद्रवंशी बागरी समाज जैसे प्रमुख स्थानों पर आश्रम की आड़ मे लग्जरी होटल जैसी भव्य इमारतें खड़ी की जा रही हैं। इसी क्रम में शंकराचार्य मठ, माधवानंद आश्रम और इंद्रदेव गुरु के अवैध शेड परिसर में बने अवैध पक्के निर्माण पाए गए। अपर आयुक्त संतोष टैगोर और एसडीएम के नेतृत्व में चली इस मुहिम में जेसीबी और पोकलेन के माध्यम से लगभग एक लाख स्केयर फिर क्षेत्र से अवैध निर्माणों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई ने स्पष्ट कर दिया है कि सिंहस्थ क्षेत्र की मयार्दा और मास्टर प्लान का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**आश्रम के नाम पर बना ली थी लग्जरी होटल-** कार्रवाई के दौरान यह बात देखने को मिली कि आश्रम के नाम पर लग्जरी होटल का निर्माण कई स्थान पर कर लिया गया था। सुबह नगर निगम की टीम पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कुछ विरोध देखा गया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के कारण यह कार्रवाई जारी रही और अतिक्रमण हटा दिया गया।

### निगमायुक्त ने जर्जर मकानों का चिन्हांकन और बिजली के तारों को व्यवस्थित करने को कहा

# होली-रंगपंचमी के पहले नगर निगम की तैयारी

## जर्जर बिल्डिंगों की पहचान कर तैयार करें लिस्ट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

होली और रंगपंचमी के त्योहार को देखते हुए जर्जर मकानों का चिन्हांकन और बिजली के तारों को व्यवस्थित किया जाएगा। इसे लेकर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए हैं। ऐसा रंगपंचमी पर निकलने वाली गेर को लेकर किया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास है कि गेर देखने के लिए कोई जर्जर मकान में न जाए। इसलिए उसे पहले से चिन्हित कर बोर्ड लगा दिया जाए।

निगमायुक्त ने निर्देशित किया है कि सभी जोन के बिल्डिंग अधिकारी, जोनल अधिकारी और भवन निरीक्षक अपने-अपने इलाकों में सर्वे कर यह सुनिश्चित करें कि कहीं कोई जर्जर बिल्डिंग तो नहीं है, यदि ऐसी बिल्डिंग चिन्हित होती है तो उनकी लिस्ट तैयार करें, बिल्डिंगों का स्पष्ट रूप से चिन्हांकन करें, संबंधित स्थानों पर चेतावनी स्वरूप फ्लेक्स लगाए जाएं। साथ ही आवश्यकता अनुसार बैरिकेडिंग कर लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाए। त्योहारों के दौरान विशेष रूप से उन रास्तों पर ध्यान देने के लिए कहा है जहां होली व रंगपंचमी के अवसर पर जुलूस, गेर और अन्य पारंपरिक आयोजन होते हैं।



### विद्युत व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं समन्वय

निगमायुक्त ने विद्युत विभाग से कहा कि वे अपने-अपने जोन इलाकों में मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के साथ समन्वय बनाकर अव्यवस्थित केबल वायर, तारों के गुच्छे या नीचे लटके बिजली के तारों का चिन्हांकन करें। ऐसी जगह जहां तारों के कारण मार्ग में बाधा उत्पन्न हो रही है या एक्सीडेंट की आशंका हो, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करते हुए तारों को व्यवस्थित किया जाए। आवश्यकतानुसार ऊंचाई और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। आम जनता के आवागमन में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

### विद्युत व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं समन्वय

इसी क्रम में जनकार्य (वर्कशॉप), जल प्रदाय, रिमूवल शाखा सहित नगर निगम के सभी जोन को अपने-अपने इलाकों से संबंधित व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। सड़कों की मरम्मत, गड्ढों का समतलीकरण, जल आपूर्ति व्यवस्था की सुचारुता, कचरा कलेक्शन और तुरंत निराकरण, आवश्यक मशीनरी और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। संबंधित अधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं।

### जर्जर मकान पर रिमूवल की कार्रवाई

इधर, निगमायुक्त के निर्देश पर जर्जर और खतरनाक बिल्डिगों पर रिमूवल की कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में जोन क्रमांक 2 के वार्ड 69 में एक जर्जर मकान के रिमूवल की कार्रवाई की गई। यहां पर ओल्ड राजमोहल्ला में 800 स्क्वेयर फीट के गोपाल मिश्रा के जर्जर मकान पर नगर निगम ने रिमूवल की कार्रवाई की। इस दौरान निगम के अधिकारी व अमला मौजूद रहा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया स्पेशल होली हैम्पर लॉंच

# दीदियों ने किया 1 वर्ष में 310 करोड़ रूपए का व्यापार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियाँ एकता की शक्ति का सजीव उदाहरण है। बहनों द्वारा एकजुटता से किए जा रहे प्रयास 'बंद मुट्ठी लाख की' के भाव को चरितार्थ करते हुए देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

बहनें आज ट्रैक्टर से लेकर ड्रोन तक चलाने के साथ गैस और पेट्रोल रिफिलिंग जैसे कार्य भी कर रही हैं। कैफे संचालन से लेकर मार्केट का टारगेट पूरा करने में अव्वल बहनें अचार, पापड़ निर्माण सहित कई छोटे उद्योगों से बेहतर कमाई कर रही हैं। भारतीय संस्कृति में मातृ सत्ता का विशेष महत्व है। राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश की बहनें सशक्त हो रही हैं। प्रदेश के 5 लाख स्व-सहायता समूहों से 65 लाख से अधिक दीदियां जुड़कर सशक्त हुई हैं। इनमें से 12 लाख से अधिक दीदियां लखपति दीदी बन चुकी हैं। राज्य सरकार प्रदेश की बहनों के सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूहों ने एक वर्ष में विभिन्न कंपनी और मेलों के माध्यम से 310 करोड़ रुपए का व्यापार किया है।

मध्यप्रदेश, देश का सर्वाधिक प्राकृतिक खेती वाला राज्य है। हमारे स्व-सहायता समूहों की 50 हजार बहनें प्राकृतिक खेती में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में महिला बाल विकास विभाग में 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। साथ ही बजट का कुल 34 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण विकास पर खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री भोपाल में स्वसहायता समूहों की आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का शुभारंभ कर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

# विक्रम नाट्य समारोह : स्वर लहरियों के साथ सौगंधिकाहरण का मंचन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ डॉ. जफर महमूद**

**उज्जैन।** विक्रमोत्सव-2026 के अंतर्गत दस दिवसीय राष्ट्रीय विक्रम नाट्य समारोह का समाहार हुआ। समापन संध्या कर्नाटक संगीतज्ञ मनोहर के निर्देशन में अभंग नाद की प्रस्तुति हुई। इस प्रस्तुति में तबला, मृदंगम, घटम, काजोन, ढोलक, वायलिन और बांसुरी जैसे विविध वाद्यों का समन्वित प्रयोग और संयोजनने महाराष्ट्र की समृद्ध अभंग परंपरा को मंच पर सजीव किया । भगवान विठ्ठल की स्तुति में रचित अभंगों को शास्त्रीय लय, प्रयोग धर्मी संयोजन और सजीव ताल-संवाद के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। पारंपरिक भक्ति-भाव और समकालीन ध्वनियों के इस प्रभावी संगम ने श्रोताओं को भक्ति और लय के अद्वितीय अनुभव से जोड़ते हुए पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कलाकारों की सुमधुर स्वर लहरियों ने श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर एक दिव्य वातावरण का सृजन किया। दूसरी प्रस्तुति में प्रख्यात नाट्य निर्देशक पियाल भट्टाचार्य के निर्देशन में नाटक सौगंधिकाहरण के प्रभावी मंचन हुआ। सौगन्धिकाहरण संस्कृत साहित्य का प्रसिद्ध एकांकी नाटक है।जिसे विश्वनाथ ने अपने साहित्य दर्पण में उद्धृत किया है। यह नाटक महाभारत के वन पर्व में वर्णित भीम द्वारा द्रौपदी के लिए सुगंधित नीलकमल लाने की कथा पर आधारित है। वनवास के दौरान द्रौपदी द्वारा सौगन्धिक फूल की इच्छा करने पर



भीम का उसे खोजने निकलना और गंधमादन पर्वत पर हनुमान से मिलना बताया गया है। नाटक व्यायोग शैली में निबद्ध है,जो संस्कृत नाट्यशास्त्र के दस रूपों में से एक है ।इसमें वीरता या संघर्ष का चित्रण है।यह नाटक काव्यात्मक और नाटकीय तत्वों के संयोजन के लिए जाना जाता है, जिसमें भीम और हनुमान के बीच का संवाद विशेष उल्लेखनीय है। प्रस्तुति में भीम और हनुमान के प्रसंग के माध्यम से आत्मसंयम, विनय और धर्म का प्रभावी संदेश दिया गया। पौराणिक कथा पर आधारित नाटक ने दर्शकों को संदेश दिया कि सच्चा पराक्रम केवल शक्ति में नहीं, बल्कि संयमित और विवेकपूर्ण आचरण में निहित है। कथा के अनुसार वनवास के दौरान पाण्डवों के आश्रम में वायु द्वारा लाया गया दिव्य सौगन्धिक पुष्प द्रौपदी को प्राप्त होता है। पुष्प की अलौकिक सुगंध से प्रभावित होकर द्रौपदी ऐसे और पुष्पों की इच्छा प्रकट करती हैं, जिसे पूर्ण करने हेतु भीम गन्धमादन वन की ओर प्रस्थान करते हैं।

## मालवा निमाड़ का 87वां ग्रिड बुरहानपुर शहर में ऊर्जीकृत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शासन की महत्वपूर्ण रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस ) मालवा निमाड़ निमाड़ में नए 33/11 केवी ग्रिड श्रृंखलाबद्ध रूप से बनाए जा रहे हैं। आरडीएसएस अंतर्गत मालवा निमाड़ का 87वां सब स्टेशन बुरहानपुर शहर के मंडी क्षेत्र में ऊर्जीकृत किया गया। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि इस नए ग्रिड से बुरहानपुर मध्य शहर के हजारों उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में ज्यादा गुणवत्ता से बिजली मिलेगी।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि निमाड़ का 26वां और पश्चिम क्षेत्र कंपनी का यह 87वां ग्रिड बुरहानपुर के मध्य शहरी क्षेत्र में 2.18 करोड़ रूपए से निर्मित हुआ है। इसकी क्षमता 5 एमवीए हैं। इससे मध्य शहरी क्षेत्र को ज्यादा गुणवत्ता से बिजली मिलेगी। अनूप कुमार सिंह ने बताया कि निमाड़ में सबसे ज्यादा ग्रिड बुरहानपुर, खंडवा में 8, 8, खरगोन में 6, बड़वानी में 4 तैयार किए गए है। वहीं इंदौर शहर व ग्रामीण वृत्त में कुल 13, उज्जैन जिले में 12 ग्रिड तैयार किए गए हैं।

### बाबा के दर्शन करने पहुंचे तमिल फिल्म अभिनेता विक्रम प्रभु

# बोले- महाकाल बाबा से ऊर्जा मिलती है

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

तमिल फिल्म अभिनेता और निमार्ता विक्रम प्रभु ने 25 फरवरी को शादी की सालगिरह पर ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन का लाभ लिया। इस दौरान उन्होंने चांदी द्वार से बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन किया और उसके बाद उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल की आरती का भी लाभ अर्जित किया।

महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि विक्रम प्रभु तमिल भाषा की फिल्मों में काम करने वाले एक भारतीय अभिनेता हैं, जिन्होंने फिल्म कुमकी से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। वे अभिनेता प्रभु के पुत्र और दिग्गज अभिनेता शिवाजी गणेशन के पोते हैं। बुधवार सुबह वह अपनी पत्नी के साथ बाबा महाकाल के दर्शन करना आए थे जहां बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद उन्होंने अपने मस्तक पर जय श्री महाकाल का तिलक लगाया और फिर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेकर यहां से रवाना हो गए।

### जानिए कौन है विक्रम प्रभु

विक्रम प्रभु तमिल भाषा की फिल्मों में काम करने वाले एक भारतीय अभिनेता हैं, जिन्होंने प्रभु सोलोमन की फिल्म कुमकी से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। उन्होंने इवान वेरामथिरी और वेल्लैकारा दुरई में भी मुख्य भूमिका निभाई। वे अभिनेता प्रभु के पुत्र और दिग्गज अभिनेता शिवाजी गणेशन के पोते हैं। विक्रम प्रभु ने प्रभु सोलोमन की फिल्म 'कुमकी' (2012) से अभिनय की शुरूआत की, जिसमें उन्होंने हाथियों के साथ काम करने के लिए प्रशिक्षित एक किरदार निभाया। यह फिल्म दिसंबर 2012 में रिलीज हुई और समीक्षकों द्वारा सराही गई तथा व्यावसायिक रूप से सफल रही। विक्रम प्रभु ने तमिल सिनेमा में कई उल्लेखनीय फिल्मों के साथ अपनी पहचान बनाई, जिसकी शुरूआत उन्होंने मुख्य भूमिका में इवान वेरामथिरी (2013) से की।



इसके बाद उन्होंने आनंद शंकर द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर अरिमा नम्बी (2014) और पारिवारिक एक्शन एंटरटेनर सिगरम थोड़ु (2014) में काम किया, जिसमें वे सत्यराज और मोनाल गज्जर के साथ दोहरी भूमिकाओं में नजर आए।

बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद विक्रम प्रभु ने मंदिर की व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए कहा कि यहां की सफाई के साथ ही दर्शन व्यवस्था इतनी अच्छी है कि इसके बारे में जितना कहा जाए उतना कम है। उन्होंने कहा कि मैं अपनी पत्नी के साथ शादी की सालगिरह पर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने आया था। पहले भी मैं मंदिर में आ चुका हूं। मंदिर में मुझे पॉजिटिव एनर्जी मिलती है और बाबा महाकाल का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है।

### 2 मार्च को होलिका दहन, चंद्रग्रहण से बन रही असमंजस की स्थिति साफ

# उज्जैन में 3 मार्च को मनाई जाएगी होली



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

होलिका दहन और होली की तारीख को लेकर इस साल लोगों में असमंजस बना हुआ है। इस साल यह असमंजस है कि होलिका दहन 2 मार्च को होगा या 3 मार्च को और रंगों वाली होली आखिर किस दिन मनाई जाएगी। बाबा गुमानदेव पीठ के ज्योतिषाचार्य पंडित चंदन श्याम नारायण व्यास के अनुसार इस साल होलिका पूजन और दहन फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा 2 मार्च 2026, सोमवार की शाम को किया जाएगा।

पंचांग के अनुसार 2 मार्च को शाम 6:27 बजे तक होलिका दहन का मुहूर्त है। उन्होंने बताया कि शास्त्र के अनुसार धुलेंडी पर्व 3 मार्च को है, लेकिन इस दिन चंद्रग्रहण होने से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। चंद्रग्रहण का सूतक 3 मार्च मंगलवार सुबह 6:30 बजे से शुरू होगा, जिसके बाद शाम 6:47 तक चन्द्र ग्रहण का मोक्ष रहेगा। इस चंद्रग्रहण के दौरान कुल 17 मिनट तक यह उज्जैन में भी दिखाई देगा। 3 मार्च को चंद्रग्रहण का सूतक होने से यह स्थिति साफ है कि या तो होली का त्यौहार चंद्रग्रहण का सूतक लगने के पहले यानी कि सुबह 6:30 के पहले मनाया जाए या शाम को 6:47 के बाद मनाया जाए। उन्होंने कहा कि शास्त्रोक्त अनुसार होली का उत्सव 3 मार्च 2026 मंगलवार को ही मनाया जाएगा।



### होलिका दहन शाम को होगा

शास्त्रों के अनुसार होलिका दहन हमेशा रात में और पूर्णिमा तिथि में ही किया जाता है। दिन में होलिका जलाने की परंपरा नहीं है। यही वजह है कि होलिका दहन के लिए रात का समय ही शुभ माना गया है। इस बार पूर्णिमा तिथि 2 मार्च की शाम से शुरू हो रही है, इसलिए होलिका दहन भी 2 मार्च की शाम को ही होगा।

### क्यों बन रही असमंजस की स्थिति

तिथि और वार के बदलने की वजह से हर साल होली की तारीख को लेकर भ्रम रहता है। कुछ लोग सिर्फ कैलेंडर देखकर तारीख मान लेते हैं, जबकि त्योहार तिथि के हिसाब से मनाए जाते हैं। इस बार पूर्णिमा तिथि पर चंद्र ग्रहण लग रहा है, जिस वजह से ऐसी स्थिति बनी हुई है। पंचांग के अनुसार शास्त्रीय नियमों को देखें तो होलिका दहन 2 मार्च की शाम को ही होगा और रंगों वाली होली 3 मार्च को मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्य पं. चंदन श्याम नारायण व्यास ने बताया कि होलिका दहन से पहले होलिका की पूजा करें। पूजा में नारियल, गुड़, गेहूं की बालियां और गुलाल चढ़ाया जाता है। होलिका के चारों ओर परिक्रमा करके मन में बुरी आदतों को छोड़ने का संकल्प लें।

## परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**इंदौर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा ऑफलाइन पद्धति से राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 का आयोजन आगामी 1 मार्च को किया जाएगा। उक्त परीक्षा के लिए इंदौर के शासकीय और अशासकीय स्कूलों व कॉलेजों को केन्द्र बनाया गया है। शहर में आयोजित इस परीक्षा में कुल 38 हजार 144 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी। राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 परीक्षा के सम्पूर्ण संचालन हेतु संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े को परीक्षा समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आज संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देश पर संभागायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त राजस्व एवं प्रभारी परीक्षा अधिकारी सपना एम. लोवंशी ने बैठक में बताया कि सेट के प्रश्नपत्र में बहुवैकल्पिक प्रश्न होंगे।

# होली पर्व के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों में सघन जांच जारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मुख्यमंत्री द्वारा होली पर्व के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की सघन जांच कर मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। उक्त निदेशों के अनुक्रम में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में होली पर्व को देखते हुए जिले में विशेष सघन जांच अभियान निरंतर संचालित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिक से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के अधिकाधिक नमूने लिए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर के निदेशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में प्रभावी कार्रवाई की गई है। इसी क्रम में 25 फरवरी 2026 को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दलों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान नंदलालपुरा स्थित शिवशक्ति दूध दही भंडार का निरीक्षण किया गया, जहां श्री नीलेश राठौर प्रतिष्ठान का संचालन करते हुए पाए गए। मौके पर दूध, दही, पनीर एवं लस्सी का निर्माण एवं विक्रय किया जाना पाया गया। साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक रही। यहां से दूध एवं दही के कुल 02 नमूने जांच हेतु लिए गए।

जवाहर मार्ग, नंदलालपुरा सब्जी मंडी स्थित जैन नमकीन भंडार का निरीक्षण किया गया, जहां श्री अभय जैन संचालन करते हुए पाए गए। प्रतिष्ठान पर विभिन्न प्रकार के नमकीन का निर्माण एवं संग्रहण पाया गया। साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। यहां से लौंग सेव का 01 नमूना लिया गया। सपना स्वीट्स, इमली बाजार से मिठाई के 02 नमूने लिए गए। अजय स्वीट्स, सादर बाजार से दूध कतली एवं मिल्क केक के कुल 02 नमूने लिए गए।

## न्यूज-कॉलम



## उदयगढ़ में भगोरिया मेले की तैयारियों का कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा

**आलीराजपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उदयगढ़ भगोरिया में प्रस्तावित आगमन को लेकर उदयगढ़ में आयोजित होने वाले भगोरिया मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह ने भगोरिया स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। वहीं स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाने, जनपद सीईओ को ई-केवाईसी एवं समग्र शिविर आयोजित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणजन शासकीय योजनाओं का लाभ उठा सकें। कलेक्टर ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के आगमन की संभावना को देखते हुए कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा व्यवस्थित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन करने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल, अनुविभागीय अधिकारी श्री वीरेंद्र बघेल,तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम बबलाई में आदिवासी वनांचल में भगोरिया हाट की धूम



**मंडलेश्वर** । समीपस्थ ग्राम बबलाई में बुधवार को लगे भगोरिया हाट में ग्राम सहित आसपास के 20 आदिवासी वनांचल ग्रामों के हजारों ग्रामीण वासी महिला ,पुरुष, बच्चे ,बूढ़े पारंपरिक वेशभूषाओं में से शामिल हुए। समाजजनों में इस पर्व को लेकर सुबह से ही उत्साह देखा गया। भगोरिया हाट की शुरूआत पंचायत भवन के पास स्थित भगवान टंट्या मामा मंदिर में प्रतिमा की पूजा अर्चना और माल्यार्पण से हुई ।दोपहर बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी।ढोल मांडल की थाप पर आदिवासी पारंपरिक वेशभूषाओं में समाजजन खूब थिरके । ग्रामीण महिलाओं , बच्चों ने जमकर खरीदारी की द्य बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। मीठे और नमकीन व्यंजनों शीतल पेय,आइसक्रीम का लुत्फ उठाया। समाजजनों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। युवक युवतियां पारंपरिक वेशभूषाओं में मांडल की थाप पर थिरकते हुए सेल्फी लेते हुए नजर आए। पुलिस और राजस्व विभाग के पटवारियों, कोटवारों की टीम ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली। शाम 7 बजे तक भगोरिया हाट में उल्लास छाया रहा।

## झारबडे मेडिकल क्लीनिक में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया



**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा बैतूल इकलहरा में 26 फरवरी गुरुवार को झारबडे मेडिकल क्लीनिक में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। 26 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के डॉ. सत्यम मिश्रा के द्वारा इस मौसम में होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप, ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में, एवं ऑल इज वेल हॉस्पिटल स्टाफ के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल

# नगर की बदहाल आर्थिक और सफाई व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार की दोगली नीतियों के विरुद्ध कांग्रेस ने प्रदर्शन करते हुए सौपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



नगर की बदहाल आर्थिक और सफाई व्यवस्था को लेकर बुधवार को कांग्रेस ने भाजपा पर पलटवार किया। कांग्रेस नेताओं ने नगरपालिका की दुर्दशा के लिए भाजपा और मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेंद्र मिश्रा को सीधे-सीधे जिम्मेदार ठहराया।

नपाध्यक्ष सुनीता इंदर बिरला के नेतृत्व में कांग्रेस ने नगरपालिका भवन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया और एसडीएम सत्यनारायण दर्रो को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सनावद नगरपालिका के सफाई विभाग सहित अन्य विभागों के कर्मचारी रुके हुए वेतन की मांग को लेकर पिछले एक सप्ताह से काम बंद हड़ताल कर रहे हैं। नगरपालिका कार्यालय में ताले लगाने के कारण स्थानीय निकाय से जुड़े नागरिकों के काम नहीं हो पा रहे हैं। नगरवासी नगरपालिका के कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन काम नहीं हो रहे हैं। सफाई कर्मचारी हड़ताल पर होने के कारण नगर की साफ-सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। ज्ञापन में कहा गया कि शासन के द्वारा जो चुंगी की राशि स्थानीय निकाय को दी जाती है, वह राशि भी पर्याप्त नहीं आ रही है। सीएमओ राजेंद्र मिश्रा नगर पालिका कार्यालय में पर्याप्त समय नहीं देते हुए अधिकांश समय छुट्टी पर रहते हैं।इस कारण कर वसूली का कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है। ज्ञात हुआ है कि पिछले वर्ष भी कर वसूली लगभग 30 प्रतिशत ही हुई थी और एवं इस वर्ष भी अभी तक लगभग 15 से 20 प्रतिशत ही कर वसूली हो पाई है। ज्ञापन में सीएमओ के खिलाफ प्रशासनिक कार्यवाही की पुरजोर मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि सनावद नगरपालिका परिषद कांग्रेस की होने के कारण प्रदेश शासन द्वारा भेदभाव किया जा रहा है और पर्याप्त आर्थिक मदद नहीं दी जा रही है।इन सब कारणों से नगरपालिका की आर्थिक स्थिति बुरा तरह लड़खड़ा गई है।ज्ञापन में मांग की गई है कि नगरपालिका से जुड़ी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया अन्यथा कांग्रेस प्रचंड आंदोलन छेड़ने पर विवश होगी।इसके पूर्व कांग्रेस नेता नरेंद्र पटेल,नपाध्यक्ष सुनीता बिर्ला, तेजेंदरपाल सिंह कपूर,गौतम विद्यार्थी, उर्मिला जैन ने नगरपालिका की बदहाली के लिए भाजपा को जमकर आड़े हाथों लिया और सीएमओ को तत्काल हटाने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस नेता आशीष चौधरी, शेख साकेरीन,पार्षद जय शिंदे, अनिल बारे, पवन इंगला,शेरान शेख, सोनू पेंटर, हरमिंदरसिंह कपूर, आफताब हिलाल,शिवपाल यादव,मोनू जायसवाल, सौरभ यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

ज्ञापन सौंपे जाने के बाद नपाध्यक्ष और कांग्रेस पार्षद नगर की सफाई के लिए नगर की सड़कों और चौराहों पर उतरे और कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से कचरा एकत्रित किया। नगरवासियों ने ये नजारा पहली बार देखा जब नपाध्यक्ष और कांग्रेस पार्षदों को नगर की सफाई के लिए स्वयं सड़कों पर उतरना पड़ा।

सनावद-नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा वेतन की मांग को लेकर विगत एक सप्ताह से जारी काम बंद हड़ताल के लिए नपाध्यक्ष सुनीता इंदर बिरला ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेंद्र मिश्रा और भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। पत्रकार वार्ता में प्रश्नों के जवाब देते हुए नपाध्यक्ष ने कहा कि नगरपालिका कर्मचारियों के पांच माह से रुके वेतन और नगर में व्याप्त गंदगी के लिए सीएमओ और भाजपा जिम्मेदार है। नपाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा पार्षद नगरपालिका का कार्य सुचारु ढंग से नहीं चलने दे रहे हैं और नगरपालिका कर्मचारियों को हड़ताल के लिए उकसा रहे हैं। नपाध्यक्ष ने कहा कि हमने कर्मचारियों को वेतन भुगतान का ठोस आश्वासन देकर उन्हें काम कर लौटने के लिए मना लिया था। लेकिन भाजपा ओछी राजनीति करते हुए नपा कर्मचारियों में मतभेद पैदा कर रही है। इस कारण नगरपालिका के दैनिक कार्यों में गतिरोध बना हुआ है और नगरवासी परेशान हो रहे हैं। नगर की जनता भाजपा की राजनीति को अच्छे से समझ रही है और नागरिक जानते हैं कि इस हड़ताल के लिए कौन जिम्मेदार है। नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर में लगभग ५ करोड़ रु से अधिक का संपत्ति और जल कर बकाया है। लेकिन सीएमओ कर वसूली जैसे अत्यावश्यक कार्य के प्रति पूरी तरह लापरवाह हैं और कर वसूली नहीं की जा रही है। इसके अलावा सीएमओ द्वारा नगरपालिका की दुकानों की किराया वसूली और खाली पड़ी दुकानों को किराए से देने की प्रक्रिया नहीं की जा रही है।इस कारण ही नगरपालिका की आर्थिक स्थिति दयनीय हुई है।सीएमओ नगरपालिका के कार्यालय में नहीं बैठते हैं। नपाध्यक्ष ने कहा कि भोपाल और खरगोन में वरिष्ठ अधिकारियों को सीएमओ की लापरवाहीपूर्ण कार्यशैली से कई बार अवगत कराया जा चुका है और उन्हें हटाने की मांग की गई है। लेकिन राजनीतिक रसूख के कारण सीएमओ को हटाया नहीं जा रहा है।

## डॉ. मोहन यादव के आगमन को लेकर तैयारियां तेज



### अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद के शहादत दिवस पर 27 फरवरी को भाबरा में कार्यक्रम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद के शहादत दिवस के अवसर पर 27 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का चंद्र शेखर आजाद नगर (भाबरा) में प्रस्तावित आगमन है। इसके साथ ही वह उदयगढ़ में आयोजित भगोरिया पर्व में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

बुधवार को कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया की संयुक्त टीम ने भाबरा पहुंचकर हेलिपैड, आजाद कुटिया, सभा स्थल एवं रोड शो मार्ग का विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर मंच, बैठक व्यवस्था, निकासी द्वार, पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को कार्यक्रम स्थल पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर पालिका अधिकारियों को साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा यातायात पुलिस को वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देशित किया गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल एवं हेलिपैड पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग के लिए लोक निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर अस्थायी चिकित्सा केंद्र स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल, अनुविभागीय अधिकारी श्री वीरेंद्र बघेल, सुश्री निधि मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी

## डीआईजी, कलेक्टर एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा तैयारियों का निरीक्षण

**बड़वानी।** दिनांक 2 मार्च को मुख्यमंत्री की कृषि कैबिनेट बैठक के आयोजन के दृष्टिगत रखते हुए 26 फरवरी को डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर बड़वानी श्रीमती जयति सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी धीरज बब्बर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सेंधवा आशीष सिंह, अपर कलेक्टर सोहन कनाश, एसडीएम राजपुर कुमार सानू देवढिया, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग सेंधवा अजय वाघमारे तथा पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, आगमन एवं गमन मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, सुरक्षा घेरा एवं विश्राम स्थलों का बारीकी से जायजा लिया गया, इस दौरान डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री के आगमन अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था, नागरिक सुविधा, यातायात प्रबंधन एवं विभागीय समन्वय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहकर पूर्ण सजगता एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, साथ ही किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने हेतु कंटिजेंसी प्लान तैयार रखने एवं सभी व्यवस्थाओं को पूर्व परीक्षण के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर बड़वानी श्रीमती जयति सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी धीरज बब्बर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सेंधवा आशीष सिंह आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने बकरा चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बड़वानी।** दिनांक 26.2.2026 को थाना जुलवानिया, जिला बड़वानी (म.प्र.) पर फरियादी द्वारा उसका एक सफेद बकरा चोरी होने संबंधी सूचना दी गई। प्राप्त सूचना पर अप.क्रं. 50/2026 धारा 305(1), 331(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत उन्हें माननीय जेएमएफसी न्यायालय राजपुर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## कालगणना स्थली और कालजयी स्थान -डोगंला से युवाओं ने डिजिटल साक्षरता का महत्वपूर्ण संदेश दिया है: श्री कुशवाह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



शिविर युवाओं को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं , जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक दृष्टि का विकास होता है और रासेयो का यह शिविर ऐसे स्थान पर लगा हैं जो विश्व की कालगणना की वैदिक स्थली हैं और यहीं से समय की सही एवं सटीक गणना होती हैं। इस कालजयी स्थान -डोगंला से युवाओं ने डिजिटल साक्षरता का महत्वपूर्ण सन्देश दिया है।

यह विचार सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कार्यपरिषद सदस्य श्री राजेश सिंह कुशवाह ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा डोंगला में आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में रासेयो स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। आपने कहा कि इस डोंगला स्थान को जी.पी.एस. के माध्यम से 35 वर्ष पूर्व पद्मश्री श्री विष्णु श्रीधर वाकणकर ने अपने पुरातात्विक खोज के तहत उस बिन्दु को देखा जहां 23 डिग्री अक्षांश पर छाया रूक जाती है और पुनः लौट जाती है। समारोह की अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने की।श्री कुशवाह ने कहा कि उज्जैन के इसी डोंगला स्थान से विश्व के समय की सही गणना की जा सकती है ।श्री कुशवाह ने इस साल विश्वविद्यालय की रा.से.यो. इकाई के इस विशेष शिविर को उपलब्धि वाला बताया, क्योंकि स्वयंसेवकों ने ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों को डिजिटल शिक्षा के प्रति जागरूक किया। श्री कुशवाह ने रा.से.यो.स्वयंसेवकों को निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।कुलगुरु प्रो. भारद्वाज ने ग्रामीण सर्वेक्षण कार्य के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामीणजनों को मिले, इसलिए रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा ₹मेरे भारत के युवा और डिजिटल साक्षरता के लिए युवा₹ थीम पर ग्रामीण रहवासियों का सर्वेक्षण कर जानकारी एकत्रित की गई वह एक सराहनीय कार्य था।कुलगुरु प्रो. भारद्वाज ने विद्यार्थियों की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि वास्तविक शिक्षा केवल डिग्री या रोजगार तक सीमित नहीं होती , बल्कि वह व्यक्ति को समाज के प्रति संवेदनशील और उत्तरदायी बनाती है । उन्होंने सर्वेक्षण के दौरान सामने आई समस्याओं पर समाधान आधारित सोच विकसित करने पर बल दिया और विद्यार्थियों को समाज परिवर्तन के वाहक बनने की प्रेरणा दी ।शिविर में रा.से.यो. इकाई के समन्वयक डॉ. रमण सोलंकी ने स्वयंसेवकों को बताया कि ₹डोगंला₹ कर्क रेखा की परिधि में होने के कारण यहाँ प्राचीन यंत्रों में भास्कर यंत्र, भित्ति यंत्र , शंकु यंत्र, समय यंत्र के माध्यम से कालगणना का कार्य किया जा रहा है।विश्वविद्यालय की रा. से.यो. प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. शेखर मैदमवार ने कहा कि रासेयो स्वयंसेवको के कार्यों और सर्वेक्षण में डिजिटल साक्षरता के लिए ग्रामीण रहवासियों के बीच कार्य करना, यह युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका सिद्ध करती है।शिविर में प्रो. उमा शर्मा ने स्वयंसेवकों के अनुभवों को सुना और उनका मार्गदर्शन किया वहीं भाषा विज्ञान की विदुषी प्रो.गीता नायक ने कहा कि भारत की भाषाओं में वैज्ञानिकता के साथ - साथ वह लक्ष्य की ओर सारगर्भित संकेत भी करती हैं।विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा २० फरवरी से यह विशेष शिविर आचार्य वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला, डोंगला में आयोजित किया जा रहा था।

## करंट लगने से हुई मृत्यु के मामले में जिला कलेक्टर से आर्थिक सहायता की गुहार

**नीमच।** नवीन कृषि उपज मण्डी चंगेरा में बीती 3 मार्च 2025 को करंट लगने से मनोज पिता नरसिंह यादव नि.बघाना की मृत्यु के मामले में जिला कलेक्टर से जनसुनवाई में मृतक के भाई त्रिलोक प्लास ने शासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है। मृतक के भाई त्रिलोक प्लास ने जिला कलेक्टर से मांग की कि नवीन कृषि उपज मण्डी चंगेरा में नवनिर्मित गोडाउनों की नियमानुसार 12 फीट उंचाई की बजाय 26 फीट हाईट को अनदेखा करने के कारण हुई मेरे भाई की करंट लगने से मृत्यु पश्चात विद्युत मण्डल/शासन से आर्थिक सहायता दिलवाई जाए। मनोज पिता नरसिंह यादव की 3 मार्च 2025 को कृषि उपज मण्डी चंगेरा में गोडाउन क्र.१ आर.एस.ट्रेडिंग के नियोजन में कार्य करते हुए करंट लगने से मृत्यु कारित हो गई थी। विद्युत मण्डल के नियमानुसार ११ केवी इलेक्ट्रिक लाईन के पास १२ फीट से अधिक भवन की उंचाई नहीं होनी चाहिए, जबकि नवीन कृषि उपज मण्डी में बनाए जा रहे गोडाउन क्र. 1 से 22 तक की उंचाई लगभग २६ फीट तक निर्मित की गई, जिस पर कार्य करने के दौरान मेरे भाई मनोज यादव की करंट लगने से मृत्यु हो गई। नियोजक द्वारा न तो उसे सुरक्षा मानक स्तर के उपकरण उपलब्ध कराए गए और न ही सुरक्षा सम्बंधी नियमों का पालन ही किया गया। दूसरी ओर विद्युत मण्डल द्वारा भी तय मानक अनुसार निर्माण कार्य न होने पर निरीक्षण में लापरवाही बरती गई, जिससे मेरे भाई की कार्य के दौरान मृत्यु कारित हो गई। जिसके सदमे में कुछ समय बाद मेरी मां की भी मृत्यु हो गई। मेरा परिवार भाई मनोज यादव एवं मां की असामयिक मृत्यु से आहत है। अभी तक किसी भी तरह की कोई आर्थिक सहायता परिवार को प्राप्त नहीं हुई है। मेहनत मजदूरी करके अपना गुजर बसर करने वाला प्रार्थी काम धंधा छोडकर प्रतिदिन न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। मृतक के भाई त्रिलोक प्लास ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि नवीन कृषि उपज मण्डी चंगेरा के नवनिर्मित गोडाउन क्र.1 से 22 तक की तकनीकी जांच की जाकर निर्माण एजेंसी और विद्युत मण्डल के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जावे एवं उसे आर्थिक सहायता दिलवाई जाए।

## विधायक का सवाल, सदन में खुला मामला

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस ने विधानसभा में नवल सिंह सहकारी कारखाने में हुए घोटाले का मामला उठाया। उनके प्रतिनिधि के रूप में खातेगांव विधायक आशीष शर्मा ने सदन में कहा कि कारखाना पहले से घाटे में था, फिर भी संचालक मंडल ने लक्जरी वाहन खरीदा।




**क्या है मामला?** वित्त विभाग ने लक्जरी वाहन खरीदने पर रोक लगा रखी थी संचालक मंडल ने बिना सक्षम स्वीकृति वाहन खरीदा वाहन का उपयोग अध्यक्ष के अलावा अन्य लोगों ने भी किया लॉगबुक उपलब्ध नहीं है, टोल नाकों पर वाहन की एंट्री दर्ज मिली है

**मंत्री का जवाब**-सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि इंदौर और उज्जैन के डीआर की संयुक्त समिति से जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में साफ तौर पर गड़बड़ी की पुष्टि हुई है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**आंदोलन की तैयारी-** इस मामले में अब प्रशासनिक कार्रवाई की तैयारी मानी जा रही है। क्या संचालक मंडल के जिम्मेदारों पर एफआईआर होगी? क्या वित्तीय अनियमितताओं की रिकवरी की जाएगी? क्या वाहन खरीदी और उपयोग से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक होंगे?

## रविवार को राज्य पात्रता प्का आयोजन 21 परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन,

कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार १ मार्च, रविवार को राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 का आयोजन जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 12 से 3 बजे तक किया जाएगा।

परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सहायक नियंत्रक नापतौल विभाग श्री संजय पाटनकर को नोडल अधिकारी, प्रभारी अधीक्षक कलेक्टर कार्यालय श्री सूर्य प्रकाश सोनी, श्रीमती गरिमा जोशी, श्रीमती नीलम पांडे, श्री धर्मेश बैरागी, श्री अश्विन पंड्या और श्री देवेन्द्र चंद्रावत को कंट्रोल रुम कलेक्टर कार्यालय में प्रातः 8 बजे से परीक्षा समापित तक नियुक्त किया गया है।

जिले के 21 परीक्षा केंद्रों के नाम, केंद्राध्यक्षों के नाम और दूरभाष निम्नलिखित है। शास. मॉडल, उ.मा.वि. कानीपुरा रोड, उज्जैन श्री पद्म सिंह चौहान, शास. उ.मा.वि., महाराजवाडा-१. पुलिस लाईन, देवास रोड, उज्जैन श्री प्रमोद अग्रवाल,, शास. उ.मा.वि. महाराजवाडा-२, चारधाम मंदिर के पास, उज्जैन डॉ. उषा डौर ,शास. उ.मा.वि. चारधाम मंदिर के सामने, पानी की टंकी के पास, गणेश नगर, माधवगंज, उज्जैन श्री ब्रजमोहन सिंह परिहार ,शास. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दशहरा मैदान, उज्जैन डॉ. प्रशांत पौराणिक , शास.माधव कला एवं कामर्स कालेज, रामजनार्दन मंदिर के सामने उज्जैन श्रीमती कल्पना वीरेन्द्र सिंह , सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि, मारूतिगंज, पीपलीनाका, उज्जैन सुश्री प्रतिभा पल्सवाडिया , शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर, उज्जैन डॉ. प्रदीप पाराशर , शास. माधव साइंस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवास रोड उज्जैन ,डॉ. हरीश व्यास , शास. उ.मा.वि. सराफा, चारधाम मंदिर के पास, उज्जैन श्री मुकेश त्रिवेदी , कालिदास मॉन्टेंसरी उ.मा.वि., ऋषि नगर, उज्जैन श्रीमति छाया पण्ड्या लोकमान्य तिलक, विद्या विहार हायर सेकेन्डरी स्कूल, नीलगंगा रेल्वे स्टेशन के पीछे, उज्जैन श्रीमती अदिति तिवारी ,भारतीय ज्ञानपीठ हायर सेकेन्डरी स्कूल, महानंदा नगर उज्जैन श्रीमती अमृता गोढबोले नालंदा अकादमी हायर सेकेन्डरी स्कूल, 21 कोठी मक्सी लिंक रोड उद्यन मार्ग उज्जैन श्री शैलेन्द्र शकतावत 9630716466, महाराजा इंटरनेशनल स्कूल, महाराजा कॉलेज परिसर, अभिलाषा कॉलोनी के पास, देवास रोड उज्जैन सुश्री रूह खान , लोकमान्य तिलक, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, नीलगंगा रोड, उज्जैन श्री शैलेश त्रिपाठी , उज्जैन पौलिटेक्नीक महाविद्यालय, देवास रोड़, उज्जैन श्री रमेश चन्द्र गुप्ता , निर्मला कॉलेज, देवास रोड उज्जैन प्रो. कीर्ति डिड्डी , सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि.ऋषिनगर, देवासरोड़, उज्जैन श्री भगवान सिंह ठाकुर , भारतीय उ.मा.वि., माधव नगर माधव नगर रेल्वे स्टेशन के सामने, नीलगंगा, उज्जैन डॉ. शिवा बंसल , काइस्टू ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल इंजीनियरिगं कॉलेज रोड मालनवासा उज्जैन सिस. लिस्सी जोसेफ 9977553305।

## गेहू पंजीयन 7 मार्च तक एवं चना पंजीयन 16 मार्च तक होगा

**बड़वानी।** भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन योजनांतर्गत पोर्टल पर गेहूं विक्रय हेतु किसान अपना पंजीयन 7 मार्च तक एवं चना विक्रय हेतु 16 मार्च तक पंजीयन करा सकते है। जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं एवं चना विक्रय के लिए एमपी ऑनलाईन, कामन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र पर सशुल्क पंजीयन करा सकते है । पंजीयन में खाता-खसरा या पावती की छायाप्रति, समग्र आईडी, मोबाईल नंबर एवं आधार कार्ड । सभी किसानों को आधार नंबर से लिंक बैंक खाते की छायाप्रति उपलब्ध कराना होगी।

खास न्यूज

## मंगेतर ने किया नाबालिक से अनैतिक कृत्य

**उज्जैन।** सगाई के बाद मंगेतर ने नाबालिक का एक माह तक शोषण किया और अनैतिक कृत्य करता रहा। कुछ दिनों पहले मंगेतर ने शादी से मना कर दिया और उनके बीच बने संबंध के बारे में किसी को भी बताने पर धमकी देने लगा। नाबालिक की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि कस्बे की रहने वाली नाबालिग ने परिजनों के साथ आकर शिकायत दर्ज कराई की वर्ष 2023 में उसकी सगाई विकास पिता अन्तरसिंह निवासी ग्राम लडावत जिला शाजापुर के साथ हुई थी। सगाई के पश्चात दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती थी। 5 नवम्बर 2025 को परिजन उपचार के लिये बाहर गये थे वह घर पर अकेली थी। उसी दौरान विकास ने घर आकर उसके साथ इच्छा के विरुद्ध अनैतिक कृत्य किया तथा घटना किसी को बताने पर सगाई तोड़ने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने लगभग एक माह तक अवसर पाकर लगातार जबरन शारीरिक शोषण किया। अब शादी से मना कर धमकी दे रहा है। नाबालिक की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया गया। गुरुवार को एक टीम शाजापुर भेजी गई जहां से आरोपी को गिरफ्तार कर लाया गया है। शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करता मिला आरोपी

**उज्जैन।** तीन माह पहले जिलाधीश के आदेश पर पंवासा थाना क्षेत्र के पाण्ड्याखेड़ी में रहने वाले बदमाश राहुल पिता नारायणसिंह पंवार 24 वर्ष को आपराधिक गतिविधियों के चलते जिले की सीमा से बाहर किया गया था। बुधवार-गुरुवार रात गश्त के दौरान बदमाश पुलिस को क्षेत्र में ही घूमता दिखाई दिया। थाना प्रभारी गमरसिंह मण्डलोई, एसआई नितेश मिठौरा, सैनिक गोवर्धनलाल ने बदमाश की घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी मंडलोई ने बताया कि बदमाश राहुल को 21 नवंबर 2025 को 6 माह की अवधि के लिए जिला उज्जैन एवं उससे लगे राजस्व जिले देवास, इन्दौर, शाजापुर, रतलाम, मन्दसौर, धार एवं आगर-मालवा की सीमाओं में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया था। बावजूद इसके वह क्षेत्र में घूमता हुआ पाया गया है। जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करने पर जिलाबदर बदमाश के खिलाफ मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14, 15 का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है। 2 दिन पहले भी पंवासा थाना पुलिस ने बिना अनुमति के जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले जिला बदर बदमाश मोहसिन मंसूरी को गिरफ्तार कर मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के मामले में जेल भेजा था।

## देर रात तक दुकान खोलकर बैठे थे 4 दुकानदार

**उज्जैन।** देवास गेट थाना पुलिस ने एक बार फिर देर रात तक दुकान खोलकर बैठने वाले 4 दुकानदारों को पकड़ा और उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र में कई दुकानदार रात भर दुकान खुली रखते हैं, जिनके यहां बेवजह की भीड़ लगी रहती है। असामाजिक तत्व और आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी शामिल रहते हैं। थाना पुलिस द्वारा ऐसे मामलों में दुकानदारों को हिदायत देकर कार्रवाई की जा रही है। बीती रात पुलिस ने देर रात तक दुकान खुली रखने वाले बबल पिता कन्हैयालाल, सतीश पिता नीलमसिंह, प्रेमसिंह और कमलेश पवार को पकड़ा। चारों चाय पोहे और पराठे की दुकान लगते हैं। जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई की गई है। कुछ दिन पहले ही पुलिस द्वारा पान की दुकान चलाने वालों को पकड़ा था जो दुकान का शटर बंद कर जेब में पाउच गुटखा भरकर बेच रहे थे। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से देर रात तक दुकान खुली रखने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

## पुराने केस में राजीनामा नहीं करने की बात पर विवाद

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम गुराछा में रहने वाले दयाराम पिता अमर 40 साल और उसके पड़ोसी बद्री पिता करण पटेल 45 साल के बीच पूर्व में विवाद हो गया था। मामला पुलिस तक पहुंचा था। विवाद को लेकर बद्री ने राजीनामा करने के एवज में दयाराम को रुपए भी दिए थे। लेकिन दयाराम ने राजीनामा नहीं किया। गुरुवार दोपहर को बद्री अपने साथियों के साथ दयाराम के यहां पहुंचा और राजीनामा नहीं करने पर रुपए वापस देने की बात कही। इसी को लेकर दोनों में फिर से विवाद हो गया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामला एक बार फिर उन्हेल थाना पुलिस के पास पहुंचा, पुलिस ने दोनों की शिकायत पर क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है। दयाराम का आरोप था कि बद्री और उसके साथियों ने मारपीट कर जाति सूचक शब्द कहें। वही बद्री ने आरोप लगाया पुराने केस में राजीनामे की बात को लेकर दयाराम ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 250-7 | 489-1 |
| मेन बाजार | 779-3 | 246-2 |
| कल्याण नाइट | 229-3 | 113-5 |
| मिलन डे | 578-0 | 888-4 |
| मिलन नाइट | 689-3 | 199-9 |
| मधुर डे | 199-9 | 156-2 |
| मधुर नाइट | 112-4 | 780-5 |
| शुभांक | 2 6 | 9 |

### मैरिज ब्यूरो पर दबिश, रिमांड पर संचालक...

# रिश्ता करने के नाम से लोगों से करता था ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भोले भाले लोगों को रिश्ता करने के नाम पर ठगी करने वाला मैरिज ब्यूरो संचालक पुलिस की गिरफ्त में आ गया। कई शिकायतों के बाद पुलिस ने दबिश दी थी। संचालक को कोर्ट में पेश कर तीन दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

फ्रीगंज स्थित गुरुद्वारे के समीप मिनी चौपाटी पर किराए के मकान में कई दिनों से श्री शुभारंभ संस्था नाम से मैरिज ब्यूरो चलाया जा रहा था। जहां के लिए रिश्ता दिखाने के नाम पर पंजीयन किया जाता था और हजारो रुपए फीस वसूली जाती थी। सालभर पहले सीहोर के रहने वाले विष्णुदास बैरागी ने संस्था की जानकारी मिलने पर परिवार के साथ आकर रिश्ता दिखाने की बात कही। विष्णुदास के परिवार से पंजीयन के नाम पर 16 हजार रुपए लिया गए। सालभर बाद भी रिश्ता तय नहीं कराया गया। बुधवार को विष्णु दास ने अपने साथ धोखाधड़ी का आभास होने पर मामले की शिकायत माधवनगर थाना पुलिस से की। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया और थाना प्रभारी राकेश भारती ने एसआई शालिगराम चौहान को मामले की जांच सौंपी। एसआई ने टीम के साथ मिनी चौपाटी पहुंच शुभारंभ संस्था पर दबिश मारी। जहां से गोपाल पिता सोहन सिंह को हिरासत में लिया गया। वहीं संस्था कार्यालय से दस्तावेज और मोबाइल फोन भी जप्त किये। थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर 1 मार्च तक रिमांड पर लिया गया है। आरोपी के गिरफ्त में आने पर उसके द्वारा की गई ठगी और धोखाधड़ी के कुछ और लोग सामने आए हैं।



### 12 रिश्ते दिखाने की करता था बात

विष्णु दास बैरागी की बहन ने बताया कि शुभारंभ संस्था की जानकारी परिचित से मिली थी। सालभर पहले उज्जैन आए थे, उस दौरान मैरिज ब्यूरो में कुछ अन्य लोग भी थे। गोपालसिंह बातचीत के दौरान 12 रिश्ते दिखाने की बात कही थी। पसंद आने पर शादी का रिश्ता तय करने के लिए कहा था। कुछ दिन बाद फोटो दिखाए गए। एक लड़की पसंद भाई विष्णु के लिए बातचीत आगे बढ़ाई गई। लड़की के परिवार वाले सीहोर आए और घर देखा। उन्होंने भी लड़का पसंद आने की बात कही और लौट गए। कुछ दिन बाद लड़की वालों ने शादी से मना कर दिया। गोपाल सिंह से बात की गई तो वह दूसरा रिश्ता दिखाने की बात कहकर टाल मटोल करता रहा। साल भर बाद भी रिश्ता नहीं होने पर रुपए मांगे तो आनाकानी करने लगा।

### अलग-अलग वसूलता था पंजीयन राशि

एसआई चौहान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शुभारंभ संस्था चलाने वाला आसपास जिले और अन्य राज्यों के लोगों को अपने झांसे में लेता था, जिले के आसपास क्षेत्र से आने वाले लोगों से पंजीयन के नाम पर 11 हजार रुपए पंजीयन राशि वसूलता था, दूसरे राज्य और प्रदेशों से आने वाले लोगों से 16 हजार से 21 हजार तक पंजीयन राशि लेता था। रिमांड अवधि में पूछताछ के दौरान कई मामले उजागर हो सकते हैं। जप्त दस्तावेजो और मोबाइल की भी जांच की जा रही है।

## बाइक का बिगड़ा संतुलन, 13 माह के मासूम की मौत

**उज्जैन।** नाना और मां के साथ ननिहाल आ रहे मासूम की गुरुवार को हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। नाना और मां घायल है। हादसा बाइक का संतुलन बिगड़ने पर होना सामने आया है। कोतवाली थाना पुलिस ने मासूम का पोस्टमार्टम कराया।

कोतवाली थाना एसआई गोपाल राठौर ने बताया कि चरक अस्पताल से 13 माह के मासूम दक्ष पिता सुरेश पुरी की मौत होने और नाना दशरथ पिता जगन्नाथ 60 साल के साथ मासूम की मां धापू बाई पति सुरेश पुरी 27 साल के घायल होने की सूचना मिली थी। मासूम की मौत के मामले में मर्ग कायम किया गया और अस्पताल पहुंचकर पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान सामने आया कि मासूम राजस्थान के झालावाड़ का रहने वाला था। महिदपुर के ग्राम ढाबला रेवारी में रहने वाले नाना दशरथ अपने नाती और बेटी धापू बाई को लेने झालावाड़ गए थे। जहां से तीनों एक बाइक पर सवार होकर महिदपुर लौट रहे थे। रास्ते में झारड़ा थाना क्षेत्र के गरोठ मार्ग स्थित ग्राम मकला में अचानक नाना की बाइक का संतुलन बिगड़ गया। नाना को बीपी की शिकायत है जिसके चलते उन्हें चक्कर आए थे। तीनों बाइक से गिर गए थे मासूम के सिर में गंभीर चोट लगी थी। नाना और मासूम की मां भी घायल हुए हैं। पोस्टमार्टम के बाद मासूम का शव महिदपुर ले गए है। मृत मासूम परिवार का एकलौता पुत्र था। एसआई राठौर के अनुसार घटनाक्रम की जांच के लिए मर्ग डायरी झारड़ा थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

# मंदसौर के युवकों से बरामद हुआ मादक पदार्थ डोडाचूरा

### कोटा जाने की फिराक में पहुंचे थे खाचरोद रेलवे स्टेशन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



चेकिंग के दौरान खाचरोद पुलिस ने गुरुवार को रेलवे स्टेशन के पास खड़े दो संदिग्ध युवको को शंका के आधार पर पकड़ा और उनके बैग की तलाशी ली तो उसमें मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा होना सामने आया। दोनों के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का मामला दर्ज कर 5 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

खाचरोद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन के पास बंद पड़ी होटल के पास दो युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े दिखाई दिए थे। दोनों को शंका के आधार पर हिरासत में लिया गया और उनके पास मौजूद बेग की तलाशी ली गई। बैग में मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा होना सामने आया। पूछताछ करने पर युवकों ने अपने नाम गोपाल पिता हरीश पाटीदार 22 वर्ष और दिनेश पिता जगदीश पाटीदार 24 वर्ष निवासी ग्राम खजुरिया सारंग, थाना भावगढ़, जिला मंदसौर होना बताएं। उनके पास से बरामद डोडाचूरा 17 किलो 200 ग्राम कीमत 86 हजार पाया गया। दोनों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। गुरुवार दोपहर पेश कर 3 मार्च तक रिमांड पर लिया गया है।

### कोटा जाने की फिराक में थे दोनों

थाना प्रभारी के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों कोटा जाने के लिए खाचरोद रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। डोडा चूरा उन्हें ग्राम खजुरिया में रहने वाले जीतू नायक ने दिया था और कोटा पहुंचने पर संबंधित व्यक्ति की जानकारी देकर उसे देने की बात कही थी। जीतू नायक का नाम सामने आने पर पुलिस द्वारा मंदसौर पहुंचकर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जाएंगे। फिलहाल इस बात का पता लगाया जा रहा है कि मादक पदार्थ तस्करी में दोनों के साथ कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं। दोनों का आपराधिक रिकॉर्ड पता करने पर सामने आया कि गिरफ्त में आया गोपाल पूर्व में मादक पदार्थ तस्करी मामले में पंजाब पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है। दिनेश पहली बार ही डिलीवरी के लिए साथ आया था।

## जहरीली शराब के साथ हिरासत में आया बदमाश



**उज्जैन।** बुधवार-गुरुवार रात कस्बा भ्रमण पर निकली बड़नगर थाना पुलिस को खबर मिली कि उज्जैन-बडनगर फोरलेन रोड रसुलाबाद ब्रिज के पहले ग्राम मौलाना में एक व्यक्ति प्लास्टीक की कैन में कच्ची शराब लेकर किसी का इंतजार कर रहा है।

उज्जैन-बडनगर फोरलेन रोड रसुलाबाद ब्रीज के पहले मौलाना में एक व्यक्ति प्लास्टीक की कैन जिसमें शराब लेकर खडा है किसी जाने का इंतजार कर रहा है । जिसमें शराब लेकर खडा है किसी जाने का इंतजार कर रहा है। भ्रमण कर रहे थाना प्रभारी अशोक पाटीदार, एएसआई राजेन्द्रसिंह हाडा, प्रधान आरक्षक रामनारायण चौहान, राहुल सिंह राठोर, आरक्षक अजय चौहान, महेश मोर्य, के साथ साथ ग्राम मौलाना के लिए रवाना हो गए। जहां कुछ देर की सर्चिंग के बाद संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया जिसके पास प्लास्टिक की कैन थी, उसे घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। कैन की तलाशी लेने पर उसमें दुर्गंध युक्त केमिकल भरा होना सामने आया। पूछताछ करने पर व्यक्ति ने जहरीली कच्ची शराब होना कबूल किया। शराब बरामद होने पर उसे थाने नाम पूछने पर उसने अक्षय उर्फ खली पिता विक्रम पाटीदार 29 साल निवासी मौलाना का होना बताया। 10 लीटर कच्ची जहरीली शराब बरामद होने पर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी का अपराधिक रिकॉर्ड देखने पर पूर्व में भी मारपीट का प्रकरण दर्ज होना सामने आया। जहरीली शराब के मामले में गुरुवार कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्रीमती कविता पति श्री राकेश जी निवासी- ग्राम इंगोरिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक सी-47/45 श्रेणी एमआईजी/एम-2 पी-8/90 त्रिवेणी विहार योजना उज्जैन मे स्थित है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंधपत्र अनुसार मेरे पक्षकार के हित में नियत अवधि में विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भूखण्ड पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत में करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 26/02/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन म.प्र.**
**मो. 8839742938**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई.होम फायनेन्स लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि संपत्ति क्रमांक -1 भवन क्रमांक 4/1425 (नया 71 तथा 71/1) स्थित वार्ड न. 20 गोपाल मंदिर मार्ग नगर पालिक निगम उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 51.56 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- विक्रेता का शेष भाग जसवीर कौर पति श्री पुरूषोत्तम सिंह को बेचा जा रहा, पश्चिम मे- महावीर प्रसाद का भवन एवं विक्रेता के द्वारा तहलराम को बेचा जा रहा भवन, उत्तर में- खुर्शीद मिया का भवन, दक्षिण मे- तहलराम का भवन एवं विक्रेता के द्वारा क्रेता को बेचा जा रहा भवन स्थित है। उक्त संपत्ति गंगाराम पिता प्रीतमदास जी ने इसके पूर्वस्वामी अकबर अली पिता श्री सेफुद्दीन भाई एवं श्रीमति मुबारका पति श्री अकबर अली से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए-1/1631 दिनांक 12/07/2001 के माध्यम से क्रय कि। संपत्ति क्रमांक -02 भवन क्रमांक 4/1425 (नया 71 तथा 71/1) स्थित वार्ड न. 20 गोपाल मंदिर मार्ग नगर पालिक निगम उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 17.59 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- विक्रेता का एक हिस्सा पुरूषोत्तम सिंह गुरूचरन सिंह , पश्चिम में- तहलराम का भवन, उत्तर मे- गंगाराम का भवन, दक्षिण में- गोपाल मंदिर मार्ग स्थित है। उक्त संपत्ति चंद्रशेखर पिता श्री ईश्वरदास जी ने इसके पूर्वस्वामी अकबर अली पिता श्री सेफुद्दीन भाई एवं श्रीमति मुबारका पति श्री अकबर अली से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए-1/1629 दिनांक 12/07/2001 के माध्यम से क्रय कि। एवं गंगाराम तथा चंद्रशेखर ने उक्त दोनों संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स लिमिटेड उज्जैन आवेदन किया है। तथा मेरे पक्षकार का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। एवं पक्षकार की जानकारी अनुसार पूर्व का मूल विक्रय पत्र क्रमांक ए-1/948 दिनांक 17/05/1999 एवं पूर्व का मूल विक्रय पत्र क्रमांक ए-1/922 दिनांक 14/05/1999 का कही गुम हो गये है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त दोनों संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्तियों पर प्रथम ऋण भार आई.सी.आई.सी.आई.होम फायनेन्स लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 26/02/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री दर्पण सोनी पिता श्री सुरेन्द्र सोनी, निवासी शंकू मार्ग, सोनी प्लाजा टॉवर चौक, उज्जैन, (म.प्र.) से उनके मालकी व आधिपत्य का भूखंड कमांक 53, सरदार पटेल एवेन्यू कॉलोनी, प्रेम नगर तिराहा, देवास रोड, उज्जैन को क्रय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भूखंड के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भूखंड के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो या भूखंड के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूखंड में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूखंड के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के सूचना मेरे पक्षकार द्वारा भूखंड का शेष विक्रय मूल्य अदा कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 27/02/2026

**सर्विस प्रोवाईडर एवं दस्तावेज लेखक**
**सुमित बावेजा**
**सी-22/19, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र,**
**नानाखेडा, उज्जैन**
**मो. 8770336766**

क्रमांक स्टोर/2026/15 — दिनांक 26-02-2026

### कार्यालय, नगर पालिक निगम उज्जैन
### स्टोर विभाग
### (आनॅलाईन (online) निविदा आमंत्रण)

नगर पालिक निगम उज्जैन स्टोर विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (online) निविदा 2025 आमंत्रित की गई है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र का मुल्य | निविदा क्रय की अंतिम तिथि | दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | बीड ओपनिंग दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_484949_1 | महिला सफाई कर्मियो हेतु वर्दी का प्रदाय। | 10.00 लाख | 2000/- | 12.03.2026 | 12.03.2020 | 13.03.2028 |
| 2 | 2026_UAD_484080_1 | मा. जनप्रतिनिधियो की मांग अनुसार 20 ली. सिम्पल डस्टबीन का प्रदाय। | 10.00 लाख | 2000/- | 09.03.2026 | 09.03.2028 | 11.03.2028 |
| 3 | 2026_UAD_484957_1 | वार्ड कमांक 18 हेतु जिम सामग्री का प्रदाय। | 2.00 लाख | 1000/- | 12.03.2026 | 12.03.2028 | 13.03.2026 |
| 4 | 2026_UAD_485120_1 | मान. जनप्रतिनिधियो की मांग अनुसार थ्री सीटर स्टील चेयर का प्रदाय। | 9.50 लाख | 2000/- | 12.03.2026 | 12.03.2026 | 13.03.2028 |
| 5 | 2026_UAD_485232_1 | मान. जनप्रतिनिधियो की मांग अनुसार वॉटर कूलर मय सामग्री के प्रदाय। | 40.00 लाख | 5000/- | 25.03.2026 | 25.03.2028 | 27.03.2026 |

निविदा प्रपत्र व निविदा संबधित अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा सूचना ऑनलाईन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

**उपायुक्त (भंण्डार)**
**नगर पालिक निगम उज्जैन**



# देवदूत और चौथा आदमी

एक देवदूत मनुष्यों और उनके जगत को देखने एक बार धरती पर आया। धरती के सौंदर्य ने उसे अभिभूत कर दिया : सूर्य की रोशनी में चमकते पर्वत शिखर, गहरे हरे जंगल, सनसनाती हवाएं, बहती नदियां, इंद्रधनुषी घाटियां, मिट्टी की सोंधी सुगंध, पशु, भयावह व सौम्य- सब ओर सौंदर्य बिखरा हुआ था। जब उसने मनुष्य को देखा, तो वह विस्मित रह गया, क्योंकि वह मानव-हृदय का संगीत और मानव-प्राणों का गीत सुन पा रहा था। वह मानवीय रहस्य के प्रेम में पड़ गया। पृथ्वी के अनुभव ने देवदूत को इतना आह्लादित कर दिया था कि लौटने से पहले वह कुछ मनुष्यों की मदद करना चाहता था। उसने अपनी नजर दौड़ाई और देखा कि चार लोग एक साथ चले आ रहे हैं। वह उनके पास गया और बोला, मैं तुम सबको एक-एक वरदान देने आया हूं। संयोग से वे चारों आध्यात्मिक अभ्यर्थी थे। पहला खोजी बोला, मैं सत्य की खोज में अथक परिश्रम करता रहा हूं- संघर्ष, संघर्ष और संघर्ष। मुझे आध्यात्मिक शांति दे दें, संतुष्टि दे दें। देवदूत बोला, लेकिन संघर्ष तो जीवन के आनंदों में से एक है। खोजी बोला, मुझे शांति चाहिए। देवदूत ने उसे गाय बना दिया, जो निपट एकांत में घास चर रही थी और संतुष्ट थी।

देवदूत दूसरे खोजी की ओर उन्मुख हुआ। वह बोला, परमात्मा शुद्ध है, पर मैं नहीं हूं। कृपया मुझे वासनाओं, भावनाओं, इच्छाओं की अशुद्धियों से मुक्त कर दें। देवदूत ने पूछा, लेकिन क्या ये ही जीवन के उत्स नहीं हैं? दूसरे खोजी ने कहा, मुझे जीवन नहीं, शुद्धता चाहिए। उसने अपनी आंखें बंद कर लीं और अपने रूपांतरण की प्रतीक्षा करने लगा। कुछ ही क्षणों में वह गायब हो गया और उसकी शक्ल की संगमरमर की एक मूर्ति सुदूर मंदिर में प्रकट हो गई।

तीसरा खोजी बोला, मुझे परिपूर्ण बना दो। उससे कम कुछ भी नहीं चलेगा। वह ओझल हो गया, पर कहीं प्रकट नहीं हुआ, क्योंकि इस पृथ्वी पर न तो कुछ परिपूर्ण है और न हो सकता है। देवदूत चौथे की ओर मुड़ा और पूछा, तुम्हारी कामना? वह मुस्कराता हुआ बोला, मेरी कोई कामना नहीं है। देवदूत ने फिर पूछा, कोई भी कामना नहीं? चौथा खोजी बोला, एक जीवंत मनुष्य होने के अतिरिक्त मेरी कोई कामना नहीं। देवदूत उल्लास में डूब गया। उसने आकांक्षा से भरकर उस धन्य व्यक्ति को देखा और उसे प्रेम भरे आलिंगन में ले लिया। वह चौथा व्यक्ति अपने रास्ते चला गया। जीवन के गीत गाता हुआ, आह्लाद से भरकर नाचता हुआ।

तुम पृथ्वी पर एक पुरुष हो, स्त्री हो, परमात्मा के इस उपहार में हर्षित हो जाओ। गहन अहोभाव से गीत गाओ, उस नृत्य को बाहर लाओ, जो तुम्हारे भीतर अभिव्यक्त होने की प्रतीक्षा कर रहा है। सृजनात्मक बन खिल उठो!



**सम्पादकीय**

## केरल अब केरलम

अपने देश के एक राज्य केरल का नाम अब केरलम हो जाएगा। केंद्रीय कैबिनेट के इस फैसले के बाद नामकरण की औपचारिकताएं पूरी करने की दिशा में तेजी आ गई है। केरल विधानसभा से प्रस्ताव प्राप्त करने के बाद केंद्र सरकार केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 को संसद में पेश करने के लिए राष्ट्रपति की सिफारिश मांगेगी, ताकि नाम विधिवत केरलम किया जा सके। वैसे, मलयाली साहित्य और संस्कृति में केरलम शब्द पहले से ही उपयोग में है। फिर भी यह आधिकारिक रूप से केरल नाम से जाना जाता है। केरली और केरलाइट जैसे शब्द प्रचलित हैं, पर अब केरलम शब्द भी कुछ नए विशेषण लिए सामने आएगा। आश्चर्य नहीं, राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने इस निर्णय का स्वागत किया है। साल 2023 और 2024 में केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन ने संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में केरल का नाम बदलकर केरलम करने के लिए प्रस्ताव पेश किए थे। लंबे समय से जारी एक मांग पूरी हुई है, तो जाहिर है, केरलम प्रेमियों में खुशी की लहर है।

हालांकि, इसके पीछे की राजनीति भी चर्चा में है। क्या केरल में विधानसभा चुनाव को देखते हुए नाम बदला गया है? क्या इस नाम से कोई राजनीतिक लाभ किसी पार्टी को होगा? वैसे, चुनावी लाभ अपनी जगह है, लेकिन इतिहास में केवल यही लिखा जाएगा कि साल 2026 में भारत के एक सुंदर तटीय राज्य का नाम केरलम रखा गया था। राज्य का नाम बदलने की घटना विरल ही है। दक्षिण भारत की बात करें, तो साल 2006 में केंद्रशासित राज्य पांडिचेरी का नाम पुडुचेरी रखा गया था और उसके पहले 1973 में राज्य मैसूर का नाम कर्नाटक रखा गया था। बीच में उत्तरांचल का नाम उत्तराखंड और उड़ीसा का नाम ओडिशा किया गया था। आमतौर पर राज्यों का नाम बदलने की मांग शायद ही होती है और अभी के दौर में केवल पश्चिम बंगाल ही ऐसा राज्य है, जहां से नाम बदलने की मांग हो रही है। साल 2018 में पश्चिम बंगाल की सरकार ने नाम बदलकर बंगाल रखने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। यह प्रस्ताव भी विचारणीय है, क्योंकि बंगाल के आगे पश्चिम लिखने का कोई औचित्य नहीं है। देर-सबेर यह परिवर्तन होना ही है। बहरहाल, इस पर पश्चिम बंगाल में राजनीति शुरू हो गई है। ध्यान रहे, वहां भी विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। वैसे, हर सरकार के समय यथासंभव नाम परिवर्तन हुए हैं। यह राजनीति नहीं, जरूरत है। लोगों की मांग पर ही मद्रास को चेन्नई, बंगलौर को बेंगलुरु, बॉम्बे को मुंबई, कलकत्ता को कोलकाता, गुड़गांव को गुरुग्राम किया गया।

**लोक संस्कृति के दर्शन**

# भगोरिया को राष्ट्रीय पर्व में मनाए जाने का स्वागत करें





संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

भगोरिया को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाए जाने का सरकार ने निर्णय लिया है ।जो कि पर्व के हित मे प्रशंसनीय पहल है ।आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में भगोरिया पर्व,मनाया जाता हैगाँवों मे बरसों से साप्ताहिक हाट लगते हैं और दूर दराज से हमारे आदिवासी भाई -बहन खरीदारी करने आते हैंहोली के पहले लगने वाला साप्ताहिक हाट भगोरिया हाट होता है जिसे स्थानीय भाषा में भोंगरिया कहा जाता है ,भगोरिया हाट से पहले लगने वाला हाट त्योहारिया हाट और भगोरिया हाट के बाद लगने वाला हाट उजाड़िया हाट कहलाता हैधार जिले की ही बात करें तो मार्च से लगने वाले भगोरिया में लगभग 59 हाट लगते है ।प्रमुख भगोरिया हेतु जिस दिन जिस गांव में भगोरिया हाट हो उस दिन का स्थानीय अवकाश भी घोषित हो तो पर्व मनाने एवं पर्व देखने हेतु लोक संस्कृति के दर्शन के साथ नृत्य,गीत,संगीत को समझ के साथ पर्व का आनन्द अन्य लोगों एवं जो शासकीय कर्मचारी है विशेषकर उन्हें स्थानीय अवकाश घोषित होने पर भगोरिया पर्व देखने में शामिल होने का पर्व लाभ मिल सकें ।भगोरिया पर्व :लोक गीत,संगीत,नृत्य और प्रकृति सौंदर्य में आदिवासी नारी की भूमिका सर्वश्रेष्ठ रहती है ।कई जिलों में जैसे झाबुआ में भगोरिया पर्व लेकर प्रशासन द्वारा विशेष तैयारी की जा रही जो कि प्रंशसनीय है। पर्यटकों के लिए सभी सामग्री एक स्थान पर मिलना,सेल्फी पॉइंट बनाना,विधुत व्यवस्था झूला व्यवस्था नाश्ते के लिए स्टॉल ,भोजन के लिए कक्ष , बड़े धार्मिक स्थलों पर जैसे उज्जैन ,नासिक आदि पर भगोरिए के प्रचार प्रसार के लिए कटआउट लगाए जाएसाथ ही प्रदेश के महाविधालय के विधार्थियों को भगोरिए मेले में बुलाकर आदिवासी संस्कृति से रूबरू करने जैसे सुझाव भी दिए जाऐ भगोरिया पर्व मध्यप्रदेश के धार,झाबुआ ,आलीराजपुर ,खरगोन आदि के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में नृत्य ,संगीत ,लोक गायन ,एक जैसे ड्रेस कोड वाले सुन्दर परिधान,चांदी के सुन्दर पहनावे के साथ धूमधाम से मनाया जाता है` भगोरिया पर लगने वाले हाट -बाजार मेले का रूप ले लेते है`मेले में अपनी जरुरत की वस्तुएं खरीदते है`भगोरिया प्रारम्भ समीप शिव मंदिर से किया जाता हैजिलों में भगोरिया की तारीख पहले तय की जाती है` होली जलने के लगभग एक सप्ताह पूर्व से मनाया जाता है` भगोरिया के पश्चात पड़ने वाले हाट -बाजार को उजाड़िया बाजार भी कहा जाता है`बांसुरी ,घुंघरू ,मांदल ,बहुत बड़े आकर का ढोल ,थाली ,छतरी ,रुमाल आदि को लेकर नृत्यकिया जाता है` फागुन मौसम छटा बिखेरकर पर्व को दर्शनीय बनाता है`भगोरिया पर्व नजदीक आने को है` भगोरिया पर्व आते ही वासन्तिक छटा मन को मोह लेती है वही इस पर्व की पूर्व तैयारी करने से ढोल ,बांसुरी की धुनों की मिठास पूर्व से ही कानों मे मिश्री घोल देती है व उमंगो में एक नई ऊर्जा भरती है दूरस्थ गाँव के रहने वाले समीप भरे जाने वाले हाट (विशेष कर पूर्व से निर्धारित लगने वाले भगोरिया) मे सज-धज के जाते है`युवक-युवतिया झुंड बनाकर पैदल भी जाते है`ताड़ी के पेड़ पर लटकी मटकिया जिसमे ताड़ी एकत्रित की जाती है ताड़ी के वृक्षों पर बेहद खुबसूरत नजर आती है`खजूर ,आम आदि के हरे -भरे पेड़ ऐसे लगते है`मानों ये भगोरिया मे जाने वालो का अभिवादन कर रहे हो ,फागुन माह में आम के वृक्षों पर नए मोर और पहाड़ो पर खिले टेसू का ऐसा सुन्दर नजारा होता है मानों प्रकृति ने अपना अनमोल खजाना खोल दिया हो देश ही नहीं अपितु विदेशों से भी इस पर्व को देखने विदेशी लोग कई क्षेत्रों में आते है लोक संस्कृति के पारम्परिक लोक गीतों को गाया जाकर माहौल मे एक लोक संस्कृति का बेहतर वातावरण देखने को मिलता हैसाथ ही प्रकृति और संस्कृति का संगम हरे -भरे पेड़ो से निखर जाता है`कई क्षेत्रों में जंगलो के कम होने से व गाँवों के विस्तृत होने से कई क्षेत्रो मे कम्पौंड के अन्दर ही नृत्य कर भगोरिया पर्व मनाया जाने लगा है । भगोरिया उत्सव के दौरान लोक संगीत हेतु बड़े आकार का विशेष प्रकार का ढोल नृत्य घेरे के मध्य खड़े होकर लोक संगीत बजाया जाता है`लोक संगीत हेतु बड़े आकार का विशेष प्रकार का ढोल नृत्य घेरे के मध्य खड़े होकर लोक संगीत बजाया जाता है` इसके संगीत में चुंबकीय आकर्षण होता है` इसके एक तरफ आटा लगा के बजाया जााता ।लोक संगीत से जुड़े बड़े आकार के वाद्य यंत्रों का महत्व आज तक बरकरार है` इन वाद्य यंत्रो से निकले लोक संगीत के आनंद की बात ही कुछ और है इसके संगीत में चुंबकीय आकर्षण होता है` इस ढोल की प्रेक्टिस व तैयारी एक माह पूर्व से की जाती है` लोक संगीत ,लोक गीतों लोक नृत्य, लोक गायन , लोक कला कृति आदि के उपासकों द्वारा इन्हें संजोए रखने का कार्य प्रशंसनीय तो है ही साथी भावी पीढ़ी को इनकी विशेषता से परिचित भी करवाता है`मेले में आदिवासी महिलाएं टेटू पारंपरिक रूप से बनवाती है ।इसके अलावा आभूषण जो चांदी से निर्मित होते है ।पूरे शरीर पर आभूषण सुंदर डिजाइन के और उन आभूषण को भिन्न भिन्न नाम से जाना जाता है ।वर्तमान में चांदी भाव आसमान छू रहे है` महिलाएं इन्हें पहन कर आती है इसमें सभी ग्रुप की ड्रेस कोड बड़ी सुंदर होती ।लोक गीतों का भी समावेश बांसुरी संग किया जाता है ।भगोरिया नृत्य टीम को सम्मानित किया जाता है दिल्ली में राष्ट्रीय पर्व पर भगोरिया पर्व की झांकी भी निकाली जाती है ।झाबुआ /आलीराजपुर /धार /खरगोन ,आदि जिलों के गांवों के निर्धारित की जाने वाले दिनांक को लगने वाले क्षेत्रीय हाट- बाजारों में भगोरिया पर्व को बेहतर तरीके से लोक गीतों पारंपरिक वाद्य यंत्रों के संगीत के साथ एवं लोकनृत्य से अपनी लोक संस्कृति को विलुप्त होने से बचाते आरहे है । इसका हम सभी को गर्व है ।

## रीढ़ की हड्डी

रीढ़ की हड्डी का सीधा होना कभी मनुष्य के विकास का प्रमाण माना जाता था, पर आज के युग में यह एक गंभीर शारीरिक और मानसिक विकार है। यदि आपकी रीढ़ में जरा भी लचीलापन नहीं है, तो समझ लीजिए कि आप उन्नति की दौड़ में लंगड़े हो चुके हैं। दुनिया अब उन लोगों की नहीं रही जो सच बोलते हैं, दुनिया उनकी है जो सच को चाशनी में डुबोकर, उसे तलकर और उस पर 'पनीर' की गार्निशिंग करके पेश करते हैं। इसे ही हम सभ्यता की भाषा में 'चाटुकारिता' कहते हैं, वैसे बाजार में इसे 'नेटवर्किंग' और 'रिलेशनशिप मैनेजमेंट' के नाम से भी बेचा जाता है।

चाटुकारिता का पहला नियम यह है कि आपके पास अपनी कोई राय नहीं होनी चाहिए। आपकी राय वही है जो आपके 'बॉस' या 'आका' की है। अगर वे दोपहर के बारह बजे कहें कि वाह! कितनी सुहानी चाँदनी खिली है, तो आपको न केवल उनकी बात माननी है, बल्कि तुरंत यह भी जोड़ना है कि हुजूर, इस चाँदनी की शीतलता के कारण ही मुझे स्वेटर पहनना पड़ा है। जो लोग सूरज की तपिश दिखाने के लिए थर्मामीटर लेकर खड़े हो जाते हैं, वे अक्सर धूप में झुलसकर अकेले रह जाते हैं। इसके उलट, जो उस धूप में चाँदनी का अहसास करा दें, वे एयर-कंडीशंड कमरों में मलाई काटते हैं।

अक्सर लोग पूछते हैं कि इस कला में निपुण होने के लिए क्या कोई विशेष प्रशिक्षण चाहिए? नहीं साहब, इसके लिए केवल एक 'निर्लज्ज हृदय' और एक 'सदाबहार मुस्कान' की आवश्यकता है। कुछ लोग इसे जन्मजात लेकर पैदा होते हैं–जैसे ही नर्स ने उन्हें गोद में लिया, वे रोने के बजाय उसे 'थैंक यू' वाली नजरों से देखने लगते हैं। बाकी लोग इसे मेहनत से अर्जित करते हैं। साहित्य हो या राजनीति, यहाँ बिना 'तेल' के चक्का नहीं घूमता। यहाँ की प्रतिभा भी 'ऑयल रिफाइनरी' से होकर गुजरती है। आजकल तो चाटुकारिता का 'डिजिटल अवतार' और भी निराला है। किसी की पोस्ट पर 'लाइक' करना एक साधारण शिष्टाचार है, लेकिन 'हार्ट इमोजी' के साथ चार लंबे-लंबे विशेषण लिखना शुद्ध भक्ति है। लोग अब महान काम नहीं करते, वे बस महान लोगों की तस्वीरों को 'शेयर' करते हैं ताकि उनकी महानता की थोड़ी-सी धूल उनके अपने दामन पर भी गिर जाए। यह एक ऐसा निवेश है जिसमें जोखिम शून्य है और मुनाफा असीमित।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 27 फरवरी 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:55 सूर्यास्त 18:25
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - एकादशी 22:33 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - आर्द्रा 10:49 उपरांत पुर्नवशु
योग - आयुष्मान 19:43 उपरांत सौभाग्य
करण - वणिज
चन्द्रमा - मिथुन में है। 27:52 पर कर्क में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 09 तारिख

**मेष-** वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा।

**वृषभ-** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**मिथुन-** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**कर्क-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी।

**सिंह-** मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। आय होगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**कन्या-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा।

**तुला-** व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें।

**वृश्चिक-** मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें।

**धनु-** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं

**मकर-** मिलने से खिन्नता रहेगी। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है।

**कुंभ-** मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा। मानसिक तनाव महसूस कर सकते हैं, मेडिटेशन करें।

**मीन-** बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**


## भारत से नलखेड़ा तक – गौरव और रंगों की गाथा

यह भारत है – वीरों की धरती, विज्ञान की उड़ान,
चाँद-सितारों को छू आया, बढ़ा विश्व में मान।
संस्कृति जिसकी गंगा-सी पावन, विविधता जिसकी शान,
एकता का संदेश सुनाता, मेरा भारत महान।
उस भारत का हृदय कहलाता– मध्यप्रदेश महान,
वन-उपवन, नर्मदा धारा, समृद्धि की पहचान।
सांची-खजुराहो की कला, इतिहास का अभिमान,
मालवा की माटी गाए, श्रम, शौर्य और सम्मान।
और उसी हृदय में धड़कती पावन नगरी उज्जैन अपार,
जहाँ विराजें महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, भक्तों के आधार।
जहाँ काल भी शीश झुकाए, शिव का गूँजे नाम,
क्षिप्रा तट पर अमर गाथा, धर्म, ज्योतिष, ज्ञान धाम।
उसी पावन अंचल में शक्ति का अद्भुत स्वरूप,
नलखेड़ा में विराजी माँ, पीताम्बर सा रूप।
विश्व विख्यात माँ बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा की महिमा अपरम्पार,
संकट हरें, विजय दें माता, भक्त करे जय जयकार ।
देश-विदेश से आए श्रद्धालु लेकर विश्वास,
माँ के चरणों में पाते जीवन का उजियास।
जहाँ भक्ति संग शक्ति का संगम दिव्य अनूप,
वहीं फागुन लाता रंगों का अनुपम स्वरूप।
फागोत्सव की मधुर फुहारें, ढोलक की झंकार,
अबीर-गुलाल उड़े गगन में, प्रेम बने आधार।
रंगोत्सव में एक हो जाएँ ऊँच-नीच के भेद,
होली गाए भाईचारा, मिट जाएँ सब खेद।
भारत की उपलब्धि चमके, मध्यप्रदेश मुस्काए,
उज्जैन की महिमा अमर हो, जग शीश नवाए।
नलखेड़ा में माँ की कृपा, रंगों का विस्तार,
भक्ति, शक्ति और प्रेम से सजे यह त्यौहार।

**मुकेश चौरसिया जायसवाल**
**नलखेड़ा**

## न धृतराष्ट्र-गांधारी बनों प्रहरी..!

तीस से ज्यादा बच्चों ने हाथ की नस काट ली,
ऐसा लगा जैसे माता-पिता ने अंतिम सांस लीं।
हे पालकों क्यों? धृतराष्ट्र बन अपने घर बैठे हो,
बच्चों पर रखिए नजर क्यों आँखें मून्दे बैठे हो।
लाख इसका दोष किसी ओर को चाहे दीजिए,
आप गांधारी सा आचरण तो उनसे न कीजिए।
संतान सेलफोन पे क्या? कर रही सुध लीजिए,
आत्मक्षति क्यों? हो रहीं उस पर ध्यान दीजिए।
युवामन डिजिटल संसार में गहराई से प्रभावित,
ऑनलाइन चैलेंज, हिंसक गेम्स क्षति संभावित।
माता-पिता, शिक्षक व समाज रखें इनसे संवाद,
घरेलू वातावरण ऐसा तैयार करें न जन्मे मवाद।
(संदर्भ-धमतरी में 'ब्लेड के पीछे छिपा सच')



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

# शादी की बदलती तस्वीर: दिखावे, अहंकार और टूटते रिश्ते



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय समाज में शादी केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं रही है, बल्कि इसे हमेशा से परिवार, समाज और संस्कारों से जुड़ी एक पवित्र संस्था माना गया है। विवाह को जीवनभर का साथ, सुख-दुख में एक-दूसरे का संबल और सामाजिक स्थिरता की आधारशिला समझा जाता रहा है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में इस संस्था की तस्वीर तेजी से बदली है। आज शादी का मतलब साथ निभाने का संकल्प कम और सामाजिक प्रदर्शन अधिक होता जा रहा है। परिणामस्वरूप रिश्ते कमजोर हो रहे हैं और तलाक या अलगाव के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

आज यह एक कड़वी सच्चाई है कि लोग शादी पर 20झ25 लाख रुपये या उससे भी अधिक खर्च कर रहे हैं, लेकिन उसी शादी के कुछ महीनों या दिनों तक चलने की कोई गारंटी नहीं रह गई है। आंकड़े बताते हैं कि शहरी क्षेत्रों में लगभग 40 से 50 प्रतिशत वैवाहिक रिश्ते टूटने की कगार पर हैं या पहले ही टूट चुके हैं। यह केवल व्यक्तिगत विफलता नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक समस्या का संकेत है, जिसे नजरअंदाज करना आने वाले समय में भारी पड़ सकता है।

इस संकट का सबसे बड़ा कारण है दिखावे की संस्कृति। शादी अब एक निजी निर्णय नहीं, बल्कि एक भव्य इवेंट बन चुकी है, जिसमें होटल, डेस्टिनेशन वेडिंग, महंगे कपड़े, फोटोशूट और सोशल मीडिया पोस्ट सबसे अहम हो गए हैं। लोग यह सोचने में अधिक समय लगाते हैं कि मेहमान क्या कहेंगे, रिश्तेदार कितने प्रभावित होंगे और इंस्टाग्राम पर तस्वीरें कैसी दिखेंगी। लेकिन यह सोचने का समय नहीं निकालते कि जिस इंसान के साथ पूरी ज़िंदगी बितानी है, उसके विचार, स्वभाव, सहनशीलता और जीवन के प्रति दृष्टिकोण क्या हैं।

सोशल मीडिया ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। हर व्यक्ति खुद को बेहतर दिखाने की कोशिश में अपनी वास्तविकता छिपा रहा है। शादी से पहले बनाई गई यह परफेक्ट इमेज शादी के बाद धीरे-धीरे टूटती है और जब सच्चाई सामने आती है, तब निराशा, टकराव और असंतोष जन्म लेता है। लोग समझ पाते हैं कि वे जिस इंसान से शादी कर बैठे हैं, वह वैसा नहीं है जैसा उन्होंने कल्पना की थी। दूसरा बड़ा कारण है धैर्य की कमी और अहंकार की अधिकता। आज के समय में लोगों का पेशेंस लेवल लगभग शून्य पर आ गया है, जबकि ईगो का स्तर सौ पर पहुंच चुका है। छोटी-छोटी बातों पर रिश्तों में दरार आ जाती है। संवाद करने, समझाने और समझने की जगह लोग तुरंत निष्कर्ष निकाल लेते हैं कि यह रिश्ता काम नहीं करेगा। मैं क्यों समझौता करूँ? और मेरी खुशी सबसे ऊपर है जैसी सोच रिश्तों को खोखला कर रही है।

पहले रिश्तों में समस्याएं आती थीं, लेकिन उन्हें सुलझाने की कोशिश की जाती थी। आज समस्याएं आते ही लोग अलग होने को सबसे आसान समाधान मान लेते हैं। रिश्तों को निभाने की जगह उन्हें बदल देने की मानसिकता बढ़ती जा रही है। यह उपभोक्तावादी सोच केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि अब रिश्तों में भी प्रवेश कर चुकी है।

एक और महत्वपूर्ण कारण है संयुक्त परिवार प्रणाली का टूटना और एकल परिवारों का बढ़ना। संयुक्त परिवारों में बच्चे बचपन से ही बड़ों को देखकर सहनशीलता, त्याग, जिम्मेदारी और रिश्तों को निभाने की कला सीखते थे। मतभेद होते थे, लेकिन उन्हें बातचीत और समझदारी से सुलझाया जाता था। आज एकल परिवारों में पले-बढ़े बच्चों को यह व्यवहारिक प्रशिक्षण बहुत कम मिल पाता है।

**धर्म-आस्था**

# दान का चमत्कार: त्याग और समर्पण का पावन पथ



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में ह्यदानह्न को केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानवता की सेवा और आत्मोन्नति का सरलतम साधन माना गया है। हमारे शास्त्र बार-बार यह संदेश देते हैं कि दान का वास्तविक अर्थ केवल वस्तु का त्याग नहीं, बल्कि भीतर बैठे मोह, लोभ और अहंकार को छोड़ने की साधना है। जब व्यक्ति अपनी कमाई, समय या संसाधनों का अंश दूसरों के कल्याण के लिए समर्पित करता है, तब वह केवल किसी की सहायता नहीं करता, बल्कि स्वयं के व्यक्तित्व को भी ऊँचा उठाता है।

दान की परंपरा भारत की सामाजिक संरचना को संतुलित रखने का एक सशक्त माध्यम रही है। प्राचीन काल में गुरुकुल, धर्मशालाएँ, अन्नक्षेत्र और सेवा संस्थाएँ दान की भावना से ही संचालित होती थीं। यह परंपरा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, क्योंकि आधुनिक समाज में आर्थिक असमानता और सामाजिक चुनौतियाँ लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे समय में दान केवल पुण्य कमाने का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का माध्यम बन जाता है।

शास्त्रों में स्पष्ट कहा गया है कि दान का सबसे बड़ा मूल्य उसकी मात्रा में नहीं, बल्कि उसके पीछे निहित भावना में होता है। श्रद्धा और विनम्रता से किया गया छोटा सा दान भी महान फल देता है, जबकि दिखावे या अहंकार से किया गया बड़ा दान भी आध्यात्मिक दृष्टि से निष्फल माना जाता है। यही कारण है कि ह्लगुप्त दानह्व को सर्वोत्तम बताया गया है–जहाँ देने वाला प्रसिद्धि नहीं, बल्कि संतोष की तलाश करता है। विभिन्न ग्रंथों में अलग-अलग वस्तुओं के दान का विशेष महत्व बताया गया है। शय्या (बिस्तर) का दान आयु, यश और धैर्य में वृद्धि का कारण माना गया है। वस्त्र दान से दीर्घायु और उच्च लोक की प्राप्ति का उल्लेख मिलता है। पंखा दान करने से सात पीढ़ियों तक धर्म और पुण्य का लाभ बताया गया है, जबकि कपूर दान दुखों की निवृत्ति और मोक्ष मार्ग को प्रशस्त करने वाला माना गया है।

इसी प्रकार तकिया दान पापों के क्षय और सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ा गया है। फूल और चंदन का दान जीवन में सुख, भोग और मान-सम्मान बढ़ाने वाला माना गया है। चटाई का दान निरोगी काया और कार्यों में विजय का प्रतीक बताया गया है। जल से भरे घड़े का दान गया तीर्थ में श्राद्ध के समान पुण्य देने वाला कहा गया है, जबकि कंबल दान अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति प्रदान करने वाला माना गया है।

घी और चावल का दान यज्ञ के समान फल देने वाला बताया गया है, जिससे आयु और लक्ष्मी की वृद्धि होती है। वहीं लस्सी या छाछ का दान विद्या और धन की प्राप्ति से जोड़ा गया है। इन सभी उल्लेखों का गूढ़ अर्थ यह है कि दान व्यक्ति को भीतर से परिष्कृत करता है और समाज में संतुलन स्थापित करता है।

आध्यात्मिक दृष्टि से दान के कई सकारात्मक प्रभाव माने गए हैं। पहला, यह मानसिक शांति प्रदान करता है। जब व्यक्ति निःस्वार्थ भाव से किसी की सहायता करता है, तो उसे जो आत्मसंतोष मिलता है, वह किसी भौतिक उपलब्धि से कहीं अधिक स्थायी होता है। दूसरा, ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार विभिन्न ग्रह दोषों की शांति के लिए भी दान का विशेष महत्व बताया गया है। तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण, दान सामाजिक विषमता को कम करने का प्रभावी माध्यम है। हालाँकि दान करते समय विवेक और संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है। शास्त्रों ने स्पष्ट कहा है कि दान अपनी सामर्थ्य के अनुसार और सामने वाले की वास्तविक आवश्यकता को समझकर ही करना चाहिए। अंधानुकरण या दिखावे की भावना दान की पवित्रता को कम कर देती है। साथ ही, दान के साथ सम्मान का भाव भी जुड़ा होना चाहिए, ताकि सहायता पाने वाले की गरिमा अक्षुण्ण रहे।

आज के उपभोक्तावादी युग में, जब संग्रह की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, तब दान की संस्कृति हमें संतुलन और संवेदनशीलता का पाठ पढ़ाती है। यह हमें याद दिलाती है कि संपत्ति का वास्तविक मूल्य उसके संचय में नहीं, बल्कि उसके सदुपयोग में है। अंततः, दान का चमत्कार किसी जादुई फल में नहीं, बल्कि उस आंतरिक परिवर्तन में छिपा है जो देने की प्रक्रिया से उत्पन्न होता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1812-2800 चना काबली- 3100-9001, चना बड़ा- 4420-5071, रायड़ा- 5100-5901, बलटा- 1704-3938, सोयाबीन- 1401-5801, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,58,500, रवा- 1,58,400 चांदी- टंच- 2,60,000 पाट- 2,60,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

## महिदपुर में 1 मार्च को निकलेगी भव्य फाग यात्रा, फूलों व गुलाल से खेली जाएगी होली



**महिदपुर।** नगर सेठ श्री रणजीत हनुमान जी की कृपा से नगर में भव्य फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 1 मार्च 2026 को सुबह 9 बजे से श्री रणजीत हनुमान मंदिर, चेक बाजार से प्रारंभ होगा। फाग यात्रा में बैंड, डीजे सहित विभिन्न आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः चैक बाजार में समापन करेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु फूलों और गुलाल से होली खेलते हुए उत्सव का आनंद लेंगे। आयोजकों ने नगरवासियों से अपील की है कि वे सपरिवार इस भव्य फाग महोत्सव में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं।

## मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के लोकार्पण के बाद मरीजों को इलाज का इंतजार



**महिदपुर।** नगर के नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधित छोटी-मोटी बिमारी और इलाज के लिये पुराने हाईस्कूल मैदान के बाहर तथा बीनपुरा रोड़ पर भीमाखेड़ा पंचायत के सामने लाखो रुपये खर्च कर 3 वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के बड़े-बड़े भवन बनाये गये थे। विधानसभा चुनाव के पूर्व इन भवनों का लोकार्पण भी हो चुका है । पंरतु इन भवनों से नागरिकों को स्वास्थ्य की संजीवनी मिलना शुरू नहीं हुई है। नगर में बनाये भवन के दरवाजे रोज खुलते है और शाम 5 बजे बंद हो जाते है। भवन में इलाज करने वाले चिकित्सक, कम्पाउन्डर, नर्स और दवाईयों की कोई व्यवस्था नहीं है। मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक योजना में बनाये भवनों में इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है। इसी प्रकार भीमाखेड़ा में बनाये भवन लोकार्पण के बाद ताले तक नहीं खुले है। जिला चिकित्सा विभाग व झारड़ा स्वास्थ्य केन्द्रों के अधीन आने वाले भवनों में विभाग शीघ्र स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करावें जिससे इस क्षेत्रों को स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध हो सकें। क्या स्वास्थ्य विभाग इस और ध्यान देकर नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायें।

## केदारनाथ मंदिर रास्ता खोलने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### श्रद्धालुओं ने हनुमान चौराह से कलेक्ट्रेट तक निकाली रैली



**गुना।** पिछले तीन वर्षों से बंद पड़े केदारनाथ मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए तत्काल खोलने की मांग को लेकर मंगलवार को शहर में भक्तों का आक्रोश देखने को मिला। हनुमान चौराहा से कलेक्ट्रेट तक सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जुलूस निकालकर जनसुनवाई के दौरान एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। भाजपा के जिला महामंत्री एवं वरिष्ठ नेता संतोष धाकड़ के नेतृत्व में हनुमान चौराहे से कलेक्ट्रेट तक रैली पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बताया कि मंदिर लंबे समय से बंद होने के कारण उन्हें पूजा-अर्चना और दर्शन से वंचित रहना पड़ रहा है, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मंदिर को शीघ्र खोलकर नियमित पूजा-पाठ की व्यवस्था की जाए। जुलूस में शामिल लोगों ने भजन-कीर्तन करते हुए हाथों में तख्तियां लेकर मंदिर खोलने की मांग उठाई। कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## क्लब 08 बना वॉलीबॉल चैंपियन



**गुना।** लीडर्स इंटर-क्लब वॉलीबॉल टूनामेंट के फाइनल में मंगलवार क्लब 08 ने लीडर्स क्लब को हराकर खिताबी जीत दर्ज की। इस भव्य प्रतियोगिता में गुना के 8 क्लबों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। मुख्य अतिथि एसपी अंकित सोनी ने विजेता टीम के कप्तान जग्गी रघुवंशी और उनके खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। एसपी श्री सोनी ने सभी प्रतिभागी क्लबों के खेल और उनके बीच की प्रतिस्पर्धा की जमकर सराहना की।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

# ट्रेचिंग ग्राउंड पर मिले गायों के शव, कांग्रेस ने महापौर के इस्तीफे की मांग की, निगम अधिकारी निलंबित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास के ट्रेचिंग ग्राउंड पर खुले में पड़े गायों के शव मिलने से नगर निगम की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नियमानुसार मृत पशुओं को गड्ढे में दफनाया जाना चाहिए, लेकिन कई गायों के अवशेष खुले में पाए गए, जिससे स्पष्ट लापरवाही सामने आई। बुधवार को इसका वीडियो सामने आया था।

घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी ट्रेचिंग ग्राउंड पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से घटनाक्रम पर चर्चा की और व्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

### महापौर से इस्तीफा मांगा

इसके साथ हीं आरोप लगाया कि नगर निगम में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग गाय के नाम पर चुनाव जीतते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं विफल हैं। चामुंडा माता की नगरी में ऐसी घटनाएं शहर की छवि को धूमिल करती हैं। चौधरी ने महापौर से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की है।

### नगर निगम अधिकारी निलंबित

इस मामले में प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए निगम कमिश्नर दलीप कुमार ने नगर निगम के अधिकारी जितेंद्र सिसोदिया को निलंबित कर दिया है। साथ ही, दो अन्य अधिकारी-कर्मचारियों का सात-सात दिनों का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है। यह पूरा घटनाक्रम सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद सामने आया था।

## सहायक उपनिरीक्षकों को मंडी निरीक्षक का प्रभार, सुसनेर में तीन अधिकारियों को जिम्मेदारी

**सुसनेर।** मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा सहायक उपनिरीक्षक संवर्ग के कर्मचारियों को मंडी निरीक्षक संवर्ग के उच्च पद का प्रभार सौंपा गया है। यह प्रभार सेवा शर्तों के अधीन प्रदान किया गया है, जिससे मंडी कार्यों में प्रशासनिक मजबूती आने की उम्मीद है। वरिष्ठता सूची के आधार पर चयनित अधिकारियों को उनके वर्तमान पदस्थापना स्थल पर ही प्रभारी मंडी निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। सुसनेर कृषि उपज मंडी में तीन अधिकारियों को यह दायित्व सौंपा गया है। वरिष्ठता क्रमांक 139 (कास. क्र. 346) पर पदस्थ हरिनारायण मगोरिया को सुसनेर में प्रभारी मंडी निरीक्षक बनाया गया है। इसी प्रकार वरिष्ठता क्रमांक 144 (कास. क्र. 352) पर पवन कुमार शर्मा तथा वरिष्ठता क्रमांक 206 (कास. क्र. 478) पर जगदीश चन्द्र भील को भी प्रभारी मंडी निरीक्षक का प्रभार सौंपा गया है। मंडी निरीक्षक का प्रभार मिलने से नीलामी प्रक्रिया की निगरानी, तौल व्यवस्था में पारदर्शिता, किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और मंडी की समग्र व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। स्थानीय स्तर पर इसे प्रशासनिक कार्यप्रणाली को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### एयू उद्योगिनी कार्यक्रम के तहत 40 महिला उद्यमों का शुभारंभ

## सीमित संसाधनों में जीवनयापन कर रही महिलाओं को मिला रोजगार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए एयू स्माल फायनेंस बैंक एवं मेजिक बस इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित एयू उद्योगिनी कार्यक्रम के अंतर्गत शुजालपुर क्षेत्र में 40 महिला उद्यमों का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम ग्राम पंचायत भ्याना में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजन में ग्राम पंचायत शुजालपुर के सरपंच, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की टीम, मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के प्रतिनिधि तथा चयनित महिला उद्यमी मौजूद रहीं। वक्ताओं ने कहा कि एयू उद्योगिनी कार्यक्रम का उद्देश्य उन ग्रामीण महिलाओं को आगे बढ़ाना है, जिन्हें संसाधनों की कमी और सामाजिक परिस्थितियों के कारण अब तक अवसर नहीं मिल पाया। कार्यक्रम विशेष रूप से विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा तथा अत्यंत सीमित संसाधनों में जीवनयापन कर रही महिलाओं पर केंद्रित है। इसके अंतर्गत पहले पात्र महिलाओं की पहचान की जाती है, तत्पश्चात उन्हें उद्यमिता के प्रति जागरूक किया जाता है। चयनित महिलाओं को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें व्यवसाय योजना तैयार करना, बजट निर्माण, आय-व्यय प्रबंधन तथा व्यवसाय संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद महिलाओं ने अपने--अपने व्यवसाय की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की। इन योजनाओं के आधार पर बैंक द्वारा प्रारंभिक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई, जिससे वे अपने उद्यम प्रारंभ कर सकें। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के पश्चात सभी 40 दुकानों का विधिवत उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही महिलाओं ने अपने नए व्यवसाय की शुरूआत करते हुए आत्मनिर्भरता की ओर पहला कदम बढ़ाया। उपस्थित अतिथियों ने महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह पहल न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास का संचार भी कर रही है। एयू उद्योगिनी कार्यक्रम ग्रामीण अंचल में महिला सशक्तिकरण का प्रेरक उदाहरण बनकर उभर रहा है।

### संभागायुक्त ने किसानों से उन्नत तकनीक की खेती, मुनाफा जाना

## देवास में आधुनिक खेती से लाखों कमा रहे किसान, बैलेंस शीट भी बनाते हैं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



संभागायुक्त आशीष सिंह ने देवास जिले के विभिन्न गांवों का दौरा कर आधुनिक कृषि पद्धतियों का उपयोग करने वाले प्रगतिशील किसानों के खेतों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने किसानों द्वारा अपनाई जा रही उन्नत तकनीकों और उनसे मिल रहे मुनाफे को समझा।

ग्राम मेंढकी धाकड़ में संभागायुक्त ने किसान जगदीश नागर के खेत का दौरा किया। नागर ने बताया कि वे 5 हजार वर्ग फीट जमीन से 55 हजार रुपये की लौकी का उत्पादन कर रहे हैं। पहले वे पारंपरिक फसलें उगाते थे, लेकिन अब उद्यानिकी फसलों जैसे टमाटर, ड्रैगन फ्रूट, गोभी, धनिया और खरबूजा की खेती से उन्हें अच्छा मुनाफा मिल रहा है।

वे सिंचाई के लिए ड्रिप और मल्चिंग जैसी आधुनिक पद्धतियों का उपयोग करते हुए साल में तीन फसलें लेते हैं।

इसके बाद संभागायुक्त ने ग्राम जामगोद में किसान कैलाश पटेल द्वारा किए जा रहे केंचुआ खाद उत्पादन कार्य का अवलोकन किया। पटेल ने बताया कि उन्होंने 30 हजार रुपये की पूंजी से यह काम शुरू किया था, जिसे अब मेहनत और सही तकनीक से 3 लाख रुपये के टर्नओवर वाले सफल व्यवसाय में बदल दिया है।

वे जैविक और केंचुआ खाद 6 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेच रहे हैं। उनके इस नवाचारी प्रयास से कई अन्य किसान भी जुड़कर जैविक खेती कर रहे हैं।

ग्राम अरनिया जागीर में किसान नारायण सिंह सेंधव के खेत पर पहुंचकर संभागायुक्त सिंह और कलेक्टर ऋतुराज आश्चर्यचकित रह गए। सेंधव ने बताया कि वे खेती को एक उद्योग के रूप में करते हैं और हर काम की बैलेंस शीट तैयार रखते हैं।

इसमें पौधे लगाने, खर्च, पानी और खाद देने का पूरा विवरण दर्ज होता है। वे एक एकड़ में साल भर में 8 लाख रुपये तक का करेला बेच देते हैं। हाल ही में उनके करेले की फसल 80 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से मंडी में बिकी है।

वे जल्द ही सफेद करेले की फसल भी तैयार कर रहे हैं, जिसे अनुमानित 105 से 110 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचने की उम्मीद है।



## पुलिस द्वारा लापता किशोर सकुशल बरामद

**सुसनेर।** क्षेत्र के ग्राम सेमली से लापता हुए 15 वर्षीय किशोर को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सकुशल बरामद कर लिया। मामले में फरियादिया केलाश बाई पति करणसिंह बैलदार (उम्र 50 वर्ष) निवासी सेमली ने अपने पौत्र गोविंद पिता स्व. रामप्रसाद बैलदार (उम्र 15 वर्ष 10 माह) के लापता होने की रिपोर्ट थाना सुसनेर में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार किशोर 17 फरवरी 2026 की शाम करीब 5 बजे घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा आसपास खोजबीन करने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर थाना सुसनेर में सूचना दी गई। पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण क्रमांक 6026 कायम कर तत्काल जांच प्रारंभ की। थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैंस के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर संभावित स्थानों पर तलाश अभियान चलाया गया। पुलिस द्वारा आसपास के गांवों, बस स्टैंड एवं अन्य स्थानों पर पूछताछ की गई। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने किशोर को सकुशल दस्तयाब कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई एवं पूछताछ उपरांत गुरुवार को किशोर को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। किशोर के सकुशल मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार की बैठक आज

**सारंगपुर।** गायत्री परिवार सारंगपुर की शुक्रवार को गायत्री प्रज्ञापीठ सारंगपुर पर शाम 7:00 बजे एक बैठक आयोजन होगा जिसमें विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। गायत्री परिवार सारंगपुर के डॉ. केके मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में तीन विषयों पर चर्चा होगी जिसमें प्रथम शांतिकुंज से 5 दिवसीय शताब्दी वर्ष का सत्र कार्यक्रम की जानकारी तहसील समन्वयक प्रेम नारायण लववंशी द्वारा दी जादगी। गायत्री परिवार के ट्रस्ट गठन की रूपरेखा निर्धारित की जाएगी। ग्रह गायत्री यज्ञ की योजना तय की जाएगी। मिश्रा ने बैठक में समय पर पधार कर सफल बनाने की अपील समाजजनों से की है।

### मजदूर महासंघ का प्रदर्शन, कहा-7500 रुपए पेंशन की जाए

## कलेक्टर कार्यालय पहुंचे आंदोलनकारी; बोले-ईपीएफ-ईएसआईसी की सीमा बढ़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में अखिल भारतीय इंजीनियरिंग एवं मेटल मजदूर महासंघ (भारतीय मजदूर संघ संबद्ध) ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री और श्रम एवं रोजगार मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन बढ़ाने सहित औद्योगिक श्रमिकों से जुड़ी विभिन्न मांगें उठाई गईं।

महासंघ के महामंत्री रामभान सिंह ने बताया कि प्रमुख मांगों में ईपीएस-95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन को 1000 रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपए प्रतिमाह महंगाई भत्ते सहित लागू करना शामिल है। इसके साथ ही ईपीएफ में अनिवार्य अंशदान की वेतन सीमा 15,000 रुपए से बढ़ाकर 30,000 रुपए तथा ईएसआईसी के तहत वेतन सीमा 21,000 रुपए से बढ़ाकर 42,000 रुपए प्रतिमाह करने की मांग की गई है।

### बोनस, स्थायीकरण और भर्ती पर रोक का मुद्दा

ज्ञापन में बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के तहत बोनस पात्रता की वर्तमान सीमा में वृद्धि करने की मांग भी रखी गई। महासंघ ने ठेका श्रमिकों को स्थायी करने, सामान्य भर्ती पर लगी रोक हटाने तथा श्रमिकों को सुरक्षित और सुनिश्चित रोजगार की गारंटी देने की अपील की है।

ज्ञापन सौंपने से पूर्व कलेक्टर कार्यालय परिसर में श्रमिक नेता जनार्दन पेठनकर एडवोकेट ने उपस्थित श्रमिकों को संबोधित करते हुए उनकी मांगों का समर्थन किया। इस दौरान शशिकांत बजे, माखनसिंह राजपूत, पदमाकर जोशी, गिरधारी लाल शर्मा, भूपत वर्मा, दीवाकर बोडखे, सुभाष पंडित सहित बड़ी संख्या में महासंघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता हे किं मेरे पक्षकार ने राजुराम पिता विरमाराम जी जाति जाट निवासी ग्राम मोहनपुरा बावास बाडमेर राजस्थान से उनके द्वारा राहुल पिता शंकरलाल जी जाति आंजना निवासी ग्राम आक्यानजीक से अनुबन्धित भूमि जो कि ग्राम लेकोडा आंजना तहसील उन्हेल जिला उज्जैन मे स्थित होकर जिसका सर्वे नम्बर 502 रकबा 1.86 हे, मे से रकबा 0.265 हे, तथा सर्वे नम्बर 694/1 रकबा 0.44 हे, में से रकबा 0.11 हेक्टर जो कि कुल किता 02 होकर कुल रकबा 0.3750 हे, भुमि को, सिंचाई के अधिकार सहीत क्रय करने का अनुबन्ध किया है, जिसमे मेरे पक्षकार ने बयाना पेटे राशी भी अदा कर दी है ।

यह कि, उक्त कृषि भुमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भुमि, विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय अथवा अर्धशासकीय, विभाग, या ट्रस्ट के पक्ष मे रहन, बय, दान, आदी, की डुई हो, अथवा उक्त कृषि भूमि के किसी भी वैद्य उत्तराधिकारियों का उक्त भुमि मे किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हित्त, हिस्सा, हो या किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति होतो, इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज, मय प्रमाण के मेरे अग्रलिखीत आफिस में मिले व आपत्ति पेश करे।

अतः इस जाहिर सुचना के द्वारा सूचित किया जाता हे कि 7 दिवस की अवधि मियाद के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भुमि का विक्रय पत्र का सम्पादन अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा, तथा बाद मियाद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित में बन्धनकारक नहीं रहेगी। दिनांक 25/02/2026

**जाकिर हुसैन एडव्होकेट**
**पताः- किदवई मोहल्ला चांदबड चौक**
**उन्हेल तहसील नागंदा जिला उज्जेन**
**मोबा. 98278-47404 एंव 99260-66398**

**न्यायालय अपर कलेक्टर जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**प्रकरण कमांक-0069/अपील/2025-26-122**
**अपील सूचना समंस आदेश 05 नियम 1 सी.पी.सी**

1. धापूबाई विधवा रमेश जी, जाति ब्राहम्ण,
2. रामकिशन पिता रमेश जी, जाति ब्राहम्ण,
3. राजेश पिता रमेश जी, जाति ब्राहम्ण,

निवासीगण ग्राम जलोदिया, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन

......अपीलार्थी

**विरूद्ध**

1. सुशिल पिता रमेश जी, जाति ब्राहम्ण,
2. प्रेमाबाई पुत्री रमेश जी, जाति ब्राहम्ण,
3. सुशिलाबाई पुत्री रमेश जी, जाति ब्राहम्ण,
4. ताराबाई पुत्री रमेश जी, जाति ब्राहम्ण,
5. मांगीलाल पिता पूनमचंद जी, जाति ब्राहम्ण,
6. कृष्णगोपाल पिता पूनमचंद जी, जाति ब्राहम्ण,
7. प्रकाश पिता पूनमचंद जी, जाति ब्राहम्ण,
8. गीताबाई पिता पूनमचंद जी, जाति ब्राहम्ण,
9. सुमनबाई पिता पूनमचंद जी, जाति ब्राहम्ण,
10. प्रेमचंद पिता रतनलाल जी, जाति ब्राहम्ण,
11. सकुन पुत्री रतनलाल जी, जाति ब्राहम्ण,
12. रूकमणिबाई विधवा ओमप्रकाश जी,
13. अशोक पिता ओमप्रकाश जी, जाति ब्राहम्ण,
14. अनिल पिता ओमप्रकाश जी, जाति ब्राहम्ण,
15. अर्जुन पिता ओमप्रकाश जी, जाति ब्राहम्ण,
16. रामसुखी बाई विधवा शांतिलालजी,
17. भूपेन्द्र पिता शांतिलालजी, जाति ब्राहम्ण,
18. गिरिराज पिता शांतिलालजी, जाति ब्राहम्ण,
19. दीपा पिता शांतिलालजी, जाति ब्राहम्ण,
20. जगदीश पिता बिहारीलालजी, जाति ब्राहम्ण,
21. लीलाबाई पुत्री बिहारीलालजी, जाति ब्राहम्ण,
22. कांताबाई पिता बालूजी, जाति ब्राहम्ण, निवासीगण ग्राम जलोदिया, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन 23. मंजूबाई पति गोपालजी, जाति ब्राहम्ण, निवासी ग्राम कल्याणपुरा, तहसील दीगोद, जिला कोटा (राजस्थान)
24. विमलाबाई पिता बिहारीलालजी, जाति ब्राहम्ण, निवासी ग्राम जलोदिया, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन

**प्रत्यर्थीगण**

आप प्रत्यर्थीगण के विरूद्ध अपीलार्थी के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बडनगर, जिला उज्जैन म.प्र. के प्रकरण क्रमांक-0249/अ-6-अ/2023-24 में पारित आदेश दिनांक-27.11.2024 से व्यथित होकर इस न्यायालय के समक्ष यह अपील प्रस्तुत की है।

उक्त अपील प्रकरण की सुनवाई हेतु दिनांक-12.03.2026 नियत की गई है। इसलिए आप प्रत्यर्थीगण उक्त अपील के संबंध में सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए जिस पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो मय दस्तावेजों के उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में उपस्थित होकर अपने पक्ष प्रस्तुत करें। प्रत्यर्थीगण की अनुपस्थिति में अपील की सुनवाई का निपटारा नियमानुसार किया जावेगा।

(अपर कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

**रीडर टू**
**अपर कलेक्टर जिला उज्जैन**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कमल पिता बालाराम जी खिंची जाति बन्जारा निवासी ग्राम बरखेडा नजीक से उनके द्वारा भुरा पिता शिवाजी गुर्जर से अनुबन्धित भुमि जो कि ग्राम जलोदिया उन्हैल में स्थित होकर जिसका सर्वे नम्बर 36/1 रकबा 1.40 हेक्टर भुमि मे से रकबा 0.40 हेक्टर भूमि जो कि प्रधानमन्त्री रोड से लगी हुई हे को, सिंचाई के अधिकार सहित' क्रय करने का अनुबन्ध किया है जिसमे मेरे पक्षकार ने बयाना पेटे राशि भी अदा कर दी है।

यह कि, उक्त कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भुमि, विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय अथवा अर्धशासकीय, विभाग, या ट्रस्ट के पक्ष मे रहन, बय, दान, आदी, की डुई हो, अथवा उक्त कृर्षि भूमि के किसी भी वैद्य उत्तराधिकारियों का उक्त भुमि मे किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हित्त, हिस्सा, हो या किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति होतो, इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज, मय प्रमाण के मेरे अग्रलिखीत आफीस में मिले व आपत्ति पेश करे।

अतः इस जाहिर सुचना के द्वारा सुचित किया जाता है कि 7 दिवस की अवधि मियाद के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भुमि का विक्रय पत्र का सम्पादन अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा, तथा बाद मियाद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित में बन्धनकारक नही रहेगी। दिनांक 25/02/2026

**जाकिर हुसैन एडव्होकेट**
**पताः- किदवई मोहल्ला चांदबड चौक**
**उन्हेल तहसील नागंदा जिला उज्जेन**
**मोबा. 98278-47404 एंव 99260-66398**

न्यूज-कॉलम

## नेशनल क्रॉस कंट्री दौड़ के लिए ज्योति, नीमा व रविना का चयन

**मन्दसौर।** मंदसौर की खेल प्रतिभाओं ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है। प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय की छात्रा ज्योति कुमावत और शासकीय कन्या महाविद्यालय की नीमा सूर्यवंशी व रविना कंवर का चयन अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 27 फरवरी को मैंगलोर (कर्नाटक) में आयोजित हो रही है। एथलेटिक्स कोच मुकेश भटेवरा ने बताया कि इन तीनों बालिकाओं ने शुजालपुर में आयोजित विक्रम विश्वविद्यालय की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह स्थान हासिल किया है। ये तीनों खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग की एथलेटिक्स अकादमी में नियमित अभ्यास करती हैं।

## हृदय रोगियों के लिए 28 को लगेगा जांच एवं परामर्श शिविर

**मंदसौर।** रोटरी क्लब मंडल 3040 और अपोलो हॉस्पिटल्स इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी कल 28 फरवरी को मंदसौर में एक वृहद निःशुल्क हृदय रोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नई आबादी स्थित संजय गांधी उद्यान में सुबह 10.30 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में इंदौर के सुप्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. के. रोशन राव अपनी सेवाएं देंगे। शिविर के दौरान मरीजों की ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और ऑक्सीजन लेवल की जांचें बिल्कुल मुफ्त की जाएंगी। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि सीने में दर्द, सांस फूलना और घबराहट जैसी समस्याओं से जूझ रहे नागरिक इस सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते हैं। इस सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

## तीन दिवसीय नाहर सैय्यद मेला में 1 मार्च को सजेगी मुशायरे की महफिल

**मंदसौर।** शहर के ऐतिहासिक 49वें राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेले के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय हो गई है। नगर परिषद द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय मेला 28 फरवरी से शुरू होगा। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने बताया कि मेले का आगाज शनिवार रात को सूफियाना कव्वाली से होगा, जिसमें भोपाल और मंदसौर की प्रसिद्ध पार्टियां कलाम पेश करेंगी। मेले का मुख्य आकर्षण 1 मार्च को आयोजित होने वाला अखिल भारतीय मुशायरा व कवि सम्मेलन होगा। इसमें जौहर कानपुरी (यू.पी.), डॉ. अन्ना देहलवी (दिल्ली), और नैना नसीब (कोटा) जैसे ख्याति प्राप्त रचनाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मेले के अंतिम दिन 2 मार्च को कव्वाली का मुकाबला होगा, जिसमें फैजाबाद और कानपुर की कव्वाल पार्टियां अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। मेला समिति ने सभी नागरिकों से इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है।

## रिश्वत लेने के आरोपी पूर्व सब इंस्पेक्टर को पांच साल की जेल

**मंदसौर।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायालय ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स के तत्कालीन उपनिरीक्षक मधुसूदन पाठक को रिश्वत के मामले में दोषी करार देते हुए 5 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर कुल 35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामला वर्ष 2016 का है, जब नारकोटिक्स विंग इंदौर ने अफीम का एक प्रकरण दर्ज किया था। इस केस में आरोपी मधुसूदन पाठक ने फरियादी मुकेश बैरागी के पिता का नाम निकालने के बदले 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। सौदा 2.50 लाख रुपये में तय हुआ, जिसकी शिकायत फरियादी ने लोकायुक्त उज्जैन से कर दी। लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाकर 11 अगस्त 2016 को तत्कालीन सब इंस्पेक्टर को 30 हजार रुपये की पहली किस्त लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। अभियोजन की ओर से सशक्त पैरवी के बाद न्यायालय ने यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया।

**भजन गायक रजत बारोट देंगे प्रस्तुति**

**रतलाम।** अमृत सागर तालाब स्थित श्री चारभुजा जी मंदिर राजपूत समाज मंदिर परिसर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रंगारंग फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 9977755777

# कंपनी की स्कीम बताकर रुपए ऐंठे : महिला संचालिका ने रुपए लेकर खुद का मकान बना लिया, कोर्ट ने सुनाई 7 साल की सजा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

कंपनी के नाम पर चैन सिस्टम चलाकर रुपए ऐंठने के मामले में कोर्ट ने स्टे वेल इन्फोटेक कंपनी जयपुर की फ्रेंचाइजी शाखा रतलाम की संचालिका को कोर्ट ने दोषी माना है। कोर्ट ने अनीता (49) पति संजय दग्दी निवासी मालीकुआं रतलाम को 7 साल की सजा व 56 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। फैसला न्यायालय सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नामदेव ने सुनाया है।

अपर लोक अभियोजक एवं शासकीय अधिवक्ता समरथ पाटीदार ने बताया कि वसीम पिता उमर खान द्वारा 5 मार्च 2013 को थाना माणक चौक पर एक लिखित शिकायत की थी। जिसमें अनिता दग्दी को स्टेवेल इन्फोटेक जयपुर कंपनी के फ्रेंचाइजर के रूप में उपभोक्ताओं से कंपनी के लिए रूपए प्राप्त करने हेतु नियुक्त करने की बात बताई। रतलाम स्थित कंपनी की समस्त गतिविधियां अनिता दग्दी द्वारा संचालित करते हुए कंपनी की स्कीम बताकर रुपए ऐंठे गए।अनिता दग्दी द्वारा कंपनी की लोभ लुभावन स्कीम जनता को बताकर 25 से 50 हजार रूपए की वसूली की शिकायत की। जनता को गुमराह कर और लालच देकर नये सदस्यों की भर्ती कर चैनल चलाने का कार्य रतलाम में करने की बात बताई। रुपए लेकर कुछ दिनों से अनिता दग्दी गायब हो गई। पुलिस ने जांच के बाद धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की थी।

**रुपए लेकर मकान बना लिए**

पुलिस जांच के अनुसार कंपनी के नाम पर जनता से रुपए लेकर अनिता दग्दी द्वारा कंपनी में रुपए जमा न करते हुए उन पैसों से कल्याण नगर कॉलोनी रतलाम में 2 से 3 मकान खरीद लिए है। जनता द्वारा पैसे मांगने पर उनके साथ गाली-गलौच की गई। जांच में यह पाया कि स्टे वेल कंपनी जयपुर की फ्रेंचाइजी अधिकृत शाखा रतलाम की संचालक अनिता दग्दी थी, इस फ्रेंचाइजी का नाम मां कृपा इन्फोटेक हरमाला रोड लोकेंद्रनाथ मार्ग के पास में था।

**विज्ञापन देकर लुभाया**

अभियुक्त अनिता ने विज्ञापन में बताया कि स्टे वेल इन्फोटेक कंपनी जयपुर में यदि 25 हजार रुपए जमा करते हैं तो इसके बदले 9600 रूपए प्रतिमाह 12 माह तक नेट पर थोड़ा बहुत काम करने के बाद 9600 रुपए कंपनी द्वारा दिया जाएगा। इस आधार पर फरियादी ने ९ लाख रुपए जमा कर स्टे वेल इन्फोटेक कंपनी का सदस्य बना।

इसके बाद फरियादी के भाई आशिफ ने भी स्टे वेल इन्फोटेक कंपनी में नेटवर्किंग हेतु 50 हजार रुपए अनिता को नगद दिए थे। ताकि वह संबंधित कंपनी की ब्रांच खोल सके। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फरियादी वसीम द्वारा 9 लाख रूपए व उसके भाई आसिफ द्वारा 1 लाख रुपए जमा करने के बाद भी अनिता दग्दी, शाखा रतलाम की संचालिका, व स्टे वेल इन्फोटेक कंपनी के प्रबंधकगण शक्ति सिंह शेखावत, अजीत सिंह, अश्विन पारिख द्वारा रुपए जमा जमा करने के बावजूद विज्ञापन में दिए गए स्कीम अनुसार उन्हें लाभ नहीं देकर धोखाधड़ी की।

**गिरफ्ताकर भेजा जेल**

शासकीय अधिवक्ता समरथ पाटीदार ने बताया जांच के दौरा दस्तावेज, चैक, खाता खोलने के दस्तावेज आदि जप्त कर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर साक्षियों के बयान लिए। अनिता के हस्तलेख की जांच विज्ञान प्रयोगशाला से कराई गई। जांच के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। विचारण के बाद न्यायालय ने अभियुक्त अनीता दग्दी को दोषी माना। अभियुक्त शक्तिसिंह को दोषमुक्त कर दिया। अनीता जमानत पर थी। बुधवार शाम कोर्ट का फैसला आते ही उसे अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया।

# कार का कांच फोड़कर 10 लाख उड़ाने वाली अंतर्राज्यीय गैंग गिरफ्तार

## पुलिस ने 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की ली मदद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



वायडी नगर थाना पुलिस मंदसौर ने तत्परता दिखाते हुए कार का कांच तोड़कर 10 लाख रुपये की सनसनीखेज चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने महज १५ घंटों के भीतर कर्नाटक निवासी शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर चोरी की शत-प्रतिशत राशि बरामद कर ली है।

घटना 25 फरवरी की है, जब बोलखेड़ा निवासी तुलसीराम धनोतिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बैंक से निकाले गए 18 लाख रुपये में से 10 लाख रुपये अज्ञात बदमाश उनकी कार का कांच तोड़कर ले उड़े। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने करीब 300 किलोमीटर तक पीछा कर और 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की खाक छानने के बाद आरोपियों को राजस्थान के बस्सी (चित्तौड़गढ़) से दबोचा। आरोपी के संबंध में टेक्निकल एनालिसिस के आधार पर राजस्थान पुलिस से समन्वय स्थापित कर पतारसी की गयी जिस दौरान ज्ञात हुआ कि आरोपीगण घटना मे प्रयुक्त मोटरसाईकिल से राजस्थान कोटा तरफ भागे है । राजस्थान पुलिस को आरोपियो के फोटोज भेजे जाकर तकनिकी विश्लेषण के आधार पर आरोपीयों को थाना बस्सी जिला चित्तौडगढ राजस्थान पुलिस के माध्यम से डिटेन किया गया ।

पकड़े गए आरोपी विष्णु उर्फ भरत (21) पिता रामू भोई व सुनिल उर्फ बाबु उर्फ बालू (32) पिता रामू भोई दोनों निवासी केशवपुरा कॉलोनी, सेकण्ड क्रॉस, तहसील भद्रावती, थाना उसमने जिला शिवमोगा कर्नाटक है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले मोटरसाइकिल चोरी करते है फिर जिस भी राज्य मे चोरी करना होती है वहाँ की फर्जी नम्बर प्लेट उसी चोरी की मोटरसाइकिल पर लगाते है और बैंक व वित्तीय संस्थानों के आस पास नगद रुपये निकालने वालों की रेकी करते है तथा बैंक से ही रुपए निकालने वाले व्यक्तियों का पीछा करने लगते है और मौका पाकर उनके वाहन का कांच तोड़कर रुपए चोरी कर फरार हो जाते है। घटनास्थल से 100-150 किलोमीटर की दूरी तय कर चोरी की गई मोटरसाइकिल को किसी अज्ञात स्थान पर फेंक देते है तथा अन्य सार्वजनिक परिवहन के साधनों से फरार हो जाते है । आरोपीगण के विरुद्ध पूर्व में भी देश के कई राज्यों में इसी प्रकार की वारदात करने की जानकारी प्रकाश में आयी है । आरोपीगण के आपराधिक रिकॉर्ड निकाले जा रहे है ।



## मंदसौर में 8 मार्च को निकलेगी भव्य समरसता गैर

**मंदसौर।** सामाजिक समरसता मंच द्वारा आगामी 8 मार्च, रविवार को नगर में भव्य और दिव्य ष्फाग यात्राज का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए केशव नगर स्थित शिशु मंदिर में समाज प्रमुखों और विभिन्न संगठनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ अभिभाषक दशरथ सिंह झाला ने कहा कि होली का पर्व समाज को एकता के सूत्र में बांधता है और यह सामाजिक समरसता व भाईचारे का अनूठा प्रतीक है। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने बताया कि इस बार नगर की 20 बस्तियों की गैर एक साथ मिलकर महागैर का स्वरूप लेंगी, जो मंदसौर की रचनात्मक परंपरा को देशभर में प्रदर्शित करेगी। बैठक में प्रेस क्लब अध्यक्ष पुष्पराज सिंह राणा सहित कई गणमान्य नागरिकों ने आयोजन को दिव्य बनाने के सुझाव दिए। बैठक में बताया कि पूरे नगर को 20 भागों में बांटा गया है, जहाँ से प्रातः 9 बजे ढोल-नगाड़ों के साथ टोलियां निकलेंगी। ये सभी टोलियां 11 बजे घंटाघर पर एकत्र होकर महागैर के रूप में आगे बढ़ेंगी। यह यात्रा कालिदास मार्ग, भारत माता चौराहा, बालाजी मंदिर और बस स्टैंड होते हुए गांधी चौराहे पर समाप्त होगी। इस दौरान 51 ढोल, बैंड बाजे, भगोरिया नृत्य की टोलियां, फाग गायक और रंग-गुलाल उड़ाते फाइटर आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश कासट ने की। संचालन प्रदीप भाटी ने किया व आभार जितेन्द्र गेहलोद ने माना।

## नपा कर्मचारी श्रीमती सुनंदा चौधरी की सेवानिवृत्ति आज

**नीमच!** नगर पालिका कार्यालय नीमच की जलकल शाखा में पदस्थ



कर्मचारी श्रीमती सुनंदा राहुल चौधरी 31 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर शुक्रवार 27 फरवरी को सेवानिवृत्ति होगी! पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ जलकल वसूली का कार्य करने वाली श्रीमती सुनंदा चौधरी ने 1995 से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में नगर पालिका नीमच में अपनी सेवाएं प्रारंभ की थी और प्रारंभ से ही जलकल शाखा में कार्य करते हुए वह लंबे समय से स्थाई कर्मी के रूप में जलकल वसूली काउंटर पर अपनी सराहनीय सेवाएं प्रदान कर रही थी!

## नपाकर्मी राजेन्द्र उपाध्याय की सेवानिवृत्ति आज

**नीमच।** नगर पालिका कार्यालय नीमच में 37 वर्ष की सेवा



अवधि पूर्ण कर राशनकार्ड शाखा प्रभारी राजेन्द्र उपाध्यााय शुक्रवार 27 फरवरी को सेवानिवृत्त होंगे। श्री उपाध्याय ने नगरपालिका की सामान्य प्रशासन, जलकल, राजस्व, राशनकार्ड सहित अनेक शाखाओं में अपनी सराहनीय सेवाएं प्रदान की।

# आंगनवाड़ी में टीकाकरण के बाद एक बच्चे की मौत, एक की हालत गंभीर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

जिले में एक आंगनबाड़ी केंद्र पर टीकाकरण के बाद दो बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। टीका लगने के करीब एक घंटे बाद दोनों बच्चों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। इलाज के दौरान १० माह के एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि डेढ़ साल का दूसरा बच्चा अस्पताल में भर्ती है।

मामला बिलपांक थाना क्षेत्र के नयाखेड़ा गांव की आंगनबाड़ी केंद्र का है। यहां मंगलवार दोपहर बच्चों को टीके लगाए गए थे। गांव के धर्मेंद्र मालवीय के 10 माह के बेटे पियांशु और देवीलाल मालवीय के डेढ़ साल के बेटे नित्यांशु सहित कुल चार बच्चों को टीकाकरण किया गया था। बुधवार रात 10 माह के बच्चे की मौत हो गई।

धर्मेंद्र मालवीय के 10 माह के बेटे को कुल तीन टीके लगाए गए थे। इनमें से दो टीके हाथ पर और एक टीका जांघ पर लगाया गया था। टीकाकरण मंगलवार दोपहर 12.30 से 1 बजे के बीच किया गया था।

टीका लगने के करीब डेढ़ से दो घंटे बाद, दोपहर लगभग 2.30 से 3 बजे के बीच बच्चे की तबीयत बिगडने लगी। बच्चे को उल्टी और दस्त की शिकायत शुरू हो गई। बच्चे की हालत बिगड़ती देख परिजन उसे धराड़ के स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने बच्चे को रतलाम रेफर करने की सलाह दी।

शाम करीब 5.30 बजे पिता और परिजन बच्चे को रतलाम स्थित एमसीएच (मदर चाइल्ड केयर यूनिट) लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत के बाद परिजन शव को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। शव को रात भर मेडिकल कॉलेज की मचुरी में रखा गया। इस दौरान बिलपांक थाना पुलिस भी मेडिकल कॉलेज पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने लापरवाही और पूरे मामले की जांच की मांग को लेकर रात में बिलपांक थाने में शिकायत दर्ज कराई। बेटे की मौत से परिजनों के साथ-साथ गांव के लोगों में भी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय पर सही इलाज मिलता, तो बच्चे की जान बच सकती थी।

# बांछडा समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोडने, सिटी नाला सौन्दर्यीकरण एवं बघाना हॉकी एस्ट्रोटर्फ निर्माण शीघ्र कराने को लेकर विधानसभा में गरजे विधायक परिहार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

विधायक दिलीपसिंह परिहार ने विधानसभा सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न उठाकर बांछडा समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोडने के जमीनी प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया, साथ ही नीमच सिटी नाला सौन्दर्यीकरण कार्य एवं बघाना में हॉकी एस्ट्रोटर्फ ग्राउण्ड निर्माण की कार्यवाही को जल्द पूर्ण करने की मांग की।

श्री परिहार ने विधानसभा में कहा कि बांछडा समुदाय के उत्थान के लिए क्षेत्र में अनेकों सामाजिक संस्थाएं व एनजीओ काम कर रहे हैं, उन्हें सरकार की ओर से भरपूर बजट मिल रहा है, लेकिन क्रियान्वयन नहीं दिख रहा है।उनकी जांच आवश्यक हैं। सोशल मीडिया के कारण क्षेत्र में इस देह व्यापार जैसी कुरीति का निरंतर फैलाव हो रहा है। बांछडा समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोडने के जमीनी प्रयासों की आवश्यकता है। श्री परिहार ने शासन से मांग की कि बांछडा समुदाय की सभी बच्चियों का भविष्य सुधरे, उन्हें रोजगार मूलक कार्य जैसे सिलाई, बुनाई, कढाई, ब्यूटी पार्लर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण के सेन्टर स्थापित कर प्रशिक्षित किया जाए। इस हेतु अलग से राशि का आवंटन किया जाए। बांछडा समुदाय की बच्चियों को पापड, अगरबत्ती, मसाला कुटीर उद्योग स्थापना के लिए प्रोत्साहित किया जाए। क्षेत्र में निवासरत बांछडा समुदाय के बच्चों में कुछ ऐसे बच्चे भी हैं, जो अनाथ हैं। सरकार रजिस्ट्रेशन करवाकर चैक करवाएं, उनके आवश्यक सरकारी सर्टिफिकेट, आधार कार्ड इत्यादि बनवाने हेतु विशेष शिविर लगाकर उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी दें। लाडली बहना का लाभ उन्हें मिले। अनाथ बच्चियों को पढने लिखने के बाद आरक्षण की दिया जाए। इन डेरों में कुछ अनाथ बच्चियां भी हों सकती हैं, उन्हें चिन्हित किया जाए और उनके सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, रहने की व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिले। ताकि वे देह व्यापार का कार्य छोडकर सम्मान जनक कार्य, रोजगार मूलक कार्य कर समाज की मुख्य धारा से जुड सकें। लगातार कार्यशाला आयोजित कर उन्हें समझाईश दी जावे।

जावरा विधायक राजेन्द्र पाण्डेय ने भी सम्पूर्ण रतलाम, मंदसौर नीमच क्षेत्र में बांछडा समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोडने के जमीनी प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्र में 3-4 सेन्टर बनें और सरकार द्वारा लगातार प्रयास होने चाहिएं।

जिस पर माननीय मंत्री महोदय ने श्री परिहार को आश्वस्त किया कि महिला बाल विकास विभाग एवं अनुसूचित जाति जनजाति विभाग दोनों मिलकर बांछडा समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोडने के लिए कार्य करेंगे। श्री परिहार ने नीमच सिटी सांवरिया जी मंदिर के पास स्थित नाला सौन्दर्यीकरण का प्रश्न उठाते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री से मांग की कि नाला सौन्दर्यीकरण के लिए अधोसंरचना मद में ३ करोड की राशि प्रदान की गई थी, उसका सदुपयोग नहीं किया गया है। डिजाईन के अनुरूप वर्तमान में कोई कार्य नहीं हुआ है।



## भय्यु लाला हत्याकांड का खुलासा- पत्नी ने ही मारी थी गोली, साक्ष्य छुपाने वाले दो सहयोगी गिरफ्तार

**मंदसौर।** थाना सुरजनी क्षेत्र में हुई वाहिद उर्फ भय्यु लाला की संदिग्ध मौत के मामले में एसआईटी ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। शुरूआती में बताया था कि पुलिस के डर से पलंग पेटी में छुपने के कारण दम घुटने से वाहिद की मौत हुई, लेकिन पोस्ट मार्टम रिपोर्ट ने पूरी कहानी बदल दी। डॉक्टरों के पैनल द्वारा किए गए पीएम और वीडियोग्राफी में स्पष्ट हुआ कि वाहिद की मौत दम घुटने से नहीं बल्कि गोली लगने से हुई थी। प्रेसवार्ता में खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित एसआईटी टीम द्वारा संदेहियों से सख्ती से की गई पूछताछ में सामने आया कि वाहिद की हत्या उसकी पत्नी रुकसाना ने ही की थी। घटना के बाद साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने और अवैध पिस्टल को छुपाने में मदद करने वाले आरोपी सलमान खान पिता जमाल खान पठान निवासी सुवासरा हाल मुकाम सुरजनी व बबलु खान पिता अब्दुल गनी पठान निवासी सुरजनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल अवैध हथियार भी बरामद कर लिया है। मुख्य आरोपी रुकसाना फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

## अलसी के डंठल से रेशा बनाने का नवाचार शुरू- कलेक्टर



**मंदसौर।** उद्यानिकी महाविद्यालय में आयोजित नरवाई प्रबंधन कार्यशाला में कलेक्टर अदिति गर्ग ने किसानों को पराली न जलाने की सलाह देते हुए पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि नरवाई जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है, जिसे बचाने के लिए वैज्ञानिक प्रबंधन जरूरी है। कलेक्टर ने जिले में हो रहे एक महत्वपूर्ण नवाचार की जानकारी देते हुए बताया कि अब अलसी के डंठल (नरवाई) को फेंकने या जलाने के बजाय उससे रेशा तैयार किया जाएगा। इसके लिए एफपीओ के माध्यम से मशीनें विकसित की गई हैं और किसानों को प्रति हेक्टेयर 1200 से 1500 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। कार्यशाला में मौजूद कृषि विशेषज्ञों ने वेस्ट डी-कंपोजर और बायो कंपोजर के फायदों के बारे में बताया। इस अवसर पर किसानों को सामूहिक रूप से नरवाई न जलाने की शपथ भी दिलाई गई।

## राज्यसभा सांसद श्री बंसीलाल गुर्जर से हुई मुलाकात



**पिपलिया मंडी।** 26 फरवरी गुरुवार को प्रवास के दौरान राज्यसभा सांसद श्री बंसीलाल गुर्जर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील जैन, मंडल अध्यक्ष राकेश गोयल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवीलाल गुर्जर एवं समाजसेवी रूपचंद होतवानी भाजपा पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बलराम सोलंकी पार्षद नगर परिषद पिपलिया मंडी, कृषि उपज मंडी में नैनोरा वाले सूर्यपाल सिंह शक्तावात की होटल पर श्री बंशीलाल गुर्जर से किसानों के हित में तथा कई आवश्यक मुद्दो पर चर्चा हुई।

## त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने हेतु शांति समिति की बैठक संपन्न



**पिपलिया मंडी।** आगामी हिन्दू त्योंहार होली, धुलेंडी,रंग पंचमी ,शीतला सप्तमी रंग तेरस तथा मुस्लिम त्योहार रमजान आदि शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने हेतु पुलिस प्रशासन ने 26 फरवरी 26 गुरुवार को स्थानीय पुलिस चौकी परिसर में टी आई श्री विक्रम सिंह ईवले,चौकी प्रभारी श्री भीम सिंह राठौर नगर परिषद से अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया, लेखापाल महावीर जैन, मंडल अध्यक्ष राकेश गोयल की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई इस दौरान नगर के सभी समुदायों के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति व पत्रकार उपस्थित थे।

## सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप की भव्य संगीत निशा 28 फरवरी को

**नीमच।** शहर में एक भव्य संगीत निशा का आयोजन शनिवार, 28 फरवरी को टाउन हॉल में "सुर संगम ग्रुप नीमच " द्वारा, भारत विकास परिषद् (सुभाष शाखा-नीमच )के तत्वावधान में होगा द्य नीमच के उभरते कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सदाबहार फिल्मी गीतों का ट्रेक पर गायन कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा। जिसमें अतिथि के रूप में नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, पवनजी पाटीदार (भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ, जम्बूकुमार जैन (समाजसेवी) श्रीमती वंदना खण्डेलवाल (जिलाध्यक्ष-भाजपा) राकेश (पप्पू) जैन (जिला उपाध्यक्ष-भाजपा प्रमोद रामावत (अध्यक्ष-सार्थक सृजन) श्रीमती स्वाति गौरवजी चौपड़ा (अध्यक्ष-नगर पालिका,) संतोष चौपड़ा (समाजसेवी) डॉ. चेतन पाटीदार प्रदीप चौपड़ा (रिजनल सचिव सेवा सेन्ट्रल रिजन) सुनील सिंहल घनश्याम पोरवाल (प्रांतीय अध्यक्ष भारत विकास परिषद्) इंजी. जाकीर हुसैनजी बोहरा (अध्यक्ष-भारत विकास परिषद्, प्रतापगढ़) श्री सुनीलजी शर्मा (अध्यक्ष मिशन विश्वगुरू, भारत विकास परिषद सुभाष शाखा नीमच के अध्यक्ष ललित राठी आदि उपस्थित थे।



## महिदपुर के गंगावाडी मेला परिसर में द्वारका मंत्री की भजन संध्या में झुमे भक्त

**महिदपुर** । नगर पालिका परिषद् द्वारा 103 वां भव्य गंगावाडी मेला (मवेशी) में भजन गायक द्वारका मंत्री देवास की भजन संध्या का आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत में पूर्व विधायक बहादुरसिंह चैहान, नगर पालिका अध्यक्ष नानीबाई ओमप्रकाश माली, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमा पांडे, पार्षद आशा राठौर, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य निर्भयसिंह भाटी, जनपद सदस्य रीता बडगुर्जर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्जवलित किया। जिसके बाद नगर पालिका सीएमओ राजा यादव द्वारा सभी अतिथियों और भजन गायक द्वारका मंत्री का स्वागत सम्मान किया। गणेश वंदना के साथ द्वारका मंत्री ने भजन संध्या की शुरूआत की। जिसके बाद भजनों की धुन पर श्रद्धालु नाचते झुमते नजर आए। पत्थर की राधा रानी गीत पर श्रद्धालुओं को नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए। देर रात तक बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने द्वारका मंत्री के भजनों का श्रवण किया। भजन संध्या के दौरान श्रद्धालु भगवान की भक्ति में लीन नजर आए। इस दौरान प्रख्यात कवि दिनेश दिग्गज भी मौजुद रहे। 27 मार्च को राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का होगा आयोजन - नगर पालिका द्वारा गंगावाडी मेला परिसर में 27 मार्च शुक्रवार को शाम 4 बजे राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिल्ली सहित अन्य राज्यों से पहलवान भाग लेंगे। नगर पालिका द्वारा कुश्ती प्रतियोगिता के लिए विशेष तैयारियां की गई है।

## मंडी सचिव ठाकुर का स्थानांतरण सिराली हरदा होने पर विदाई समारोह आयोजित



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में कृषि उपज मंडी समिति ब्यावरा के मंडी सचिव अशोक कुमार ठाकुर का स्थानांतरण कृषि उपज मंडी समिति सिराली जिला हरदा में हो जाने के कारण उनका विदाई समारोह मंडी के सभा कक्ष में आयोजित किया गया जिसमें नवनियुक्त मंडी सचिव भगवान सिंह सोलंकी लेखपाल गोपाल सिंह सिकरवार, राजेश सक्सेना, प्रियांशु जाटव, बद्रीलाल भिलाला, हरिप्रसाद सेन, आकाश भिलाला, रोहित विश्वकर्मा, सीताराम वर्मा श्याम सुंदर जितेंद्र सिंह सिकरवार, महेश यादव, मोहनलाल नगर, कन्हैया लाल यादव, राहुल सोंधिया, नितिन शर्मा, देवीसिंह केसरिया, भगवानसिंह चंद्रवंशी, गोकुल दास शर्मा, मनोहर गिरी, सुनील शर्मा एवं समस्त मंडी कर्मचारीगण उपस्थित रहे एवं श्री ठाकुर के उज्जवल भविष्य की कामना की, तत्पश्चात भंवर सिंह सोलंकी द्वारा सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया गया।

## तराना में 80 वें तिलभांडेश्वर मवेशी मेले का शुभारंभ



**तराना।** बुधवार को 80वें तिलभांडेश्वर मवेशी मेला का शुभारंभ किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश परमार ने बताया कि पूर्व में परिषद द्वारा 08/01/26 को परिषद की बैठक में मेला लगाने का निर्णय लिया गया। 20/01/26 को परिषद की मेला समिति का निर्माण किया गया। दिनांक 27/01/26 को अनुविभागीय अधिकारी व थाना प्रभारी को अनुमति प्रदान करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी की अनुमति पश्चात विधिवत मेला शुभारंभ किया गया।इस दौरान जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मोहन भारती , पंडा चरणसिंह , नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश परमार, महंत ओम भारती, महंत सरस्वती गिरी महाराज, पवन बारोड सदानंद दीक्षित, विजय जायसवाल नगर के गणमान्य नागरिक गणो की उपस्थिति में विधिवत शुभारंभ तिलभांडेश्वर महादेव का पूजन अर्चन किया।

## आरोन, सिरोंज बायपास पर शव रखकर पीड़ित परिवार ने किया चक्काजाम



**गुना।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत आरोन, सिरोंज बायपास पर शव रखकर पीड़ित परिवार ने बुधवार उस समय चक्काजाम कर दिया जब वह गुना से पीएम के बाद शव घर आरोन ले जा रहे थे। मामला मंगलवार को दो पक्षों में जमीनी वादविवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फॉर व्हीलर वाहन चढ़ाने का बताया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि बजरंगगढ़ स्थित शिवभान सिंह सोलंकी अपने बेटों के साथ गुना से घर वापस आ रहे थे तभी उनकी कार में कार आडा दी जिससे उनके पिता की मौत हो गई। वहीं कार में बैठे दोनों बेटे भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। परिजनों का आरोप है कि कार्यवाही न होने पर चक्का जाम किया है। परिजनों ने आरोपियों पर धारा 302 एवं मकानों पर बुलडोजर कार्यवाही करने की मांग पुलिस और प्रशासन से की जा रही थी।

# वेतन रोकने, अर्थदंड और निलंबन के विरोध में पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

### आंदोलन का ऐलान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर अनुपपुर जिले के पटवारियों ने वेतन रोके जाने, अर्थदंड अधिरोपित करने और निलंबन की कार्रवाई को लेकर शाजापुर जिले के पटवारियों ने भी मोर्चा खोल दिया है। पटवारी संघ की शाजापुर जिला इकाई ने क्षेत्र की विभिन्न तहसीलों में ज्ञापन सौपा, जिसमें कहा कि अनुपपुर में अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच कई बार पटवारियों का वेतन माह की अंतिम तिथि पर आगामी आदेश तक रोका गया। बताया गया कि अप्रैल 2025 में तहसील जैतहरी के पटवारियों का वेतन रोका गया, इसके बाद जुलाई, अगस्त, सितंबर 2025 तथा 30 जनवरी 2026 को भी वेतन रोके जाने की कार्रवाई की गई। संघ का आरोप है कि लगभग आठ माह से वेतन रोकने की एकपक्षीय कार्रवाई से कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक व मानसिक प्रताडा का सामना करना पड़ा, जबकि इसी अवधि में दीपावली और दशहरा जैसे प्रमुख त्योहार भी रहे।

### बिना अपील लगाए अर्थदंड का आरोप

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के दौरान 38 पटवारियों पर कुल 2 लाख 64 हजार 625 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। संघ का कहना है कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत पटवारी पदाविहित अधिकारी नहीं है, इसके बावजूद बिना आवेदक की अपील के दंडात्मक कार्रवाई की गई, जो विधि विरुद्ध है। संघ ने उक्त अर्थदंड निरस्त करने की मांग की है।

### 30 पटवारी निलंबित 9 अब भी बहाली से वंचित

संघ के अनुसार उक्त अवधि में लगभग 30 पटवारियों को बिना नोटिस निलंबित किया गयाए जिनमें से 9 पटवारी अब भी निलंबित हैं। सभी निलंबित कर्मचारियों की तत्काल बहाली की मांग की गई है।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो 25 व 26 फ रवरी 2026 को प्रदेशभर के पटवारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस दौरान सभी जिलाध्यक्ष अनूपपुर कलेक्ट्रेट का घेराव कर सकते हैं। मांगें पूरी नहीं होने पर 27 फ रवरी से चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन अनूपपुर की होगी। पटवारी संघ ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन समस्याओं का समाधान कर आवश्यक आदेश जारी करेगा, ताकि प्रदेशव्यापी आंदोलन की नौबत न आए।

भक्तिभाव से भगवान को चढ़ाए जा रहे अर्घ, 3 मार्च को होगा समापन

## अष्टान्हिका महापर्व पर दिगंबर जैन बडा मंदिर में आयोजित हो रहा सिद्वचक्र मंडल विधान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



फाल्गुनी अष्टान्हिका महापर्व पर जैन मंदिरों में अभिषेक पूजा-पाठ के साथ-साथ अष्टदिनी सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बडा मंदिर में धूमधाम से किया जा रहा है। जिसमें भगवान के अभिषेक, शांतिधारा के साथ सिद्धों का गुणानुवाद भक्ति के साथ किया जा रहा है।

विधान के 2 दिन सिद्ध परमात्मा का गुणगान करते हुए 16 अर्घ समर्पित किए। 3 मार्च को विधान समापन के दिन 1024 अर्घ चढ़ाए जायेगा। दूसरे दिन विश्व शांति महायज्ञ का भी आयोजन किया जायेगा। गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज,मुनिश्री विश्वनायक जी महाराज एवं संघ के मुनिश्री के सानिध्य में दिगम्बर जैन समाज सुसनेर के द्वारा आयोजित मंडल विधान 23 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। विधान में संगीतमय पूजन का आयोजन कर भगवान की भक्ति की जा रही हैं। इस महामंडल के माध्यम से विश्व को बचाने एवं देश में शांति की कामना इस मंडल विधान में की जा रही हैं। इस मंडल विधान में पूजन के साथ 51 हजार जाप का संकल्प लिया गया हैं। मंडल विधान के दौरान प्रतिनिधी मुनिश्री विवर्धन सागर जी महाराज के प्रवचन भी हो रहे है।

पूजन के बाद मंडल विधान में के इन्द्रो के द्वारा विश्व शांति के लिए जाप भी किया जा रहा हैं। मंडल विधान की सभी धार्मिक क्रियाऐं उज्जैन निवासी पंडित खुमानसिंह जी जैन के द्वारा संपन करवाई जा रही है। मंडल विधान में संगीतकार के रूप में मौजूद दीपक जैन बंधु कुलदीप चौधरी एवं ललित सांवला के द्वारा संगीतमय भजनों के माध्यम से भगवान की भक्ति की। शाम को 7 बजे श्रीजी की भव्य महाआरती में इंद्र इंद्राणी, श्रद्धालुओं के द्वारा आरती की जा रही हैं। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा हैं।

### मंडल विधान में सिद्वों की होती है पूजन

पंडित खुमान सिंह जैन के अनुसार जैन परंपरा में पूजा, उपासना का विशेष महत्व है। इनमें से सिद्धचक्र महामंडल विधान की और भी अधिक महिमा है। यह एक ऐसा अनुष्ठान है जो हमारी जीवन के समस्त पाप-ताप और संताप को नष्ट कर देता है। सिद्ध शब्द का अर्थ है कृत्य-कृत्य, चक्र का अर्थ है समूह और मंडल का अर्थ एक प्रकार के वृताकार यंत्र से है। इनमें अनेक प्रकार के मंत्र व बीजाक्षरों की स्थापना की जाती है।

## विधानसभा सत्र में

## जनअभियान के नियमितीकरण पर सवाल, सेवा अवधि पर मांगी स्पष्टता

**सुसनेर।** मध्यप्रदेश विधानसभा में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के विनियमितीकरण का मुद्दा गूंजा। जिसका सीधा संबंध मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् से जुड़ा है। विधानसभा के आठवें दिन बुधवार को प्रश्न क्रमांक 2727 के तहत विधायक भैरो सिंह बापू ने सरकार से पूछा कि परिषद में कितने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को किस नियम के अंतर्गत विनियमित किया गया है तथा उनके नाम और नियुक्ति दिनांक सहित जानकारी दी जाए।

इस पर जवाब देते हुए जगदीश देवड़ा उप मुख्यमंत्री (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी) ने बताया कि परिषद में कुल 76 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 5-1/2013/1/3 भोपाल दिनांक 7 अक्टूबर 2016 के तहत स्थाई कर्मी घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित कर्मचारियों के नाम, नियुक्ति तिथि और अन्य विस्तृत जानकारी पुस्तकालय में रखे गए परिशिष्ट के अनुसार उपलब्ध है। सदन में प्रश्न के दूसरे भाग में यह भी पूछा गया कि ऐसे कितने कर्मचारी हैं जिनकी सेवाएं 10 वर्ष पूर्ण नहीं हुई थीं फिर भी उन्हें विनियमित किया गया। मंत्री ने इस संबंध में भी जानकारी पुस्तकालय में उपलब्ध होने की बात कही। विधानसभा में उठे इस मुद्दे के बाद परिषद से जुड़े कर्मचारियों और आमजन में चर्चा का माहौल बना हुआ है। सेवा अवधि, पात्रता मानदंड और प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर राजनीतिक हलकों में बहस तेज हो गई है। विपक्ष ने स्पष्ट आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग की है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि विनियमितीकरण की प्रक्रिया किस प्रकार अपनाई गई। सरकार की ओर से दोहराया गया कि समस्त कार्रवाई सामान्य प्रशासन विभाग के निर्धारित नियमों के अनुरूप की गई है। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का विनियमितीकरण लंबे समय से संवेदनशील विषय रहा है। क्योंकि इससे कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा और अन्य शासकीय लाभ प्राप्त होते हैं। ऐसे में आने वाले समय में यह विषय और अधिक चर्चा का केंद्र बन सकता है।

## कार्यालय लोक निर्माण विभाग में न्यायालय ने की संपत्ति कुर्क की कार्यवाही

**गुना।** जिला मुख्यालय पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मधुलिका मूले की न्यायालय से पारित आदेश पर बुधवार पीडब्ल्यूडी विभाग की संपत्ति कुर्क करने की बड़ी कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही से ऑफिस में हड़कंप मच गया, वहीं कार्यवाही को देखने के लिए लोगों और कर्मचारियों का हुजूम देखा गया। फरियादी रिटायर्ड कर्मचारी कौशल कुमार राठौर एलडीसी बाबू निवासी घोसीपुरा ने बताया कि उन्होंने अपने हक और नौकरी का पैसा लेने सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी। इसके बावजूद भी फरियादी का एरियर भुगतान नहीं किया और लटकाए रखा।

कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत गुना जिले में दो दिवसीय कृषि विज्ञान एवं मिलेट मेले का शुभारंभ

# किसानों को दी कृषि को लाभ का धंधा बनाने और परंपरागत तरीके तथा उन्नत तकनीक से खेती करने की जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना



कृषकों की आय वृद्धि, उन्नत तकनीकों के प्रसार और नवाचार आधारित खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सह मिलेट मिशन मेला का शुभारंभ आज 25 फरवरी 2026 को जलसा मैंरिज गार्डन, गायत्री मंदिर के सामने गुना में किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल,जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र सिंह किरार, संतोष धाकड़, सांसद प्रतिनिधि अशोक शर्मा, कल सिंह पटेलिया, कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राजपूत, मुनेश धाकड़, रमेश मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं उपसंचालक कृषि संजीव शर्मा, उपसंचालक उद्यानिकी केपीएस किरार सहित अन्य अधिकारी एवं लगभग 2000 कृषकगण उपस्थित हुये।

इस अवसर पर कार्यक्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की ओर से भी किसानों की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि जिले के किसान निरंतर नए-नए प्रयोग कर विकास की राह में आगे बढ़ रहे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष किसानों ने उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है और कृषि के नए मॉडल विकसित हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्राकृतिक खेती का महत्व समझाते हुए उन्होंने कहा प्रारंभिक वर्ष में उत्पादन कुछ कम हो सकता है, किंतु समय के साथ उत्पादन में वृद्धि होती है। जैविक उत्पादों की बाजार में मांग अधिक है और इनके बेहतर दाम भी प्राप्त होते हैं। विभिन्न प्रमाणपत्र मिलने से निर्यात में भी सुविधा होती है तथा जैविक उत्पाद स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होते हैं। जैविक उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक रविवार को हाट बाजार लगाया जा रहा है। इस मॉडल को आगे ब्लॉक और पंचायत स्तर तक विस्तारित करने की कार्ययोजना भी बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कृषि सखियाँ भी किसानों को निरंतर जागरूक कर रही हैं। विशेष बात यह है कि महिलाएँ स्वयं आगे आकर किसानों को तकनीकी जानकारी प्रदान कर रही हैं और उन्हें नई-नई कृषि विधियाँ सीखा रही हैं। इस वर्ष ई-विकास प्रणाली भी लागू की गई है, जिसके तहत किसानों को अब लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी। ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे किसानों को मोबाइल पर ही यह जानकारी मिल जाएगी कि किस केंद्र से, किस तारीख को और किस स्लॉट के लिए खाद उपलब्ध होगा। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के किसान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हैं।

### ये रहे उपस्थित

मेले में कृषि विज्ञान केन्द्र देवास से वैज्ञानिक डॉ.आर.पी. शर्मा तथा डॉ.के.एस. भार्गव, कृषि विज्ञान अशोकनगर से डॉ. बी.एस.गुप्ता, डॉ. व्ही.के.जैन तथा डॉ.हेमंत कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र आरोन से डॉ.धमेन्द्र सिंह तथा डॉ.अमित कुमार द्वारा किसानों को नई कृषि तकनीकों का प्रसार, उन्नत बीज व किस्मों का प्रदर्शन, जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, कृषि यंत्रो की विस्तृत जानकारी कृषकों को प्रदान की गई। साथ ही प्रगतिशील किसानों, कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन एवं संवाद सत्र आयोजित किए गये एवं मेले में प्राकृतिक खेती, मिलेट गैलेरी, खाद, बीज, दवा, सिंचाई उपकरण, कृषि यंत्र निमार्ता/विक्रेता कंपनियों द्वारा अपनी स्टॉल के माध्यम से अपने उत्पादों की जानकारी प्रदान की गई। अंत में संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ग्वालियर द्वारा अपने उद्बोधन उपरांत कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

## ओलावृष्टि से हुई भारी क्षति पर राज्य सरकार मुआवजा देवे-नवलखा

**महिदपुर।** प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिला एवं महिदपुर तहसील के विभिन्न गांवों में भारी वर्षा, तेज हवा एवं ओलावृष्टि से गेहूं व अन्य फसलों में भयंकर नुकसानी हुआ है जिससे किसान अपनी फसलों की हुई ज्नुकसानी पर बेबस व लाचार दिखाई दे रहे है। किसानों को राज्य सरकार तत्काल राहत एवं मुआवजा राशि प्रदान करने के निर्देश देवे साथ ही खेती पर आधारित कृषि व अन्य मजदूरों को बेरोजगार होने पर मुआवजा व राहत राशि देकर उनकी बदतर माली हालत सुधारने हेतु सार्थक कदम उठावें ताकि किसान व मजदूरों को संबल प्राप्त हो सकें। उक्त मांग सामाजिक कार्यकर्ता व प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता अशोक नवलखा ने शासन से कर अविलम्ब प्रभावित व हताश, निराश लोगो की मदद करने हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की है।



## हिंदू धर्म का सरेआम मजाक उड़ाती ब्यावरा नगर पालिका



**ब्यावरा।** विगत 6 महीने पहले नवरात्रि में मां भगवती की स्थापना कर पूजा अर्चना की और उनका विसर्जन अजनार नदी में किया गया था लेकिन ब्यावरा नगर पालिका परिषद अपने निकम्मेपन और निष्क्रिय होने के कारण तथा भ्रष्टाचार में अकंढ डूबी और आंखों पर काली पट्टी बांधे मां भगवती के स्वरूप का विसर्जन भी ठीक से नहीं कर पाई, सिविल अस्पताल रोड के पुल पर एक 6 महीने से आधी डूबी हुई माताजी का स्वरूप को सब देख रहे है हिंदू धर्म की बात करते हैं हिंदू सम्मेलन करते हैं चंदा उगते हैं और ब्यावरा के विकास के लिए बड़े-बड़े भाषण देते हैं लेकिन विकास सरेआम दिख रहा है कि दूषित गंदी कीचड़ भरी अजनार नदी में माताजी का स्वरूप पड़ा हुआ है, जिम्मेदारों का इस ओर ध्यान क्यों नहीं जा रहा है नगर पालिका के जिम्मेदार अध्यक्ष और सीएमओ को अपना पद तुरंत त्याग देना चाहिए इस्तीफा दे देना चाहिए जिसने हिंदू धर्म का अपमान सरेआम किया है। इस रोड से मंत्रीगण व कई प्रशासनिक अधिकारी आम नागरिक गुजरते हैं किसी का ध्यान प्रतिमा पर क्यों नहीं गया क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यही है सफाई अभियान, भाजपा का विकास और पार्टी का काम। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष रचना भार्गव ने कहा कि ब्यावरा नगर पालिका अध्यक्ष को इस्तीफा दे देना दीजिए और ऐसे व्यक्ति के हाथ में अपना प्रभार दे दीजिए जो नगर की अव्यवस्थाओं को देखकर उनका निराकरण कर सके और विकास कर सके ।

## उत्साह व उमंग के साथ मनाया फाग उत्सव, वैश्य महिला इकाई का आयोजन



**शुजालपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई का जिला स्तरीय फाग महोत्सव आष्टा रोड स्थित टीटीएल रेस्टोरेंट में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता करते हुए गुलाल व पुष्पवर्षा के बीच बरसाने की लठमार होली की झलक प्रस्तुत की और पारंपरिक फाग गीतों पर जमकर थिरकीं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री बीना माहेश्वरी, संभाग महामंत्री ग्रीष्मा शाह एवं जिला अध्यक्ष वीणा गोयल ने बताया कि आयोजन में आसपास की शाखाओं से भी महिलाएं शामिल हुईं। नगर अध्यक्ष लता विजयवर्गीय, तहसील अध्यक्ष अंजू सोनी तथा अकोदिया अध्यक्ष अमिता डागा ने उपस्थित महिलाओं का गुलाल लगाकर एवं फूल बरसाकर स्वागत किया। अतिथियों को ठंडाई पिलाकर आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। फाग उत्सव में राधा-कृष्ण स्वरूप में लाज खत्री और सरोज गोयल विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। रंगारंग प्रस्तुतियों और मनोरंजक खेलों के बाद सभी महिलाओं ने सहभोज का आनंद लिया। पूरे आयोजन में उल्लास, सौहार्द और सांस्कृतिक परंपराओं की छटा देखने को मिली। अंत में सभी ने एक-दूसरे को रंगों के इस पावन पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

### माता शबरी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई

## पारंपरिक वेशभूषा एव पारंपरिक ढोल और मांदल की थाप पर लोकनृत्य आकषर्ण रहा

**ब्यावरा।** आदिवासी भील समाज ने मां शबरी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई इस समारोह में नगर व आसपास के गावों के सैकड़ों समाज बंधु महिलाओं व नौजवान युवकों ने भाग लिया इस मौके पर समाजजनों ने माता शबरी की झांकी की भव्य शोभा यात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाएं सिर पर कलश लिए चल रही थी, ढोल-ताशों, ध्वजों और जय माँ शबरी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा, आदिवासी लोक नृत्य दल द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं पारंपरिक ढोल और मांदल की थाप पर प्रस्तुत नृत्य ने लोगों का मनमोह लिया और आदिवासी संस्कृति की समृद्ध विरासत को जीवंत कर दिया लोकनृत्य के समाज के युवा ढ़ोल बेंड बाजों की धुन पर जमकर थिरक रहे थे।

करीब 5 दशकों बाद इंडियन सिनेमा के दो सबसे बड़े सितारे फिर से एक साथ स्क्रीन पर नजर आने वाले हैं, लेकिन इसके प्रोमो रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है।

# रजनीकांत और कमल हासन की फिल्म पर छिड़ी बहस

## लोगों ने प्रोमो को बताया एआई, मेकर्स ने दिया करारा जवाब




सुपरस्टार रजनीकांत और कमल हासन 47 साल बाद एक नई फिल्म में साथ काम कर रहे हैं। मेकर्स ने इस बीते दिनों इसका प्रोमो रिलीज किया था। ट्रेलर में रजनीकांत और कमल हासन रेट्रो लुक में नजर आए थे। प्रोमो रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इसे एआई जनरेटेड बताया, जिसके बाद मेकर्स का उनके लिए करारा जवाब सामने आया है।

### प्रोमो को लोगों ने बताया एआई जनरेटेड

रजनीकांत और कमल हासन की अपकमिंग फिल्म के प्रोमो को लेकर हाल ही में सोशल मीडिया पर काफी चर्चा शुरू हो गई थी। जब निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार के साथ इस फिल्म का प्रोमो रिलीज हुआ, तो कई लोगों ने दावा किया कि इसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाया है। कुछ यूजर्स ने यहां तक कह दिया कि प्रोमो में नजर आने वाले मॉडल्स और एक्स्ट्रा कलाकार भी एआई जनरेटेड हैं।

### मेकर्स ने वीडियो शेयर कर दिया जवाब


इन अफवाहों पर विराम लगाने के लिए फिल्म के निमार्ता रेड जायंट मूवीज ने सोशल मीडिया पर एक नया बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में साफ दिखाया गया कि प्रोमो की शूटिंग असली सेट पर हुई है।

रजनीकांत और कमल हासन खुद सेट पर शूट करते नजर आए, वहीं जिन एक्स्ट्रा कलाकारों को एआई बताया जा रहा था, वे भी शूटिंग के दौरान इधर-उधर चलते और सीन देते दिखाई दिए। वीडियो के आखिरी में राजिनीकांत और कमल हासन एक-दूसरे को गले लगाते नजर आ रहे हैं, जिसने फैंस का दिल जीत लिया।

### जल्द ही शुरू होगी शूटिंग

फिल्म को नेल्सन लिख और डायरेक्ट कर रहे हैं, और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। प्रोमो ने साफ कर दिया है कि यह प्रोजेक्ट सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि तमिल सिनेमा के इतिहास का बड़ा इवेंट बनने जा रहा है।

## 'चरक' का ट्रेलर हुआ रिलीज, गांव में होने वाले अंधविश्वास और तांत्रिक क्रियाओं से डराती है फिल्म




द केरल स्टोरी' फेम निर्देशक सुदीप्तो सेन की आगामी फिल्म 'चरकः फेयर ऑफ फेथ' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। ट्रेलर में भारत के ग्रामीण इलाकों में फैले अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और तंत्र-मंत्र से जुड़े कई सवाल उठाए गए हैं। जानते हैं कैसा है 'चरक' का ट्रेलर और क्या है इसमें कुछ खास?

ट्रेलर के शुरूआत में दिखाया गया है कि गांव से बच्चे गायब हो रहे हैं। इसके बाद उनके माता-पिता पुलिस के पास इसकी शिकायत दर्ज करवाने पहुंचते हैं। धीरे-धीरे आगे दिखाई देता है कि अघोरी बाबा, साथ ही कुछ लोग तंत्र-मंत्र से जुड़े होते हैं। आगे दिखाया गया है कि चरक मेले में लोग अंधविश्वास से जुड़े होते हैं तांत्रिक क्रिया करते हैं। लेकिन इस बीच सवाल यही खड़ा होता है कि बच्चे कहां गायब हो रहे हैं और वो कैस मिलेंगे।

### तांत्रिक जगत के रहस्य को दिखाती है फिल्म

चरक भारतीय तांत्रिक जगत के रहस्यमय और अनसुलझे पहलुओं को तलाशने की कोशिश करती है। इसमें मनोवैज्ञानिक रूप से गहराई से जुड़े किरदारों को एक विचलित कर देने वाले ट्रेडिनशन के साथ मिलाया गया है। टेलर में अंधविश्वाल, तंत्र-मंत्र की अलग-अलग विद्याओं और विधाओं के बारे में दिखाया गया है। इसमें अघोरी से लेकर बली देने की प्रथा तक शामिल है।

### 6 मार्च को रिलीज होगी फिल्म

शीलादित्य मौलिक द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अंजली पाटिल, साहिदुर रहमान, सुब्रत दत्ता, शशि भूषण, नलनीश नील, शंखदीप और शौनक श्यामल सहित कई जाने-माने कलाकार शामिल हैं। 'चरकः फेयर ऑफ फेथ' एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सिनेमाई अनुभव प्रदान करता है, जो आस्था और कट्टरता के बीच की पतली रेखा पर सवाल उठाता है। यह फिल्म 6 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर को देखकर इसको लेकर उत्साह बढ़ गया है।

## बॉक्स ऑफिस

## खत्म हुआ 'अस्सी' और 'दो दीवाने सहर में' का खेल, कमाई में आगे चल रही 'ओ रोमियो'



इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर नई रिलीज हुई फिल्में बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही हैं। 'अस्सी' और 'दो दीवाने सहर में' का कलेक्शन पहले के मुकाबले अब और घट गया है। ऐसे में सिनेमाघरों में पहले से चल रही फिल्म 'ओ रोमियो' अच्छा कलेक्शन कर रही है। आइए जानते हैं इन फिल्मों ने बुधवार को कितना कलेक्शन किया है?

### अस्सी

समाज के गंभीर मुद्दे को उठाने वाली फिल्म 'अस्सी' को उम्मीद के मुताबिक दर्शक नहीं मिल पा रहे हैं। तापसी पन्नू की अदाकारी वाली फिल्म का कलेक्शन बुधवार को काफी घट गया है। छठे दिन फिल्म ने सिर्फ 55 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 85 लाख रुपये कमाए थे। फिल्म का कुल कलेक्शन 6.30 करोड़ रुपये हो गया है। इसके निर्देशक अनुभव सिन्हा हैं।

### दो दीवाने सहर में

संजय लीला भंसाली की फिल्म 'दो दीवाने सहर में' बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर पा रही है। छठे दिन फिल्म ने 40 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 55 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। इस फिल्म का कुल कलेक्शन 5.75 करोड़ रुपये हो गया है। इसमें मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी अहम किरदार में हैं।

### ओ रोमियो

विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बनी फिल्म 'ओ रोमियो' अब भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। फिल्म ने तेर-हवें दिन 1.20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 1.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। फिल्म का कुल कलेक्शन 60.25 करोड़ रुपये हो गया है। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अहम किरदार में हैं।

### बॉक्स ऑफिस पर किसका राज?

बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'अस्सी' और 'दो दीवाने सहर में' में टकराव हुआ है। दोनों फिल्में 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थीं। दोनों की कमाई लगभग बराबर है। इस बीच पहले से सिनेमाघरों में चल रही फिल्म 'ओ रोमियो' अच्छा कलेक्शन कर रही है। यह फिल्म नई रिलीज हुई फिल्मों 'अस्सी' और 'दो दीवाने सहर में' पर भारी पड़ रही है।




दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर भारत के लिए काम आसान कर दिया है। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय टीम को अगले दोनों मैच जीतने होंगे।

# दक्षिण अफ्रीका की जीत से नेट रन रेट का महत्व हुआ कम, सेमीफाइनल के लिए भारत को अब चाहिए दो जीत

**अहमदाबाद।** कप्तान एडेन मार्करम की नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराया। दक्षिण अफ्रीका ने इसके साथ ही टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है और सेमीफाइनल के लिए दावा मजबूत कर लिया है। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 176 रन बनाए। जवाब में मार्करम ने दमदार बल्लेबाजी की जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 16.1 ओवर में एक विकेट पर 177 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

### मार्करम ने दिलाई दमदार शुरूआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्करम ने क्विंटन डिकॉक के साथ मिलकर दक्षिण अफ्रीका को मजबूत शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 95 रन जोड़े। डिकॉक अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन रोस्टन चेज ने उन्हें आउट कर दिया। डिकॉक 24 गेंदों पर चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मार्करम ने रेयान रिकेल्टन के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज पर दबाव बढ़ाया।



### भारत का समीकरण

दक्षिण अफ्रीका ने इस तरह भारत के लिए राह आसान कर दी है। अब भारत को अगले दो मुकाबले जीतने हैं जिससे वह सेमीफाइनल में जगह बना सकता है।

भारत का सामना जिम्बाब्वे से है और इसके बाद टीम को वेस्टइंडीज का सामना करना है। भारत अगर अपने दोनों मुकाबले अपने नाम कर लेता है तो उसके लिए चीजें आसान हो जाएंगी।

दक्षिण अफ्रीका का सामना अब सुपर आठ के अंतिम मैच में जिम्बाब्वे से होगा।

अगर भारत दोनों मैच जीत जाता है और फिर दक्षिण अफ्रीका भी जिम्बाब्वे को हरा देता है तो नेट रन रेट का कोई महत्व नहीं रह जाएगा।

इस स्थिति में दक्षिण अफ्रीका के तीन मैचों में छह अंक होंगे, जबकि भारत के चार अंक हो जाएंगे। वहीं, वेस्टइंडीज एक जीत के साथ दो अंक पर ही रुक जाएगा।

### वेस्टइंडीज को लगे शुरूआती झटके

इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। दक्षिण अफ्रीका ने लुंगी एनगिडी की अगुआई में दमदार प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज को झटके दिए। हालांकि, आठवें विकेट के लिए रोमारियो शेफर्ड और जेसन होल्डर ने शानदार साझेदारी की जिससे वेस्टइंडीज दक्षिण अफ्रीका के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रख सका।

### शेफर्ड-होल्डर की साझेदारी

वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय सात विकेट पर 83 रन था। लेकिन शेफर्ड और होल्डर ने इसके बाद पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने आठवें विकेट के लिए 57 गेंदों पर 89 रनों की साझेदारी कर वेस्टइंडीज को मुश्किल से उबारा। होल्डर आखिरी ओवर में रन आउट हुए जिससे ये साझेदारी टूट गई। होल्डर 31 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 49 रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज के लिए सिर्फ शेफर्ड और होल्डर ने दमदार प्रदर्शन किया जिससे टीम चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दे सकी। शेफर्ड 37 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 52 रन बनाकर नाबाद लौटे।

वेस्टइंडीज के लिए होल्डर और शेफर्ड के अलावा ब्रेंडन किंग ने 21, शाई होप ने 16, शेरफाने रदरफोर्ड ने 12 और मैथ्यू फोर्ड ने 11 रन बनाए, जबकि रोवमैन पोवैल 9, शिमरॉन हेटमायर 2 और रोस्टन चेज 2 रन बनाकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के लिए एनगिडी ने तीन विकेट लिए, जबकि कगिसो रबादा और कॉर्बिन बॉश को दो-दो विकेट मिले।

## टी20 विश्वकप से बाहर हुआ मेजबान श्रीलंका, पाकिस्तान की राह हुई कठिन

**कोलंबो।** मिचेल सैंटनर और कोल मैककोन्की की अर्धशतकीय साझेदारी के बाद रचिन रवींद्र की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप 2026 की सह-मेजबान श्रीलंका टीम को 61 रन से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका का सफर टूनामेंट में समाप्त हो गया। अब टीम अपना आखिरी मुकाबला पाकिस्तान से खेलेगी। बुधवार को कोलंबो में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में सात विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर सिर्फ 107 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई।

सुपर-8 मुकाबले में जीत के साथ न्यूजीलैंड ग्रुप-2 की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। उसके खाते में 3 अंक और नेट रन रेट +3.050 हो गया। वहीं, इंग्लैंड चार अंक लेकर शीर्ष पर है। अब न्यूजीलैंड को सुपर-8 में अपना आखिरी मुकाबला इंग्लैंड से शुक्रवार को खेलना है। श्रीलंका की टीम लगातार दो मैचों में शिकस्त झेलने के बाद आखिरी पायदान पर पहुंच गई। वहीं, पाकिस्तान फिलहाल एक अंक और -0.461 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। सलमान आगा की टीम को अपना आखिरी मुकाबला 28 फरवरी को खेलना है। पाकिस्तान अगर यह मैच जीत भी लेता है तो हद से हद तीन अंक हासिल कर पाएगा, लेकिन नेट रन रेट में न्यूजीलैंड उससे बाजी मार लेगा और सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेगा।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

# टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मिचेल सैंटनर का अनूठा डबल

**कोलंबो।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1,000 रन और 100 विकेट निकालने वाले आईसीसी के पूर्ण सदस्य देश के छठे खिलाड़ी बन गए हैं। वह इस मुकाम को हासिल करने वाले पहले कीवी खिलाड़ी भी हैं।

मिचेल सैंटनर ने बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 मुकाबले में 26 गेंदों का सामना करते हुए चार छक्कों और दो चौकों के साथ 47 रन की पारी खेली। सैंटनर ने यह पारी उस समय खेली, जब कीवी टीम 84 के स्कोर तक अपने छह विकेट खो चुकी थी। यहां से सैंटनर ने कोल मैककोन्ची के साथ 47 गेंदों में 84 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 168/7 के स्कोर तक पहुंचा दिया।



टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आईसीसी के पूर्ण सदस्य देश की तरफ से अब तक सिर्फ छह ही खिलाड़ी 1,000 रन बनाने के साथ 100 विकेट हासिल कर सके हैं। इनमें सैंटनर के अलावा, शाकिब अल हसन, मोहम्मद नबी, सिकंदर रजा, हार्दिक पांड्या और शादाब खान का नाम शामिल है।

कीवी टीम ने 34 के स्कोर तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए थे, लेकिन यहां से ग्लेन फिलिप्स ने रचिन रवींद्र के साथ तीसरे विकेट के लिए 41 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 75 के स्कोर तक पहुंचाया। फिलिप्स 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। यहां से टीम ने 84 के स्कोर तक अपने छह विकेट खो दिए।

इसके बाद कप्तान सैंटनर ने मोर्चा संभाला। उन्होंने कोल मैककोन्ची के साथ 84 रन की साझेदारी करते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। सैंटनर ने 47 रन टीम के खाते में जोड़े, जबकि कोल ने 23 गेंदों में पांच बाउंड्री के साथ 31 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से महेश तीक्षणा और दुष्मंथा चमीरा ने तीन-तीनविकेट निकाले। एक विकेट दुनिथ वेलालगे ने हासिल किया।

## न्यूज कॉलम

### बुजुर्ग डॉक्टर के घर से लाखों के आभूषण चोरी 3 माह बाद अलमारी का लॉकर खोला तो पता चला

**इंदौर।** इंदौर के तिलक नगर इलाके में रहने वाले एक डॉक्टर के यहां लाखों की चोरी की वारदात हो गई। तीन माह बाद जब अलमारी का लॉकर खोला तो उन्हें जानकारी लगी। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर बुधवार को दर्ज की है। वही अब संदेह के आधार पर पुलिस उनके यहां काम करने वाले आधा दर्जन नौकरों से पूछताछ करेगी। तिलक नगर पुलिस ने बताया कि 70 साल के डॉक्टर राजकुमार मुंदडा निवासी साहिला एलाईट ग्रेटर ब्रजेश्वरी की शिकायत पर पुलिस ने चोरी के मामले में एफआईआर की है। डॉक्टर राजकुमार ने बताया कि उनके घर की अलमारी से बिना लॉक टूटे मोती वाला सोने का हार, झुमका सेट, सोने के कंगन, हीरे का ब्रेसलेट, सोने के झुमके, सोने की अंगूठी, चांदी के बर्तन ओर नकदी रुपए गायब हो गए। उन्होने बताया कि 12 फरवरी को जब उन्होने लॉक खोला तो अलमारी के अदंर कोई जेवर नही थे। जबकि अलमारी का लॉक भी नही टूटा था। डॉक्टर ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसके यहां करीब आधा दर्जन कर्मचारी साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं के लिए आते है। उन्होंने एक कर्मचारी को चॉबी की जानकारी होने की बात भी बताई। पुलिस ने इस मामले में सभी कर्मचारियों के नाम पते की जानकारी ली है। अब पुलिस डॉक्टर के यहां चोरी को लेकर आगे उनसे पूछताछ कर सकती है।

### पार्टी के दौरान हुई चाकूबाजी में घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया

**इंदौर।** महू के बड़गोंदा थाना क्षेत्र में महू-मंडलेश्वर मार्ग स्थित वेकेशन विला फार्म हाउस पर बुधवार देर रात चाकूबाजी की घटना हुई। घटना में एक युवक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए राऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, फार्म हाउस पर एक पार्टी चल रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो बढ़कर चाकूबाजी तक पहुंच गया। घायल युवक को उसके साथियों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। सूत्रों के मुताबिक, जिस फार्म हाउस पर यह पार्टी आयोजित की गई थी, वहां बड़गोंदा सहित अन्य थानों के कुछ पुलिसकर्मियों की मौजूदगी की भी चर्चा है। इतना ही नहीं, पार्टी में तीन युवतियों के शामिल होने की बात भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि उक्त फार्म हाउस इंदौर निवासी विशाल शर्मा और उसके एक साथी का है। घटना के समय फार्म हाउस मालिक विशाल शर्मा अपने दोस्तों के साथ मौके पर मौजूद था। मामले में एसडीओपी ललित सिकरवार का कहना है कि अभी घटना की जानकारी जुटाई जा रही है।



मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) का आयोजन आगामी 1 मार्च को

# इंदौर शहर के 100 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 38 हजार 144 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे

## परीक्षा की तैयारियों को लेकर संभागायुक्त कार्यालय में बैठक सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा ऑफलाइन पद्धति से राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 का आयोजन आगामी 01 मार्च को किया जाएगा। यह परीक्षा इंदौर जिले के 100 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। उक्त परीक्षा के लिए इंदौर के शासकीय और अशासकीय स्कूलों व कॉलेजों को केन्द्र बनाया गया है। शहर में आयोजित इस परीक्षा में कुल 38 हजार 144 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी। राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 परीक्षा के सम्पूर्ण संचालन हेतु संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े को परीक्षा समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है।



उक्त परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आज संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देश पर संभागायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त राजस्व एवं प्रभारी परीक्षा अधिकारी श्रीमती सपना एम. लोवंशी ने बैठक में बताया कि राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 के प्रश्नपत्र में बहुवैकल्पिक प्रश्न होंगे। परीक्षा प्रारंभ होने के 45 मिनट पूर्व परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। सभी परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केन्द्र पर पहुँचें।

### मोबाइल फोन रखना प्रतिबंधित

परीक्षार्थियों का प्रवेश मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी प्रवेशपत्र और फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व ओएमआर सीट का वितरण किया जाएगा तथा प्रश्न पत्र पुस्तिका का वितरण 11.55 बजे किया जाएगा। परीक्षा पूर्व सभी पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी को वही सेट मिले जो उनके लिए निर्धारित है। बैठक में प्रभारी परीक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 में परीक्षार्थी प्रवेश पत्र, पहचान पत्र, गोले बनाने हेतू निर्धारित स्याही का पेन, स्वयं का फोटो, पानी की पारदर्शी बाटल, अन्य कोई सामग्री जो ई-प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट है, को ले जाने की अनुमति रहेगी। बैठक में बताया गया कि परीक्षा के दौरान वीक्षकों को मोबाइल फोन रखना प्रतिबंधित है। साथ ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित है।

## जीत-हार से आगे बढ़कर खेल भावना का संदेश देता खेलोत्सव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आत्मबल, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी हैं। किसी भी परिस्थिति में हार न मानें और अपनी सीमाओं को चुनौती देते हुए आगे बढ़ते रहें। ये प्रेरणादायी विचार पद्म श्री से सम्मानित अंतर्राष्ट्रीय पैरा स्विमर सत्येंद्र लोहिया ने वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में आयोजित चार दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव खेलोत्सव 2026 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। अपने संबोधन में लोहिया ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि दिव्यांगता शरीर में नहीं, बल्कि सोच में होती है। दृढ़ संकल्प, सकारात्मक विचार, उत्साह और उम्मीद के साथ व्यक्ति अपने हर सपने को साकार कर सकता है। उन्होंने अपने जीवन के संघर्षों और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए छात्रों को संदेश दिया कि चुनौतियाँ ही सफलता की सीढ़ियाँ बनती हैं। उनका प्रेरक उद्बोधन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक सिद्ध हुआ। खेलोत्सव 2026 का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से सक्रिय रखने के साथ-साथ पारंपरिक भारतीय खेलों के प्रति पुनः आकर्षित करना भी है। खेलोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने आठ प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं – क्रिकेट, शतरंज, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, कबड्डी, पिट्टू, रस्साकशी (टग ऑफ वॉर) एवं अन्य प्रतिस्पर्धात्मक खेलों– में भाग लेकर अपनी क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



## 1590 बकायादारों से 7 करोड़ वसूले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में बुधवार को नगर निगम ने शहर में राजस्व वसूली अभियान चलाया। संपत्तिकर और जलकर के 1590 बकायादारों से 7 करोड़ 6 लाख रुपए से अधिक की वसूली की गई। अभियान के तहत सभी जोनल कार्यालयों और निगम मुख्यालय पर विशेष कर संग्रहण शिविर (कैंप डे) आयोजित किए गए। साथ ही सभी जोन क्षेत्रों में सघन वसूली कार्रवाई की गई। प्रभारी राजस्व निरंजन सिंह चौहान और अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव के अनुसार, शाम 6 बजे तक संपत्तिकर और जलकर की 1590 रसीदों के माध्यम से कुल 7.06 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ।

## व्हाट्सएप कॉल कर आरोपी ने खाते में डलवाए 1.60 लाख रुपए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में बीएसएफ के एएसआई के साथ निवेश के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने व्हाट्सएप कॉल कर शेयर और कमोडिटी में निवेश कराने का झांसा दिया और करीब 1 लाख 60 हजार रुपए खाते में डलवा लिए। पुलिस के अनुसार बीएसएफ के एएसआई शौकत खान, निवासी एसटीसी बीएसएफ कैंपस ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए निवेश पर अच्छा लाभ मिलने का दावा किया। आरोपी ने बातचीत के दौरान पहले 30 हजार रुपए खाते में डलवाए। इसके बाद लगातार संपर्क कर अलग-अलग किस्तों में और रुपए डलवाता रहा। आरोपी ने 1 लाख रुपए जमा होने की फर्जी स्लिप भी भेजी, लेकिन खाते में कोई राशि जमा नहीं हुई। आरोपी 6 फरवरी तक कॉल कर और रुपए निवेश करने के लिए कहता रहा। जब खाते में कोई राशि नहीं आई, तब शौकत खान को ठगी का एहसास हुआ।

हाईकोर्ट ने जारी किए नोटिस

## हवा में चलने वाले रेस्टोरेंट को लेकर जनहित याचिका



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के बायपास पर हवा में चल रहे झूलते रेस्टोरेंट को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है जिस पर आज डिविजन बेंच में सुनवाई हुई। यह याचिका ऐडवोकेट चर्चित शास्त्री द्वारा लगाई गई। इसमें कहा गया है कि यह मौत का झूला है। देश में तीन स्थानों पर इस तरह के होटल्स को हादसों के बाद बन्द किया गया है। यहां भी काफी ऊंचाई पर लोगो को ले जाकर उनकी जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रैन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षो से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com

आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 43 | उज्जैन, शुक्रवार 27 फरवरी, 2026 | फाल्गुन शुक्ल 11 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### राजस्थान में 12000 किग्राम बारूद से दहल उठेगा पाकिस्तान बॉर्डर

**जैसलमेर।** पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज (जैसलमेर) में भारतीय वायुसेना का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास 'वायु शक्ति-2026' आज होगा। युद्धाभ्यास में सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू भी मौजूद रहेंगी। वे 2 दिवसीय (26 और 27 फरवरी) जैसलमेर दौरे पर हैं। तय शेड्यूल के अनुसार- राष्ट्रपति 27 फरवरी को कॉम्बैट हेलिकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरेंगी। इस दौरान वे युद्धाभ्यास क्षेत्र का हवाई मुआयना करेंगी। यह पहली बार होगा, जब राष्ट्रपति जैसलमेर की सीमावर्ती एयरस्पेस में किसी लड़ाकू हेलिकॉप्टर की सह-पायलट बनेंगी। इसके बाद वे वायुसेना स्टेशन पर अधिकारियों और जांबाजों के साथ संवाद कर उनका हौसला बढ़ाएंगी।

### अनिल अंबानी का 3,716 करोड़ का बंगला अबोड कुर्क

**नई दिल्ली।** रिलायंस ग्रुप के पूर्व चेयरमैन अनिल अंबानी 26 फरवरी को दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। अंबानी सुबह करीब 11 बजे जांच एजेंसी के दफ्तर पहुंचे, जहां उनसे विदेशी मुद्रा नियमों के उल्लंघन और फंड के डायवर्जन को लेकर सवाल-जवाब किए गए। मामला सरकारी बैंकों से उनकी कंपनियों को मिले लोन में कथित गड़बड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। सीबीआई की 2019 की एफआईआर के आधार पर ईडी इस मामले की जांच कर रही है। एक दिन पहले ही जांच एजेंसी ने मुंबई के उनके 17 मंजिला घर 'अबोड' को कुर्क कर लिया। अनिल अंबानी रिलायंस कम्युनिकेशंस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के दूसरे दौर के लिए पहुंचे। आरोप है कि उनकी कंपनियों ने बैंकों से लिए लोन का डायवर्जन किया और विदेशी मुद्रा नियमों का उल्लंघन किया।

### द केरल स्टोरी 2 पर केरल हाईकोर्ट की रोक




**सेंसर बोर्ड से कहा- फिल्म का दोबारा रिव्यू करें; कल सिनेमाघरों में रिलीज होनी थी**

**तिरुवनंतपुरम।** केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को फिल्म द केरल स्टोरी 2 की रिलीज पर रोक लगा दी। कोर्ट ने सेंसर सर्टिफिकेट को लेकर उठे सवालों के बाद सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन को दोबारा फिल्म का रिव्यू करने का निर्देश दिया। फिल्म शुक्रवार यानी 27 फरवरी को रिलीज होने वाली थी। कुछ लोगों ने कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि फिल्म का नाम और कहानी केरल की छवि खराब कर सकती है। याचिकाकर्ताओं का कहना है, फिल्म में जबरन धर्म परिवर्तन और आतंकवाद जैसे मुद्दे दिखाए गए हैं। इससे पूरे केरल के बारे में गलत संदेश जा सकता है और लोगों की भावनाएं भड़क सकती हैं। कोर्ट ने बुधवार को कहा था कि वह फिल्म देखकर फैसला करेगा, लेकिन निर्माता ने फिल्म दिखाने से इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि केरल में आपसी सद्भाव है, लेकिन फिल्म में ऐसा दिखाया गया है जैसे ऐसी घटनाएं पूरे राज्य में हो रही हों। फिल्म निर्माता के वकील ने कहा कि यह मामला जनहित याचिका जैसा है और याचिकाकर्ताओं ने अपना व्यक्तिगत नुकसान नहीं बताया है। याचिकाकर्ताओं ने जवाब दिया कि अगर कई लोगों को एक जैसी चिंता है तो उनकी बात भी सुनी जानी चाहिए। टीजर को लेकर भी बहस हुई। सेंसर बोर्ड ने कहा कि उसने टीजर या ट्रेलर को पास नहीं किया है, इसलिए सोशल मीडिया पर डाले गए कंटेंट के लिए वह जिम्मेदार नहीं है। प्रोड्यूसर विपुल शाह ने बुधवार को सुनवाई के दौरान फिल्म के टाइटल में बदलाव करने का भी विरोध किया था।

### करप्शन इन ज्यूडीशियरी वाली एनसीईआरटी किताब पर बैन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार चैप्टर वाली एनसीईआरटी के 8वीं क्लास की सोशल साइंस की किताब बैन कर दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने किताब छापने और बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया। साथ ही कहा कि जो किताबें छप चुकी हैं, उसे जब्त कीजिए और डिजिटल कॉपियों को भी हटाइए। कोर्ट ने इस मामले में एनसीईआरटी डायरेक्टर और केंद्रीय शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही और विवादित चैप्टर लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी योग्यता बताने को भी कहा है। सीजेआई ने कहा- यह न्यायपालिका को बदनाम करने की गहरी और सोची-समझी साजिश लगती है। जिम्मेदारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नौकरानी ने मालिक के घर फर्जी रेड कराई, 3 लोग ईडी अफसर बनकर गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक नौकरानी ने अपने मालिक के घर पर फर्जी प्रवर्तन निर्देशालय की रेड कराई, मामला 11 फरवरी का है। 25 फरवरी को पुलिस ने रेखा देवी नाम की नौकरानी और उसकी भाभी पूजा राजपूत को पूरी साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 11 फरवरी को पुलिस की वर्दी पहने तीन लोग ईडी अफसर बनकर 86 साल के रिटायर्ड आर्किटेक्ट आरसी सभरवाल के घर में जबरन घुस गए। आरोपियों ने परिवार को धमकाया और तलाशी के दौरान मोबाइल फोन जब्त कर लिए। सभरवाल के पोते को शक हुआ तो उसने पूछताछ शुरू कर दी। इसके बाद तीनों आरोपी लगभग 3-4 लाख रुपये कैश, 7 महंगी घड़ियां और गहने लेकर कार से फरार हो गए।

---

राजस्थान के उद्यमियों को साधने की रणनीति के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भीलवाड़ा दौरा

# निवेश को लेकर राजस्थान के उद्योगपतियों से बात, मप्र नदियों का मायका

एजेंसी ▶▶ पटना

राजस्थान के उद्यमियों को साधने की रणनीति के तहत मध्यप्रदेश सरकार ने पड़ोसी राज्य में निवेश आकर्षित करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को 1 दिवसीय भीलवाड़ा दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने बड़े उद्योगपतियों, खासकर टेक्सटाइल सेक्टर से जुड़े उद्यमियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरीसेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर भीलवाड़ा, राजस्थान में आयोजित सनातन मंगल महोत्सव एवं संत समागम में



सहभागिता कर अपने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उनके लिए रोजगार सृजन सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सरकार बनने के साथ ही उन्होंने उद्योग विभाग का प्रभार स्वयं रखा। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश बढ़े और रोजगार के अवसर सृजित हों, इसके लिए नई उद्योग नीति तैयार की गई, जिसका प्रभाव अब दिखने लगा है।

**मारवाड़-मेवाड़ का आदमी सूखी रैती में भी तेल निकाल लेता है-** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री यादव ने उद्योगपतियों की क्षमता की तारीफ करते हुए हल्के अंदाज में कहा राजस्थान में तो मारवाड़ और मेवाड़ का आदमी सूखी रेत में भी तेल निकाल लेता है। पूरे देश के उद्योग जगत में इनका दबदबा है। सीएम ने कहा कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच भाईचारे का संबंध अनादि काल से चला आ रहा है और दोनों राज्यों ने विकास में एक-दूसरे का साथ दिया है।

**भीलवाड़ा के कपड़ा उद्योगों को मप्र में निवेश का निमंत्रण-** भीलवाड़ा को देश का 'टेक्सटाइल हब' कहा जाता है। मुख्यमंत्री यादव ने यहां के प्रमुख उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में बिजली, पानी, श्रम और औद्योगिक वातावरण बेहद अनुकूल है, जो निवेशकों के लिए बड़ी सुविधा है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित पीएम मित्र पार्क भी स्थापित हो चुका है, जिससे टेक्सटाइल सेक्टर में भारी अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने संकेत दिया कि भीलवाड़ा के उद्योगपति रामपाल सोनी ने मध्यप्रदेश में लगभग 5 हजार करोड़ रुपये के निवेश की इच्छा जताई है। सीएम ने आश्वासन दिया हमारी कैबिनेट और सीसीआई की संयुक्त बैठकें बड़े उद्यमियों को रियायत देने के उद्देश्य से आयोजित होती हैं। जो भी उद्योग लगाना चाहे, मध्यप्रदेश सरकार हर प्रकार का सहयोग करेगी।

#### संत महात्माओं से आशीर्वाद

भीलवाड़ा आगमन पर हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद डॉ. मोहन यादव ने हरी सेवा उदासीन आश्रम परिसर में चल रहे सनातन मंगल महोत्सव और दीक्षा-दान समारोह में शिरकत कर संतों का आशीर्वाद लिया राज्यों के बीच लंबे समय से चल रहे जल विवाद पर मुख्यमंत्री ने कहा मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। पानी परमात्मा की देन है। राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच कालीसिंध जल विवाद को हमने सौहार्द से हल किया। अब राज्यों के बीच सहयोग की नई परंपरा बन रही है।

---

मोदी-नेतन्याहू की बैठक में समझौता

# इजराइल में भारतीय यूपीआई चलेगा

**मोदी बोले- जल्द फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेंगे, इजराइल आना मेरे लिए गर्व की बात**

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल दौरे का आज आखिरी दिन हैं। मोदी दौरे के दूसरे दिन सबसे पहले यरूशलम के होलोकॉस्ट मेमोरियल याद वाशेम पहुंचे। यहां उन्होंने हिटलर के नाजी शासन में मारे गए 60 लाख यहूदियों को श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद इजराइली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात की। इस दौरान इसाक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, जो पूरी दुनिया का ध्यान खींच रही है। वहीं, पीएम मोदी ने इजराइली



राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता दिया। फिर पीएम मोदी और इजराइली पीएम नेतन्याहू ने द्विपक्षीय मीटिंग के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान बताया गया है कि इजराइल में भी अब भारत का यूपीआई पेमेंट सिस्टम चलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत जल्द इजराइल के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेगा। मोदी बुधवार को इजराइल पहुंचे थे। नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया था। इसके बाद पीएम मोदी ने इजराइली संसद नेसेट को भी संबोधित किया। उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल दिया गया। मोदी नेसेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने।

### भाजपा ने उमर खालिद से राहुल गांधी की तुलना की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में एआई समिट में हुए हंगामे पर भाजपा ने एक बार फिर राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया है। भाजपा ने राहुल गांधी की तुलना 2020 दंगे के आरोपी उमर खालिद से करते हुए दिल्ली भाजपा ऑफिस के बाहर एक पोस्टर लगाया। जिसमें लिखा- अराजकता का तरीका एक, बस देश विरोधी चेहरे बदलते रहते हैं। इस पोस्टर में एक तरफ उमर खालिद हैं जिसमें उसे सीएए के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए दिखाया गया है। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी हैं उनके आगे शर्टलेस कांग्रेस कार्यकर्ता की तस्वीरें है, जो एआई समिट का विरोध कर रहे हैं।

## सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन की पीएम अजमेर से करेंगे शुरूआत

**हर साल हजारों महिलाओं की जान बचाएगा यह टीका**

एजेंसी ▶▶ जयपुर

सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन का शुभारंभ करेंगे। हर साल देश में हजारों महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर से जान चली जाती है। एचपीवी वैक्सीन इस कैंसर से बचाने में एक बड़ा सुरक्षा कवच माना जाता है।

हजारों में कीमत होने के चलते यह वैक्सीन गरीब लोगों की पहुंच से दूर थी। अब राष्ट्रीय टीकाकरण में शामिल होने के कारण वैक्सीन




मुफ्त में लगाई जाएगी। अभियान की शुरूआत के लिए वैक्सीन की 3 लाख 60 हजार डोज राजस्थान पहुंच चुकी है।

---

## बाड़मेर में जमीन से निकल रहा क्रूड ऑयल

**अब तक 55 से ज्यादा टैंकर भर चुके**

एजेंसी ▶▶ बाडमेर

बाड़मेर में एक खेत में जमीन से क्रूड ऑयल निकल रहा है। पिछले 4 दिन से निकल रहे क्रूड ऑयल को एक गड्ढे में भरा जा रहा है, जिससे अब तक 55 से ज्यादा टैंकर भरे जा चुके हैं। जहां पर क्रूड ऑयल निकल रहा है, वहां से करीब 40 मीटर दूरी पर ऐश्वर्या वेलपैड (तेल का कुआं) है। अधिकारियों को इसकी पाइपलाइन में लीकेज का शक है, जिसे ढूंढने के प्रयास



किए जा रहे हैं। मौके पर केयर्न वेदांता कंपनी के अफसर मौजूद हैं। लोगों का कहना है कि यहां 24 फरवरी को ब्लास्ट भी किया गया था, जिससे घरों और स्कूल में दरारें आ गई। मामला कवास गांव का है। विधानसभा में बाड़मेर विधायक प्रियंका चौधरी और बायतु विधायक हरीश चौधरी ने यह मुद्दा उठाया। दरअसल, 23 फरवरी को दोपहर 12 बजे किसान हरजीराम खोथ के खेत में अचानक जमीन से क्रूड ऑयल निकलना शुरू हो गया। देखते ही देखते खेत के एक हिस्से में तेल फैल गया। सूचना पर कंपनी के इंजीनियर्स की एक टेक्निकल टीम मौके पर पहुंची।

## सालभर में 1.27 करोड़ का मटन सूत गए चीते

**रोजाना सिर्फ खाने पर ही खर्च हो रहे 35 हजार रु.**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश सरकार के लिए कूनो जंगल में मौजूद चीतों को पालना लगभग 'सफेद हाथी पालने' के बराबर साबित हो रहा है। इन चीतों के खाने पर रोजाना 35 हजार रुपए खर्च किये जा रहे और सालभर के अंदर ही ये चीते 1 करोड़ 27 लाख रुपए का बकरी मीट खा गए। इन चीतों के लिए वैसे तो शिकार हेतु चीतल भी छोड़े जाते हैं, लेकिन चीतों को बकरी का मीट ज्यादा पसंद होता है। इस खबर का खुलासा कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब से हुआ। सरकार ने बताया कि कूनो वाइल्डलाइफ डिवीजन में अभी कुल 32 चीते हैं। सरकार ने इस दौरान यह भी बताया कि इन चीतों को कूनो जंगल से निकालकर ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, मुरैना से लेकर राजस्थान तक भेजा जा रहा। विधायक ने इस दौरान यह भी कहा था कि कूनो जंगल में चीतों को खाने को नहीं मिल रहा, जिस वजह से वे बाहर निकलकर शिकार कर रहे हैं और गांवों के लोगों की बकरियों व जानवरों का शिकार कर रहे हालांकि सीएम ने भी इस मामले में लिखित जवाब देते हुए यह भी बताया कि उक्त नेशनल पार्क में चीतों को खाने के लिए अलग से कोई रकम नहीं दी गई थी, चीतों को हर दिन कितनी बकरियों का मीट खिलाया जाता है, इसका कोई तय मानक भी नहीं है, जरूरत के हिसाब से उन्हें मीट दिया जाता है। हां, जंगल खुला होने से कभी-कभी चीते गांव में बकरियों-जानवरों का शिकार करते हैं।

## ग्रीन फील्ड रोड की बड़ी बाधा हुई दूर

**कलेक्टर और एसडीएम को साफा पहनाकर खुशी-खुशी दी किसानों ने दी जमीन**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

सिंहस्थ की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट ग्रीन फील्ड के लिए किसानों से जमीन लेने के कलेक्टर शिवम वर्मा के भागीरथी प्रयास सफल हुए।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशन पर लगातार किसानों से संवाद चल रहा था। वहीं किसानों ने प्रशासन की बात को समझते हुए आज रेजिडेंसी पर पहुंचकर कलेक्टर को खुशी-खुशी अपनी जमीन को सौंप दिया।

कलेक्टर ने सभी का हार्दिक अभिनंदन करते हुए किसानों को



बधाई भी दी। शिवम वर्मा ने कहा कि वाकई में किसान हमेशा से शासन की योजनाओं के लिए मदद करता आया। किसान अन्न दाता तो हैं लेकिन वो दिल फरियाद भी हैं। वहीं जिस तरह से जनहित में यह कदम उठाया वह तारीफेकाबिल भी है। सांवेर एसडीएम घनश्याम धनगर कलेक्टर के निर्देशन पर लगातार किसानों को प्रेरित करते रहे। वहीं कई बार प्रशासन से भी उनका संवाद हुआ। इसी के चलते किसानों ने कलेक्टर के साथ एसडीएम को साफा पहनाकर उनका स्वागत किया।

### झांसी में 9वीं की छात्रा से छेड़छाड़, सुसाइड किया, अकेला पाकर घर में घुसा पड़ोसी

**झांसी।** झांसी में छेड़छाड़ से आहत 9वीं कक्षा की छात्रा ने सुसाइड कर लिया। वह बुधवार को घर पर अकेली थी। तभी दोगुनी उम्र का पड़ोसी घर में घुस आया। कमरे की कुंडी बंद करके छात्रा से जबरदस्ती करने लगा। तभी स्कूल से छात्रा का छोटा भाई घर पहुंच गया। उसने दरवाजा खोला तो आरोपी गंदी हरकत कर रहा था और छात्रा रो रही थी। भाई को देखते ही आरोपी छत से कूदकर भाग गया।

---

शंकराचार्य केस में दावा

# नाबालिगों से यौन शोषण की पुष्टि

**मेडिकल रिपोर्ट आई, पीड़ित बटुक बोला- अविमुक्तेश्वरानंद ने शोषण किया**

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में बच्चों की मेडिकल रिपोर्ट आ गई है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि बच्चों के साथ कुकर्म की पुष्टि हुई है। पुलिस ने बुधवार को पीड़ित नाबालिगों का मेडिकल टेस्ट कराया था। दो डॉक्टरों के पैनल ने प्रयागराज के सरकारी अस्पताल में मेडिकल टेस्ट किया।

रिपोर्ट बंद लिफाफे में गुरुवार को जांच अधिकारी को सौंप दी गई है। इसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बटुकों से कुकर्म किसने किया? कब किया? कहां किया? ये जांच का विषय है। पूरी जांच के बाद साफ होगा कि अविमुक्तेश्वरानंद पर लगे आरोप कितने सही हैं। थाना प्रभारी झूंसी महेश मिश्र ने बताया कि कोर्ट का मामला है। ज्यादा जानकारी नहीं दे सकते।

इससे पहले, शंकराचार्य पर केस दर्ज कराने वाले आशुतोष महाराज ने बुधवार को कहा था कि सारे सबूत हैं। मेडिकल




में बटुकों से कुकर्म की पुष्टि हुई है। जल्द न्याय होगा। इधर, एक पीड़ित बटुक पहली बार मीडिया के सामने आया। उसने 'आज तक' को दिए इंटरव्यू में दावा किया- मैं अध्ययन के लिए गया था, तभी मेरा शोषण किया गया। हमारे साथ और भी बच्चे थे, उनका भी शोषण किया गया।

किसने शोषण किया? इस पर पीड़ित ने कहा- अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद। क्या आप माघ मेले की बात कर रहे? इस पर उसने कहा- जी, वहां पर भी मेरे साथ 16 जनवरी को शोषण किया। शंकराचार्य के शिष्य प्रकाश और अरविंद बच्चों को बाहर से लाते हैं। इसके बाद उनके साथ यौन शोषण किया जाता है।

#### शंकराचार्य बोले- एपस्टीन फाइल की बातें दबाई जा रहीं

इधर, अविमुक्तेश्वरानंद ने वाराणसी में मेडिकल रिपोर्ट पर कहा- आशुतोष महाराज ने रिपोर्ट की बातें बताईं। जांच टीम क्या कर रही है? क्या पुलिस ने उन्हें परमानेंट प्रवक्ता बना लिया? एक हिस्ट्रीशीटर (आशुतोष महाराज) कहानी बनाकर फैला देता है। सारे लोग उसमें दबकर हाय-दइया करने लगते हैं। हमें कोई खतरा नहीं है। अभी हमें मार दो। हम तो अपना पिंडदान कर चुके हैं। उन्होंने कहा- जनता को शंकराचार्य की कहानी देखने में लगा दिया गया है। इससे एपस्टीन फाइल से जो चीजें निकलकर आई हैं, उन्हें दबाया जा रहा। अब सवाल यह है कि कोर्ट की प्रोसीडिंग पूरी तरह गोपनीय रहती है। इसके बारे में कोर्ट, शिकायतकर्ता, पुलिस और खुद पीड़ित को ही जानकारी होती है। ऐसे में चैनल को यह किसने बताया कि ये बच्चे हैं? इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाने पर शंकराचार्य ने कहा- मठ को संरक्षित करने के लिए एक वर्ग होता है। उनका कहना है कि अगर जेल में जाकर आपको जहर का इंजेक्शन लगा दिया गया तो? ऐसी कई तरह की कहानियां सामने आ चुकी हैं।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## पुरानी योजना नए पैकिंग में...




एक बार फिर से धर्म नगरी में खाने पीने के लिए एक नए स्थान की जमकर ब्रांडिंग की गई है। नई दुकानें नया सामान पडोस के शहर की 56 वाली बातों का बखान किया जा रहा है। इससे पूर्व भी शहर में स्थानीय संस्था ने देवास रोड पर इसी 56 वाली बातों का बखान किया था। कुछ ही सालों में पूरा मामला ठंडा पड गया और टायड्टाय फिस की स्थिति सामने आई। पिछले समय से नई दुकानों का निर्माण ही रूका हुआ था अब जाकर चलने लगा है। एक संस्था ने पडोस के शहर की तर्ज पर 56 के बखान को 36 में समेटने का प्रयास किया है। दावे अनेक किए जा रहे हैं लेकिन शंका कुशंकाओं का जन्म लेना भी वाजिब है। आमजन में इसे लेकर खुसूर-फुसूर है कि इससे बाहर से आने वाले श्रद्धालु एवं पर्यटक कम ही जुड सकेंगे। शहरी क्षेत्र के ही लोगों के लिए यह प्रारंभिक दौर का आकर्षण रहने वाला है। इसी क्षेत्र में आवासीय स्थितियों में खाद्य की दुकानों का जमकर संचालन किया जाता है। 36 वाली जगह थोडी अंदर की और भी है। शुरूआत में जरूर यहां का लब्बोलुआब लोगों को लुभाने वाला है और अच्छी खासी भीड जुटने वाली है। उसके बाद तो यहां के खाद्य सामग्री की गुणवत्ता ही आमजन को यहां खींच सकती है।

## ट्रैंडिंग




## वर्षों से पूजा करने वाले दिव्यांग पुजारी को बलपूर्वक हटाया

**उज्जैन।** भगवान श्री महाकालेश्वर के कोतवाल श्री कालभैरव मंदिर परकोटे में स्थित शिव मंदिर की पूजा करने वाले दिव्यांग पुजारी अनिल कुमार नागर को वहां से बलपूर्वक गौरव संचोरा नामक व्यक्ति ने हटा दिया है। इस मामले की शिकायत दिव्यांग पंडित नागर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों को की है। पूर्व में भी श्री नागर के साथ ऐसा हो चुका है। तत्कालीन कलेक्टर शशांक मिश्र ने उनके साथ न्याय किया था।

### पूर्व में भी वर्ष 2019 में प्रताड़ित किया गया पुजारी को

शिकायत में पुजारी नागर ने बताया कि वे दुर्गा कालोनी ईदगाह रोड के निवासी हैं। श्री कालभैरव मंदिर के परकोटे में स्थित शिव मंदिर की वर्ष 2016 से नित्य पूजा अर्चना,अभिषेक करते आ रहे हैं। 20 दिनों पूर्व गौरव संचोरा नामक व्यक्ति ने उसके पूर्वजों का मंदिर बताते हुए उन्हें नियत स्थल से पूरी तरह से बेदखल कर दिया है। इससे दिव्यांग श्री नागर शिव पूजा अर्चना से वंचित हो गए हैं। इसे लेकर उन्होंने जनसूनवाई के साथ ही जिला कलेक्टर,अनुविभागीय अधिकारी को भी व्यक्तिगत अवगत करवाया है। पूर्व में भी वर्ष 2019 में उनके साथ ऐसा ही होने पर उन्होंने तत्कालीन कलेक्टर शशांक मिश्र को जनसुनवाई में इससे अवगत करवाया था। इसके बाद उन्हें बैठाया गया था।

## 'कैरियर अपॉर्च्युनिटी इन एविएशन' पर विशेष कार्यशाला

**उज्जैन।** ए फ्लायर की निदेशक डॉ. कविता ठाकुर ने किया छात्रों का मार्गदर्शन* उज्जैन। वाणिज्य अध्ययनशाला, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में विद्यार्थियों को भविष्य की नई संभावनाओं से अवगत कराने के लिए ' कैरियर अपॉर्चुनिटी इन एविएशन सेक्टर' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में ए फ्लायर संस्थान, इंदौर की निदेशक डॉ. कविता ठाकुर मैडम ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने सारगर्भित विचार साझा किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. कविता ठाकुर मैडम ने कहा कि आज के दौर में एविएशन (विमानन) सेक्टर तेजी से उभर रहा है और इसमें युवाओं के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

### 27.16 करोड़ में बना भवन 4 सालों में ही वास्तविकता उजागर करने लगा, तीन मंजिला भवन में और भी बहुतेरी समस्याएं कर्मचारी बता रहे, कोई खुलकर सामने नहीं आ रहा

# नए नकोर प्रशासनिक संकुल भवन में तिरार, फ्लोरिंग धंसा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री मंगलनाथ मंदिर के गेट के उपरी भाग पर लगे पत्थर गिरना तो फिर भी वाजिब कहे जा सकते हैं क्योंकि उन्हें लगे 10 साल हो चुके हैं। अब तो 4 साल पहले निर्मित सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन में ही तिरार आने लगी है और फ्लोरिंग धंसने लगा है। यही नहीं और भी कई निर्माण की समस्याएं कर्मचारी बता रहे हैं लेकिन लोक निर्माण विभाग के इस काम को लेकर भी कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं है।

लोक निर्माण विभाग के पिछले वर्षों में किए गए काम अब तो खूद ही गुणवत्ता का सबूत देने के लिए तत्पर हुए जा रहे हैं। हाल ही में श्री मंगलनाथ मंदिर के मुख्य द्वार के उपरी तल से पत्थरों के गिरने की स्थिति सामने आई थी जो कि पूर्व में भी कई बार हुई है। अब उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन की स्थिति सामने आ रही है। इसे 27.16 करोड में लोक निर्माण विभाग पीआईयू ने निर्मित किया था। तत्कालीन कलेक्टर एवं वर्तमान संभागायुक्त आशीषसिंह के कार्यकाल में इसका निर्माण हुआ था और 29 मई 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसका लोकार्पण किया था।







### निर्माण की गुणवत्ता खुद ही बोलने लगी

सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल पर कलेक्टोरेट लगता है। इसी द्वितीय तल पर वीसी रूम में पास में दिवार एवं छत के भाग में सीधे तौर पर ही बडी सारी तिरार को सामान्य आंखों से ही देखा जा सकता है। लगभग आधा इंच के करीब की तिरार काफी कुछ कह रही है। यही नहीं पानी पीने के स्थान के पास जाने पर आपको एहसास होगा कि छत भी धंसी है। यहां जमीन में प्लोरिंग का पत्थर ही टूट कर छत के धंसने की गवाही दे रहा है। यही नहीं भूतल पर पार्किंग के स्थल की स्थिति को भी देखा जाए तो काफी कुछ सामने है। प्रथम तल के हाल भी बहुत ज्यादा मजबूत नहीं कहे जा सकते हैं।

### एक दर्जन से अधिक कार्यालय

तृतीय तल पर संभागायुक्त कार्यालय,द्वितीय तल पर जहां भवन अपने गुणवत्ता की गवाही दे रहा है वहां कलेक्टोरेट कार्यालय संचालित होता है। इसके अलावा इस भवन में भूतल पर लोक सेवा गारंटी कार्यालय योजना सांख्यिकी कार्यालय एवं पेंशन, तीन अपर कलेक्टर, तीन डिप्टी कलेक्टर, भारत निर्वाचन, जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय, भू-अभिलेख कार्यालय, जिला अन्त्यावसायी कार्यालय, लोक सेवा, एनआईसी एवं मीटिंग हॉल है।

### 27 करोड़ से अधिक की लागत

प्रशासकीय संकुल भवन का निर्माण 27 करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से किया गया है। निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग पीआईयू उज्जैन थी। भवन निर्माण के ठेकेदार ग्वालियर के आरबी गर्ग थे। प्रशासनिक संकुल भवन के भूतल पर 4125 वर्गमीटर में वाहनों हेतु पार्किंग, प्रथम तल पर 3925 वर्गमीटर में एसडीएम, तहसील कार्यालय एवं द्वितीय तल पर 3925 वर्गमीटर में कलेक्टर कार्यालय तथा तृतीय तल पर 1970 वर्गमीटर में संभागायुक्त कार्यालय का निर्माण किया गया । भवन में चार स्टेयर केस है। पांच लिफ्ट है। चार लिफ्ट 13 पैसेंजर एवं एक 28 पैसेंजर की है। सम्पूर्ण भवन में फायर फाईटिंग सिस्टम लगाया गया है। भूतल पर लगभग 500 दो पहिया वाहन एवं 40 चार पहिया वाहन खड़े किये जाने की पार्किंग क्षमता है। प्रथम तल पर 49 कक्ष हैं। द्वितीय तल पर कुल 44 कक्ष हैं। तृतीय तल पर कुल 25 कक्ष हैं। भवन में प्रवेश के चार द्वार है। भवन को प्रकाश एवं वेंटिलेशन की आवश्यकता अनुसार ओपन कोर्टयार्ड पेटर्न में रखा गया है।

## महिला पथ विक्रेताओं से अभद्रता और अवैध जब्ती पर भड़का आक्रोश




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन के तहत, हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ महाकाल, उज्जैन ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने नगर निगम कर्मचारियों और असामाजिक तत्वों द्वारा महिला पथ विक्रेताओं के साथ मारपीट, अभद्रता और सामान लूटने की घटनाओं पर कड़ा विरोध जताया है।

**अधिकारियों पर 'स्ट्रीट वेंडर एक्ट' के उल्लंघन का आरोप:** ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि 5 फरवरी को मोनू थनवार, आनंद भैरवे, नितिन बाली, अंगत बाली, मोईनुद्दीन चौधरी और अन्य कर्मचारियों ने 'स्ट्रीट वेंडर एक्ट 2014' और वेडिंग सर्टिफिकेट होने के बावजूद गैरकानूनी तरीके से सामान जब्त किया। जब्ती के दौरान न तो कोई सीजर मेमो दिया गया और न ही टीवीसी कमेटी की सिफारिश ली गई।

## सिंहस्थ विकास कार्यों से महानगर बनेगा उज्जैनः सांखला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला ने सिंहस्थ 2028 के लिए चल रहे विकास और निर्माण कार्यों पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री के विजन की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यों से उज्जैन महानगर का स्वरूप ले रहा है।

**विकास कार्यों से मिलेगी शहर को नई पहचानः** सांखला ने कहा कि एक तरफ क्षिप्रा शुद्धिकरण और खान (कान्ह) डायवर्सन का कार्य प्रगति पर है, वहीं घाटों के निर्माण से उज्जैन की नई पहचान बनेगी। मंदिरों, सिंहस्थ पड़ाव क्षेत्र और शहरी विकास के अलग-अलग मास्टर प्लान शहर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र और मध्य प्रदेश की भाजपा सरकारें संयुक्त रूप से उज्जैन को संवारने में जुटी हैं।

**कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोरः** उन्होंने रेलवे कनेक्टिविटी, प्लेटफार्म के सौंदर्यीकरण और सैकड़ों नई व अस्थायी ट्रेनों के ठहराव की प्रगति को सराहनीय बताया। सांखला ने मंदिरों के आसपास व्यापक वाहन स्टैंड, शहर को सिंहस्थ क्षेत्र से जोड़ने वाली अनेक पुलियाओं व रास्तों के निर्माण, नर्मदा-क्षिप्रा लिंक परियोजना से जल प्रवाह और सड़कों के चौड़ीकरण पर भी खुशी जताई। इसके साथ ही, उज्जैन से हवाई यात्रा को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के निर्णय का भी स्वागत किया।

## पीपलीनाका पर सड़क चौड़ीकरण के विरोध में रोड जाम, रहवासी सड़क पर उतरे



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के पीपली नाका क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के विरोध में गुरुवार को रहवासियों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और मार्ग पर जाम लगा दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना पर्याप्त सूचना और वैकल्पिक व्यवस्था के की जा रही कार्रवाई से कई मकान एवं दुकानों पर असर पड़ रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांग की कि चौड़ीकरण से प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और पुनर्वास की स्पष्ट योजना दी जाए। रहवासियों का आरोप है कि सर्वे की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही और कई आपत्तियों पर विचार नहीं किया गया।

सूचना मिलते ही पुलिस और नगर निगम का अमला मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाइश देने का प्रयास किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्रभावितों की समस्याओं का समाधान नियमों के तहत किया जाएगा और किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

करीब एक घंटे तक चले विरोध के कारण क्षेत्र में यातायात प्रभावित रहा। बाद में प्रशासन की समझाइश के बाद जाम समाप्त हुआ और आवागमन सुचारू हो सका।

## निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से आयोजित निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान दिल से कहो, अपने मोहन जी है न संपूर्ण उज्जैन जिले में निरंतर जारी है, जिसमें हजारों नागरिकों ने अपनी हृदय जांच करवाई है एवं सैकड़ो लोगों का उपचार विभिन्न अशासकीय अस्पतालों में निरंतर जारी है। इसी श्रृंखला में आज तराना विधानसभा के मकान एवं बड़नगर विधानसभा के जहांगीरपुर में सिविल आयोजित होगा।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से प्रारंभ इस अभियान में उज्जैन जिले की प्रत्येक विधानसभा में आयुष्मान अंतर्गत हृदय जांच हेतु अधिसूचित अस्पतालो के सहयोग से अनेकों शिविरों का आयोजन किया गया है। इसी श्रृंखला में नागदा खाचरोद विधानसभा के मडाव्दा में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ के आतिथ्य में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री धाकड़ ने नागदा खाचरोद विधानसभा सहित सम्पूर्ण उज्जैन जिले के नागरिकों से इस अभियान में सहभागिता कर लाभ लेने का आह्वान किया। शिविरों की श्रृंखला में महिदपुर विधानसभा के रणायरापीर में पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान के आतिथ्य में चोईथराम हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग से शिविर सपन्न हुआ।



**आज माकडोन एवं जगदीशपुर (जहांगीरपुर) में शिविरः** खोईवाल ने आगे बताया कि अभियान की श्रृंखला में आज तराना विधानसभा के माकडोन में एस एन कृष्णा हॉस्पिटल एवं बड़नगर विधानसभा के जहांगीरपुर में अवंती हॉस्पिटल उज्जैन के सहयोग से शिविर आयोजित किया जाएगा।

**लाभ लेने की अपीलः** जिलाधीश रोशनकुमार सिंह, सीएमएचओ अशोक कुमार पटेल, पूर्णिमाश्री सेवा संगठन के अध्यक्ष विक्रमसिंह गोंदिया, धर्मेन्द्रसिंह भदौरिया, उज्जैन नगर अभियान संयोजक दीपक अग्रवाल, प्रकाश गोमे, कन्हैयालाल चौहान, विजय द्विवेदी, बाबूलाल पंवार, कांतीलाल परमार, सोनू भाटिया, जितेंद्र परमार,कमल बिलोनीया, अजय मकवाना, सुरेन्द्र मेहर, राजेश अहिरवार, महेंद्र गोमे, सुनील मेहर,दिलीप गांगोलिया, जितेंद्र चौधरी,अमृतेष त्रिवेदी , विकास करपरीया, पवन मकवाना,राजेश चौधरी, मनोज नागदेव,कमल चौधरी, अशोक माली, विकास मालवीय, धर्मेन्द्र सोलंकी, लखन परमार, सुभाष चोधरी,अर्जुन गोमे, चेतन बोरीवाल, विकास बाड़ोलिया सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों ने शिविर में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील शहरवासियों से की है।

## महाराजा महाविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन का सफल आयोजन




**उज्जैन।** महाराजा महाविद्यालय में विगत दिनों पूर्व छात्र सम्मेलन, एलूमनाई मीट का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने विचारों को व्यक्त करते हुए संस्था के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र कुमार लड्डा ने कहा कि यह सम्मेलन केवल पुरानी यादें ताजा करने का माध्यम नहीं है, बल्कि एक-दूसरे की हिम्मत बनने का माध्यम भी है। हम अपनी विशेषज्ञता से एक-दूसरे साथी की और अपने जूनियर छात्रों की मदद कर सकते हैं। आइए वादा करें कि हम इस जुड़ाव को केवल आज के दिन तक ही सीमित नहीं रखेंगे।

संस्था के सीईओ श्री शांतिलाल जैन ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि एलूमनाई मीट एक महत्वपूर्ण आयोजन है. यह वर्षों बाद पुराने साथियों को एक-दूसरे से मिलने का अवसर प्रदान करता है।

## श्री राम महल दरबार में निशान यात्रा एवं फाग महोत्सव मेला आज



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में होली महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं और धार्मिक उत्साह का माहौल बन चुका है। इसी कड़ी में श्री राम महल दरबार, खाटू श्याम जी मंदिर में परंपरानुसार प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला निशान यात्रा एवं फाग महोत्सव मेला 27 फरवरी 2026 (शुक्रवार) को परम पूज्य बाबा साहब अंजनी सखी गुरूजी के सान्निध्य में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस पावन आयोजन में खाटू श्याम बाबा की दिव्य ज्योत श्रृंगार दर्शन, 56 भोग प्रसादी, फूलों की होली, मधुर भजन संध्या और भोजन प्रसादी का विशेष प्रबंध रहेगा।

दोपहर 3 बजे पिपली नाका चौराहे से निशान यात्रा का शुभारंभ होगा, जिसमें हजारों श्याम प्रेमी भक्त शामिल होंगे। यात्रा भव्यता के साथ श्री राम महल दरबार तक पहुंचेगी। मार्ग में कई स्थानों पर मंच लगाकर बाबा साहब अंजनी सखी गुरूजी एवं भक्तों का स्वागत किया जाएगा। यात्रा समाप्त होने के बाद फाग महोत्सव मेला प्रारंभ होगा, जिसमें खाटू श्याम बाबा को फूलों की होली खेली जाएगी, 56 भोग अर्पित किया जाएगा और भजन संध्या के माध्यम से बाबा को रिझाया जाएगा।

आयोजकों ने सभी भक्तों से अपील की है कि वे सपरिवार बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर इस पावन फागोत्सव का आनंद लें, भजन संध्या में शामिल हों और प्रसादी ग्रहण करें। यह आयोजन न केवल होली के रंगों को धार्मिक उत्साह से जोड़ेगा, बल्कि श्याम प्रेमियों के बीच भक्ति और एकता का संदेश भी देगा।

# विकास के नाम पर खुदी सड़कें बनी लोगों के लिए मुसीबत

### जर्जर व उखड़ी सड़कों पर चलना लोगों के लिए जोखिम भरा, सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी सड़कों की हालत खस्ता, काम पूरा होने के बाद ना तो सड़क का ठीक से भराव किया जा रहा ना ही रिपेयर करवाई जा रही, रहवासियों के लिए परेशानी का सबब बनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी गई कई सड़कों को दुरुस्त नहीं करवाया गया है ऐसे में यह रहवासियों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। जबकि कुछ दिन पहले निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने एक निर्देश जारी कर कहा था कि जहां पर भी सीवरेज लाइन सहित अन्य कार्यों के लिए विभिन्न मार्गो की सड़कें खोदी जा रही है वहां की मिट्टी तत्काल हटाए व कार्य पूरा होने के बाद मार्ग की सड़क की तुरंत सही से मरम्मत करवाई जाए ताकि नागरिकों को कोई परेशानी ना हो। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सीवरेज लाइन बिछाने के लिए सड़क को खोदा था । लेकिन अब कार्य पूरा होने के बाद ना तो सड़क की मरम्मत करवाई गई है ना ही इसका ठीक से भराव किया गया है, इस कारण सड़क उबड़-खाबड़ स्थिति में है। लोगों को यहां से निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



डाबरी पीठा क्षेत्र की सड़क



नई सड़क गोराना कुलर के समीप की सड़क



नई सड़क तिलक मार्ग की सड़क

### इन क्षेत्रों की सड़कों को नहीं सुधारा, नई सड़क पर तिलक मार्ग

नई सड़क पर तिलक मार्ग पर स्थित गली नंबर 6 में एक माह पहले सीवरेज लाइन बिछाने के लिए यहां की सड़क को खोदा था लेकिन कार्य पूरा होने के बाद ना तो ठीक से भराव किया गया ना ही सड़क की मरम्मत करवाई गई। इसी तरह नई सड़क पर गोराना कुलर के समीप सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी सड़क भी जर्जर स्थिति में है।

### डाबरी पीठा क्षेत्र

डाबरी पीठा क्षेत्र में नैनाल जमात खाने के समीप मार्ग की की सड़क को भी कई जगह से सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदा गया था लेकिन कार्य पूरा होने के बाद ना तो मिट्टी का भराव ठीक से किया गया ना ही सड़क को वापस दुरुस्त करवाया।

### ना ही मलबा उठा रहे ना ही सड़क की मरम्मत हो रही

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जहां पर भी सीवरेज लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी जा रही है उस स्थान पर बैरिकेड्स लगाकर उसे सुरक्षित किया जाए साथ ही मलबा भी तत्काल हटाए और कार्य पूरा होने के बाद सड़क की तुरंत सही से मरम्मत करवाई जाए ताकि नागरिकों को कोई परेशानी ना हो। लेकिन कार्य पूरा होने के बाद कई जगह की सड़कें नहीं सुधारी गई है इस कारण जर्जर व उखड़ी हुई इन सड़कों पर चलना लोगों के लिए जोखिम भरा हो गया है।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार




# सिंहस्थ क्षेत्र में आश्रम की आड़ में कर दिया था लग्जरी होटल निर्माण, निगम ने चलाया बुलडोजर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ की आरक्षित भूमि पर आस्था की आड़ लेकर किए जा रहे व्यावसायिक अतिक्रमण के विरुद्ध बुधवार को नगर निगम और जिला प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। सुबह भारी पुलिस बल के साथ नगर निगम की रिमूवल गैंग लालपुर और नरसिंह घाट क्षेत्र पहुंची, जहां 'आश्रम' निर्माण के नाम पर बनाए जा रहे आलीशान और होटलनुमा अवैध ढांचों को जमींदोज कर दिया गया।

प्रशासन को सूचना मिली थी कि श्री स्वामी पुण्यानंद आश्रम शंकराचार्य मठ, क्षत्रिय कलोता समाज पारमार्थिक न्यास और अखिल भारतीय चंद्रवंशी बागरी समाज जैसे प्रमुख स्थानों पर आश्रम की आड़ मे लग्जरी होटल जैसी भव्य इमारतें खड़ी की जा रही हैं। इसी क्रम में शंकराचार्य मठ, माधवानंद आश्रम और इंद्रदेव गुरु के अवैध शेड परिसर में बने अवैध पक्के निर्माण पाए गए। अपर आयुक्त संतोष टैगोर और एसडीएम के नेतृत्व में चली इस मुहिम में जेसीबी और पोकलेन के माध्यम से लगभग एक लाख स्केयर फिर क्षेत्र से अवैध निमार्णों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई ने स्पष्ट कर दिया है कि सिंहस्थ क्षेत्र की मयार्दा और मास्टर प्लान का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**आश्रम के नाम पर बना ली थी लग्जरी होटल-** कार्रवाई के दौरान यह बात देखने को मिली कि आश्रम के नाम पर लग्जरी होटल का निर्माण कई स्थान पर कर लिया गया था। सुबह नगर निगम की टीम पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कुछ विरोध देखा गया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के कारण यह कार्रवाई जारी रही और अतिक्रमण हटा दिया गया।

### निगमायुक्त ने जर्जर मकानों का चिन्हांकन और बिजली के तारों को व्यवस्थित करने को कहा

# होली-रंगपंचमी के पहले नगर निगम की तैयारी

## जर्जर बिल्डिंगों की पहचान कर तैयार करें लिस्ट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

होली और रंगपंचमी के त्योहार को देखते हुए जर्जर मकानों का चिन्हांकन और बिजली के तारों को व्यवस्थित किया जाएगा। इसे लेकर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए हैं। ऐसा रंगपंचमी पर निकलने वाली गेर को लेकर किया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास है कि गेर देखने के लिए कोई जर्जर मकान में न जाए। इसलिए उसे पहले से चिन्हित कर बोर्ड लगा दिया जाए।

निगमायुक्त ने निर्देशित किया है कि सभी जोन के बिल्डिंग अधिकारी, जोनल अधिकारी और भवन निरीक्षक अपने-अपने इलाकों में सर्वे कर यह सुनिश्चित करें कि कहीं कोई जर्जर बिल्डिंग तो नहीं है, यदि ऐसी बिल्डिंग चिन्हित होती है तो उनकी लिस्ट तैयार करें, बिल्डिंगों का स्पष्ट रूप से चिन्हांकन करें, संबंधित स्थानों पर चेतावनी स्वरूप फ्लेक्स लगाए जाएं। साथ ही आवश्यकता अनुसार बैरिकेडिंग कर लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाए। त्योहारों के दौरान विशेष रूप से उन रास्तों पर ध्यान देने के लिए कहा है जहां होली व रंगपंचमी के अवसर पर जुलूस, गेर और अन्य पारंपरिक आयोजन होते हैं।



### विद्युत व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं समन्वय

निगमायुक्त ने विद्युत विभाग से कहा कि वे अपने-अपने जोन इलाकों में मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के साथ समन्वय बनाकर अव्यवस्थित केबल वायर, तारों के गुच्छे या नीचे लटके बिजली के तारों का चिन्हांकन करें। ऐसी जगह जहां तारों के कारण मार्ग में बाधा उत्पन्न हो रही है या एक्सीडेंट की आशंका हो, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करते हुए तारों को व्यवस्थित किया जाए। आवश्यकतानुसार ऊंचाई और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। आम जनता के आवागमन में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

### विद्युत व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं समन्वय

इसी क्रम में जनकार्य (वर्कशॉप), जल प्रदाय, रिमूवल शाखा सहित नगर निगम के सभी जोन को अपने-अपने इलाकों से संबंधित व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। सड़कों की मरम्मत, गड्ढों का समतलीकरण, जल आपूर्ति व्यवस्था की सुचारुता, कचरा कलेक्शन और तुरंत निराकरण, आवश्यक मशीनरी और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। संबंधित अधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं।

### जर्जर मकान पर रिमूवल की कार्रवाई

इधर, निगमायुक्त के निर्देश पर जर्जर और खतरनाक बिल्डिगों पर रिमूवल की कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में जोन क्रमांक 2 के वार्ड 69 में एक जर्जर मकान के रिमूवल की कार्रवाई की गई। यहां पर ओल्ड राजमोहल्ला में 800 स्क्वेयर फीट के गोपाल मिश्रा के जर्जर मकान पर नगर निगम ने रिमूवल की कार्रवाई की। इस दौरान निगम के अधिकारी व अमला मौजूद रहा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया स्पेशल होली हैम्पर लॉंच

# दीदियों ने किया 1 वर्ष में 310 करोड़ रूपए का व्यापार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियाँ एकता की शक्ति का सजीव उदाहरण है। बहनों द्वारा एकजुटता से किए जा रहे प्रयास 'बंद मुट्ठी लाख की' के भाव को चरितार्थ करते हुए देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

बहनें आज ट्रैक्टर से लेकर ड्रोन तक चलाने के साथ गैस और पेट्रोल रिफिलिंग जैसे कार्य भी कर रही हैं। कैफे संचालन से लेकर मार्केट का टारगेट पूरा करने में अव्वल बहनें अचार, पापड़ निर्माण सहित कई छोटे उद्योगों से बेहतर कमाई कर रही हैं। भारतीय संस्कृति में मातृ सत्ता का विशेष महत्व है। राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश की बहनें सशक्त हो रही हैं। प्रदेश के 5 लाख स्व-सहायता समूहों से 65 लाख से अधिक दीदियां जुड़कर सशक्त हुई हैं। इनमें से 12 लाख से अधिक दीदियां लखपति दीदी बन चुकी हैं। राज्य सरकार प्रदेश की बहनों के सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूहों ने एक वर्ष में विभिन्न कंपनी और मेलों के माध्यम से 310 करोड़ रुपए का व्यापार किया है।

मध्यप्रदेश, देश का सर्वाधिक प्राकृतिक खेती वाला राज्य है। हमारे स्व-सहायता समूहों की 50 हजार बहनें प्राकृतिक खेती में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में महिला बाल विकास विभाग में 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। साथ ही बजट का कुल 34 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण विकास पर खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री भोपाल में स्वसहायता समूहों की आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का शुभारंभ कर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

# विक्रम नाट्य समारोह : स्वर लहरियों के साथ सौगंधिकाहरण का मंचन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ डॉ. जफर महमूद**

**उज्जैन।** विक्रमोत्सव-2026 के अंतर्गत दस दिवसीय राष्ट्रीय विक्रम नाट्य समारोह का समाहार हुआ। समापन संध्या कर्नाटक संगीतज्ञ मनोहर के निर्देशन में अभंग नाद की प्रस्तुति हुई। इस प्रस्तुति में तबला, मृदंगम, घटम, काजोन, ढोलक, वायलिन और बांसुरी जैसे विविध वाद्यों का समन्वित प्रयोग और संयोजनने महाराष्ट्र की समृद्ध अभंग परंपरा को मंच पर सजीव किया । भगवान विठ्ठल की स्तुति में रचित अभंगों को शास्त्रीय लय, प्रयोग धर्मी संयोजन और सजीव ताल-संवाद के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। पारंपरिक भक्ति-भाव और समकालीन ध्वनियों के इस प्रभावी संगम ने श्रोताओं को भक्ति और लय के अद्वितीय अनुभव से जोड़ते हुए पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कलाकारों की सुमधुर स्वर लहरियों ने श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर एक दिव्य वातावरण का सृजन किया। दूसरी प्रस्तुति में प्रख्यात नाट्य निर्देशक पियाल भट्टाचार्य के निर्देशन में नाटक सौगंधिकाहरण के प्रभावी मंचन हुआ। सौगन्धिकाहरण संस्कृत साहित्य का प्रसिद्ध एकांकी नाटक है।जिसे विश्वनाथ ने अपने साहित्य दर्पण में उद्धृत किया है। यह नाटक महाभारत के वन पर्व में वर्णित भीम द्वारा द्रौपदी के लिए सुगंधित नीलकमल लाने की कथा पर आधारित है। वनवास के दौरान द्रौपदी द्वारा सौगन्धिक फूल की इच्छा करने पर भीम का उसे खोजने निकलना और गंधमादन पर्वत पर हनुमान से मिलना बताया गया है। नाटक व्यायोग शैली में निबद्ध है,जो संस्कृत नाट्यशास्त्र के दस रूपों में से एक है ।इसमें वीरता या संघर्ष का चित्रण है।यह नाटक काव्यात्मक और नाटकीय तत्वों के संयोजन के लिए जाना जाता है, जिसमें भीम और हनुमान के बीच का संवाद विशेष उल्लेखनीय है। प्रस्तुति में भीम और हनुमान के प्रसंग के माध्यम से आत्मसंयम, विनय और धर्म का प्रभावी संदेश दिया गया। पौराणिक कथा पर आधारित नाटक ने दर्शकों को संदेश दिया कि सच्चा पराक्रम केवल शक्ति में नहीं, बल्कि संयमित और विवेकपूर्ण आचरण में निहित है। कथा के अनुसार वनवास के दौरान पाण्डवों के आश्रम में वायु द्वारा लाया गया दिव्य सौगन्धिक पुष्प द्रौपदी को प्राप्त होता है। पुष्प की अलौकिक सुगंध से प्रभावित होकर द्रौपदी ऐसे और पुष्पों की इच्छा प्रकट करती हैं, जिसे पूर्ण करने हेतु भीम गन्धमादन वन की ओर प्रस्थान करते हैं।



## मालवा निमाड़ का 87वां ग्रिड बुरहानपुर शहर में ऊर्जीकृत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शासन की महत्वपूर्ण रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस ) मालवा निमाड़ निमाड़ में नए 33/11 केवी ग्रिड श्रृंखलाबद्ध रूप से बनाए जा रहे हैं। आरडीएसएस अंतर्गत मालवा निमाड़ का 87वां सब स्टेशन बुरहानपुर शहर के मंडी क्षेत्र में ऊजीर्कृत किया गया। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि इस नए ग्रिड से बुरहानपुर मध्य शहर के हजारों उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में ज्यादा गुणवत्ता से बिजली मिलेगी।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि निमाड़ का 26वां और पश्चिम क्षेत्र कंपनी का यह 87वां ग्रिड बुरहानपुर के मध्य शहरी क्षेत्र में 2.18 करोड़ रूपए से निर्मित हुआ है। इसकी क्षमता 5 एमवीए हैं। इससे मध्य शहरी क्षेत्र को ज्यादा गुणवत्ता से बिजली मिलेगी। अनूप कुमार सिंह ने बताया कि निमाड़ में सबसे ज्यादा ग्रिड बुरहानपुर, खंडवा में 8, 8, खरगोन में 6, बड़वानी में 4 तैयार किए गए है। वहीं इंदौर शहर व ग्रामीण वृत्त में कुल 13, उज्जैन जिले में 12 ग्रिड तैयार किए गए हैं।

### बाबा के दर्शन करने पहुंचे तमिल फिल्म अभिनेता विक्रम प्रभु

# बोले- महाकाल बाबा से ऊर्जा मिलती है

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

तमिल फिल्म अभिनेता और निमार्ता विक्रम प्रभु ने 25 फरवरी को शादी की सालगिरह पर ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन का लाभ लिया। इस दौरान उन्होंने चांदी द्वार से बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन किया और उसके बाद उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल की आरती का भी लाभ अर्जित किया।

महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि विक्रम प्रभु तमिल भाषा की फिल्मों में काम करने वाले एक भारतीय अभिनेता हैं, जिन्होंने फिल्म कुमकी से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। वे अभिनेता प्रभु के पुत्र और दिग्गज अभिनेता शिवाजी गणेशन के पोते हैं। बुधवार सुबह वह अपनी पत्नी के साथ बाबा महाकाल के दर्शन करना आए थे जहां बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद उन्होंने अपने मस्तक पर जय श्री महाकाल का तिलक लगाया और फिर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेकर यहां से रवाना हो गए।

बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद विक्रम प्रभु ने मंदिर की व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए कहा कि यहां की सफाई के साथ ही दर्शन व्यवस्था इतनी अच्छी है कि इसके बारे में जितना कहा जाए उतना कम है। उन्होंने कहा कि मैं अपनी पत्नी के साथ शादी की सालगिरह पर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने आया था। पहले भी मैं मंदिर में आ चुका हूं। मंदिर में मुझे पॉजिटिव एनर्जी मिलती है और बाबा महाकाल का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है।

### जानिए कौन है विक्रम प्रभु

विक्रम प्रभु तमिल भाषा की फिल्मों में काम करने वाले एक भारतीय अभिनेता हैं, जिन्होंने प्रभु सोलोमन की फिल्म कुमकी से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। उन्होंने इवान वेरामथिरी और वेल्लैकारा दुरई में भी मुख्य भूमिका निभाई। वे अभिनेता प्रभु के पुत्र और दिग्गज अभिनेता शिवाजी गणेशन के पोते हैं। विक्रम प्रभु ने प्रभु सोलोमन की फिल्म 'कुमकी' (2012) से अभिनय की शुरूआत की, जिसमें उन्होंने हाथियों के साथ काम करने के लिए प्रशिक्षित एक किरदार निभाया। यह फिल्म दिसंबर 2012 में रिलीज हुई और समीक्षकों द्वारा सराही गई तथा व्यावसायिक रूप से सफल रही। विक्रम प्रभु ने तमिल सिनेमा में कई उल्लेखनीय फिल्मों के साथ अपनी पहचान बनाई, जिसकी शुरूआत उन्होंने मुख्य भूमिका में इवान वेरामथिरी (2013) से की।



इसके बाद उन्होंने आनंद शंकर द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर अरिमा नम्बी (2014) और पारिवारिक एक्शन एंटरटेनर सिगरम थोडु (2014) में काम किया, जिसमें वे सत्यराज और मोनाल गज्जर के साथ दोहरी भूमिकाओं में नजर आए।

### 2 मार्च को होलिका दहन, चंद्रग्रहण से बन रही असमंजस की स्थिति साफ

# उज्जैन में 3 मार्च को मनाई जाएगी होली



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

होलिका दहन और होली की तारीख को लेकर इस साल लोगों में असमंजस बना हुआ है। इस साल यह असमंजस है कि होलिका दहन 2 मार्च को होगा या 3 मार्च को और रंगों वाली होली आखिर किस दिन मनाई जाएगी। बाबा गुमानदेव पीठ के ज्योतिषाचार्य पंडित चंदन श्याम नारायण व्यास के अनुसार इस साल होलिका पूजन और दहन फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा 2 मार्च 2026, सोमवार की शाम को किया जाएगा।

पंचांग के अनुसार 2 मार्च को शाम 6:27 बजे तक होलिका दहन का मुहूर्त है। उन्होंने बताया कि शास्त्र के अनुसार धुलेंडी पर्व 3 मार्च को है, लेकिन इस दिन चंद्रग्रहण होने से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। चंद्रग्रहण का सूतक 3 मार्च मंगलवार सुबह 6:30 बजे से शुरू होगा, जिसके बाद शाम 6:47 तक चन्द्र ग्रहण का मोक्ष रहेगा। इस चंद्रग्रहण के दौरान कुल 17 मिनट तक यह उज्जैन में भी दिखाई देगा। 3 मार्च को चंद्रग्रहण का सूतक होने से यह स्थिति साफ है कि या तो होली का त्यौहार चंद्रग्रहण का सूतक लगने के पहले यानी कि सुबह 6:30 के पहले मनाया जाए या शाम को 6:47 के बाद मनाया जाए। उन्होंने कहा कि शास्त्रोक्त अनुसार होली का उत्सव 3 मार्च 2026 मंगलवार को ही मनाया जाएगा।



### होलिका दहन शाम को होगा

शास्त्रों के अनुसार होलिका दहन हमेशा रात में और पूर्णिमा तिथि में ही किया जाता है। दिन में होलिका जलाने की परंपरा नहीं है। यही वजह है कि होलिका दहन के लिए रात का समय ही शुभ माना गया है। इस बार पूर्णिमा तिथि 2 मार्च की शाम से शुरू हो रही है, इसलिए होलिका दहन भी 2 मार्च की शाम को ही होगा।

### क्यों बन रही असमंजस की स्थिति

तिथि और वार के बदलने की वजह से हर साल होली की तारीख को लेकर भ्रम रहता है। कुछ लोग सिर्फ कैलेंडर देखकर तारीख मान लेते हैं, जबकि त्योहार तिथि के हिसाब से मनाए जाते हैं। इस बार पूर्णिमा तिथि पर चंद्र ग्रहण लग रहा है, जिस वजह से ऐसी स्थिति बनी हुई है। पंचांग के अनुसार शास्त्रीय नियमों को देखें तो होलिका दहन 2 मार्च की शाम को ही होगा और रंगों वाली होली 3 मार्च को मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्य पं. चंदन श्याम नारायण व्यास ने बताया कि होलिका दहन से पहले होलिका की पूजा करें। पूजा में नारियल, गुड़, गेहूं की बालियां और गुलाल चढ़ाया जाता है। होलिका के चारों ओर परिक्रमा करके मन में बुरी आदतों को छोड़ने का संकल्प लें।

## परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**इंदौर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा ऑफलाइन पद्धति से राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 का आयोजन आगामी 1 मार्च को किया जाएगा। उक्त परीक्षा के लिए इंदौर के शासकीय और अशासकीय स्कूलों व कॉलेजों को केन्द्र बनाया गया है। शहर में आयोजित इस परीक्षा में कुल 38 हजार 144 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी। राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 परीक्षा के सम्पूर्ण संचालन हेतु संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े को परीक्षा समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आज संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देश पर संभागायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त राजस्व एवं प्रभारी परीक्षा अधिकारी सपना एम. लोवंशी ने बैठक में बताया कि सेट के प्रश्नपत्र में बहुवैकल्पिक प्रश्न होंगे।

# होली पर्व के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों में सघन जांच जारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मुख्यमंत्री द्वारा होली पर्व के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की सघन जांच कर मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। उक्त निदेर्शों के अनुक्रम में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में होली पर्व को देखते हुए जिले में विशेष सघन जांच अभियान निरंतर संचालित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिक से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के अधिकाधिक नमूने लिए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर के निदेर्शों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में प्रभावी कार्रवाई की गई है। इसी क्रम में 25 फरवरी 2026 को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दलों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान नंदलालपुरा स्थित शिवशक्ति दूध दही भंडार का निरीक्षण किया गया, जहां श्री नीलेश राठौर प्रतिष्ठान का संचालन करते हुए पाए गए। मौके पर दूध, दही, पनीर एवं लस्सी का निर्माण एवं विक्रय किया जाना पाया गया। साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक रही। यहां से दूध एवं दही के कुल 02 नमूने जांच हेतु लिए गए।

जवाहर मार्ग, नंदलालपुरा सब्जी मंडी स्थित जैन नमकीन भंडार का निरीक्षण किया गया, जहां श्री अभय जैन संचालन करते हुए पाए गए। प्रतिष्ठान पर विभिन्न प्रकार के नमकीन का निर्माण एवं संग्रहण पाया गया। साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। यहां से लौंग सेव का 01 नमूना लिया गया। सपना स्वीट्स, इमली बाजार से मिठाई के 02 नमूने लिए गए। अजय स्वीट्स, सादर बाजार से दूध कतली एवं मिल्क केक के कुल 02 नमूने लिए गए।

न्यूज-कॉलम



## उदयगढ़ में भगोरिया मेले की तैयारियों का कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा

**आलीराजपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उदयगढ़ भगोरिया में प्रस्तावित आगमन को लेकर उदयगढ़ में आयोजित होने वाले भगोरिया मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह ने भगोरिया स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। वहीं स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाने, जनपद सीईओ को ई-केवाईसी एवं समग्र शिविर आयोजित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणजन शासकीय योजनाओं का लाभ उठा सकें। कलेक्टर ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के आगमन की संभावना को देखते हुए कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा व्यवस्थित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन करने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल, अनुविभागीय अधिकारी श्री वीरेंद्र बघेल,तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम बबलाई में आदिवासी वनांचल में भगोरिया हाट की धूम



**मंडलेश्वर** । समीपस्थ ग्राम बबलाई में बुधवार को लगे भगोरिया हाट में ग्राम सहित आसपास के 20 आदिवासी वनांचल ग्रामों के हजारों ग्रामीण वासी महिला ,पुरुष, बच्चे ,बूढ़े पारंपरिक वेशभूषाओं में से शामिल हुए। समाजजनों में इस पर्व को लेकर सुबह से ही उत्साह देखा गया। भगोरिया हाट की शुरूआत पंचायत भवन के पास स्थित भगवान टंट्या मामा मंदिर में प्रतिमा की पूजा अर्चना और माल्यार्पण से हुई ।दोपहर बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी।ढोल मांडल की थाप पर आदिवासी पारंपरिक वेशभूषाओं में समाजजन खूब थिरके । ग्रामीण महिलाओं , बच्चों ने जमकर खरीदारी की द्य बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। मीठे और नमकीन व्यंजनों शीतल पेय,आइसक्रीम का लुत्फ उठाया। समाजजनों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। युवक युवतियां पारंपरिक वेशभूषाओं में मांडल की थाप पर थिरकते हुए सेल्फी लेते हुए नजर आए। पुलिस और राजस्व विभाग के पटवारियों, कोटवारों की टीम ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली। शाम 7 बजे तक भगोरिया हाट में उल्लास छाया रहा।

## झारबडे मेडिकल क्लीनिक में स्वास्थ्य



## शिविर का आयोजन किया

**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा बैतूल इकलहरा में 26 फरवरी गुरुवार को झारबडे मेडिकल क्लीनिक में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। 26 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के डॉ. सत्यम मिश्रा के द्वारा इस मौसम में होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप, ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में, एवं ऑल इज वेल हॉस्पिटल स्टाफ के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल

# नगर की बदहाल आर्थिक और सफाई व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार की दोगली नीतियों के विरुद्ध कांग्रेस ने प्रदर्शन करते हुए सौपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद




नगर की बदहाल आर्थिक और सफाई व्यवस्था को लेकर बुधवार को कांग्रेस ने भाजपा पर पलटवार किया। कांग्रेस नेताओं ने नगरपालिका की दुर्दशा के लिए भाजपा और मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेंद्र मिश्रा को सीधे-सीधे जिम्मेदार ठहराया।

नपाध्यक्ष सुनीता इंदर बिरला के नेतृत्व में कांग्रेस ने नगरपालिका भवन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया और एसडीएम सत्यनारायण दर्रो को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सनावद नगरपालिका के सफाई विभाग सहित अन्य विभागों के कर्मचारी रुके हुए वेतन की मांग को लेकर पिछले एक सप्ताह से काम बंद हड़ताल कर रहे हैं। नगरपालिका कार्यालय में ताले लगाने के कारण स्थानीय निकाय से जुड़े नागरिकों के काम नहीं हो पा रहे हैं। नगरवासी नगरपालिका के कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन काम नहीं हो रहे हैं। सफाई कर्मचारी हड़ताल पर होने के कारण नगर की साफ-सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। ज्ञापन में कहा गया कि शासन के द्वारा जो चुंगी की राशि स्थानीय निकाय को दी जाती है, वह राशि भी पर्याप्त नहीं आ रही है। सीएमओ राजेंद्र मिश्रा नगर पालिका कार्यालय में पर्याप्त समय नहीं देते हुए अधिकांश समय छुट्टी पर रहते हैं।इस कारण कर वसूली का कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है। ज्ञात हुआ है कि पिछले वर्ष भी कर वसूली लगभग 30 प्रतिशत ही हुई थी और एवं इस वर्ष भी अभी तक लगभग 15 से 20 प्रतिशत ही कर वसूली हो पाई है। ज्ञापन में सीएमओ के खिलाफ प्रशासनिक कार्यवाही की पुरजोर मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि सनावद नगरपालिका परिषद कांग्रेस की होने के कारण प्रदेश शासन द्वारा भेदभाव किया जा रहा है और पर्याप्त आर्थिक मदद नहीं दी जा रही है।इन सब कारणों से नगरपालिका की आर्थिक स्थिति बुरा तरह लड़खड़ा गई है।ज्ञापन में मांग की गई है कि नगरपालिका से जुड़ी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया अन्यथा कांग्रेस प्रचंड आंदोलन छेड़ने पर विवश होगी।इसके पूर्व कांग्रेस नेता नरेंद्र पटेल,नपाध्यक्ष सुनीता बिर्ला, तेजेंदरपाल सिंह कपूर,गौतम विद्यार्थी, उर्मिला जैन ने नगरपालिका की बदहाली के लिए भाजपा को जमकर आड़े हाथों लिया और सीएमओ को तत्काल हटाने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस नेता आशीष चौधरी, शेख साकेरीन,पार्षद जय शिंदे, अनिल बारे, पवन इंगला,शेरान शेख, सोनू पेंटर, हरमिंदरसिंह कपूर, आफताब हिलाल,शिवपाल यादव,मोनू जायसवाल, सौरभ यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

ज्ञापन सौंपे जाने के बाद नपाध्यक्ष और कांग्रेस पार्षद नगर की सफाई के लिए नगर की सड़कों और चौराहों पर उतरे और कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से कचरा एकत्रित किया। नगरवासियों ने ये नजारा पहली बार देखा जब नपाध्यक्ष और कांग्रेस पार्षदों को नगर की सफाई के लिए स्वयं सड़कों पर उतरना पड़ा।

सनावद-नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा वेतन की मांग को लेकर विगत एक सप्ताह से जारी काम बंद हड़ताल के लिए नपाध्यक्ष सुनीता इंदर बिरला ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेंद्र मिश्रा और भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। पत्रकार वार्ता में प्रश्नों के जवाब देते हुए नपाध्यक्ष ने कहा कि नगरपालिका कर्मचारियों के पांच माह से रुके वेतन और नगर में व्याप्त गंदगी के लिए सीएमओ और भाजपा जिम्मेदार है। नपाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा पार्षद नगरपालिका का कार्य सुचारु ढंग से नहीं चलने दे रहे हैं और नगरपालिका कर्मचारियों को हड़ताल के लिए उकसा रहे हैं। नपाध्यक्ष ने कहा कि हमने कर्मचारियों को वेतन भुगतान का ठोस आश्वासन देकर उन्हें काम कर लौटने के लिए मना लिया था। लेकिन भाजपा ओछी राजनीति करते हुए नपा कर्मचारियों में मतभेद पैदा कर रही है। इस कारण नगरपालिका के दैनिक कार्यों में गतिरोध बना हुआ है और नगरवासी परेशान हो रहे हैं। नगर की जनता भाजपा की राजनीति को अच्छे से समझ रही है और नागरिक जानते हैं कि इस हड़ताल के लिए कौन जिम्मेदार है। नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर में लगभग ५ करोड़ रु से अधिक का संपत्ति और जल कर बकाया है। लेकिन सीएमओ कर वसूली जैसे अत्यावश्यक कार्य के प्रति पूरी तरह लापरवाह हैं और कर वसूली नहीं की जा रही है। इसके अलावा सीएमओ द्वारा नगरपालिका की दुकानों की किराया वसूली और खाली पड़ी दुकानों को किराए से देने की प्रक्रिया नहीं की जा रही है।इस कारण ही नगरपालिका की आर्थिक स्थिति दयनीय हुई है।सीएमओ नगरपालिका के कार्यालय में नहीं बैठते हैं। नपाध्यक्ष ने कहा कि भोपाल और खरगोन में वरिष्ठ अधिकारियों को सीएमओ की लापरवाहीपूर्ण कार्यशैली से कई बार अवगत कराया जा चुका है और उन्हें हटाने की मांग की गई है। लेकिन राजनीतिक रसूख के कारण सीएमओ को हटाया नहीं जा रहा है।

# डॉ. मोहन यादव के आगमन को लेकर तैयारियां तेज



## अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद के शहादत दिवस पर 27 फरवरी को भाबरा में कार्यक्रम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद के शहादत दिवस के अवसर पर 27 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का चंद्र शेखर आजाद नगर (भाबरा) में प्रस्तावित आगमन है। इसके साथ ही वह उदयगढ़ में आयोजित भगोरिया पर्व में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

बुधवार को कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया की संयुक्त टीम ने भाबरा पहुंचकर हेलिपैड, आजाद कुटिया, सभा स्थल एवं रोड शो मार्ग का विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर मंच, बैठक व्यवस्था, निकासी द्वार, पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को कार्यक्रम स्थल पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर पालिका अधिकारियों को साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा यातायात पुलिस को वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देशित किया गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल एवं हेलिपैड पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग के लिए लोक निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर अस्थायी चिकित्सा केंद्र स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल, अनुविभागीय अधिकारी श्री वीरेंद्र बघेल, सुश्री निधि मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी

## डीआईजी, कलेक्टर एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा तैयारियों का निरीक्षण

**बड़वानी।** दिनांक 2 मार्च को मुख्यमंत्री की कृषि कैबिनेट बैठक के आयोजन के दृष्टिगत रखते हुए 26 फरवरी को डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर बड़वानी श्रीमती जयति सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी धीरज बब्बर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सेंधवा आशीष सिंह, अपर कलेक्टर सोहन कनाश, एसडीएम राजपुर कुमार सानू देवढिया, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग सेंधवा अजय वाघमारे तथा पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, आगमन एवं गमन मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, सुरक्षा घेरा एवं विश्राम स्थलों का बारीकी से जायजा लिया गया, इस दौरान डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री के आगमन अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था, नागरिक सुविधा, यातायात प्रबंधन एवं विभागीय समन्वय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहकर पूर्ण सजगता एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, साथ ही किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने हेतु कंटिजेंसी प्लान तैयार रखने एवं सभी व्यवस्थाओं को पूर्व परीक्षण के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर बड़वानी श्रीमती जयति सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी धीरज बब्बर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सेंधवा आशीष सिंह आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने बकरा चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बड़वानी।** दिनांक 26.2.2026 को थाना जुलवानिया, जिला बड़वानी (म.प्र.) पर फरियादी द्वारा उसका एक सफेद बकरा चोरी होने संबंधी सूचना दी गई। प्राप्त सूचना पर अप.क्रं. 50/2026 धारा 305(1), 331(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत उन्हें माननीय जेएमएफसी न्यायालय राजपुर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# कालगणना स्थली और कालजयी स्थान -डोगंला से युवाओं ने डिजिटल साक्षरता का महत्वपूर्ण संदेश दिया है: श्री कुशवाह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



शिविर युवाओं को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं , जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक दृष्टि का विकास होता है और रासेयो का यह शिविर ऐसे स्थान पर लगा हैं जो विश्व की कालगणना की वैदिक स्थली हैं और यहीं से समय की सही एवं सटीक गणना होती हैं। इस कालजयी स्थान -डोगंला से युवाओं ने डिजिटल साक्षरता का महत्वपूर्ण सन्देश दिया है।

यह विचार सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कार्यपरिषद सदस्य श्री राजेश सिंह कुशवाह ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा डोंगला में आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में रासेयो स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। आपने कहा कि इस डोंगला स्थान को जी.पी.एस. के माध्यम से 35 वर्ष पूर्व पद्मश्री श्री विष्णु श्रीधर वाकणकर ने अपने पुरातात्विक खोज के तहत उस बिन्दु को देखा जहां 23 डिग्री अक्षांश पर छाया रूक जाती है और पुनः लौट जाती है। समारोह की अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने की।श्री कुशवाह ने कहा कि उज्जैन के इसी डोंगला स्थान से विश्व के समय की सही गणना की जा सकती है ।श्री कुशवाह ने इस साल विश्वविद्यालय की रा.से.यो. इकाई के इस विशेष शिविर को उपलब्धि वाला बताया, क्योंकि स्वयंसेवकों ने ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों को डिजिटल शिक्षा के प्रति जागरूक किया। श्री कुशवाह ने रा.से.यो.स्वयंसेवकों को निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।कुलगुरु प्रो. भारद्वाज ने ग्रामीण सर्वेक्षण कार्य के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामीणजनों को मिले, इसलिए रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा ₹मेरे भारत के युवा और डिजिटल साक्षरता के लिए युवा₹ थीम पर ग्रामीण रहवासियों का सर्वेक्षण कर जानकारी एकत्रित की गई वह एक सराहनीय कार्य था।कुलगुरु प्रो. भारद्वाज ने विद्यार्थियों की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि वास्तविक शिक्षा केवल डिग्री या रोजगार तक सीमित नहीं होती , बल्कि वह व्यक्ति को समाज के प्रति संवेदनशील और उत्तरदायी बनाती है । उन्होंने सर्वेक्षण के दौरान सामने आई समस्याओं पर समाधान आधारित सोच विकसित करने पर बल दिया और विद्यार्थियों को समाज परिवर्तन के वाहक बनने की प्रेरणा दी ।शिविर में रा.से.यो. इकाई के समन्वयक डॉ. रमण सोलंकी ने स्वयंसेवकों को बताया कि ₹डोगंला₹ कर्क रेखा की परिधि में होने के कारण यहाँ प्राचीन यंत्रों में भास्कर यंत्र, भित्ति यंत्र , शंकु यंत्र, समय यंत्र के माध्यम से कालगणना का कार्य किया जा रहा है ।विश्वविद्यालय की रा. से.यो. प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. शेखर मैदमवार ने कहा कि रासेयो स्वयंसेवको के कार्यों और सर्वेक्षण में डिजिटल साक्षरता के लिए ग्रामीण रहवासियों के बीच कार्य करना, यह युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका सिद्ध करती है ।शिविर में प्रो. उमा शर्मा ने स्वयंसेवकों के अनुभवों को सुना और उनका मार्गदर्शन किया वहीं भाषा विज्ञान की विदुषी प्रो.गीता नायक ने कहा कि भारत की भाषाओं में वैज्ञानिकता के साथ - साथ वह लक्ष्य की ओर सारगर्भित संकेत भी करती हैं ।विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा २० फरवरी से यह विशेष शिविर आचार्य वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला, डोंगला में आयोजित किया जा रहा था।

## करंट लगने से हुई मृत्यु के मामले में जिला कलेक्टर से आर्थिक सहायता की गुहार

**नीमच।** नवीन कृषि उपज मण्डी चंगेरा में बीती 3 मार्च 2025 को करंट लगने से मनोज पिता नरसिंह यादव नि.बघाना की मृत्यु के मामले में जिला कलेक्टर से जनसुनवाई में मृतक के भाई त्रिलोक प्लास ने शासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है। मृतक के भाई त्रिलोक प्लास ने जिला कलेक्टर से मांग की कि नवीन कृषि उपज मण्डी चंगेरा में नवनिर्मित गोडाउनों की नियमानुसार 12 फीट उंचाई की बजाय 26 फीट हाईट को अनदेखा करने के कारण हुई मेरे भाई की करंट लगने से मृत्यु पश्चात विद्युत मण्डल/शासन से आर्थिक सहायता दिलवाई जाए। मनोज पिता नरसिंह यादव की 3 मार्च 2025 को कृषि उपज मण्डी चंगेरा में गोडाउन क्र.१ आर.एस.ट्रेडिंग के नियोजन में कार्य करते हुए करंट लगने से मृत्यु कारित हो गई थी। विद्युत मण्डल के नियमानुसार ११ केवी इलेक्ट्रिक लाईन के पास १२ फीट से अधिक भवन की उंचाई नहीं होनी चाहिए, जबकि नवीन कृषि उपज मण्डी में बनाए जा रहे गोडाउन क्र. 1 से 22 तक की उंचाई लगभग २६ फीट तक निर्मित की गई, जिस पर कार्य करने के दौरान मेरे भाई मनोज यादव की करंट लगने से मृत्यु हो गई। नियोजक द्वारा न तो उसे सुरक्षा मानक स्तर के उपकरण उपलब्ध कराए गए और न ही सुरक्षा सम्बंधी नियमों का पालन ही किया गया। दूसरी ओर विद्युत मण्डल द्वारा भी तय मानक अनुसार निर्माण कार्य न होने पर निरीक्षण में लापरवाही बरती गई, जिससे मेरे भाई की कार्य के दौरान मृत्यु कारित हो गई। जिसके सदमे में कुछ समय बाद मेरी मां की भी मृत्यु हो गई। मेरा परिवार भाई मनोज यादव एवं मां की असामयिक मृत्यु से आहत है। अभी तक किसी भी तरह की कोई आर्थिक सहायता परिवार को प्राप्त नहीं हुई है। मेहनत मजदूरी करके अपना गुजर बसर करने वाला प्रार्थी काम धंधा छोडकर प्रतिदिन न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। मृतक के भाई त्रिलोक प्लास ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि नवीन कृषि उपज मण्डी चंगेरा के नवनिर्मित गोडाउन क्र.1 से 22 तक की तकनीकी जांच की जाकर निर्माण एजेंसी और विद्युत मण्डल के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जावे एवं उसे आर्थिक सहायता दिलवाई जाए।

## विधायक का सवाल, सदन में खुला मामला

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस ने विधानसभा में नवल सिंह सहकारी कारखाने में हुए घोटाले का मामला उठाया। उनके प्रतिनिधि के रूप में खातेगांव विधायक आशीष शर्मा ने सदन में कहा कि कारखाना पहले से घाटे में था, फिर भी संचालक मंडल ने लक्जरी वाहन खरीदा।




**क्या है मामला?** वित्त विभाग ने लक्जरी वाहन खरीदने पर रोक लगा रखी थी संचालक मंडल ने बिना सक्षम स्वीकृति वाहन खरीदा वाहन का उपयोग अध्यक्ष के अलावा अन्य लोगों ने भी किया लॉगबुक उपलब्ध नहीं है, टोल नाकों पर वाहन की एंट्री दर्ज मिली है

**मंत्री का जवाब**-सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि इंदौर और उज्जैन के डीआर की संयुक्त समिति से जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में साफ तौर पर गड़बड़ी की पुष्टि हुई है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**आंदोलन की तैयारी-** इस मामले में अब प्रशासनिक कार्रवाई की तैयारी मानी जा रही है। क्या संचालक मंडल के जिम्मेदारों पर एफआईआर होगी? क्या वित्तीय अनियमितताओं की रिकवरी की जाएगी? क्या वाहन खरीदी और उपयोग से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक होंगे?

## रविवार को राज्य पात्रता प्का आयोजन 21 परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन,

कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार १ मार्च, रविवार को राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 का आयोजन जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 12 से 3 बजे तक किया जाएगा।

परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सहायक नियंत्रक नापतौल विभाग श्री संजय पाटनकर को नोडल अधिकारी, प्रभारी अधीक्षक कलेक्टर कार्यालय श्री सूर्य प्रकाश सोनी, श्रीमती गरिमा जोशी, श्रीमती नीलम पांडे, श्री धर्मेश बैरागी, श्री अशविन पंड्या और श्री देवेन्द्र चंद्रावत को कंट्रोल रुम कलेक्टर कार्यालय में प्रातः 8 बजे से परीक्षा समापित तक नियुक्त किया गया है।

जिले के 21 परीक्षा केंद्रों के नाम, केंद्राध्यक्षों के नाम और दूरभाष निम्नलिखित है। शास. मॉडल, उ.मा.वि. कानीपुरा रोड, उज्जैन श्री पद्म सिंह चौहान, शास. उ.मा.वि., महाराजवाडा-१. पुलिस लाईन, देवास रोड, उज्जैन श्री प्रमोद अग्रवाल,, शास. उ.मा.वि. महाराजवाडा-२, चारधाम मंदिर के पास, उज्जैन डॉ. उषा डौर ,शास. उ.मा.वि. चारधाम मंदिर के सामने, पानी की टंकी के पास, गणेश नगर, माधवगंज, उज्जैन श्री ब्रजमोहन सिंह परिहार ,शास. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दशहरा मैदान, उज्जैन डॉ. प्रशांत पौराणिक , शास.माधव कला एवं कामर्स कालेज, रामजनार्दन मंदिर के सामने उज्जैन श्रीमती कल्पना वीरेन्द्र सिंह , सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि, मारूतिगंज, पीपलीनाका, उज्जैन सुश्री प्रतिभा पल्सवाडिया , शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर, उज्जैन डॉ. प्रदीप पाराशर , शास. माधव साइंस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवास रोड उज्जैन ,डॉ. हरीश व्यास , शास. उ.मा.वि. सराफा, चारधाम मंदिर के पास, उज्जैन श्री मुकेश त्रिवेदी , कालिदास मॉन्टेंसरी उ.मा.वि., ऋषि नगर, उज्जैन श्रीमति छाया पण्ड्या लोकमान्य तिलक, विद्या विहार हायर सेकेन्डरी स्कूल, नीलगंगा रेल्वे स्टेशन के पीछे, उज्जैन श्रीमती अदिति तिवारी ,भारतीय ज्ञानपीठ हायर सेकेन्डरी स्कूल, महानंदा नगर उज्जैन श्रीमती अमृता गोढबोले नालंदा अकादमी हायर सेकेन्डरी स्कूल, 21 कोठी मक्सी लिंक रोड उद्यन मार्ग उज्जैन श्री शैलेन्द्र शकतावत 9630716466, महाराजा इंटरनेशनल स्कूल, महाराजा कॉलेज परिसर, अभिलाषा कॉलोनी के पास, देवास रोड उज्जैन सुश्री रूह खान , लोकमान्य तिलक, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, नीलगंगा रोड, उज्जैन श्री शैलेश त्रिपाठी , उज्जैन पौलिटेक्नीक महाविद्यालय, देवास रोड़, उज्जैन श्री रमेश चन्द्र गुप्ता , निर्मला कॉलेज, देवास रोड उज्जैन प्रो. कीर्ति डिड्डी , सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि.ऋषिनगर, देवासरोड़, उज्जैन श्री भगवान सिंह ठाकुर , भारतीय उ.मा.वि., माधव नगर माधव नगर रेल्वे स्टेशन के सामने, नीलगंगा, उज्जैन डॉ. शिवा बंसल , काइस्टू ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल इंजीनियरिगं कॉलेज रोड मालनवासा उज्जैन सिस. लिस्सी जोसेफ 9977553305।

## गेहू पंजीयन 7 मार्च तक एवं चना पंजीयन 16 मार्च तक होगा

**बड़वानी।** भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन योजनांतर्गत पोर्टल पर गेहूं विक्रय हेतु किसान अपना पंजीयन 7 मार्च तक एवं चना विक्रय हेतु 16 मार्च तक पंजीयन करा सकते है। जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं एवं चना विक्रय के लिए एमपी ऑनलाईन, कामन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र पर सशुल्क पंजीयन करा सकते है । पंजीयन में खाता-खसरा या पावती की छायाप्रति, समग्र आईडी, मोबाईल नंबर एवं आधार कार्ड । सभी किसानों को आधार नंबर से लिंक बैंक खाते की छायाप्रति उपलब्ध कराना होगी।

खास न्यूज

## मंगेतर ने किया नाबालिक से अनैतिक कृत्य

**उज्जैन।** सगाई के बाद मंगेतर ने नाबालिक का एक माह तक शोषण किया और अनैतिक कृत्य करता रहा। कुछ दिनों पहले मंगेतर ने शादी से मना कर दिया और उनके बीच बने संबंध के बारे में किसी को भी बताने पर धमकी देने लगा। नाबालिक की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि कस्बे की रहने वाली नाबालिग ने परिजनों के साथ आकर शिकायत दर्ज कराई की वर्ष 2023 में उसकी सगाई विकास पिता अन्तरसिंह निवासी ग्राम लडावत जिला शाजापुर के साथ हुई थी। सगाई के पश्चात दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती थी। 5 नवम्बर 2025 को परिजन उपचार के लिये बाहर गये थे वह घर पर अकेली थी। उसी दौरान विकास ने घर आकर उसके साथ इच्छा के विरुद्ध अनैतिक कृत्य किया तथा घटना किसी को बताने पर सगाई तोड़ने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने लगभग एक माह तक अवसर पाकर लगातार जबरन शारीरिक शोषण किया। अब शादी से मना कर धमकी दे रहा है। नाबालिक की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया गया। गुरुवार को एक टीम शाजापुर भेजी गई जहां से आरोपी को गिरफ्तार कर लाया गया है। शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करता मिला आरोपी

**उज्जैन।** तीन माह पहले जिलाधीश के आदेश पर पंवासा थाना क्षेत्र के पाण्ड्याखेड़ी में रहने वाले बदमाश राहुल पिता नारायणसिंह पंवार 24 वर्ष को आपराधिक गतिविधियों के चलते जिले की सीमा से बाहर किया गया था। बुधवार-गुरुवार रात गश्त के दौरान बदमाश पुलिस को क्षेत्र में ही घूमता दिखाई दिया। थाना प्रभारी गमरसिंह मण्डलोई, एसआई नितेश मिठौरा, सैनिक गोवर्धनलाल ने बदमाश की घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी मंडलोई ने बताया कि बदमाश राहुल को 21 नवंबर 2025 को 6 माह की अवधि के लिए जिला उज्जैन एवं उससे लगे राजस्व जिले देवास, इन्दौर, शाजापुर, रतलाम, मन्दसौर, धार एवं आगर-मालवा की सीमाओं में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया था। बावजूद इसके वह क्षेत्र में घूमता हुआ पाया गया है। जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करने पर जिलाबदर बदमाश के खिलाफ मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14, 15 का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है। 2 दिन पहले भी पंवासा थाना पुलिस ने बिना अनुमति के जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले जिला बदर बदमाश मोहसिन मंसूरी को गिरफ्तार कर मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के मामले में जेल भेजा था।

## देर रात तक दुकान खोलकर बैठे थे 4 दुकानदार

**उज्जैन।** देवास गेट थाना पुलिस ने एक बार फिर देर रात तक दुकान खोलकर बैठने वाले 4 दुकानदारों को पकड़ा और उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र में कई दुकानदार रात भर दुकान खुली रखते हैं, जिनके यहां बेवजह की भीड़ लगी रहती है। असामाजिक तत्व और आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी शामिल रहते हैं। थाना पुलिस द्वारा ऐसे मामलों में दुकानदारों को हिदायत देकर कार्रवाई की जा रही है। बीती रात पुलिस ने देर रात तक दुकान खुली रखने वाले बबल पिता कन्हैयालाल, सतीश पिता नीलमसिंह, प्रेमसिंह और कमलेश पवार को पकड़ा। चारों चाय पोहे और पराठे की दुकान लगते हैं। जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई की गई है। कुछ दिन पहले ही पुलिस द्वारा पान की दुकान चलाने वालों को पकड़ा था जो दुकान का शटर बंद कर जेब में पाउच गुटखा भरकर बेच रहे थे। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से देर रात तक दुकान खुली रखने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

## पुराने केस में राजीनामा नहीं करने की बात पर विवाद

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम गुराछा में रहने वाले दयाराम पिता अमर 40 साल और उसके पड़ोसी बद्री पिता करण पटेल 45 साल के बीच पूर्व में विवाद हो गया था। मामला पुलिस तक पहुंचा था। विवाद को लेकर बद्री ने राजीनामा करने के एवज में दयाराम को रुपए भी दिए थे। लेकिन दयाराम ने राजीनामा नहीं किया। गुरुवार दोपहर को बद्री अपने साथियों के साथ दयाराम के यहां पहुंचा और राजीनामा नहीं करने पर रुपए वापस देने की बात कही। इसी को लेकर दोनों में फिर से विवाद हो गया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामला एक बार फिर उन्हेल थाना पुलिस के पास पहुंचा, पुलिस ने दोनों की शिकायत पर क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है। दयाराम का आरोप था कि बद्री और उसके साथियों ने मारपीट कर जाति सूचक शब्द कहें। वही बद्री ने आरोप लगाया पुराने केस में राजीनामे की बात को लेकर दयाराम ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 250-7 | 489-1 |
| मेन बाजार | 779-3 | 246-2 |
| कल्याण नाइट | 229-3 | 113-5 |
| मिलन डे | 578-0 | 888-4 |
| मिलन नाइट | 689-3 | 199-9 |
| मधुर डे | 199-9 | 156-2 |
| मधुर नाइट | 112-4 | 780-5 |
| शुभांक | 2 6 | 9 |

### मैरिज ब्यूरो पर दबिश, रिमांड पर संचालक...

# रिश्ता करने के नाम से लोगों से करता था ठगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

भोले भाले लोगों को रिश्ता करने के नाम पर ठगी करने वाला मैरिज ब्यूरो संचालक पुलिस की गिरफ्त में आ गया। कई शिकायतों के बाद पुलिस ने दबिश दी थी। संचालक को कोर्ट में पेश कर तीन दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

फ्रीगंज स्थित गुरुद्वारे के समीप मिनी चौपाटी पर किराए के मकान में कई दिनों से श्री शुभारंभ संस्था नाम से मैरिज ब्यूरो चलाया जा रहा था। जहां के लिए रिश्ता दिखाने के नाम पर पंजीयन किया जाता था और हजारो रुपए फीस वसूली जाती थी। सालभर पहले सीहोर के रहने वाले विष्णुदास बैरागी ने संस्था की जानकारी मिलने पर परिवार के साथ आकर रिश्ता दिखाने की बात कही। विष्णुदास के परिवार से पंजीयन के नाम पर 16 हजार रुपए लिया गए। सालभर बाद भी रिश्ता तय नहीं कराया गया। बुधवार को विष्णु दास ने अपने साथ धोखाधड़ी का आभास होने पर मामले की शिकायत माधवनगर थाना पुलिस से की। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया और थाना प्रभारी राकेश भारती ने एसआई शालिगराम चौहान को मामले की जांच सौंपी। एसआई ने टीम के साथ मिनी चौपाटी पहुंच शुभारंभ संस्था पर दबिश मारी। जहां से गोपाल पिता सोहन सिंह को हिरासत में लिया गया। वहीं संस्था कार्यालय से दस्तावेज और मोबाइल फोन भी जप्त किये। थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर 1 मार्च तक रिमांड पर लिया गया है। आरोपी के गिरफ्त में आने पर उसके द्वारा की गई ठगी और धोखाधड़ी के कुछ और लोग सामने आए हैं।



### 12 रिश्ते दिखाने की करता था बात

विष्णु दास बैरागी की बहन ने बताया कि शुभारंभ संस्था की जानकारी परिचित से मिली थी। सालभर पहले उज्जैन आए थे, उस दौरान मैरिज ब्यूरो में कुछ अन्य लोग भी थे। गोपालसिंह बातचीत के दौरान 12 रिश्ते दिखाने की बात कही थी। पसंद आने पर शादी का रिश्ता तय करने के लिए कहा था। कुछ दिन बाद फोटो दिखाए गए। एक लड़की पसंद भाई विष्णु के लिए बातचीत आगे बढ़ाई गई। लड़की के परिवार वाले सीहोर आए और घर देखा। उन्होंने भी लड़का पसंद आने की बात कही और लौट गए। कुछ दिन बाद लड़की वालों ने शादी से मना कर दिया। गोपाल सिंह से बात की गई तो वह दूसरा रिश्ता दिखाने की बात कहकर टाल मटोल करता रहा। साल भर बाद भी रिश्ता नहीं होने पर रुपए मांगे तो आनाकानी करने लगा।

### अलग-अलग वसूलता था पंजीयन राशि

एसआई चौहान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शुभारंभ संस्था चलाने वाला आसपास जिले और अन्य राज्यों के लोगों को अपने झांसे में लेता था, जिले के आसपास क्षेत्र से आने वाले लोगों से पंजीयन के नाम पर 11 हजार रुपए पंजीयन राशि वसूलता था, दूसरे राज्य और प्रदेशों से आने वाले लोगों से 16 हजार से 21 हजार तक पंजीयन राशि लेता था। रिमांड अवधि में पूछताछ के दौरान कई मामले उजागर हो सकते हैं। जप्त दस्तावेजो और मोबाइल की भी जांच की जा रही है।

## बाइक का बिगड़ा संतुलन, 13 माह के मासूम की मौत

**उज्जैन।** नाना और मां के साथ ननिहाल आ रहे मासूम की गुरुवार को हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। नाना और मां घायल है। हादसा बाइक का संतुलन बिगड़ने पर होना सामने आया है। कोतवाली थाना पुलिस ने मासूम का पोस्टमार्टम कराया।

कोतवाली थाना एसआई गोपाल राठौर ने बताया कि चरक अस्पताल से 13 माह के मासूम दक्ष पिता सुरेश पुरी की मौत होने और नाना दशरथ पिता जगन्नाथ 60 साल के साथ मासूम की मां धापू बाई पति सुरेश पुरी 27 साल के घायल होने की सूचना मिली थी। मासूम की मौत के मामले में मर्ग कायम किया गया और अस्पताल पहुंचकर पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान सामने आया कि मासूम राजस्थान के झालावाड़ का रहने वाला था। महिदपुर के ग्राम ढाबला रेवारी में रहने वाले नाना दशरथ अपने नाती और बेटी धापू बाई को लेने झालावाड़ गए थे। जहां से तीनों एक बाइक पर सवार होकर महिदपुर लौट रहे थे। रास्ते में झारड़ा थाना क्षेत्र के गरोठ मार्ग स्थित ग्राम मकला में अचानक नाना की बाइक का संतुलन बिगड़ गया। नाना को बीपी की शिकायत है जिसके चलते उन्हें चक्कर आए थे। तीनों बाइक से गिर गए थे मासूम के सिर में गंभीर चोट लगी थी। नाना और मासूम की मां भी घायल हुए हैं। पोस्टमार्टम के बाद मासूम का शव महिदपुर ले गए है। मृत मासूम परिवार का एकलौता पुत्र था। एसआई राठौर के अनुसार घटनाक्रम की जांच के लिए मर्ग डायरी झारड़ा थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

# मंदसौर के युवकों से बरामद हुआ मादक पदार्थ डोडाचूरा

### कोटा जाने की फिराक में पहुंचे थे खाचरोद रेलवे स्टेशन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

चेकिंग के दौरान खाचरोद पुलिस ने गुरुवार को रेलवे स्टेशन के पास खड़े दो संदिग्ध युवको को शंका के आधार पर पकड़ा और उनके बैग की तलाशी ली तो उसमें मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा होना सामने आया। दोनों के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का मामला दर्ज कर 5 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।



खाचरोद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन के पास बंद पड़ी होटल के पास दो युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े दिखाई दिए थे। दोनों को शंका के आधार पर हिरासत में लिया गया और उनके पास मौजूद बेग की तलाशी ली गई। बैग में मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा होना सामने आया। पूछताछ करने पर युवकों ने अपने नाम गोपाल पिता हरीश पाटीदार 22 वर्ष और दिनेश पिता जगदीश पाटीदार 24 वर्ष निवासी ग्राम खजुरिया सारंग, थाना भावगढ़, जिला मंदसौर होना बताएं। उनके पास से बरामद डोडाचूरा 17 किलो 200 ग्राम कीमत 86 हजार पाया गया। दोनों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। गुरुवार दोपहर पेश कर 3 मार्च तक रिमांड पर लिया गया है।

### कोटा जाने की फिराक में थे दोनों

थाना प्रभारी के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों कोटा जाने के लिए खाचरोद रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। डोडा चूरा उन्हें ग्राम खजुरिया में रहने वाले जीतू नायक ने दिया था और कोटा पहुंचने पर संबंधित व्यक्ति की जानकारी देकर उसे देने की बात कही थी। जीतू नायक का नाम सामने आने पर पुलिस द्वारा मंदसौर पहुंचकर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जाएंगे। फिलहाल इस बात का पता लगाया जा रहा है कि मादक पदार्थ तस्करी में दोनों के साथ कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं। दोनों का आपराधिक रिकॉर्ड पता करने पर सामने आया कि गिरफ्त में आया गोपाल पूर्व में मादक पदार्थ तस्करी मामले में पंजाब पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है। दिनेश पहली बार ही डिलीवरी के लिए साथ आया था।

## जहरीली शराब के साथ हिरासत में आया बदमाश

**उज्जैन।** बुधवार-गुरुवार रात कस्बा भ्रमण पर निकली बड़नगर थाना पुलिस को खबर मिली कि उज्जैन-बडनगर फोरलेन रोड रसुलाबाद ब्रिज के पहले ग्राम मौलाना में एक व्यक्ति प्लास्टीक की कैन में कच्ची शराब लेकर किसी का इंतजार कर रहा है।



उज्जैन-बडनगर फोरलेन रोड रसुलाबाद ब्रीज के पहले मौलाना में एक व्यक्ति प्लास्टीक की कैन जिसमें शराब लेकर खडा है किसी जाने का इंतजार कर रहा है । जिसमें शराब लेकर खडा है किसी जाने का इंतजार कर रहा है। भ्रमण कर रहे थाना प्रभारी अशोक पाटीदार, एएसआई राजेन्द्रसिंह हाडा, प्रधान आरक्षक रामनारायण चौहान, राहुल सिंह राठोर, आरक्षक अजय चौहान, महेश मोर्य, के साथ साथ ग्राम मौलाना के लिए रवाना हो गए। जहां कुछ देर की सर्चिंग के बाद संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया जिसके पास प्लास्टिक की कैन थी, उसे घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। कैन की तलाशी लेने पर उसमें दुर्गंध युक्त केमिकल भरा होना सामने आया। पूछताछ करने पर व्यक्ति ने जहरीली कच्ची शराब होना कबूल किया। शराब बरामद होने पर उसे थाने नाम पूछने पर उसने अक्षय उर्फ खली पिता विक्रम पाटीदार 29 साल निवासी मौलाना का होना बताया। 10 लीटर कच्ची जहरीली शराब बरामद होने पर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी का अपराधिक रिकॉर्ड देखने पर पूर्व में भी मारपीट का प्रकरण दर्ज होना सामने आया। जहरीली शराब के मामले में गुरुवार कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्रीमती कविता पति श्री राकेश जी निवासी- ग्राम इंगोरिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक सी-47/45 श्रेणी एमआईजी/एम-2 पी-8/90 त्रिवेणी विहार योजना उज्जैन मे स्थित है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंधपत्र अनुसार मेरे पक्षकार के हित में नियत अवधि में विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भूखण्ड पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत में करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 26/02/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन म.प्र.**
**मो. 8839742938**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई.होम फायनेन्स लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि संपत्ति क्रमांक -1 भवन क्रमांक 4/1425 (नया 71 तथा 71/1) स्थित वार्ड न. 20 गोपाल मंदिर मार्ग नगर पालिक निगम उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 51.56 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- विक्रेता का शेष भाग जसवीर कौर पति श्री पुरूषोत्तम सिंह को बेचा जा रहा, पश्चिम मे- महावीर प्रसाद का भवन एवं विक्रेता के द्वारा तहलराम को बेचा जा रहा भवन, उत्तर में- खुर्शीद मिया का भवन, दक्षिण मे- तहलराम का भवन एवं विक्रेता के द्वारा क्रेता को बेचा जा रहा भवन स्थित है। उक्त संपत्ति गंगाराम पिता प्रीतमदास जी ने इसके पूर्वस्वामी अकबर अली पिता श्री सेफुद्दीन भाई एवं श्रीमति मुबारका पति श्री अकबर अली से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए-1/1631 दिनांक 12/07/2001 के माध्यम से क्रय कि। संपत्ति क्रमांक -02 भवन क्रमांक 4/1425 (नया 71 तथा 71/1) स्थित वार्ड न. 20 गोपाल मंदिर मार्ग नगर पालिक निगम उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 17.59 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- विक्रेता का एक हिस्सा पुरूषोत्तम सिंह गुरूचरन सिंह , पश्चिम में- तहलराम का भवन, उत्तर मे- गंगाराम का भवन, दक्षिण में- गोपाल मंदिर मार्ग स्थित है। उक्त संपत्ति चंद्रशेखर पिता श्री ईश्वरदास जी ने इसके पूर्वस्वामी अकबर अली पिता श्री सेफुद्दीन भाई एवं श्रीमति मुबारका पति श्री अकबर अली से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए-1/1629 दिनांक 12/07/2001 के माध्यम से क्रय कि। एवं गंगाराम तथा चंद्रशेखर ने उक्त दोनों संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स लिमिटेड उज्जैन आवेदन किया है। तथा मेरे पक्षकार का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। एवं पक्षकार की जानकारी अनुसार पूर्व का मूल विक्रय पत्र क्रमांक ए-1/948 दिनांक 17/05/1999 एवं पूर्व का मूल विक्रय पत्र क्रमांक ए-1/922 दिनांक 14/05/1999 का कही गुम हो गये है। अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त दोनों संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्तियों पर प्रथम ऋण भार आई.सी.आई.सी.आई.होम फायनेन्स लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 26/02/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री दर्पण सोनी पिता श्री सुरेन्द्र सोनी, निवासी शंकू मार्ग, सोनी प्लाजा टॉवर चौक, उज्जैन, (म.प्र.) से उनके मालकी व आधिपत्य का भूखंड कमांक 53, सरदार पटेल एवेन्यू कॉलोनी, प्रेम नगर तिराहा, देवास रोड, उज्जैन को क्रय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भूखंड के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भूखंड के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो या भूखंड के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूखंड में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूखंड के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के सूचना मेरे पक्षकार द्वारा भूखंड का शेष विक्रय मूल्य अदा कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 27/02/2026

**सर्विस प्रोवाईडर एवं दस्तावेज लेखक**
**सुमित बावेजा**
**सी-22/19, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र,**
**नानाखेडा, उज्जैन**
**मो. 8770336766**

क्रमांक स्टोर/2026/15 दिनांक 26-02-2026

**कार्यालय, नगर पालिक निगम उज्जैन**
**स्टोर विभाग**
**(आनॅलाईन (online) निविदा आमंत्रण)**

नगर पालिक निगम उज्जैन स्टोर विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (online) निविदा 2025 आमंत्रित की गई है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र का मुल्य | निविदा क्रय की अंतिम तिथि | दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | बीड ओपनिंग दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_484949_1 | महिला सफाई कर्मियो हेतु वर्दी का प्रदाय। | 10.00 लाख | 2000/- | 12.03.2026 | 12.03.2020 | 13.03.2028 |
| 2 | 2026_UAD_484080_1 | मा. जनप्रतिनिधियो की मांग अनुसार 20 ली. सिम्पल डस्टबीन का प्रदाय। | 10.00 लाख | 2000/- | 09.03.2026 | 09.03.2028 | 11.03.2028 |
| 3 | 2026_UAD_484957_1 | वार्ड कमांक 18 हेतु जिम सामग्री का प्रदाय । | 2.00 लाख | 1000/- | 12.03.2026 | 12.03.2028 | 13.03.2026 |
| 4 | 2026_UAD_485120_1 | मान. जनप्रतिनिधियो की मांग अनुसार थ्री सीटर स्टील चेयर का प्रदाय। | 9.50 लाख | 2000/- | 12.03.2026 | 12.03.2026 | 13.03.2028 |
| 5 | 2026_UAD_485232_1 | मान. जनप्रतिनिधियो की मांग अनुसार वॉटर कूलर मय सामग्री के प्रदाय । | 40.00 लाख | 5000/- | 25.03.2026 | 25.03.2028 | 27.03.2026 |

निविदा प्रपत्र व निविदा संबधित अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा सूचना ऑनलाईन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

**उपायुक्त (भंण्डार)**
**नगर पालिक निगम उज्जैन**

# देवदूत और चौथा आदमी



एक देवदूत मनुष्यों और उनके जगत को देखने एक बार धरती पर आया। धरती के सौंदर्य ने उसे अभिभूत कर दिया : सूर्य की रोशनी में चमकते पर्वत शिखर, गहरे हरे जंगल, सनसनाती हवाएं, बहती नदियां, इंद्रधनुषी घाटियां, मिट्टी की सोंधी सुगंध, पशु, भयावह व सौम्य- सब ओर सौंदर्य बिखरा हुआ था। जब उसने मनुष्य को देखा, तो वह विस्मित रह गया, क्योंकि वह मानव-हृदय का संगीत और मानव-प्राणों का गीत सुन पा रहा था। वह मानवीय रहस्य के प्रेम में पड़ गया। पृथ्वी के अनुभव ने देवदूत को इतना आह्लादित कर दिया था कि लौटने से पहले वह कुछ मनुष्यों की मदद करना चाहता था। उसने अपनी नजर दौड़ाई और देखा कि चार लोग एक साथ चले आ रहे हैं। वह उनके पास गया और बोला, मैं तुम सबको एक-एक वरदान देने आया हूं। संयोग से वे चारों आध्यात्मिक अभ्यर्थी थे। पहला खोजी बोला, मैं सत्य की खोज में अथक परिश्रम करता रहा हूं- संघर्ष, संघर्ष और संघर्ष। मुझे आध्यात्मिक शांति दे दें, संतुष्टि दे दें। देवदूत बोला, लेकिन संघर्ष तो जीवन के आनंदों में से एक है। खोजी बोला, मुझे शांति चाहिए। देवदूत ने उसे गाय बना दिया, जो निपट एकांत में घास चर रही थी और संतुष्ट थी।

देवदूत दूसरे खोजी की ओर उन्मुख हुआ। वह बोला, परमात्मा शुद्ध है, पर मैं नहीं हूं। कृपया मुझे वासनाओं, भावनाओं, इच्छाओं की अशुद्धियों से मुक्त कर दें। देवदूत ने पूछा, लेकिन क्या ये ही जीवन के उत्स नहीं हैं? दूसरे खोजी ने कहा, मुझे जीवन नहीं, शुद्धता चाहिए। उसने अपनी आंखें बंद कर लीं और अपने रूपांतरण की प्रतीक्षा करने लगा। कुछ ही क्षणों में वह गायब हो गया और उसकी शक्ल की संगमरमर की एक मूर्ति सुदूर मंदिर में प्रकट हो गई।

तीसरा खोजी बोला, मुझे परिपूर्ण बना दो। उससे कम कुछ भी नहीं चलेगा। वह ओझल हो गया, पर कहीं प्रकट नहीं हुआ, क्योंकि इस पृथ्वी पर न तो कुछ परिपूर्ण है और न हो सकता है। देवदूत चौथे की ओर मुड़ा और पूछा, तुम्हारी कामना? वह मुस्कराता हुआ बोला, मेरी कोई कामना नहीं है। देवदूत ने फिर पूछा, कोई भी कामना नहीं? चौथा खोजी बोला, एक जीवंत मनुष्य होने के अतिरिक्त मेरी कोई कामना नहीं। देवदूत उल्लास में डूब गया। उसने आकांक्षा से भरकर उस धन्य व्यक्ति को देखा और उसे प्रेम भरे आलिंगन में ले लिया। वह चौथा व्यक्ति अपने रास्ते चला गया। जीवन के गीत गाता हुआ, आह्लाद से भरकर नाचता हुआ।

तुम पृथ्वी पर एक पुरुष हो, स्त्री हो, परमात्मा के इस उपहार में हर्षित हो जाओ। गहन अहोभाव से गीत गाओ, उस नृत्य को बाहर लाओ, जो तुम्हारे भीतर अभिव्यक्त होने की प्रतीक्षा कर रहा है। सृजनात्मक बन खिल उठो!



सम्पादकीय

## केरल अब केरलम

अपने देश के एक राज्य केरल का नाम अब केरलम हो जाएगा। केंद्रीय कैबिनेट के इस फैसले के बाद नामकरण की औपचारिकताएं पूरी करने की दिशा में तेजी आ गई है। केरल विधानसभा से प्रस्ताव प्राप्त करने के बाद केंद्र सरकार केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 को संसद में पेश करने के लिए राष्ट्रपति की सिफारिश मांगेगी, ताकि नाम विधिवत केरलम किया जा सके। वैसे, मलयाली साहित्य और संस्कृति में केरलम शब्द पहले से ही उपयोग में है। फिर भी यह आधिकारिक रूप से केरल नाम से जाना जाता है। केरली और केरलाइट जैसे शब्द प्रचलित हैं, पर अब केरलम शब्द भी कुछ नए विशेषण लिए सामने आएगा। आश्चर्य नहीं, राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने इस निर्णय का स्वागत किया है। साल 2023 और 2024 में केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन ने संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में केरल का नाम बदलकर केरलम करने के लिए प्रस्ताव पेश किए थे। लंबे समय से जारी एक मांग पूरी हुई है, तो जाहिर है, केरलम प्रेमियों में खुशी की लहर है।

हालांकि, इसके पीछे की राजनीति भी चर्चा में है। क्या केरल में विधानसभा चुनाव को देखते हुए नाम बदला गया है? क्या इस नाम से कोई राजनीतिक लाभ किसी पार्टी को होगा? वैसे, चुनावी लाभ अपनी जगह है, लेकिन इतिहास में केवल यही लिखा जाएगा कि साल 2026 में भारत के एक सुंदर तटीय राज्य का नाम केरलम रखा गया था। राज्य का नाम बदलने की घटना विरल ही है। दक्षिण भारत की बात करें, तो साल 2006 में केंद्रशासित राज्य पांडिचेरी का नाम पुडुचेरी रखा गया था और उसके पहले 1973 में राज्य मैसूर का नाम कर्नाटक रखा गया था। बीच में उत्तरांचल का नाम उत्तराखंड और उड़ीसा का नाम ओडिशा किया गया था। आमतौर पर राज्यों का नाम बदलने की मांग शायद ही होती है और अभी के दौर में केवल पश्चिम बंगाल ही ऐसा राज्य है, जहां से नाम बदलने की मांग हो रही है। साल 2018 में पश्चिम बंगाल की सरकार ने नाम बदलकर बंगाल रखने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। यह प्रस्ताव भी विचारणीय है, क्योंकि बंगाल के आगे पश्चिम लिखने का कोई औचित्य नहीं है। देर-सबेर यह परिवर्तन होना ही है। बहरहाल, इस पर पश्चिम बंगाल में राजनीति शुरू हो गई है। ध्यान रहे, वहां भी विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। वैसे, हर सरकार के समय यथासंभव नाम परिवर्तन हुए हैं। यह राजनीति नहीं, जरूरत है। लोगों की मांग पर ही मद्रास को चेन्नई, बंगलौर को बेंगलुरु, बॉम्बे को मुंबई, कलकत्ता को कोलकाता, गुड़गांव को गुरुग्राम किया गया।

लोक संस्कृति के दर्शन

# भगोरिया को राष्ट्रीय पर्व में मनाए जाने का स्वागत करें



भगोरिया को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाए जाने का सरकार ने निर्णय लिया है ।जो कि पर्व के हित मे प्रशंसनीय पहल है ।आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में भगोरिया पर्व,मनाया जाता हैगाँवों मे बरसों से साप्ताहिक हाट लगते हैं और दूर दराज से हमारे आदिवासी भाई -बहन खरीदारी करने आते हैंहोली के पहले लगने वाला साप्ताहिक हाट भगोरिया हाट होता है जिसे स्थानीय भाषा में भोंगरिया कहा जाता है ,भगोरिया हाट से पहले लगने वाला हाट त्योहारिया हाट और भगोरिया हाट के बाद लगने वाला हाट उजाड़िया हाट कहलाता हैधार जिले की ही बात करें तो मार्च से लगने वाले भगोरिया में लगभग 59 हाट लगते है ।प्रमुख भगोरिया हेतु जिस दिन जिस गांव में भगोरिया हाट हो उस दिन का स्थानीय अवकाश भी घोषित हो तो पर्व मनाने एवं पर्व देखने हेतु लोक संस्कृति के दर्शन के साथ नृत्य,गीत,संगीत को समझ के साथ पर्व का आनन्द अन्य लोगों एवं जो शासकीय कर्मचारी है विशेषकर उन्हें स्थानीय अवकाश घोषित होने पर भगोरिया पर्व देखने में शामिल होने का पर्व लाभ मिल सकें ।भगोरिया पर्व :लोक गीत,संगीत,नृत्य और प्रकृति सौंदर्य में आदिवासी नारी की भूमिका सर्वश्रेष्ठ रहती है ।कई जिलों में जैसे झाबुआ में भगोरिया पर्व लेकर प्रशासन द्वारा विशेष तैयारी की जा रही जो कि प्रंशसनीय है। पर्यटकों के लिए सभी सामग्री एक स्थान पर मिलना,सेल्फी पॉइंट बनाना,विधुत व्यवस्था झूला व्यवस्था नाश्ते के लिए स्टॉल ,भोजन के लिए कक्ष , बड़े धार्मिक स्थलों पर जैसे उज्जैन ,नासिक आदि पर भगोरिए के प्रचार प्रसार के लिए कटआउट लगाए जाएसाथ ही प्रदेश के महाविधालय के विधार्थियों को भगोरिए मेले में बुलाकर आदिवासी संस्कृति से रूबरू करने जैसे सुझाव भी दिए जाऐ भगोरिया पर्व मध्यप्रदेश के धार,झाबुआ ,आलीराजपुर ,खरगोन आदि के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में नृत्य ,संगीत ,लोक गायन ,एक जैसे ड्रेस कोड वाले सुन्दर परिधान,चांदी के सुन्दर पहनावे के साथ धूमधाम से मनाया जाता है` भगोरिया पर लगने वाले हाट -बाजार मेले का रूप ले लेते है`मेले में अपनी जरुरत की वस्तुएं खरीदते है`भगोरिया प्रारम्भ समीप शिव मंदिर से किया जाता हैजिलों में भगोरिया की तारीख पहले तय की जाती है` होली जलने के लगभग एक सप्ताह पूर्व से मनाया जाता है` भगोरिया के पश्चात पड़ने वाले हाट -बाजार को उजाड़िया बाजार भी कहा जाता है`बांसुरी ,घुंघरू ,मांदल ,बहुत बड़े आकर का ढोल ,थाली ,छतरी ,रुमाल आदि को लेकर नृत्यकिया जाता है` फागुन मौसम छटा बिखेरकर पर्व को दर्शनीय बनाता है`भगोरिया पर्व नजदीक आने को है` भगोरिया पर्व आते ही वासन्तिक छटा मन को मोह लेती है वही इस पर्व की पूर्व तैयारी करने से ढोल ,बांसुरी की धुनों की मिठास पूर्व से ही कानों मे मिश्री घोल देती है व उमंगो में एक नई ऊर्जा भरती है दूरस्थ गाँव के रहने वाले समीप भरे जाने वाले हाट (विशेष कर पूर्व से निर्धारित लगने वाले भगोरिया) मे सज-धज के जाते है`युवक-युवतिया झुंड बनाकर पैदल भी जाते है`ताड़ी के पेड़ पर लटकी मटकिया जिसमे ताड़ी एकत्रित की जाती है ताड़ी के वृक्षों पर बेहद खुबसूरत नजर आती है`खजूर ,आम आदि के हरे -भरे पेड़ ऐसे लगते है`मानों ये भगोरिया मे जाने वालो का अभिवादन कर रहे हो ,फागुन माह में आम के वृक्षों पर नए मोर और पहाड़ो पर खिले टेसू का ऐसा सुन्दर नजारा होता है मानों प्रकृति ने अपना अनमोल खजाना खोल दिया हो देश ही नहीं अपितु विदेशों से भी इस पर्व को देखने विदेशी लोग कई क्षेत्रों में आते है लोक संस्कृति के पारम्परिक लोक गीतों को गाया जाकर माहौल मे एक लोक संस्कृति का बेहतर वातावरण देखने को मिलता हैसाथ ही प्रकृति और संस्कृति का संगम हरे -भरे पेड़ो से निखर जाता है`कई क्षेत्रों में जंगलो के कम होने से व गाँवों के विस्तृत होने से कई क्षेत्रो मे कम्पौंड के अन्दर ही नृत्य कर भगोरिया पर्व मनाया जाने लगा है । भगोरिया उत्सव के दौरान लोक संगीत हेतु बड़े आकार का विशेष प्रकार का ढोल नृत्य घेरे के मध्य खड़े होकर लोक संगीत बजाया जाता है`लोक संगीत हेतु बड़े आकार का विशेष प्रकार का ढोल नृत्य घेरे के मध्य खड़े होकर लोक संगीत बजाया जाता है` इसके संगीत में चुंबकीय आकर्षण होता है` इसके एक तरफ आटा लगा के बजाया जााता।लोक संगीत से जुड़े बड़े आकार के वाद्य यंत्रों का महत्व आज तक बरकरार है` इन वाद्य यंत्रो से निकले लोक संगीत के आनंद की बात ही कुछ और है इसके संगीत में चुंबकीय आकर्षण होता है` इस ढोल की प्रेक्टिस व तैयारी एक माह पूर्व से की जाती है` लोक संगीत ,लोक गीतों लोक नृत्य, लोक गायन , लोक कला कृति आदि के उपासकों द्वारा इन्हें संजोए रखने का कार्य प्रशंसनीय तो है ही साथी भावी पीढ़ी को इनकी विशेषता से परिचित भी करवाता है`मेले में आदिवासी महिलाएं टेटू पारंपरिक रूप से बनवाती है ।इसके अलावा आभूषण जो चांदी से निर्मित होते है ।पूरे शरीर पर आभूषण सुंदर डिजाइन के और उन आभूषण को भिन्न भिन्न नाम से जाना जाता है ।वर्तमान में चांदी भाव आसमान छू रहे है` महिलाएं इन्हें पहन कर आती है इसमें सभी ग्रुप की ड्रेस कोड बड़ी सुंदर होती।लोक गीतों का भी समावेश बांसुरी संग किया जाता है ।भगोरिया नृत्य टीम को सम्मानित किया जाता है दिल्ली में राष्ट्रीय पर्व पर भगोरिया पर्व की झांकी भी निकाली जाती है ।झाबुआ /आलीराजपुर /धार /खरगोन ,आदि जिलों के गांवों के निर्धारित की जाने वाले दिनांक को लगने वाले क्षेत्रीय हाट- बाजारों में भगोरिया पर्व को बेहतर तरीके से लोक गीतों पारंपरिक वाद्य यंत्रों के संगीत के साथ एवं लोकनृत्य से अपनी लोक संस्कृति को विलुप्त होने से बचाते आरहे है । इसका हम सभी को गर्व है ।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

## रीढ़ की हड्डी

रीढ़ की हड्डी का सीधा होना कभी मनुष्य के विकास का प्रमाण माना जाता था, पर आज के युग में यह एक गंभीर शारीरिक और मानसिक विकार है। यदि आपकी रीढ़ में जरा भी लचीलापन नहीं है, तो समझ लीजिए कि आप उन्नति की दौड़ में लंगड़े हो चुके हैं। दुनिया अब उन लोगों की नहीं रही जो सच बोलते हैं, दुनिया उनकी है जो सच को चाशनी में डुबोकर, उसे तलकर और उस पर 'पनीर' की गार्निशिंग करके पेश करते हैं। इसे ही हम सभ्यता की भाषा में 'चाटुकारिता' कहते हैं, वैसे बाजार में इसे 'नेटवर्किंग' और 'रिलेशनशिप मैनेजमेंट' के नाम से भी बेचा जाता है।

चाटुकारिता का पहला नियम यह है कि आपके पास अपनी कोई राय नहीं होनी चाहिए। आपकी राय वही है जो आपके 'बॉस' या 'आका' की है। अगर वे दोपहर के बारह बजे कहें कि वाह! कितनी सुहानी चाँदनी खिली है, तो आपको न केवल उनकी बात माननी है, बल्कि तुरंत यह भी जोड़ना है कि हुजूर, इस चाँदनी की शीतलता के कारण ही मुझे स्वेटर पहनना पड़ा है। जो लोग सूरज की तपिश दिखाने के लिए थर्मामीटर लेकर खड़े हो जाते हैं, वे अक्सर धूप में झुलसकर अकेले रह जाते हैं। इसके उलट, जो उस धूप में चाँदनी का अहसास करा दें, वे एयर-कंडीशंड कमरों में मलाई काटते हैं।

अक्सर लोग पूछते हैं कि इस कला में निपुण होने के लिए क्या कोई विशेष प्रशिक्षण चाहिए? नहीं साहब, इसके लिए केवल एक 'निर्लज्ज हृदय' और एक 'सदाबहार मुस्कान' की आवश्यकता है। कुछ लोग इसे जन्मजात लेकर पैदा होते हैं–जैसे ही नर्स ने उन्हें गोद में लिया, वे रोने के बजाय उसे 'थैंक यू' वाली नजरों से देखने लगते हैं। बाकी लोग इसे मेहनत से अर्जित करते हैं। साहित्य हो या राजनीति, यहाँ बिना 'तेल' के चक्का नहीं घूमता। यहाँ की प्रतिभा भी 'ऑयल रिफाइनरी' से होकर गुजरती है। आजकल तो चाटुकारिता का 'डिजिटल अवतार' और भी निराला है। किसी की पोस्ट पर 'लाइक' करना एक साधारण शिष्टाचार है, लेकिन 'हार्ट इमोजी' के साथ चार लंबे-लंबे विशेषण लिखना शुद्ध भक्ति है। लोग अब महान काम नहीं करते, वे बस महान लोगों की तस्वीरों को 'शेयर' करते हैं ताकि उनकी महानता की थोड़ी-सी धूल उनके अपने दामन पर भी गिर जाए। यह एक ऐसा निवेश है जिसमें जोखिम शून्य है और मुनाफा असीमित।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 27 फरवरी 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:55 सूर्यास्त 18:25
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - एकादशी 22:33 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - आर्द्रा 10:49 उपरांत पुनर्वसु
योग - आयुष्मान 19:43 उपरांत सौभाग्य
करण - वणिज
चन्द्रमा - मिथुन में है। 27:52 पर कर्क में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 09 तारिख

**मेष-** वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा।

**वृषभ-** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**मिथुन-** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**कर्क-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी।

**सिंह-** मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। आय होगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**कन्या-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा।

**तुला-** व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें।

**वृश्चिक-** मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें।

**धनु-** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं

**मकर-** मिलने से खिन्नता रहेगी। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है।

**कुंभ-** मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा। मानसिक तनाव महसूस कर सकते हैं, मेडिटेशन करें।

**मीन-** बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## भारत से नलखेड़ा तक - गौरव और रंगों की गाथा

यह भारत है – वीरों की धरती, विज्ञान की उड़ान,
चाँद-सितारों को छू आया, बढ़ा विश्व में मान।
संस्कृति जिसकी गंगा-सी पावन, विविधता जिसकी शान,
एकता का संदेश सुनाता, मेरा भारत महान।
उस भारत का हृदय कहलाता– मध्यप्रदेश महान,
वन-उपवन, नर्मदा धारा, समृद्धि की पहचान।
सांची-खजुराहो की कला, इतिहास का अभिमान,
मालवा की माटी गाए, श्रम, शौर्य और सम्मान।
और उसी हृदय में धड़कती पावन नगरी उज्जैन अपार,
जहाँ विराजें महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, भक्तों के आधार।
जहाँ काल भी शीश झुकाए, शिव का गूँजे नाम,
क्षिप्रा तट पर अमर गाथा, धर्म, ज्योतिष, ज्ञान धाम।
उसी पावन अंचल में शक्ति का अद्भुत स्वरूप,
नलखेड़ा में विराजी माँ, पीताम्बर सा रूप।
विश्व विख्यात माँ बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा की महिमा अपरम्पार,
संकट हरें, विजय दें माता, भक्त करे जय जयकार ।
देश-विदेश से आए श्रद्धालु लेकर विश्वास,
माँ के चरणों में पाते जीवन का उजियास।
जहाँ भक्ति संग शक्ति का संगम दिव्य अनूप,
वहीं फागुन लाता रंगों का अनुपम स्वरूप।
फागोत्सव की मधुर फुहारें, ढोलक की झंकार,
अबीर-गुलाल उड़े गगन में, प्रेम बने आधार।
रंगोत्सव में एक हो जाएँ ऊँच-नीच के भेद,
होली गाए भाईचारा, मिट जाएँ सब खेद।
भारत की उपलब्धि चमके, मध्यप्रदेश मुस्काए,
उज्जैन की महिमा अमर हो, जग शीश नवाए।
नलखेड़ा में माँ की कृपा, रंगों का विस्तार,
भक्ति, शक्ति और प्रेम से सजे यह त्यौहार।

मुकेश चौरसिया जायसवाल
नलखेड़ा

## न धृतराष्ट्र-गांधारी बनों प्रहरी..!

तीस से ज्यादा बच्चों ने हाथ की नस काट ली,
ऐसा लगा जैसे माता-पिता ने अंतिम सांस लीं।
हे पालकों क्यों? धृतराष्ट्र बन अपने घर बैठे हो,
बच्चों पर रखिए नजर क्यों आँखें मून्दे बैठे हो।
लाख इसका दोष किसी ओर को चाहे दीजिए,
आप गांधारी सा आचरण तो उनसे न कीजिए।
संतान सेलफोन पे क्या? कर रही सुध लीजिए,
आत्मक्षति क्यों? हो रहीं उस पर ध्यान दीजिए।
युवामन डिजिटल संसार में गहराई से प्रभावित,
ऑनलाइन चैलेंज, हिंसक गेम्स क्षति संभावित।
माता-पिता, शिक्षक व समाज रखें इनसे संवाद,
घरेलू वातावरण ऐसा तैयार करें न जन्मे मवाद।
(संदर्भ-धमतरी में 'ब्लेड के पीछे छिपा सच')



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

# शादी की बदलती तस्वीर: दिखावे, अहंकार और टूटते रिश्ते

भारतीय समाज में शादी केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं रही है, बल्कि इसे हमेशा से परिवार, समाज और संस्कारों से जुड़ी एक पवित्र संस्था माना गया है। विवाह को जीवनभर का साथ, सुख-दुख में एक-दूसरे का संबल और सामाजिक स्थिरता की आधारशिला समझा जाता रहा है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में इस संस्था की तस्वीर तेजी से बदली है। आज शादी का मतलब साथ निभाने का संकल्प कम और सामाजिक प्रदर्शन अधिक होता जा रहा है। परिणामस्वरूप रिश्ते कमजोर हो रहे हैं और तलाक या अलगाव के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

आज यह एक कड़वी सच्चाई है कि लोग शादी पर 20झ25 लाख रुपये या उससे भी अधिक खर्च कर रहे हैं, लेकिन उसी शादी के कुछ महीनों या दिनों तक चलने की कोई गारंटी नहीं रह गई है। आंकड़े बताते हैं कि शहरी क्षेत्रों में लगभग 40 से 50 प्रतिशत वैवाहिक रिश्ते टूटने की कगार पर हैं या पहले ही टूट चुके हैं। यह केवल व्यक्तिगत विफलता नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक समस्या का संकेत है, जिसे नजरअंदाज करना आने वाले समय में भारी पड़ सकता है।

इस संकट का सबसे बड़ा कारण है दिखावे की संस्कृति। शादी अब एक निजी निर्णय नहीं, बल्कि एक भव्य इवेंट बन चुकी है, जिसमें होटल, डेस्टिनेशन वेडिंग, महंगे कपड़े, फोटोशूट और सोशल मीडिया पोस्ट सबसे अहम हो गए हैं। लोग यह सोचने में अधिक समय लगाते हैं कि मेहमान क्या कहेंगे, रिश्तेदार कितने प्रभावित होंगे और इंस्टाग्राम पर तस्वीरें कैसी दिखेंगी। लेकिन यह सोचने का समय नहीं निकालते कि जिस इंसान के साथ पूरी ज़िंदगी बितानी है, उसके विचार, स्वभाव, सहनशीलता और जीवन के प्रति दृष्टिकोण क्या हैं।

सोशल मीडिया ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। हर व्यक्ति खुद को बेहतर दिखाने की कोशिश में अपनी वास्तविकता छिपा रहा है। शादी से पहले बनाई गई यह परफेक्ट इमेज शादी के बाद धीरे-धीरे टूटती है और जब सच्चाई सामने आती है, तब निराशा, टकराव और असंतोष जन्म लेता है। लोग समझ पाते हैं कि वे जिस इंसान से शादी कर बैठे हैं, वह वैसा नहीं है जैसा उन्होंने कल्पना की थी। दूसरा बड़ा कारण है धैर्य की कमी और अहंकार की अधिकता। आज के समय में लोगों का पेशेंस लेवल लगभग शून्य पर आ गया है, जबकि ईगो का स्तर सौ पर पहुंच चुका है। छोटी-छोटी बातों पर रिश्तों में दरार आ जाती है। संवाद करने, समझाने और समझने की जगह लोग तुरंत निष्कर्ष निकाल लेते हैं कि यह रिश्ता काम नहीं करेगा। मैं क्यों समझौता करूँ? और मेरी खुशी सबसे ऊपर है जैसी सोच रिश्तों को खोखला कर रही है।

पहले रिश्तों में समस्याएं आती थीं, लेकिन उन्हें सुलझाने की कोशिश की जाती थी। आज समस्याएं आते ही लोग अलग होने को सबसे आसान समाधान मान लेते हैं। रिश्तों को निभाने की जगह उन्हें बदल देने की मानसिकता बढ़ती जा रही है। यह उपभोक्तावादी सोच केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि अब रिश्तों में भी प्रवेश कर चुकी है।

एक और महत्वपूर्ण कारण है संयुक्त परिवार प्रणाली का टूटना और एकल परिवारों का बढ़ना। संयुक्त परिवारों में बच्चे बचपन से ही बड़ों को देखकर सहनशीलता, त्याग, जिम्मेदारी और रिश्तों को निभाने की कला सीखते थे। मतभेद होते थे, लेकिन उन्हें बातचीत और समझदारी से सुलझाया जाता था। आज एकल परिवारों में पले-बढ़े बच्चों को यह व्यवहारिक प्रशिक्षण बहुत कम मिल पाता है।

धर्म-आस्था

# दान का चमत्कार: त्याग और समर्पण का पावन पथ

भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में ह्यदानह्न को केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानवता की सेवा और आत्मोन्नति का सरलतम साधन माना गया है। हमारे शास्त्र बार-बार यह संदेश देते हैं कि दान का वास्तविक अर्थ केवल वस्तु का त्याग नहीं, बल्कि भीतर बैठे मोह, लोभ और अहंकार को छोड़ने की साधना है। जब व्यक्ति अपनी कमाई, समय या संसाधनों का अंश दूसरों के कल्याण के लिए समर्पित करता है, तब वह केवल किसी की सहायता नहीं करता, बल्कि स्वयं के व्यक्तित्व को भी ऊँचा उठाता है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

दान की परंपरा भारत की सामाजिक संरचना को संतुलित रखने का एक सशक्त माध्यम रही है। प्राचीन काल में गुरुकुल, धर्मशालाएँ, अन्नक्षेत्र और सेवा संस्थाएँ दान की भावना से ही संचालित होती थीं। यह परंपरा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, क्योंकि आधुनिक समाज में आर्थिक असमानता और सामाजिक चुनौतियाँ लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे समय में दान केवल पुण्य कमाने का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का माध्यम बन जाता है।

शास्त्रों में स्पष्ट कहा गया है कि दान का सबसे बड़ा मूल्य उसकी मात्रा में नहीं, बल्कि उसके पीछे निहित भावना में होता है। श्रद्धा और विनम्रता से किया गया छोटा सा दान भी महान फल देता है, जबकि दिखावे या अहंकार से किया गया बड़ा दान भी आध्यात्मिक दृष्टि से निष्फल माना जाता है। यही कारण है कि ह्लगुप्त दानह्व को सर्वोत्तम बताया गया है–जहाँ देने वाला प्रसिद्धि नहीं, बल्कि संतोष की तलाश करता है। विभिन्न ग्रंथों में अलग-अलग वस्तुओं के दान का विशेष महत्व बताया गया है। शय्या (बिस्तर) का दान आयु, यश और धैर्य में वृद्धि का कारण माना गया है। वस्त्र दान से दीघार्यु और उच्च लोक की प्राप्ति का उल्लेख मिलता है। पंखा दान करने से सात पीढ़ियों तक धर्म और पुण्य का लाभ बताया गया है, जबकि कपूर दान दुखों की निवृत्ति और मोक्ष मार्ग को प्रशस्त करने वाला माना गया है।

इसी प्रकार तकिया दान पापों के क्षय और सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ा गया है। फूल और चंदन का दान जीवन में सुख, भोग और मान-सम्मान बढ़ाने वाला माना गया है। चटाई का दान निरोगी काया और कार्यों में विजय का प्रतीक बताया गया है। जल से भरे घड़े का दान गया तीर्थ में श्राद्ध के समान पुण्य देने वाला कहा गया है, जबकि कंबल दान अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति प्रदान करने वाला माना गया है।

घी और चावल का दान यज्ञ के समान फल देने वाला बताया गया है, जिससे आयु और लक्ष्मी की वृद्धि होती है। वहीं लस्सी या छाछ का दान विद्या और धन की प्राप्ति से जोड़ा गया है। इन सभी उल्लेखों का गूढ़ अर्थ यह है कि दान व्यक्ति को भीतर से परिष्कृत करता है और समाज में संतुलन स्थापित करता है।

आध्यात्मिक दृष्टि से दान के कई सकारात्मक प्रभाव माने गए हैं। पहला, यह मानसिक शांति प्रदान करता है। जब व्यक्ति निःस्वार्थ भाव से किसी की सहायता करता है, तो उसे जो आत्मसंतोष मिलता है, वह किसी भौतिक उपलब्धि से कहीं अधिक स्थायी होता है। दूसरा, ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार विभिन्न ग्रह दोषों की शांति के लिए भी दान का विशेष महत्व बताया गया है। तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण, दान सामाजिक विषमता को कम करने का प्रभावी माध्यम है। हालाँकि दान करते समय विवेक और संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है। शास्त्रों ने स्पष्ट कहा है कि दान अपनी सामर्थ्य के अनुसार और सामने वाले की वास्तविक आवश्यकता को समझकर ही करना चाहिए। अंधानुकरण या दिखावे की भावना दान की पवित्रता को कम कर देती है। साथ ही, दान के साथ सम्मान का भाव भी जुड़ा होना चाहिए, ताकि सहायता पाने वाले की गरिमा अक्षुण्ण रहे।

आज के उपभोक्तावादी युग में, जब संग्रह की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, तब दान की संस्कृति हमें संतुलन और संवेदनशीलता का पाठ पढ़ाती है। यह हमें याद दिलाती है कि संपत्ति का वास्तविक मूल्य उसके संचय में नहीं, बल्कि उसके सदुपयोग में है। अंततः, दान का चमत्कार किसी जादुई फल में नहीं, बल्कि उस आंतरिक परिवर्तन में छिपा है जो देने की प्रक्रिया से उत्पन्न होता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1812-2800 चना काबली- 3100-9001, चना बड़ा- 4420-5071, रायड़ा- 5100-5901, बलटा- 1704-3938, सोयाबीन- 1401-5801, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,58,500, रवा- 1,58,400 चांदी- टंच- 2,60,000 पाट- 2,60,000।


## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।


## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## महिदपुर में 1 मार्च को निकलेगी भव्य फाग यात्रा, फूलों व गुलाल से खेली जाएगी होली



**महिदपुर।** नगर सेठ श्री रणजीत हनुमान जी की कृपा से नगर में भव्य फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 1 मार्च 2026 को सुबह 9 बजे से श्री रणजीत हनुमान मंदिर, चेक बाजार से प्रारंभ होगा। फाग यात्रा में बैंड, डीजे सहित विभिन्न आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः चैक बाजार में समापन करेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु फूलों और गुलाल से होली खेलते हुए उत्सव का आनंद लेंगे। आयोजकों ने नगरवासियों से अपील की है कि वे सपरिवार इस भव्य फाग महोत्सव में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं।

## मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के लोकार्पण के बाद मरीजों को इलाज का इंतजार




**महिदपुर।** नगर के नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधित छोटी-मोटी बिमारी और इलाज के लिये पुराने हाईस्कूल मैदान के बाहर तथा बीनपुरा रोड़ पर भीमाखेड़ा पंचायत के सामने लाखो रुपये खर्च कर 3 वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के बड़े-बड़े भवन बनाये गये थे। विधानसभा चुनाव के पूर्व इन भवनों का लोकार्पण भी हो चुका है । परंतु इन भवनों से नागरिकों को स्वास्थ्य की संजीवनी मिलना शुरू नहीं हुई है। नगर में बनाये भवन के दरवाजे रोज खुलते है और शाम 5 बजे बंद हो जाते है। भवन में इलाज करने वाले चिकित्सक, कम्पाउन्डर, नर्स और दवाईयों की कोई व्यवस्था नहीं है। मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक योजना में बनाये भवनों में इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है। इसी प्रकार भीमाखेड़ा में बनाये भवन लोकार्पण के बाद ताले तक नहीं खुले है। जिला चिकित्सा विभाग व झारड़ा स्वास्थ्य केन्द्रों के अधीन आने वाले भवनों में विभाग शीघ्र स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करावें जिससे इस क्षेत्रों को स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध हो सकें। क्या स्वास्थ्य विभाग इस और ध्यान देकर नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायें।

## केदारनाथ मंदिर रास्ता खोलने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### श्रद्धालुओं ने हनुमान चौराह से कलेक्ट्रेट तक निकाली रैली



**गुना।** पिछले तीन वर्षों से बंद पड़े केदारनाथ मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए तत्काल खोलने की मांग को लेकर मंगलवार को शहर में भक्तों का आक्रोश देखने को मिला। हनुमान चौराहा से कलेक्ट्रेट तक सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जुलूस निकालकर जनसुनवाई के दौरान एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। भाजपा के जिला महामंत्री एवं वरिष्ठ नेता संतोष धाकड़ के नेतृत्व में हनुमान चौराहे से कलेक्ट्रेट तक रैली पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बताया कि मंदिर लंबे समय से बंद होने के कारण उन्हें पूजा-अर्चना और दर्शन से वंचित रहना पड़ रहा है, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मंदिर को शीघ्र खोलकर नियमित पूजा-पाठ की व्यवस्था की जाए। जुलूस में शामिल लोगों ने भजन-कीर्तन करते हुए हाथों में तख्तियां लेकर मंदिर खोलने की मांग उठाई। कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## क्लब 08 बना वॉलीबॉल चैंपियन



**गुना।** लीडर्स इंटर-क्लब वॉलीबॉल टूनार्मेंट के फाइनल में मंगलवार क्लब 08 ने लीडर्स क्लब को हराकर खिताबी जीत दर्ज की। इस भव्य प्रतियोगिता में गुना के 8 क्लबों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। मुख्य अतिथि एसपी अंकित सोनी ने विजेता टीम के कप्तान जग्गी रघुवंशी और उनके खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। एसपी श्री सोनी ने सभी प्रतिभागी क्लबों के खेल और उनके बीच की प्रतिस्पर्धा की जमकर सराहना की।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

# ट्रेचिंग ग्राउंड पर मिले गायों के शव, कांग्रेस ने महापौर के इस्तीफे की मांग की, निगम अधिकारी निलंबित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास के ट्रेचिंग ग्राउंड पर खुले में पड़े गायों के शव मिलने से नगर निगम की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नियमानुसार मृत पशुओं को गड्ढे में दफनाया जाना चाहिए, लेकिन कई गायों के अवशेष खुले में पाए गए, जिससे स्पष्ट लापरवाही सामने आई। बुधवार को इसका वीडियो सामने आया था।

घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी ट्रेचिंग ग्राउंड पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से घटनाक्रम पर चर्चा की और व्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

### महापौर से इस्तीफा मांगा

इसके साथ हीं आरोप लगाया कि नगर निगम में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग गाय के नाम पर चुनाव जीतते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं विफल हैं। चामुंडा माता की नगरी में ऐसी घटनाएं शहर की छवि को धूमिल करती हैं। चौधरी ने महापौर से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की है।

### नगर निगम अधिकारी निलंबित

इस मामले में प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए निगम कमिश्नर दलीप कुमार ने नगर निगम के अधिकारी जितेंद्र सिसोदिया को निलंबित कर दिया है। साथ ही, दो अन्य अधिकारी-कर्मचारियों का सात-सात दिनों का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है। यह पूरा घटनाक्रम सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद सामने आया था।

## सहायक उपनिरीक्षकों को मंडी निरीक्षक का प्रभार, सुसनेर में तीन अधिकारियों को जिम्मेदारी

**सुसनेर।** मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा सहायक उपनिरीक्षक संवर्ग के कर्मचारियों को मंडी निरीक्षक संवर्ग के उच्च पद का प्रभार सौंपा गया है। यह प्रभार सेवा शर्तों के अधीन प्रदान किया गया है, जिससे मंडी कार्यों में प्रशासनिक मजबूती आने की उम्मीद है। वरिष्ठता सूची के आधार पर चयनित अधिकारियों को उनके वर्तमान पदस्थापना स्थल पर ही प्रभारी मंडी निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। सुसनेर कृषि उपज मंडी में तीन अधिकारियों को यह दायित्व सौंपा गया है। वरिष्ठता क्रमांक 139 (कास. क्र. 346) पर पदस्थ हरिनारायण मगोरिया को सुसनेर में प्रभारी मंडी निरीक्षक बनाया गया है। इसी प्रकार वरिष्ठता क्रमांक 144 (कास. क्र. 352) पर पवन कुमार शर्मा तथा वरिष्ठता क्रमांक 206 (कास. क्र. 478) पर जगदीश चन्द्र भील को भी प्रभारी मंडी निरीक्षक का प्रभार सौंपा गया है। मंडी निरीक्षक का प्रभार मिलने से नीलामी प्रक्रिया की निगरानी, तौल व्यवस्था में पारदर्शिता, किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और मंडी की समग्र व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। स्थानीय स्तर पर इसे प्रशासनिक कार्यप्रणाली को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### एयू उद्योगिनी कार्यक्रम के तहत 40 महिला उद्यमों का शुभारंभ

# सीमित संसाधनों में जीवनयापन कर रही महिलाओं को मिला रोजगार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए एयू स्माल फायनेंस बैंक एवं मेजिक बस इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित एयू उद्योगिनी कार्यक्रम के अंतर्गत शुजालपुर क्षेत्र में 40 महिला उद्यमों का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम ग्राम पंचायत भ्याना में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजन में ग्राम पंचायत शुजालपुर के सरपंच, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की टीम, मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के प्रतिनिधि तथा चयनित महिला उद्यमी मौजूद रहीं। वक्ताओं ने कहा कि एयू उद्योगिनी कार्यक्रम का उद्देश्य उन ग्रामीण महिलाओं को आगे बढ़ाना है, जिन्हें संसाधनों की कमी और सामाजिक परिस्थितियों के कारण अब तक अवसर नहीं मिल पाया। कार्यक्रम विशेष रूप से विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा तथा अत्यंत सीमित संसाधनों में जीवनयापन कर रही महिलाओं पर केंद्रित है। इसके अंतर्गत पहले पात्र महिलाओं की पहचान की जाती है, तत्पश्चात उन्हें उद्यमिता के प्रति जागरूक किया जाता है। चयनित महिलाओं को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें व्यवसाय योजना तैयार करना, बजट निर्माण, आय-व्यय प्रबंधन तथा व्यवसाय संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद महिलाओं ने अपने--अपने व्यवसाय की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की। इन योजनाओं के आधार पर बैंक द्वारा प्रारंभिक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई, जिससे वे अपने उद्यम प्रारंभ कर सकें। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के पश्चात सभी 40 दुकानों का विधिवत उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही महिलाओं ने अपने नए व्यवसाय की शुरूआत करते हुए आत्मनिर्भरता की ओर पहला कदम बढ़ाया। उपस्थित अतिथियों ने महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह पहल न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास का संचार भी कर रही है। एयू उद्योगिनी कार्यक्रम ग्रामीण अंचल में महिला सशक्तिकरण का प्रेरक उदाहरण बनकर उभर रहा है।

### संभागायुक्त ने किसानों से उन्नत तकनीक की खेती, मुनाफा जाना

# देवास में आधुनिक खेती से लाखों कमा रहे किसान, बैलेंस शीट भी बनाते हैं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



संभागायुक्त आशीष सिंह ने देवास जिले के विभिन्न गांवों का दौरा कर आधुनिक कृषि पद्धतियों का उपयोग करने वाले प्रगतिशील किसानों के खेतों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने किसानों द्वारा अपनाई जा रही उन्नत तकनीकों और उनसे मिल रहे मुनाफे को समझा।

ग्राम मेंढकी धाकड़ में संभागायुक्त ने किसान जगदीश नागर के खेत का दौरा किया। नागर ने बताया कि वे 5 हजार वर्ग फीट जमीन से 55 हजार रुपये की लौकी का उत्पादन कर रहे हैं। पहले वे पारंपरिक फसलें उगाते थे, लेकिन अब उद्यानिकी फसलों जैसे टमाटर, ड्रैगन फ्रूट, गोभी, धनिया और खरबूजा की खेती से उन्हें अच्छा मुनाफा मिल रहा है।

वे सिंचाई के लिए ड्रिप और मल्चिंग जैसी आधुनिक पद्धतियों का उपयोग करते हुए साल में तीन फसलें लेते हैं।

इसके बाद संभागायुक्त ने ग्राम जामगोद में किसान कैलाश पटेल द्वारा किए जा रहे केंचुआ खाद उत्पादन कार्य का अवलोकन किया। पटेल ने बताया कि उन्होंने 30 हजार रुपये की पूंजी से यह काम शुरू किया था, जिसे अब मेहनत और सही तकनीक से 3 लाख रुपये के टर्नओवर वाले सफल व्यवसाय में बदल दिया है।

वे जैविक और केंचुआ खाद 6 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेच रहे हैं। उनके इस नवाचारी प्रयास से कई अन्य किसान भी जुड़कर जैविक खेती कर रहे हैं।

ग्राम अरनिया जागीर में किसान नारायण सिंह सेंधव के खेत पर पहुंचकर संभागायुक्त सिंह और कलेक्टर ऋतुराज आश्चर्यचकित रह गए। सेंधव ने बताया कि वे खेती को एक उद्योग के रूप में करते हैं और हर काम की बैलेंस शीट तैयार रखते हैं।

इसमें पौधे लगाने, खर्च, पानी और खाद देने का पूरा विवरण दर्ज होता है। वे एक एकड़ में साल भर में 8 लाख रुपये तक का करेला बेच देते हैं। हाल ही में उनके करेले की फसल 80 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से मंडी में बिकी है।

वे जल्द ही सफेद करेले की फसल भी तैयार कर रहे हैं, जिसे अनुमानित 105 से 110 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचने की उम्मीद है।




## पुलिस द्वारा लापता किशोर सकुशल बरामद

**सुसनेर।** क्षेत्र के ग्राम सेमली से लापता हुए 15 वर्षीय किशोर को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सकुशल बरामद कर लिया। मामले में फरियादिया केलाश बाई पति करणसिंह बैलदार (उम्र 50 वर्ष) निवासी सेमली ने अपने पौत्र गोविंद पिता स्व. रामप्रसाद बैलदार (उम्र 15 वर्ष 10 माह) के लापता होने की रिपोर्ट थाना सुसनेर में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार किशोर 17 फरवरी 2026 की शाम करीब 5 बजे घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा आसपास खोजबीन करने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर थाना सुसनेर में सूचना दी गई। पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण क्रमांक 6026 कायम कर तत्काल जांच प्रारंभ की। थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैंस के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर संभावित स्थानों पर तलाश अभियान चलाया गया। पुलिस द्वारा आसपास के गांवों, बस स्टैंड एवं अन्य स्थानों पर पूछताछ की गई। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने किशोर को सकुशल दस्तयाब कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई एवं पूछताछ उपरांत गुरुवार को किशोर को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। किशोर के सकुशल मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार की बैठक आज

**सारंगपुर।** गायत्री परिवार सारंगपुर की शुक्रवार को गायत्री प्रज्ञापीठ सारंगपुर पर शाम 7:00 बजे एक बैठक आयोजन होगा जिसमें विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। गायत्री परिवार सारंगपुर के डॉ. केके मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में तीन विषयों पर चर्चा होगी जिसमें प्रथम शांतिकुंज से 5 दिवसीय शताब्दी वर्ष का सत्र कार्यक्रम की जानकारी तहसील समन्वयक प्रेम नारायण लववंशी द्वारा दी जादगी। गायत्री परिवार के ट्रस्ट गठन की रूपरेखा निर्धारित की जाएगी। ग्रह गायत्री यज्ञ की योजना तय की जाएगी। मिश्रा ने बैठक में समय पर पधार कर सफल बनाने की अपील समाजजनों से की है।

### मजदूर महासंघ का प्रदर्शन, कहा-7500 रुपए पेंशन की जाए

## कलेक्टर कार्यालय पहुंचे आंदोलनकारी; बोले-ईपीएफ-ईएसआईसी की सीमा बढ़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में अखिल भारतीय इंजीनियरिंग एवं मेटल मजदूर महासंघ (भारतीय मजदूर संघ संबद्ध) ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री और श्रम एवं रोजगार मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन बढ़ाने सहित औद्योगिक श्रमिकों से जुड़ी विभिन्न मांगें उठाई गईं।

महासंघ के महामंत्री रामभान सिंह ने बताया कि प्रमुख मांगों में ईपीएस-95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन को 1000 रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपए प्रतिमाह महंगाई भत्ते सहित लागू करना शामिल है। इसके साथ ही ईपीएफ में अनिवार्य अंशदान की वेतन सीमा 15,000 रुपए से बढ़ाकर 30,000 रुपए तथा ईएसआईसी के तहत वेतन सीमा 21,000 रुपए से बढ़ाकर 42,000 रुपए प्रतिमाह करने की मांग की गई है।

### बोनस, स्थायीकरण और भर्ती पर रोक का मुद्दा

ज्ञापन में बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के तहत बोनस पात्रता की वर्तमान सीमा में वृद्धि करने की मांग भी रखी गई। महासंघ ने ठेका श्रमिकों को स्थायी करने, सामान्य भर्ती पर लगी रोक हटाने तथा श्रमिकों को सुरक्षित और सुनिश्चित रोजगार की गारंटी देने की अपील की है।

ज्ञापन सौंपने से पूर्व कलेक्टर कार्यालय परिसर में श्रमिक नेता जनार्दन पेठनकर एडवोकेट ने उपस्थित श्रमिकों को संबोधित करते हुए उनकी मांगों का समर्थन किया। इस दौरान शशिकांत बजे, माखनसिंह राजपूत, पदमाकर जोशी, गिरधारी लाल शर्मा, भूपत वर्मा, दीवाकर बोडखे, सुभाष पंडित सहित बड़ी संख्या में महासंघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता हे किं मेरे पक्षकार ने राजुराम पिता विरमाराम जी जाति जाट निवासी ग्राम मोहनपुरा बावास बाडमेर राजस्थान से उनके द्वारा राहुल पिता शंकरलाल जी जाति आंजना निवासी ग्राम आक्यानजीक से अनुबन्धित भूमि जो कि ग्राम लेकोडा आंजना तहसील उन्हेल जिला उज्जैन मे स्थित होकर जिसका सर्वे नम्बर 502 रकबा 1.86 हे, मे से रकबा 0.265 हे, तथा सर्वे नम्बर 694/1 रकबा 0.44 हे, में से रकबा 0.11 हेक्टर जो कि कुल किता 02 होकर कुल रकबा 0.3750 हे, भुमि को, सिंचाई के अधिकार सहीत क्रय करने का अनुबन्ध किया है, जिसमे मेरे पक्षकार ने बयाना पेटे राशी भी अदा कर दी है ।

यह कि, उक्त कृषि भुमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भुमि, विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय अथवा अर्धशासकीय, विभाग, या ट्रस्ट के पक्ष मे रहन, बय, दान, आदी, की डुई हो, अथवा उक्त कृषि भूमि के किसी भी वैद्य उत्तराधिकारियों का उक्त भुमि मे किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हित्त, हिस्सा, हो या किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति होतो, इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज, मय प्रमाण के मेरे अग्रलिखीत आफिस में मिले व आपत्ति पेश करे।

अतः इस जाहिर सुचना के द्वारा सूचित किया जाता हे कि 7 दिवस की अवधि मियाद के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भुमि का विक्रय पत्र का सम्पादन अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा, तथा बाद मियाद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित में बन्धनकारक नहीं रहेगी। दिनांक 25/02/2026

**जाकिर हुसैन एडव्होकेट**
**पताः- किदवई मोहल्ला चांदबड चौक**
**उन्हेल तहसील नागंदा जिला उज्जेन**
**मोबा. 98278-47404 एंव 99260-66398**

## न्यायालय अपर कलेक्टर जिला उज्जैन (म.प्र.)

**प्रकरण कमांक-0069/अपील/2025-26-122**
**अपील सूचना समंस आदेश 05 नियम 1 सी.पी.सी**

1. धापूबाई विधवा रमेश जी, जाति ब्राहम्ण,
2. रामकिशन पिता रमेश जी, जाति ब्राहम्ण,
3. राजेश पिता रमेश जी, जाति ब्राहम्ण,

निवासीगण ग्राम जलोदिया, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन

......अपीलार्थी

**विरूद्ध**

1. सुशिल पिता रमेश जी, जाति ब्राहम्ण,
2. प्रेमाबाई पुत्री रमेश जी, जाति ब्राहम्ण,
3. सुशिलाबाई पुत्री रमेश जी, जाति ब्राहम्ण,
4. ताराबाई पुत्री रमेश जी, जाति ब्राहम्ण,
5. मांगीलाल पिता पूनमचंद जी, जाति ब्राहम्ण,
6. कृष्णगोपाल पिता पूनमचंद जी, जाति ब्राहम्ण,
7. प्रकाश पिता पूनमचंद जी, जाति ब्राहम्ण,
8. गीताबाई पिता पूनमचंद जी, जाति ब्राहम्ण,
9. सुमनबाई पिता पूनमचंद जी, जाति ब्राहम्ण,
10. प्रेमचंद पिता रतनलाल जी, जाति ब्राहम्ण,
11. सकुन पुत्री रतनलाल जी, जाति ब्राहम्ण,
12. रूकमणिबाई विधवा ओमप्रकाश जी,
13. अशोक पिता ओमप्रकाश जी, जाति ब्राहम्ण,
14. अनिल पिता ओमप्रकाश जी, जाति ब्राहम्ण,
15. अर्जुन पिता ओमप्रकाश जी, जाति ब्राहम्ण,
16. रामसुखी बाई विधवा शांतिलालजी,
17. भूपेन्द्र पिता शांतिलालजी, जाति ब्राहम्ण,
18. गिरिराज पिता शांतिलालजी, जाति ब्राहम्ण,
19. दीपा पिता शांतिलालजी, जाति ब्राहम्ण,
20. जगदीश पिता बिहारीलालजी, जाति ब्राहम्ण,
21. लीलाबाई पुत्री बिहारीलालजी, जाति ब्राहम्ण,
22. कांताबाई पिता बालूजी, जाति ब्राहम्ण, निवासीगण ग्राम जलोदिया, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन 23. मंजूबाई पति गोपालजी, जाति ब्राहम्ण, निवासी ग्राम कल्याणपुरा, तहसील दीगोद, जिला कोटा (राजस्थान)
24. विमलाबाई पिता बिहारीलालजी, जाति ब्राहम्ण, निवासी ग्राम जलोदिया, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन

**प्रत्यर्थीगण**

आप प्रत्यर्थीगण के विरूद्ध अपीलार्थी के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बडनगर, जिला उज्जैन म.प्र. के प्रकरण क्रमांक-0249/अ-6-अ/2023-24 में पारित आदेश दिनांक-27.11.2024 से व्यथित होकर इस न्यायालय के समक्ष यह अपील प्रस्तुत की है।

उक्त अपील प्रकरण की सुनवाई हेतु दिनांक-12.03.2026 नियत की गई है। इसलिए आप प्रत्यर्थीगण उक्त अपील के संबंध में सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए जिस पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो मय दस्तावेजों के उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में उपस्थित होकर अपने पक्ष प्रस्तुत करें। प्रत्यर्थीगण की अनुपस्थिति में अपील की सुनवाई का निपटारा नियमानुसार किया जावेगा।

(अपर कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

**रीडर टू**
**अपर कलेक्टर जिला उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कमल पिता बालाराम जी खिंची जाति बन्जारा निवासी ग्राम बरखेडा नजीक से उनके द्वारा भुरा पिता शिवाजी गुर्जर से अनुबन्धित भुमि जो कि ग्राम जलोदिया उन्हैल में स्थित होकर जिसका सर्वे नम्बर 36/1 रकबा 1.40 हेक्टर भुमि मे से रकबा 0.40 हेक्टर भूमि जो कि प्रधानमन्त्री रोड से लगी हुई हे को, सिंचाई के अधिकार सहित' क्रय करने का अनुबन्ध किया है जिसमे मेरे पक्षकार ने बयाना पेटे राशि भी अदा कर दी है।

यह कि, उक्त कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भुमि, विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय अथवा अर्धशासकीय, विभाग, या ट्रस्ट के पक्ष मे रहन, बय, दान, आदी, की डुई हो, अथवा उक्त कृर्षि भूमि के किसी भी वैद्य उत्तराधिकारियों का उक्त भुमि मे किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हित्त, हिस्सा, हो या किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति होतो, इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज, मय प्रमाण के मेरे अग्रलिखीत आफीस में मिले व आपत्ति पेश करे।

अतः इस जाहिर सुचना के द्वारा सुचित किया जाता है कि 7 दिवस की अवधि मियाद के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भुमि का विक्रय पत्र का सम्पादन अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा, तथा बाद मियाद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित में बन्धनकारक नही रहेगी। दिनांक 25/02/2026

**जाकिर हुसैन एडव्होकेट**
**पताः- किदवई मोहल्ला चांदबड चौक**
**उन्हेल तहसील नागंदा जिला उज्जेन**
**मोबा. 98278-47404 एंव 99260-66398**

## आरोपी ने मजदूर के साथ फावड़े से की मारपीट

**शाजापुर।** सड़क निर्माण कर रहे मजदूर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी आबिद शेख 40 निवासी मगरिया, शाजापुर ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह शाम करीब 5.30 बजे मनिहारवाड़ी में सड़क निर्माण का कार्य कर रहा था, इसी दौरान मनिहारवाड़ी निवासी शेफ अली शाह वहां पहुंचा और काम को लेकर विवाद करने लगा। आरोप है कि गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपी शेफ अली शाह ने फावड़ा उठाकर आबिद के सिर और कमर पर वार कर दिया। इससे आबिद के सिर में चोट आई और खून बहने लगा। घटना के समय मौजूद ईश्वर परमार और संतोष मालवीय ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल आबिद शेख ने जिला अस्पताल में इलाज कराने के बाद अपने भाई के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

## मारपीट में दो युवक घायल, एक इंदौर रेफर

**शाजापुर।** मारपीट में दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सुनेरा थाना क्षेत्र के ग्राम रिछोदा में हुई मारपीट में शिवलाल और लखन अहिरवार घायल हो गए। मारपीट के दौरान शिवलाल की आंख में गंभीर चोट आई, जबकि लखन के सिर में चोट लगी। दोनों घायलों को उनके परिजन जिला अस्पताल ले गए। घटना रात करीब 1.30 बजे की है। शिवलाल की गंभीर हालत को देखते हुए, उसे प्राथमिक इलाज के बाद गुरुवार सुबह 11 बजे उज्जैन रेफर कर दिया गया। लखन का इलाज शाजापुर जिला अस्पताल में जारी है। मामले में लखन का कहना है कि शिवलाल ने पारिवारिक संबंधों को लेकर उसे फोन पर गाली-गलौज की और बाद में उसके घर आकर मारपीट की। वहीं शिवलाल के परिजनों का आरोप है कि लखन ने पहले विवाद शुरू किया और मारपीट की, जिससे शिवलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर लिए हैं।

## फाग उत्सव व परशुराम प्रकट्य उत्सव की तैयारियों पर मंथन

**शुजालपुर।** सप्त ऋषि ब्राह्मण समाज वामामंडल की आगामी गतिविधियों को लेकर आवश्यक बैठक वामामंडल की अध्यक्ष क्षमा शर्मा की अध्यक्षता में मधु मंडलोई के निवास पर संपन्न हुई। बैठक में आगामी फाग उत्सव एवं भगवान परशुराम प्रकट्य उत्सव के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की रूपरेखा, तिथि, स्थान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर सदस्यों ने आपसी मशविरा कर जिम्मेदारियां तय कीं। अध्यक्ष क्षमा शर्मा ने कहा कि समाज की परंपराओं को सहेजते हुए सभी कार्यक्रम उत्साह एवं अनुशासन के साथ आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से सक्रिय सहभागिता की अपील की। बैठक में मधु मंडलोई, कृष्ण शास्त्री, कृष्णा पाठक, प्रीति मिश्रा, प्रीति उपाध्याय, चंद्रकांता तिवारी, सत्यभामा शर्मा, शकुंतला शर्मा, श्रुति शास्त्री, सविता शर्मा, वीणा शर्मा, अनीता शर्मा, श्वेता मिश्रा, हेमा जोशी, अर्चना जोशी, मोनिका शर्मा एवं रश्मि अवस्थी उपस्थित रहीं। इस दौरान अतिथि के रूप में मौजूद मालती जोशी शाजापुर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आभार मधु मंडलोई ने माना। अंत में आगामी बैठकों की रूपरेखा तय कर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

## महाविद्यालय में विविध प्रतियोगिताओं की शुरुआत

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के वर्चुअल भवन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान के महत्व और समकालीन संदर्भों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान जीवन में उन्नति के नए अवसर प्रदान करता है। विज्ञान के माध्यम से ही नई उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल खोज और अनुसंधान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला भी सिखाता है। इस अवसर पर डॉ. प्रवीणा धारीवाल ने विद्यार्थियों को विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए वैज्ञानिक सोच विकसित करने का आह्वान किया। प्रथम दिवस विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. सुनील कुमार मित्तल ने विज्ञान एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक तकनीक के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम को मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा प्रायोजित किया गया है। आगामी दिनों में साइंस रंगोली, पोस्टर एवं बैनर निर्माण, साइंस क्विज, वाद-विवाद तथा भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## 30 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध मौत, पुलिस कर रही जांच

**शुजालपुर।** क्षेत्र के ग्राम मेहरखेडी में 30 वर्षीय विवाहिता की मौत हो गई। यह मामला संदिग्ध होने पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है और मृतका के पति से पूछताछ भी पुलिस कर रही है, पुलिस को मृतका के पति ने पेट में दर्द होने से मौत होने की बात कही। मिली जानकारी अनुसार बबली बाई पति धर्मेन्द्र भिलाला निवासी मेहरखेडी को सिविल अस्पताल शुजालपुर में लाया गया, जहां चिकित्सक ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में मृतका के पति धर्मेन्द्र पिता इमरत सिंह भिलाला ने बताया कि 25 फरवरी की रात को घर आया तो मेरी पत्नी बबली ने बोला की मेरा पेट दर्द कर रहा है तुम शराब पीकर आए हो, पंलग से नीचे सो जाओं तो मै नीचे सो गया। देर रात 3 बजे उठा तो पत्नी की हालत खराब नजर आई और वह बेहोशी की हालत में दिखी, उधर मृतका के पिता शंकरलाल ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी बबली को मारा गया है और गले में रस्सी से गला घोटने के निशान दिख रहे है। सहायक उपनिरीक्षक पुलिस इजराइल खान ने बताया कि इस मामले में विस्तृत जांच की जा रही है और शव का परीक्षण करवाया गया है, रिपोर्ट आने के बाद पुष्टि हो सकेगी।

# आगामी त्योहारों के मद्देनजर डीआईजी नवनीत भसीन ने ली पुलिस अधिकारियों की अहम बैठक

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**



आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून और शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से उज्जैन रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) नवनीत भसीन ने शाजापुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरुवार को समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में शाजापुर के पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय सहित जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) और थाना प्रभारी मौजूद रहे। डीआईजी भसीन ने आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने जिले के संवेदनशील क्षेत्रों की विशेष रूप से समीक्षा की और अधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने, नियमित गश्त बढ़ाने और खुफिया तंत्र को पूरी तरह से सक्रिय रखने के निर्देश दिए।

**सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर-** बैठक में डीआईजी ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट कर माहौल बिगाड़ने वालों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाए। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल और प्रभावी प्रतिक्रिया दे। इसके साथ ही रात्रि गश्त, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने की रणनीति पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

**शांति समिति व आमजन से संवाद पर जोर**

त्योहारों के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे आमजन, जनप्रतिनिधियों और शांति समिति के सदस्यों के साथ लगातार संवाद बनाए रखें।

**नवनिर्मित एसपी कार्यालय का किया निरीक्षण-** समीक्षा बैठक के पश्चात पुलिस उपमहानिरीक्षक भसीन ने शाजापुर में बन रहे नवनिर्माणाधीन पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के समापन पर उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों ने डीआईजी को आश्वस्त किया कि जिले में शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा हरसंभव और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

## राजेश्वरी माता मंदिर पर आशा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**शाजापुर।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली आशा और पर्यवेक्षक ने अपनी लंबित मांगों, वेतन विसंगतियों और नियमित भुगतान न होने के विरोध में आवाज बुलंद की। मध्य प्रदेश आशा, आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ के बैनर तले मोना प्रजापति के नेतृत्व में जिले की आशा गुरूवार को राजेश्वरी माता मंदिर परिसर में एकत्रित हुईं, यहां अपनी समस्याओं पर चर्चा करने के बाद, उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम जिला कलेक्टर को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में आशा कार्यकर्ताओं ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, टीकाकरण और अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियानों को सफल बनाने में उनका सबसे बड़ा योगदान है। सरकार मंचों से इनकी प्रशंसा तो करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन्हें न्यूनतम वेतन, नियमित मानदेय और सामाजिक सुरक्षा जैसे बुनियादी अधिकारों से आज भी वंचित रखा गया है। ज्ञापन में इस बात पर गहरा रोष व्यक्त किया गया है कि आशा कार्यकर्ताओं को महीनों तक प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया जाता। रक्षाबंधन और दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्यौहारों पर भी भुगतान न होने से उनके सामने परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो जाता है, जबकि अन्य विभागों में कर्मचारियों को त्यौहार भत्ता तक दिया जाता है। ज्ञापन में मांग की गई कि केंद्र सरकार द्वारा जारी 1500 और राज्य शासन द्वारा घोषित 1000 वार्षिक वृद्धि का तुरंत भुगतान किया जाए, 10 वर्ष का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ताओं का नियमितीकरण हो। साथ ही, 15000 रुपये की घोषणा के एवज में मिल रहे 12000 रुपये की विसंगति दूर की जाए।

## बच्चों ने बनाए पारंपरिक भरगुले, दिया इको-फ्रेंडली होली का संदेश

**शाजापुर।** होली पर्व के आगमन को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में पवित्र वसुधा आनंद क्लब और युवा प्रकोष्ठ गायत्री शक्तिपीठ शाजापुर के संयुक्त तत्वावधान में संचालित बाल संस्कार शाला के बच्चों ने पारंपरिक रूप से गौ माता के गोबर से भरगुले (बड़कुल्ले) बनाकर उत्सव की शुरुआत की। इस पारंपरिक गतिविधि में संस्कार शाला के सभी बच्चों ने बेहद उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। बच्चों ने सामूहिक सहभागिता दिखाते हुए अपने कौशल से गोबर की भिन्न-भिन्न आकृतियां बनानी सीखीं। यह आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति और अपनी जड़ों से जोड़ने का एक अनूठा प्रयास रहा। आयोजकों ने बताया कि बच्चों द्वारा बनाए गए इन भरगुलों को सुखाने के पश्चात इनकी मालाएं बनाई जाएंगी, जिन्हें होलिका दहन के पावन अवसर पर बच्चों द्वारा होलिका में अर्पित किया जाएगा। इस आयोजन में बच्चों को भरगुले बनाना सिखाने में क्षेत्र की वरिष्ठ पवित्रा जायसवाल, संगीता वर्मा, सीमा, युवा सहयोगी प्रियंका मंडोवर और क्लब की सदस्य किरण जायसवाल का विशेष मार्गदर्शन व सहयोग रहा। संपूर्ण गतिविधि का सफल प्रबंधन मास्टर ट्रेनर प्रदीप कुमार जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बच्चे, युवा और बड़े सभी ने आनंद का अनुभव किया। बच्चों के उल्लास को बढ़ाते हुए अंत में उन्हें मिठास के रूप में चॉकलेट्स वितरित की गईं। इस मौके पर क्लब के सदस्यों और गायत्री परिवार के परिजनों ने सभी से पानी बचाने के लिए सूखी होली खेलने और त्वचा की सुरक्षा के लिए रसायन मुक्त (हर्बल) रंगों का उपयोग करने का आग्रह किया।

## महापौर की अध्यक्षता में आयोजित हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक

**85 करोड़ रुपए से शिप्रा नदी के घाटों का पुनर्विकास व 200 करोड़ के बॉन्ड्स जारी करने के प्रस्तावों पर अनुशंसा**

**उज्जैन।** गुरुवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, एमआईसी सदस्य शिवेन्द्र तिवारी, सत्यनारायण चौहान, प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, कैलाश प्रजापत,जितेंद्र कुवाल, अनिल गुप्ता, डॉ. योगेश्वरी राठौर, दुर्गाशक्ति सिंह चौधरी, सुगन बाबूलाल बाघेला की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में 13.01.2026 के कार्यवृत्त की पृष्टि की गई । इसके बाद अन्य पर चर्चा की गई जिसमें वाटर सप्लाई वर्क फॉर उज्जैन सिंहस्थ 2028 कार्य के संबंध में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संधारण खंड नगर पालिका निगम उज्जैन द्वारा दिए गए पत्र की अनुशंसा, महापौर/आयुक्त नगर पालिका निगम उज्जैन की ओर अंकेशन प्रतिवेदन भाग 01 वित्तीय वर्ष 2023-24 अंतर्गत मेयर इन काउंसिल ठहराव क्रमांक 90 दिनांक 11.10 2025 पर अनुशंसा, निगम के विभिन्न विभागों में विभिन्न श्रेणी (उच्च कुशल, कुशल, अर्ध कुशल और कुशल) के कर्मचारी मैनपॉवर उपलब्ध कराए जाने हेतु एजेंसी का चयन करने अंतर्गत ई निविदा के माध्यम से निविदा जारी किए जाने अथवा वर्तमान में कार्यरत आउटसोर्स एजेंसी किंग सिक्योरिटी गार्ड्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के अनुबंध की अवधि 1 वर्ष के लिए वृद्धि किए जाने के संबंध में आयुक्त नगर पालिका निगम उज्जैन के पत्र पर अनुशंसा, अमृत मिशन 1.0 अंतर्गत उज्जैन की सीवरेज परियोजना के भूमि के उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन हेतु मध्य प्रदेश भूमिगत पाइपलाइन केवल एवं डक्ट अधिनियम 2012 अंतर्गत मुआवजा राशि का भुगतान करने , जनसंपर्क विभाग की विभिन्न मद में पुर्नविनियोजन किए जाने के संबंध में, वर्ष 2026- 27 के लिए संपत्ति कर समेकित दर, शिक्षा उपकर एवं नगरीय विकास उपकर इत्यादि की दर/छूट/भुगतान का निर्धारण करने के संबंध में , हरसिद्धि पाल से रामघाट तक मार्ग का चौडीकरण कार्य में प्रभावित सुलभ शौचालय को हटाए जाने के संबंध में , नगर निगम उज्जैन अंतर्गत रेलवे एवं समस्त शासकीय संपत्तियों पर सेवा कर का निर्धारण करने के संबंध में सहित अन्य कुछ प्रकरणों में अनुशंसा की गई।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**शाजापुर।** समीपस्थ ग्राम सुनेरा थाना क्षेत्र में रोड क्रॉस करते एक युवक को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर बूमतलाई माता मंदिर के पास रोड क्रॉस करते समय एक अज्ञात बाइक ने उज्जैन जिले के ग्राम गोवला निवासी चिराग पिता पप्पू बैरागी को टक्कर मार दी। घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। चिराग भूसा गाड़ी पर काम करता था। हादसे के समय वह अपने ट्रक से बूमतलाई माता मंदिर के पास बाथरूम के लिए रुका था।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई- निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **निविदा संख्या: EL/TRD/58/2x25/EPC-PSI/01, दिनांक: 24.02.2026. कार्य का नाम**: Design, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 132/55KV Scott Connected Traction Substation and Switching Posts for 2x25KV feeding system between Godhra-Ratlam section of Ratlam Division of Western Railway. **अनुमानित लागत**: रु. 146,06,00,000/-. **बयाना राशि**: रु. 74,53,000/-. **समापन अवधि**: 24 Months. **निविदा दस्तावेज़ की राशि**: Nil. **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय**: 12.03.2026 upto 15:00 hrs की जगह 25.03.2026 upto 15:00 hrs. **तकनीकी बोलियां खोलने की की दिनांक एवं समय:** 24.03.2026 upto 15:30 hrs की जगह 06.04.2026 upto 15:30 hrs. **ऑफर की वैधता**: 180 days from the date of opening. **वेबसाइट: www.ireps.gov.in नोटिस बोर्ड**: वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने। AK/13/1/482

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

### जाहिर सूचना

**ग्राम जमालपुरा तह. बडनगर की भूमि बाबत**

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने धीरजसिंह पिता मोढसिंहजी जाति राजपूत निवासी ग्राम पलसोडा तह. बडनगर जिला उज्जैन की क्रयानुबंधित भूमि आराजी सर्वे क्रमांक 134/2/1 रकबा 0.4000 हैक्टर स्थित ग्राम जमालपुरा तह. बडनगर जिला उज्जैन जिसके मूल स्वामी धर्मेन्द्रसिंह पिता गोकुलसिंहजी जाति राजपूत निवासी ग्राम अमलावदबीका है तथा भूमि सर्वे कमांक 99/4 रकबा 0.1400 हैक्टर स्थित ग्राम जमालपुरा तह. बडनगर जिला उज्जैन जिसके मूल स्वामी 1-कन्हैयालाल 2-जगदीश पिता तुलसीराम व गंगाबाई पिता तुलसीराम जाति दमामी निवासी ग्राम जमालपुरा तह. बडनगर जिला उज्जैन है। उक्त भूमि को क्रय करने का अनुबंध धीरजसिंह पिता मोढसिंह से किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार हो या उपरोक्त भूमि कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या उक्त भूमि किसी सोसायटी आदि में बंधक की हो या भूमि किसी अन्य के हित में अनुबंधित हो या उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या उक्त विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से पांच दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 26-2-2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा ) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51, स्नेह दीप, दादाभाई नौरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 94250-91124, 8959999299**

### In The Court Of III Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain

**Presiding Officer:-श्रीमती सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**
**( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु ) ( RCS B/0000010/2025 )**

**दुलेसिंह ........वादी**
**विरूद्ध**
**रतनसिंह ........प्रतिवादी**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांक** 16/03/2026

प्रेषिती-

1. रतनसिंह पिता लालसिंह पता निवासी व कृषक ग्राम खेरखेडी तह घटिया जिला उज्जैन चितायल तह शाजापुर जिला बडवानी मप्र

यह कि प्रार्थी दुलेसिंह पिता हरिसिंह, जाति राजपूत, आयु 35 वर्ष, धंधा-कृषि, निवासी-ग्राम खेमासा चन्दूखेडी तह. व जिला एक वाद वास्ते रुपये 227880/- की वसूली हेतु आपके विरूद्ध सिविल सूट बी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता कालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बत सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित न करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का सदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा पतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने में प्रविष्टि करें। नको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें। आज तारीख 20 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

कृपया ध्यान दे- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा** — **न्यायाधीश**
**सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड 1 उज्जैन म.प्र.**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी आरती शर्मा पति कपिल शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम पलवा कृषक ग्राम बेलाखेडा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 372/2 रकबा 0.56 हेक्टर सर्वे नम्बर 386 रकबा 0.19 आरे भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.75 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम बेलाखेडा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा चिठठी के आधार पर क्रय कर ली गई है व बयाना राशि प्राप्त कर ली गई है समय अवधि में पजीयन व अनुबंध पत्र भी संपादित करवा लिया जावेगा शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक - 27-02-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड दुकान क्रमांक 07**
**ग्राम घटिया जिला उज्जैन**
**मो. 8719997462,9584898788**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी राहुल शर्मा पिता संतोष, जोगेन्द्र देवडा पिता जीवनसिंह, दीपक पिता किशोर, कृषक ग्राम कुण्डीखेडा तहसील झारडा जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 122/2/3 रकबा 0.15 हेक्टर सर्वे नम्बर 123/2/3 रकबा 0.22 आरे सर्वे नम्बर 122/1 रकबा 0.44 आरे सर्वे नम्बर 122/1 रकबा 0.76 आरे सर्वे नम्बर 122/2/2 रकबा 0.15 आरे सर्वे नम्बर 123/2/2 रकबा 0.23 आरे भूमि कुल किता 06 कुल रकबा 1.95 हेक्टर में से विक्रित रकबा 1.50 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम कुण्डीखेड़ा तहसील झारडा जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा चिठठी के आधार पर क्रय कर ली गई है व बयाना राशि प्राप्त कर ली गई है समय अवधि में पंजीयन व अनुबंध पत्र भी संपादित करवा लिया जावेगा शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो। दिनांक 26-02-26

**विष्णु रईया ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंरड दुकान क्रमांक 10**
**ग्राम घटिया जिला उज्जैन मो. 7566470288**

### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के मान से सर्वसाधारणा को सूचित किया जाता है कि मेरे कार ने एक दुकान जिसका नगर पालिक निगम क्रमांक 160/1 स्थित जवाहर मार्ग पटनी बाजार उज्जैन की तल घर (बसमेंट की होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 8.26 वर्गमीटर का है जसकी चर्तु सीमा निम्नानुसार है- पूर्व की और अन्य का भाग, पश्चिम की ओर- दुकान न्य की, उत्तर की ओर कामन पैहज दक्षिण की ओर मकान शुक्लाजी कार, लंबाई- उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 338 मीटर व चौडाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 13 मीटर का है उक्त दुकान हितेश कोठारी पिता इन्दरमलजी कोठारी निवासी लक्ष्मी विलास रजनगर कालोनी उज्जैन व देवेन्द्र पिता इन्दरमलजी कोठारी व दिव्यांश अवयस्क पुत्र वेन्द्र कोठारी निवासी सूरजनगर कालोनी उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व की है जिसमें हितेश कोठारी पिता इन्दरमलजी कोठारी का हिस्सा 1/2 का स्वत्व हित अधिकार है। हितेशकुमार उपरोक्त वर्णित दुकान में उसका जो 1/2 स्वत्व हित अधिकार हिस्सा है वह क्रय करने अनुबंध किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र की जिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त दुकान पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार हो या दुकान कहीं भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, किया हुआ हो किसी बैंक अथवा पेढी में मार्गेज किया हो अथवा दुकान के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या दुकान विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन से पांच दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद व्यावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके यात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। दिनांक 26/2/2026 स्थान उज्जैन

**राजेंद्र कुमार जैन ( पालरेचा ) अधिवक्ता एवं नोटरी**
**51. स्नेह दीप, दादाभाई नौरोजी मार्ग, खाराकुंआ**
**उज्जैन मो. 94250-91124, 8959999299**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी विष्णुकांता पति श्री यशवंत जाति गौस्वामी निवासी ग्राम सिलोतिया तहसील व जिला धार म.प्र. के नाम से भूमि सर्वे क्रमांक 1941/1. 1961/2/2 रकबा क्रमशः 0.57,0.63 हैक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 120 हेक्टर स्थित ग्राम पानबिहार तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र. से सौदा चिट्ठी संपादित कर बयाना राशि मी प्राप्त कर ली है अनुबंध पत्र भी समय अवधि में संपादित करवा लिया जावेगा। एवं समय अवधि में पंजीयन भी पूर्ण करवा दिया जावेगा। यह कि उक्त अनुबंधित भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालीयन समय में लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो दिनांक 24-02-26

**विष्णु राईया सर्विस प्रोवाईडर**
**ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. उज्जैन**
**मो. 75664-70288**

न्यूज-कॉलम

## नेशनल क्रॉस कंट्री दौड़ के लिए ज्योति, नीमा व रविना का चयन

**मन्दसौर।** मंदसौर की खेल प्रतिभाओं ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है। प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय की छात्रा ज्योति कुमावत और शासकीय कन्या महाविद्यालय की नीमा सूर्यवंशी व रविना कंवर का चयन अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 27 फरवरी को मैंगलोर (कर्नाटक) में आयोजित हो रही है। एथलेटिक्स कोच मुकेश भटेवरा ने बताया कि इन तीनों बालिकाओं ने शुजालपुर में आयोजित विक्रम विश्वविद्यालय की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह स्थान हासिल किया है। ये तीनों खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग की एथलेटिक्स अकादमी में नियमित अभ्यास करती हैं।

## हृदय रोगियों के लिए 28 को लगेगा जांच एवं परामर्श शिविर

**मंदसौर।** रोटरी क्लब मंडल 3040 और अपोलो हॉस्पिटल्स इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी कल 28 फरवरी को मंदसौर में एक वृहद निःशुल्क हृदय रोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नई आबादी स्थित संजय गांधी उद्यान में सुबह 10.30 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में इंदौर के सुप्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. के. रोशन राव अपनी सेवाएं देंगे। शिविर के दौरान मरीजों की ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और ऑक्सीजन लेवल की जांचें बिल्कुल मुफ्त की जाएंगी। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि सीने में दर्द, सांस फूलना और घबराहट जैसी समस्याओं से जूझ रहे नागरिक इस सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते हैं। इस सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

## तीन दिवसीय नाहर सैय्यद मेला में 1 मार्च को सजेगी मुशायरे की महफिल

**मंदसौर।** शहर के ऐतिहासिक 49वें राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेले के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय हो गई है। नगर परिषद द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय मेला 28 फरवरी से शुरू होगा। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने बताया कि मेले का आगाज शनिवार रात को सूफियाना कव्वाली से होगा, जिसमें भोपाल और मंदसौर की प्रसिद्ध पार्टियां कलाम पेश करेंगी। मेले का मुख्य आकर्षण 1 मार्च को आयोजित होने वाला अखिल भारतीय मुशायरा व कवि सम्मेलन होगा। इसमें जौहर कानपुरी (यू.पी.), डॉ. अन्ना देहलवी (दिल्ली), और नैना नसीब (कोटा) जैसे ख्याति प्राप्त रचनाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मेले के अंतिम दिन 2 मार्च को कव्वाली का मुकाबला होगा, जिसमें फैजाबाद और कानपुर की कव्वाल पार्टियां अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। मेला समिति ने सभी नागरिकों से इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है।

## रिश्वत लेने के आरोपी पूर्व सब इंस्पेक्टर को पांच साल की जेल

**मंदसौर।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायालय ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स के तत्कालीन उपनिरीक्षक मधुसूदन पाठक को रिश्वत के मामले में दोषी करार देते हुए 5 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर कुल 35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामला वर्ष 2016 का है, जब नारकोटिक्स विंग इंदौर ने अफीम का एक प्रकरण दर्ज किया था। इस केस में आरोपी मधुसूदन पाठक ने फरियादी मुकेश बैरागी के पिता का नाम निकालने के बदले 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। सौदा 2.50 लाख रुपये में तय हुआ, जिसकी शिकायत फरियादी ने लोकायुक्त उज्जैन से कर दी। लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाकर 11 अगस्त 2016 को तत्कालीन सब इंस्पेक्टर को 30 हजार रुपये की पहली किस्त लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। अभियोजन की ओर से सशक्त पैरवी के बाद न्यायालय ने यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया।

**भजन गायक रजत बारोट देंगे प्रस्तुति**

**रतलाम।** अमृत सागर तालाब स्थित श्री चारभुजा जी मंदिर राजपूत समाज मंदिर परिसर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रंगारंग फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 9977755777

# कंपनी की स्कीम बताकर रुपए ऐंठे : महिला संचालिका ने रुपए लेकर खुद का मकान बना लिया, कोर्ट ने सुनाई 7 साल की सजा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

कंपनी के नाम पर चैन सिस्टम चलाकर रुपए ऐंठने के मामले में कोर्ट ने स्टे वेल इन्फोटेक कंपनी जयपुर की फ्रेंचाइजी शाखा रतलाम की संचालिका को कोर्ट ने दोषी माना है। कोर्ट ने अनीता (49) पति संजय दग्दी निवासी मालीकुआं रतलाम को 7 साल की सजा व 56 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। फैसला न्यायालय सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नामदेव ने सुनाया है।

अपर लोक अभियोजक एवं शासकीय अधिवक्ता समरथ पाटीदार ने बताया कि वसीम पिता उमर खान द्वारा 5 मार्च 2013 को थाना माणक चौक पर एक लिखित शिकायत की थी। जिसमें अनिता दग्दी को स्टेवेल इन्फोटेक जयपुर कंपनी के फ्रेंचाइजर के रूप में उपभोक्ताओं से कंपनी के लिए रूपए प्राप्त करने हेतु नियुक्त करने की बात बताई। रतलाम स्थित कंपनी की समस्त गतिविधियां अनिता दग्दी द्वारा संचालित करते हुए कंपनी की स्कीम बताकर रुपए ऐंठे गए।अनिता दग्दी द्वारा कंपनी की लोभ लुभावन स्कीम जनता को बताकर 25 से 50 हजार रूपए की वसूली की शिकायत की। जनता को गुमराह कर और लालच देकर नये सदस्यों की भर्ती कर चैनल चलाने का कार्य रतलाम में करने की बात बताई। रुपए लेकर कुछ दिनों से अनिता दग्दी गायब हो गई। पुलिस ने जांच के बाद धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की थी।

**रुपए लेकर मकान बना लिए**

पुलिस जांच के अनुसार कंपनी के नाम पर जनता से रुपए लेकर अनिता दग्दी द्वारा कंपनी में रुपए जमा न करते हुए उन पैसों से कल्याण नगर कॉलोनी रतलाम में 2 से 3 मकान खरीद लिए है। जनता द्वारा पैसे मांगने पर उनके साथ गाली-गलौच की गई। जांच में यह पाया कि स्टे वेल कंपनी जयपुर की फ्रेंचाइजी अधिकृत शाखा रतलाम की संचालक अनिता दग्दी थी, इस फ्रेंचाइजी का नाम मां कृपा इन्फोटेक हरमाला रोड लोकेंद्रनाथ मार्ग के पास में था।

**विज्ञापन देकर लुभाया**

अभियुक्त अनिता ने विज्ञापन में बताया कि स्टे वेल इन्फोटेक कंपनी जयपुर में यदि 25 हजार रुपए जमा करते हैं तो इसके बदले 9600 रूपए प्रतिमाह 12 माह तक नेट पर थोड़ा बहुत काम करने के बाद 9600 रुपए कंपनी द्वारा दिया जाएगा। इस आधार पर फरियादी ने ९ लाख रुपए जमा कर स्टे वेल इन्फोटेक कंपनी का सदस्य बना।

इसके बाद फरियादी के भाई आशिफ ने भी स्टे वेल इन्फोटेक कंपनी में नेटवर्किंग हेतु 50 हजार रुपए अनिता को नगद दिए थे। ताकि वह संबंधित कंपनी की ब्रांच खोल सके। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फरियादी वसीम द्वारा 9 लाख रूपए व उसके भाई आसिफ द्वारा 1 लाख रुपए जमा करने के बाद भी अनिता दग्दी, शाखा रतलाम की संचालिका, व स्टे वेल इन्फोटेक कंपनी के प्रबंधकगण शक्ति सिंह शेखावत, अजीत सिंह, अश्विन पारिख द्वारा रुपए जमा जमा करने के बावजूद विज्ञापन में दिए गए स्कीम अनुसार उन्हें लाभ नहीं देकर धोखाधड़ी की।

**गिरफ्ताकर भेजा जेल**

शासकीय अधिवक्ता समरथ पाटीदार ने बताया जांच के दौरा दस्तावेज, चैक, खाता खोलने के दस्तावेज आदि जप्त कर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर साक्षियों के बयान लिए। अनिता के हस्तलेख की जांच विज्ञान प्रयोगशाला से कराई गई। जांच के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। विचारण के बाद न्यायालय ने अभियुक्त अनीता दग्दी को दोषी माना। अभियुक्त शक्तिसिंह को दोषमुक्त कर दिया। अनीता जमानत पर थी। बुधवार शाम कोर्ट का फैसला आते ही उसे अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया।

# कार का कांच फोड़कर 10 लाख उड़ाने वाली अंतर्राज्यीय गैंग गिरफ्तार

## पुलिस ने 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की ली मदद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



वायडी नगर थाना पुलिस मंदसौर ने तत्परता दिखाते हुए कार का कांच तोड़कर 10 लाख रुपये की सनसनीखेज चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने महज १५ घंटों के भीतर कर्नाटक निवासी शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर चोरी की शत-प्रतिशत राशि बरामद कर ली है।

घटना 25 फरवरी की है, जब बोलखेड़ा निवासी तुलसीराम धनोतिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बैंक से निकाले गए 18 लाख रुपये में से 10 लाख रुपये अज्ञात बदमाश उनकी कार का कांच तोड़कर ले उड़े। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने करीब 300 किलोमीटर तक पीछा कर और 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की खाक छानने के बाद आरोपियों को राजस्थान के बस्सी (चित्तौड़गढ़) से दबोचा। आरोपी के संबंध में टेक्निकल एनालिसिस के आधार पर राजस्थान पुलिस से समन्वय स्थापित कर पतारसी की गयी जिस दौरान ज्ञात हुआ कि आरोपीगण घटना मे प्रयुक्त मोटरसाईकिल से राजस्थान कोटा तरफ भागे है । राजस्थान पुलिस को आरोपियो के फोटोज भेजे जाकर तकनिकी विश्लेषण के आधार पर आरोपीयों को थाना बस्सी जिला चित्तौडगढ राजस्थान पुलिस के माध्यम से डिटेन किया गया ।

पकड़े गए आरोपी विष्णु उर्फ भरत (21) पिता रामू भोई व सुनिल उर्फ बाबु उर्फ बालू (32) पिता रामू भोई दोनों निवासी केशवपुरा कॉलोनी, सेकण्ड क्रॉस, तहसील भद्रावती, थाना उसमने जिला शिवमोगा कर्नाटक है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले मोटरसाइकिल चोरी करते है फिर जिस भी राज्य मे चोरी करना होती है वहाँ की फर्जी नम्बर प्लेट उसी चोरी की मोटरसाइकिल पर लगाते है और बैंक व वित्तीय संस्थानों के आस पास नगद रुपये निकालने वालों की रेकी करते है तथा बैंक से ही रुपए निकालने वाले व्यक्तियों का पीछा करने लगते है और मौका पाकर उनके वाहन का कांच तोड़कर रुपए चोरी कर फरार हो जाते है। घटनास्थल से 100-150 किलोमीटर की दूरी तय कर चोरी की गई मोटरसाइकिल को किसी अज्ञात स्थान पर फेंक देते है तथा अन्य सार्वजनिक परिवहन के साधनों से फरार हो जाते है । आरोपीगण के विरुद्ध पूर्व में भी देश के कई राज्यों में इसी प्रकार की वारदात करने की जानकारी प्रकाश में आयी है । आरोपीगण के आपराधिक रिकॉर्ड निकाले जा रहे है ।



## मंदसौर में 8 मार्च को निकलेगी भव्य समरसता गैर

**मंदसौर।** सामाजिक समरसता मंच द्वारा आगामी 8 मार्च, रविवार को नगर में भव्य और दिव्य च्फाग यात्राज का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए केशव नगर स्थित शिशु मंदिर में समाज प्रमुखों और विभिन्न संगठनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ अभिभाषक दशरथ सिंह झाला ने कहा कि होली का पर्व समाज को एकता के सूत्र में बांधता है और यह सामाजिक समरसता व भाईचारे का अनूठा प्रतीक है। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने बताया कि इस बार नगर की 20 बस्तियों की गैर एक साथ मिलकर महागैर का स्वरूप लेंगी, जो मंदसौर की रचनात्मक परंपरा को देशभर में प्रदर्शित करेगी। बैठक में प्रेस क्लब अध्यक्ष पुष्पराज सिंह राणा सहित कई गणमान्य नागरिकों ने आयोजन को दिव्य बनाने के सुझाव दिए। बैठक में बताया कि पूरे नगर को 20 भागों में बांटा गया है, जहाँ से प्रातः 9 बजे ढोल-नगाड़ों के साथ टोलियां निकलेंगी। ये सभी टोलियां 11 बजे घंटाघर पर एकत्र होकर महागैर के रूप में आगे बढ़ेंगी। यह यात्रा कालिदास मार्ग, भारत माता चौराहा, बालाजी मंदिर और बस स्टैंड होते हुए गांधी चौराहे पर समाप्त होगी। इस दौरान 51 ढोल, बैंड बाजे, भगोरिया नृत्य की टोलियां, फाग गायक और रंग-गुलाल उड़ाते फाइटर आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश कासट ने की। संचालन प्रदीप भाटी ने किया व आभार जितेन्द्र गेहलोद ने माना।

## नपा कर्मचारी श्रीमती सुनंदा चौधरी की सेवानिवृत्ति आज

**नीमच!** नगर पालिका कार्यालय नीमच की जलकल शाखा में पदस्थ



कर्मचारी श्रीमती सुनंदा राहुल चौधरी 31 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर शुक्रवार 27 फरवरी को सेवानिवृत्ति होगी! पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ जलकल वसूली का कार्य करने वाली श्रीमती सुनंदा चौधरी ने 1995 से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में नगर पालिका नीमच में अपनी सेवाएं प्रारंभ की थी और प्रारंभ से ही जलकल शाखा में कार्य करते हुए वह लंबे समय से स्थाई कर्मी के रूप में जलकल वसूली काउंटर पर अपनी सराहनीय सेवाएं प्रदान कर रही थी!

## नपाकर्मी राजेन्द्र उपाध्याय की सेवानिवृत्ति आज

**नीमच।** नगर पालिका कार्यालय नीमच में 37 वर्ष की सेवा



अवधि पूर्ण कर राशनकार्ड शाखा प्रभारी राजेन्द्र उपाध्याय शुक्रवार 27 फरवरी को सेवानिवृत्त होंगे। श्री उपाध्याय ने नगरपालिका की सामान्य प्रशासन, जलकल, राजस्व, राशनकार्ड सहित अनेक शाखाओं में अपनी सराहनीय सेवाएं प्रदान की।

# आंगनवाड़ी में टीकाकरण के बाद एक बच्चे की मौत, एक की हालत गंभीर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

जिले में एक आंगनबाड़ी केंद्र पर टीकाकरण के बाद दो बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। टीका लगने के करीब एक घंटे बाद दोनों बच्चों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। इलाज के दौरान १० माह के एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि डेढ़ साल का दूसरा बच्चा अस्पताल में भर्ती है।

मामला बिलपांक थाना क्षेत्र के नयाखेड़ा गांव की आंगनबाड़ी केंद्र का है। यहां मंगलवार दोपहर बच्चों को टीके लगाए गए थे। गांव के धर्मेंद्र मालवीय के 10 माह के बेटे पियांशु और देवीलाल मालवीय के डेढ़ साल के बेटे नित्यांशु सहित कुल चार बच्चों को टीकाकरण किया गया था। बुधवार रात 10 माह के बच्चे की मौत हो गई।

धर्मेंद्र मालवीय के 10 माह के बेटे को कुल तीन टीके लगाए गए थे। इनमें से दो टीके हाथ पर और एक टीका जांघ पर लगाया गया था। टीकाकरण मंगलवार दोपहर 12.30 से 1 बजे के बीच किया गया था।

टीका लगने के करीब डेढ़ से दो घंटे बाद, दोपहर लगभग 2.30 से 3 बजे के बीच बच्चे की तबीयत बिगडने लगी। बच्चे को उल्टी और दस्त की शिकायत शुरू हो गई। बच्चे की हालत बिगड़ती देख परिजन उसे धराड़ के स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने बच्चे को रतलाम रेफर करने की सलाह दी।

शाम करीब 5.30 बजे पिता और परिजन बच्चे को रतलाम स्थित एमसीएच (मदर चाइल्ड केयर यूनिट) लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत के बाद परिजन शव को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। शव को रात भर मेडिकल कॉलेज की मचुर्री में रखा गया। इस दौरान बिलपांक थाना पुलिस भी मेडिकल कॉलेज पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने लापरवाही और पूरे मामले की जांच की मांग को लेकर रात में बिलपांक थाने में शिकायत दर्ज कराई। बेटे की मौत से परिजनों के साथ-साथ गांव के लोगों में भी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय पर सही इलाज मिलता, तो बच्चे की जान बच सकती थी।

# बांछडा समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोडने, सिटी नाला सौन्दर्यीकरण एवं बघाना हॉकी एस्ट्रोटर्फ निर्माण शीघ्र कराने को लेकर विधानसभा में गरजे विधायक परिहार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

विधायक दिलीपसिंह परिहार ने विधानसभा सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न उठाकर बांछडा समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोडने के जमीनी प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया, साथ ही नीमच सिटी नाला सौन्दर्यीकरण कार्य एवं बघाना में हॉकी एस्ट्रोटर्फ ग्राउण्ड निर्माण की कार्यवाही को जल्द पूर्ण करने की मांग की।

श्री परिहार ने विधानसभा में कहा कि बांछडा समुदाय के उत्थान के लिए क्षेत्र में अनेकों सामाजिक संस्थाएं व एनजीओ काम कर रहे हैं, उन्हें सरकार की ओर से भरपूर बजट मिल रहा है, लेकिन क्रियान्वयन नहीं दिख रहा है।उनकी जांच आवश्यक हैं। सोशल मीडिया के कारण क्षेत्र में इस देह व्यापार जैसी कुरीति का निरंतर फैलाव हो रहा है। बांछडा समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोडने के जमीनी प्रयासों की आवश्यकता है। श्री परिहार ने शासन से मांग की कि बांछडा समुदाय की सभी बच्चियों का भविष्य सुधरे, उन्हें रोजगार मूलक कार्य जैसे सिलाई, बुनाई, कढाई, ब्यूटी पार्लर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण के सेन्टर स्थापित कर प्रशिक्षित किया जाए। इस हेतु अलग से राशि का आवंटन किया जाए। बांछडा समुदाय की बच्चियों को पापड, अगरबत्ती, मसाला कुटीर उद्योग स्थापना के लिए प्रोत्साहित किया जाए। क्षेत्र में निवासरत बांछडा समुदाय के बच्चों में कुछ ऐसे बच्चे भी हैं, जो अनाथ हैं। सरकार रजिस्ट्रेशन करवाकर चैक करवाएं, उनके आवश्यक सरकारी सर्टिफिकेट, आधार कार्ड इत्यादि बनवाने हेतु विशेष शिविर लगाकर उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी दें। लाडली बहना का लाभ उन्हें मिले। अनाथ बच्चियों को पढने लिखने के बाद आरक्षण की दिया जाए। इन डेरों में कुछ अनाथ बच्चियां भी हों सकती हैं, उन्हें चिन्हित किया जाए और उनके सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, रहने की व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिले। ताकि वे देह व्यापार का कार्य छोडकर सम्मान जनक कार्य, रोजगार मूलक कार्य कर समाज की मुख्य धारा से जुड सकें। लगातार कार्यशाला आयोजित कर उन्हें समझाईश दी जावे।

जावरा विधायक राजेन्द्र पाण्डेय ने भी सम्पूर्ण रतलाम, मंदसौर नीमच क्षेत्र में बांछडा समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोडने के जमीनी प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्र में 3-4 सेन्टर बनें और सरकार द्वारा लगातार प्रयास होने चाहिएं।

जिस पर माननीय मंत्री महोदय ने श्री परिहार को आश्वस्त किया कि महिला बाल विकास विभाग एवं अनुसूचित जाति जनजाति विभाग दोनों मिलकर बांछडा समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोडने के लिए कार्य करेंगे। श्री परिहार ने नीमच सिटी सांवरिया जी मंदिर के पास स्थित नाला सौन्दर्यीकरण का प्रश्न उठाते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री से मांग की कि नाला सौन्दर्यीकरण के लिए अधोसंरचना मद में ३ करोड की राशि प्रदान की गई थी, उसका सदुपयोग नहीं किया गया है। डिजाईन के अनुरूप वर्तमान में कोई कार्य नहीं हुआ है।



## भय्यु लाला हत्याकांड का खुलासा- पत्नी ने ही मारी थी गोली, साक्ष्य छुपाने वाले दो सहयोगी गिरफ्तार

**मंदसौर।** थाना सुरजनी क्षेत्र में हुई वाहिद उर्फ भय्यु लाला की संदिग्ध मौत के मामले में एसआईटी ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। शुरूआती में बताया था कि पुलिस के डर से पलंग पेटी में छुपने के कारण दम घुटने से वाहिद की मौत हुई, लेकिन पोस्ट मार्टम रिपोर्ट ने पूरी कहानी बदल दी। डॉक्टरों के पैनल द्वारा किए गए पीएम और वीडियोग्राफी में स्पष्ट हुआ कि वाहिद की मौत दम घुटने से नहीं बल्कि गोली लगने से हुई थी। प्रेसवार्ता में खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित एसआईटी टीम द्वारा संदेहियों से सख्ती से की गई पूछताछ में सामने आया कि वाहिद की हत्या उसकी पत्नी रुकसाना ने ही की थी। घटना के बाद साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने और अवैध पिस्टल को छुपाने में मदद करने वाले आरोपी सलमान खान पिता जमाल खान पठान निवासी सुवासरा हाल मुकाम सुरजनी व बबलु खान पिता अब्दुल गनी पठान निवासी सुरजनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल अवैध हथियार भी बरामद कर लिया है। मुख्य आरोपी रुकसाना फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

## अलसी के डंठल से रेशा बनाने का नवाचार शुरू- कलेक्टर



**मंदसौर।** उद्यानिकी महाविद्यालय में आयोजित नरवाई प्रबंधन कार्यशाला में कलेक्टर अदिति गर्ग ने किसानों को पराली न जलाने की सलाह देते हुए पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि नरवाई जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है, जिसे बचाने के लिए वैज्ञानिक प्रबंधन जरूरी है। कलेक्टर ने जिले में हो रहे एक महत्वपूर्ण नवाचार की जानकारी देते हुए बताया कि अब अलसी के डंठल (नरवाई) को फेंकने या जलाने के बजाय उससे रेशा तैयार किया जाएगा। इसके लिए एफपीओ के माध्यम से मशीनें विकसित की गई हैं और किसानों को प्रति हेक्टेयर 1200 से 1500 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। कार्यशाला में मौजूद कृषि विशेषज्ञों ने वेस्ट डी-कंपोजर और बायो कंपोजर के फायदों के बारे में बताया। इस अवसर पर किसानों को सामूहिक रूप से नरवाई न जलाने की शपथ भी दिलाई गई।

## राज्यसभा सांसद श्री बंसीलाल गुर्जर से हुई मुलाकात



**पिपलिया मंडी।** 26 फरवरी गुरुवार को प्रवास के दौरान राज्यसभा सांसद श्री बंसीलाल गुर्जर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील जैन, मंडल अध्यक्ष राकेश गोयल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवीलाल गुर्जर एवं समाजसेवी रूपचंद होतवानी भाजपा पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बलराम सोलंकी पार्षद नगर परिषद पिपलिया मंडी, कृषि उपज मंडी में नैनोरा वाले सूर्यपाल सिंह शक्तावात की होटल पर श्री बंशीलाल गुर्जर से किसानों के हित में तथा कई आवश्यक मुद्दो पर चर्चा हुई।

## त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने हेतु शांति समिति की बैठक संपन्न



**पिपलिया मंडी।** आगामी हिन्दू त्योंहार होली, धुलेंडी,रंग पंचमी ,शीतला सप्तमी रंग तेरस तथा मुस्लिम त्योहार रमजान आदि शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने हेतु पुलिस प्रशासन ने 26 फरवरी 26 गुरुवार को स्थानीय पुलिस चौकी परिसर में टी आई श्री विक्रम सिंह ईवले,चौकी प्रभारी श्री भीम सिंह राठौर नगर परिषद से अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया, लेखापाल महावीर जैन, मंडल अध्यक्ष राकेश गोयल की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।इस दौरान नगर के सभी समुदायों के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति व पत्रकार उपस्थित थे।

## सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप की भव्य संगीत निशा 28 फरवरी को

**नीमच।** शहर में एक भव्य संगीत निशा का आयोजन शनिवार, 28 फरवरी को टाउन हॉल में "सुर संगम ग्रुप नीमच " द्वारा, भारत विकास परिषद् (सुभाष शाखा-नीमच )के तत्वावधान में होगा द्य नीमच के उभरते कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सदाबहार फिल्मी गीतों का ट्रेक पर गायन कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा। जिसमें अतिथि के रूप में नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, पवनजी पाटीदार (भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ, जम्बूकुमार जैन (समाजसेवी) श्रीमती वंदना खण्डेलवाल (जिलाध्यक्ष-भाजपा) राकेश (पप्पू) जैन (जिला उपाध्यक्ष-भाजपा प्रमोद रामावत (अध्यक्ष-सार्थक सृजन) श्रीमती स्वाति गौरवजी चौपड़ा (अध्यक्ष-नगर पालिका,) संतोष चौपड़ा (समाजसेवी) डॉ. चेतन पाटीदार प्रदीप चौपड़ा (रिजनल सचिव सेवा सेन्ट्रल रिजन) सुनील सिंहल घनश्याम पोरवाल (प्रांतीय अध्यक्ष भारत विकास परिषद्) इंजी. जाकीर हुसैनजी बोहरा (अध्यक्ष-भारत विकास परिषद्, प्रतापगढ़) श्री सुनीलजी शर्मा (अध्यक्ष मिशन विश्वगुरू, भारत विकास परिषद सुभाष शाखा नीमच के अध्यक्ष ललित राठी आदि उपस्थित थे।

# वेतन रोकने, अर्थदंड और निलंबन के विरोध में पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

## आंदोलन का ऐलान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर अनुपपुर जिले के पटवारियों ने वेतन रोके जाने, अर्थदंड अधिरोपित करने और निलंबन की कार्रवाई को लेकर शाजापुर जिले के पटवारियों ने भी मोर्चा खोल दिया है। पटवारी संघ की शाजापुर जिला इकाई ने क्षेत्र की विभिन्न तहसीलों में ज्ञापन सौपा, जिसमें कहा कि अनुपपुर में अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच कई बार पटवारियों का वेतन माह की अंतिम तिथि पर आगामी आदेश तक रोका गया। बताया गया कि अप्रैल 2025 में तहसील जैतहरी के पटवारियों का वेतन रोका गया, इसके बाद जुलाई, अगस्त, सितंबर 2025 तथा 30 जनवरी 2026 को भी वेतन रोके जाने की कार्रवाई की गई। संघ का आरोप है कि लगभग आठ माह से वेतन रोकने की एकपक्षीय कार्रवाई से कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक व मानसिक प्रताडा का सामना करना पड़ा, जबकि इसी अवधि में दीपावली और दशहरा जैसे प्रमुख त्योहार भी रहे।



### बिना अपील लगाए अर्थदंड का आरोप

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के दौरान 38 पटवारियों पर कुल 2 लाख 64 हजार 625 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। संघ का कहना है कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत पटवारी पदाविहित अधिकारी नहीं है, इसके बावजूद बिना आवेदक की अपील के दंडात्मक कार्रवाई की गई, जो विधि विरुद्ध है। संघ ने उक्त अर्थदंड निरस्त करने की मांग की है।

### 30 पटवारी निलंबित 9 अब भी बहाली से वंचित

संघ के अनुसार उक्त अवधि में लगभग 30 पटवारियों को बिना नोटिस निलंबित किया गयाए जिनमें से 9 पटवारी अब भी निलंबित हैं। सभी निलंबित कर्मचारियों की तत्काल बहाली की मांग की गई है।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो 25 व 26 फ रवरी 2026 को प्रदेशभर के पटवारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस दौरान सभी जिलाध्यक्ष अनूपपुर कलेक्ट्रेट का घेराव कर सकते हैं। मांगें पूरी नहीं होने पर 27 फ रवरी से चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन अनूपपुर की होगी। पटवारी संघ ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन समस्याओं का समाधान कर आवश्यक आदेश जारी करेगा, ताकि प्रदेशव्यापी आंदोलन की नौबत न आए।



## महिदपुर के गंगावाडी मेला परिसर में द्वारका मंत्री की भजन संध्या में झुमे भक्त

**महिदपुर** । नगर पालिका परिषद् द्वारा 103 वां भव्य गंगावाडी मेला (मवेशी) में भजन गायक द्वारका मंत्री देवास की भजन संध्या का आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत में पूर्व विधायक बहादुरसिंह चैहान, नगर पालिका अध्यक्ष नानीबाई ओमप्रकाश माली, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमा पांडे, पार्षद आशा राठौर, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य निर्भयसिंह भाटी, जनपद सदस्य रीता बडगुर्जर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्जवलित किया। जिसके बाद नगर पालिका सीएमओ राजा यादव द्वारा सभी अतिथियों और भजन गायक द्वारका मंत्री का स्वागत सम्मान किया। गणेश वंदना के साथ द्वारका मंत्री ने भजन संध्या की शुरूआत की। जिसके बाद भजनों की धुन पर श्रद्धालु नाचते झुमते नजर आए। पत्थर की राधा रानी गीत पर श्रद्धालुओं को नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए। देर रात तक बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने द्वारका मंत्री के भजनों का श्रवण किया। भजन संध्या के दौरान श्रद्धालु भगवान की भक्ति में लीन नजर आए। इस दौरान प्रख्यात कवि दिनेश दिग्गज भी मौजुद रहे। 27 मार्च को राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का होगा आयोजन - नगर पालिका द्वारा गंगावाडी मेला परिसर में 27 मार्च शुक्रवार को शाम 4 बजे राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिल्ली सहित अन्य राज्यों से पहलवान भाग लेंगे। नगर पालिका द्वारा कुश्ती प्रतियोगिता के लिए विशेष तैयारियां की गई है।

## मंडी सचिव ठाकुर का स्थानांतरण सिराली हरदा होने पर विदाई समारोह आयोजित



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में कृषि उपज मंडी समिति ब्यावरा के मंडी सचिव अशोक कुमार ठाकुर का स्थानांतरण कृषि उपज मंडी समिति सिराली जिला हरदा में हो जाने के कारण उनका विदाई समारोह मंडी के सभा कक्ष में आयोजित किया गया जिसमें नवनियुक्त मंडी सचिव भगवान सिंह सोलंकी लेखपाल गोपाल सिंह सिकरवार, राजेश सक्सेना, प्रियांशु जाटव, बद्रीलाल भिलाला, हरिप्रसाद सेन, आकाश भिलाला, रोहित विश्वकर्मा, सीताराम वर्मा श्याम सुंदर जितेंद्र सिंह सिकरवार, महेश यादव, मोहनलाल नगर, कन्हैया लाल यादव, राहुल सोंधिया, नितिन शर्मा, देवीसिंह केसरिया, भगवानसिंह चंद्रवंशी, गोकुल दास शर्मा, मनोहर गिरी, सुनील शर्मा एवं समस्त मंडी कर्मचारीगण उपस्थित रहे एवं श्री ठाकुर के उज्जवल भविष्य की कामना की, तत्पश्चात भंवर सिंह सोलंकी द्वारा सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया गया।

## तराना में 80 वें तिलभांडेश्वर मवेशी मेले का शुभारंभ



**तराना।** बुधवार को 80वें तिलभांडेश्वर मवेशी मेला का शुभारंभ किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश परमार ने बताया कि पूर्व में परिषद द्वारा 08/01/26 को परिषद की बैठक में मेला लगाने का निर्णय लिया गया। 20/01/26 को परिषद की मेला समिति का निर्माण किया गया। दिनांक 27/01/26 को अनुविभागीय अधिकारी व थाना प्रभारी को अनुमति प्रदान करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी की अनुमति पश्चात विधिवत मेला शुभारंभ किया गया।इस दौरान जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मोहन भारती , पंडा चरणसिंह , नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश परमार, महंत ओम भारती, महंत सरस्वती गिरी महाराज, पवन बारोड सदानंद दीक्षित, विजय जायसवाल नगर के गणमान्य नागरिक गणो की उपस्थिति में विधिवत शुभारंभ तिलभांडेश्वर महादेव का पूजन अर्चन किया।

## आरोन, सिरोंज बायपास पर शव रखकर पीड़ित परिवार ने किया चक्काजाम



**गुना।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत आरोन, सिरोंज बायपास पर शव रखकर पीड़ित परिवार ने बुधवार उस समय चक्काजाम कर दिया जब वह गुना से पीएम के बाद शव घर आरोन ले जा रहे थे। मामला मंगलवार को दो पक्षों में जमीनी वादविवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फॉर व्हीलर वाहन चढ़ाने का बताया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि बजरंगगढ़ स्थित शिवभान सिंह सोलंकी अपने बेटों के साथ गुना से घर वापस आ रहे थे तभी उनकी कार में कार आडा दी जिससे उनके पिता की मौत हो गई। वहीं कार में बैठे दोनों बेटे भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। परिजनों का आरोप है कि कार्यवाही न होने पर चक्का जाम किया है। परिजनों ने आरोपियों पर धारा 302 एवं मकानों पर बुलडोजर कार्यवाही करने की मांग पुलिस और प्रशासन से की जा रही थी।

भक्तिभाव से भगवान को चढ़ाए जा रहे अर्घ, 3 मार्च को होगा समापन

# अष्टान्हिका महापर्व पर दिगंबर जैन बडा मंदिर में आयोजित हो रहा सिद्वचक्र मंडल विधान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



फाल्गुनी अष्टान्हिका महापर्व पर जैन मंदिरों में अभिषेक पूजा-पाठ के साथ-साथ अष्टदिनी सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बडा मंदिर में धूमधाम से किया जा रहा है। जिसमें भगवान के अभिषेक, शांतिधारा के साथ सिद्धों का गुणानुवाद भक्ति के साथ किया जा रहा है।

विधान के 2 दिन सिद्ध परमात्मा का गुणगान करते हुए 16 अर्घ समर्पित किए। 3 मार्च को विधान समापन के दिन 1024 अर्घ चढ़ाए जायेगा। दूसरे दिन विश्व शांति महायज्ञ का भी आयोजन किया जायेगा। गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज,मुनिश्री विश्वनायक जी महाराज एवं संघ के मुनिश्री के सानिध्य में दिगम्बर जैन समाज सुसनेर के द्ववारा आयोजित मंडल विधान 23 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। विधान में संगीतमय पूजन का आयोजन कर भगवान की भक्ति की जा रही हैं। इस महामंडल के माध्यम से विश्व को बचाने एवं देश में शांति की कामना इस मंडल विधान में की जा रही हैं। इस मंडल विधान में पूजन के साथ 51 हजार जाप का संकल्प लिया गया हैं। मंडल विधान के दौरान प्रतिनिधी मुनिश्री विवर्धन सागर जी महाराज के प्रवचन भी हो रहे है।

पूजन के बाद मंडल विधान में के इन्द्रो के द्ववारा विश्व शांति के लिए जाप भी किया जा रहा हैं। मंडल विधान की सभी धार्मिक क्रियाऐं उज्जैन निवासी पंडित खुमानसिंह जी जैन के द्ववारा संपन करवाई जा रही है। मंडल विधान में संगीतकार के रूप में मौजूद दीपक जैन बंधु कुलदीप चौधरी एवं ललित सांवला के द्ववारा संगीतमय भजनों के माध्यम से भगवान की भक्ति की। शाम को 7 बजे श्रीजी की भव्य महाआरती में इंद्र इंद्राणी, श्रद्धालुओं के द्ववारा आरती की जा रही हैं। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा हैं।

### मंडल विधान में सिद्वों की होती है पूजन

पंडित खुमान सिंह जैन के अनुसार जैन परंपरा में पूजा, उपासना का विशेष महत्व है। इनमें से सिद्धचक्र महामंडल विधान की और भी अधिक महिमा है। यह एक ऐसा अनुष्ठान है जो हमारी जीवन के समस्त पाप-ताप और संताप को नष्ट कर देता है। सिद्ध शब्द का अर्थ है कृत्य-कृत्य, चक्र का अर्थ है समूह और मंडल का अर्थ एक प्रकार के वृताकार यंत्र से है। इनमें अनेक प्रकार के मंत्र व बीजाक्षरों की स्थापना की जाती है।

विधानसभा सत्र में

## जनअभियान के नियमितीकरण पर सवाल, सेवा अवधि पर मांगी स्पष्टता

**सुसनेर।** मध्यप्रदेश विधानसभा में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के विनियमितीकरण का मुद्दा गूंजा। जिसका सीधा संबंध मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् से जुड़ा है। विधानसभा के आठवें दिन बुधवार को प्रश्न क्रमांक 2727 के तहत विधायक भैरो सिंह बापू ने सरकार से पूछा कि परिषद में कितने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को किस नियम के अंतर्गत विनियमित किया गया है तथा उनके नाम और नियुक्ति दिनांक सहित जानकारी दी जाए।

इस पर जवाब देते हुए जगदीश देवड़ा उप मुख्यमंत्री (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी) ने बताया कि परिषद में कुल 76 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 5-1/2013/1/3 भोपाल दिनांक 7 अक्टूबर 2016 के तहत स्थाई कर्मी घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित कर्मचारियों के नाम, नियुक्ति तिथि और अन्य विस्तृत जानकारी पुस्तकालय में रखे गए परिशिष्ट के अनुसार उपलब्ध है। सदन में प्रश्न के दूसरे भाग में यह भी पूछा गया कि ऐसे कितने कर्मचारी हैं जिनकी सेवाएं 10 वर्ष पूर्ण नहीं हुई थीं फिर भी उन्हें विनियमित किया गया। मंत्री ने इस संबंध में भी जानकारी पुस्तकालय में उपलब्ध होने की बात कही। विधानसभा में उठे इस मुद्दे के बाद परिषद से जुड़े कर्मचारियों और आमजन में चर्चा का माहौल बना हुआ है। सेवा अवधि, पात्रता मानदंड और प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर राजनीतिक हलकों में बहस तेज हो गई है। विपक्ष ने स्पष्ट आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग की है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि विनियमितीकरण की प्रक्रिया किस प्रकार अपनाई गई। सरकार की ओर से दोहराया गया कि समस्त कार्रवाई सामान्य प्रशासन विभाग के निर्धारित नियमों के अनुरूप की गई है। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का विनियमितीकरण लंबे समय से संवेदनशील विषय रहा है। क्योंकि इससे कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा और अन्य शासकीय लाभ प्राप्त होते हैं। ऐसे में आने वाले समय में यह विषय और अधिक चर्चा का केंद्र बन सकता है।

## कार्यालय लोक निर्माण विभाग में न्यायालय ने की संपत्ति कुर्क की कार्यवाही

**गुना।** जिला मुख्यालय पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मधुलिका मूले की न्यायालय से पारित आदेश पर बुधवार पीडब्ल्यूडी विभाग की संपत्ति कुर्क करने की बड़ी कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही से ऑफिस में हड़कंप मच गया, वहीं कार्यवाही को देखने के लिए लोगों और कर्मचारियों का हुजूम देखा गया। फरियादी रिटायर्ड कर्मचारी कौशल कुमार राठौर एलडीसी बाबू निवासी घोसीपुरा ने बताया कि उन्होंने अपने हक और नौकरी का पैसा लेने सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी। इसके बावजूद भी फरियादी का एरियर भुगतान नहीं किया और लटकाए रखा।

कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत गुना जिले में दो दिवसीय कृषि विज्ञान एवं मिलेट मेले का शुभारंभ

# किसानों को दी कृषि को लाभ का धंधा बनाने और परंपरागत तरीके तथा उन्नत तकनीक से खेती करने की जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना




कृषकों की आय वृद्धि, उन्नत तकनीकों के प्रसार और नवाचार आधारित खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सह मिलेट मिशन मेला का शुभारंभ आज 25 फरवरी 2026 को जलसा मैंरिज गार्डन, गायत्री मंदिर के सामने गुना में किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल,जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र सिंह किरार, संतोष धाकड़, सांसद प्रतिनिधि अशोक शर्मा, कल सिंह पटेलिया, कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राजपूत, मुनेश धाकड़, रमेश मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं उपसंचालक कृषि संजीव शर्मा, उपसंचालक उद्यानिकी केपीएस किरार सहित अन्य अधिकारी एवं लगभग 2000 कृषकगण उपस्थित हुये।

इस अवसर पर कार्यक्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की ओर से भी किसानों की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि जिले के किसान निरंतर नए-नए प्रयोग कर विकास की राह में आगे बढ़ रहे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष किसानों ने उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है और कृषि के नए मॉडल विकसित हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्राकृतिक खेती का महत्व समझाते हुए उन्होंने कहा प्रारंभिक वर्ष में उत्पादन कुछ कम हो सकता है, किंतु समय के साथ उत्पादन में वृद्धि होती है। जैविक उत्पादों की बाजार में मांग अधिक है और इनके बेहतर दाम भी प्राप्त होते हैं। विभिन्न प्रमाणपत्र मिलने से निर्यात में भी सुविधा होती है तथा जैविक उत्पाद स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होते हैं। जैविक उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक रविवार को हाट बाजार लगाया जा रहा है। इस मॉडल को आगे ब्लॉक और पंचायत स्तर तक विस्तारित करने की कार्ययोजना भी बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कृषि सखियाँ भी किसानों को निरंतर जागरूक कर रही हैं। विशेष बात यह है कि महिलाएँ स्वयं आगे आकर किसानों को तकनीकी जानकारी प्रदान कर रही हैं और उन्हें नई-नई कृषि विधियाँ सीखा रही हैं। इस वर्ष ई-विकास प्रणाली भी लागू की गई है, जिसके तहत किसानों को अब लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी। ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे किसानों को मोबाइल पर ही यह जानकारी मिल जाएगी कि किस केंद्र से, किस तारीख को और किस स्लॉट के लिए खाद उपलब्ध होगा। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के किसान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हैं।

### ये रहे उपस्थित

मेले में कृषि विज्ञान केन्द्र देवास से वैज्ञानिक डॉ.आर.पी. शर्मा तथा डॉ.के.एस. भार्गव, कृषि विज्ञान अशोकनगर से डॉ. बी.एस.गुप्ता, डॉ. व्ही.के.जैन तथा डॉ.हेमंत कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र आरोन से डॉ.धमेन्द्र सिंह तथा डॉ.अमित कुमार द्वारा किसानों को नई कृषि तकनीकों का प्रसार, उन्नत बीज व किस्मों का प्रदर्शन, जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, कृषि यंत्रो की विस्तृत जानकारी कृषकों को प्रदान की गई। साथ ही प्रगतिशील किसानों, कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन एवं संवाद सत्र आयोजित किए गये एवं मेले में प्राकृतिक खेती, मिलेट गैलेरी, खाद, बीज, दवा, सिंचाई उपकरण, कृषि यंत्र निमार्ता/विक्रेता कंपनियों द्वारा अपनी स्टॉल के माध्यम से अपने उत्पादों की जानकारी प्रदान की गई। अंत में संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ग्वालियर द्वारा अपने उद्बोधन उपरांत कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

## ओलावृष्टि से हुई भारी क्षति पर राज्य सरकार मुआवजा देवे-नवलखा

**महिदपुर।** प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिला एवं महिदपुर तहसील के विभिन्न गांवों में भारी वर्षा, तेज हवा एवं ओलावृष्टि से गेहूं व अन्य फसलों में भयंकर नुकसानी हुआ है जिससे किसान अपनी फसलों की हुई ज्जनुकसानी पर बेबस व लाचार दिखाई दे रहे है। किसानों को राज्य सरकार तत्काल राहत एवं मुआवजा राशि प्रदान करने के निर्देश देवे साथ ही खेती पर आधारित कृषि व अन्य मजदूरों को बेरोजगार होने पर मुआवजा व राहत राशि देकर उनकी बदतर माली हालत सुधारने हेतु सार्थक कदम उठावें ताकि किसान व मजदूरों को संबल प्राप्त हो सकें। उक्त मांग सामाजिक कार्यकर्ता व प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता अशोक नवलखा ने शासन से कर अविलम्ब प्रभावित व हताश, निराश लोगो की मदद करने हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की है।



## हिंदू धर्म का सरेआम मजाक उड़ाती ब्यावरा नगर पालिका



**ब्यावरा।** विगत 6 महीने पहले नवरात्रि में मां भगवती की स्थापना कर पूजा अर्चना की और उनका विसर्जन अजनार नदी में किया गया था लेकिन ब्यावरा नगर पालिका परिषद अपने निकम्मेपन और निष्क्रिय होने के कारण तथा भ्रष्टाचार में अकंढ डूबी और आंखों पर काली पट्टी बांधे मां भगवती के स्वरूप का विसर्जन भी ठीक से नहीं कर पाई, सिविल अस्पताल रोड के पुल पर एक 6 महीने से आधी डूबी हुई माताजी का स्वरूप को सब देख रहे है हिंदू धर्म की बात करते हैं हिंदू सम्मेलन करते हैं चंदा उगते हैं और ब्यावरा के विकास के लिए बड़े-बड़े भाषण देते हैं लेकिन विकास सरेआम दिख रहा है कि दूषित गंदी कीचड़ भरी अजनार नदी में माताजी का स्वरूप पड़ा हुआ है, जिम्मेदारों का इस ओर ध्यान क्यों नहीं जा रहा है नगर पालिका के जिम्मेदार अध्यक्ष और सीएमओ को अपना पद तुरंत त्याग देना चाहिए इस्तीफा दे देना चाहिए जिसने हिंदू धर्म का अपमान सरेआम किया है। इस रोड से मंत्रीगण व कई प्रशासनिक अधिकारी आम नागरिक गुजरते हैं किसी का ध्यान प्रतिमा पर क्यों नहीं गया क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यही है सफाई अभियान, भाजपा का विकास और पार्टी का काम। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष रचना भार्गव ने कहा कि ब्यावरा नगर पालिका अध्यक्ष को इस्तीफा दे देना दीजिए और ऐसे व्यक्ति के हाथ में अपना प्रभार दे दीजिए जो नगर की अव्यवस्थाओं को देखकर उनका निराकरण कर सके और विकास कर सके ।

## उत्साह व उमंग के साथ मनाया फाग उत्सव, वैश्य महिला इकाई का आयोजन



**शुजालपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई का जिला स्तरीय फाग महोत्सव आष्टा रोड स्थित टीटीएल रेस्टोरेंट में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता करते हुए गुलाल व पुष्पवर्षा के बीच बरसाने की लठमार होली की झलक प्रस्तुत की और पारंपरिक फाग गीतों पर जमकर थिरकीं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री बीना माहेश्वरी, संभाग महामंत्री ग्रीष्मा शाह एवं जिला अध्यक्ष वीणा गोयल ने बताया कि आयोजन में आसपास की शाखाओं से भी महिलाएं शामिल हुईं। नगर अध्यक्ष लता विजयवर्गीय, तहसील अध्यक्ष अंजू सोनी तथा अकोदिया अध्यक्ष अमिता डागा ने उपस्थित महिलाओं का गुलाल लगाकर एवं फूल बरसाकर स्वागत किया। अतिथियों को ठंडाई पिलाकर आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। फाग उत्सव में राधा-कृष्ण स्वरूप में लाज खत्री और सरोज गोयल विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। रंगारंग प्रस्तुतियों और मनोरंजक खेलों के बाद सभी महिलाओं ने सहभोज का आनंद लिया। पूरे आयोजन में उल्लास, सौहार्द और सांस्कृतिक परंपराओं की छटा देखने को मिली। अंत में सभी ने एक-दूसरे को रंगों के इस पावन पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

माता शबरी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई

## पारंपरिक वेशभूषा एव पारंपरिक ढोल और मांदल की थाप पर लोकनृत्य आकषर्ण रहा

**ब्यावरा।** आदिवासी भील समाज ने मां शबरी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई इस समारोह में नगर व आसपास के गावों के सैकड़ों समाज बंधु महिलाओं व नौजवान युवकों ने भाग लिया इस मौके पर समाजजनों ने माता शबरी की झांकी की भव्य शोभा यात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाएं सिर पर कलश लिए चल रही थी, ढोल-ताशों, ध्वजों और जय माँ शबरी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा, आदिवासी लोक नृत्य दल द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं पारंपरिक ढोल और मांदल की थाप पर प्रस्तुत नृत्य ने लोगों का मनमोह लिया और आदिवासी संस्कृति की समृद्ध विरासत को जीवंत कर दिया लोकनृत्य के समाज के युवा ढ़ोल बेंड बाजों की धुन पर जमकर थिरक रहे थे।

करीब 5 दशकों बाद इंडियन सिनेमा के दो सबसे बड़े सितारे फिर से एक साथ स्क्रीन पर नजर आने वाले हैं, लेकिन इसके प्रोमो रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है।

# रजनीकांत और कमल हासन की फिल्म पर छिड़ी बहस

## लोगों ने प्रोमो को बताया एआई, मेकर्स ने दिया करारा जवाब




सुपरस्टार रजनीकांत और कमल हासन 47 साल बाद एक नई फिल्म में साथ काम कर रहे हैं। मेकर्स ने इस बीते दिनों इसका प्रोमो रिलीज किया था। ट्रेलर में रजनीकांत और कमल हासन रेट्रो लुक में नजर आए थे। प्रोमो रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इसे एआई जनरेटेड बताया, जिसके बाद मेकर्स का उनके लिए करारा जवाब सामने आया है।

### प्रोमो को लोगों ने बताया एआई जनरेटेड

रजनीकांत और कमल हासन की अपकमिंग फिल्म के प्रोमो को लेकर हाल ही में सोशल मीडिया पर काफी चर्चा शुरू हो गई थी। जब निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार के साथ इस फिल्म का प्रोमो रिलीज हुआ, तो कई लोगों ने दावा किया कि इसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाया है। कुछ यूजर्स ने यहां तक कह दिया कि प्रोमो में नजर आने वाले मॉडल्स और एक्स्ट्रा कलाकार भी एआई जनरेटेड हैं।

### मेकर्स ने वीडियो शेयर कर दिया जवाब

इन अफवाहों पर विराम लगाने के लिए फिल्म के निमार्ता रेड जायंट मूवीज ने सोशल मीडिया पर एक नया बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में साफ दिखाया गया कि प्रोमो की शूटिंग असली सेट पर हुई है।

रजनीकांत और कमल हासन खुद सेट पर शूट करते नजर आए, वहीं जिन एक्स्ट्रा कलाकारों को एआई बताया जा रहा था, वे भी शूटिंग के दौरान इधर-उधर चलते और सीन देते दिखाई दिए। वीडियो के आखिरी में राजिनीकांत और कमल हासन एक-दूसरे को गले लगाते नजर आ रहे हैं, जिसने फैंस का दिल जीत लिया।

### जल्द ही शुरू होगी शूटिंग

फिल्म को नेल्सन लिख और डायरेक्ट कर रहे हैं, और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। प्रोमो ने साफ कर दिया है कि यह प्रोजेक्ट सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि तमिल सिनेमा के इतिहास का बड़ा इवेंट बनने जा रहा है।

## बॉक्स ऑफिस

## खत्म हुआ 'अस्सी' और 'दो दीवाने सहर में' का खेल, कमाई में आगे चल रही 'ओ रोमियो'



इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर नई रिलीज हुई फिल्में बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही हैं। 'अस्सी' और 'दो दीवाने सहर में' का कलेक्शन पहले के मुकाबले अब और घट गया है। ऐसे में सिनेमाघरों में पहले से चल रही फिल्म 'ओ रोमियो' अच्छा कलेक्शन कर रही है। आइए जानते हैं इन फिल्मों ने बुधवार को कितना कलेक्शन किया है?

### अस्सी

समाज के गंभीर मुद्दे को उठाने वाली फिल्म 'अस्सी' को उम्मीद के मुताबिक दर्शक नहीं मिल पा रहे हैं। तापसी पन्नू की अदाकारी वाली फिल्म का कलेक्शन बुधवार को काफी घट गया है। छठे दिन फिल्म ने सिर्फ 55 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 85 लाख रुपये कमाए थे। फिल्म का कुल कलेक्शन 6.30 करोड़ रुपये हो गया है। इसके निर्देशक अनुभव सिन्हा हैं।

### दो दीवाने सहर में

संजय लीला भंसाली की फिल्म 'दो दीवाने सहर में' बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर पा रही है। छठे दिन फिल्म ने 40 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 55 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। इस फिल्म का कुल कलेक्शन 5.75 करोड़ रुपये हो गया है। इसमें मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी अहम किरदार में हैं।

### ओ रोमियो


विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बनी फिल्म 'ओ रोमियो' अब भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। फिल्म ने तेरहवें दिन 1.20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 1.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। फिल्म का कुल कलेक्शन 60.25 करोड़ रुपये हो गया है। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अहम किरदार में हैं।

### बॉक्स ऑफिस पर किसका राज?

बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'अस्सी' और 'दो दीवाने सहर में' में टकराव हुआ है। दोनों फिल्में 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थीं। दोनों की कमाई लगभग बराबर है। इस बीच पहले से सिनेमाघरों में चल रही फिल्म 'ओ रोमियो' अच्छा कलेक्शन कर रही है। यह फिल्म नई रिलीज हुई फिल्मों 'अस्सी' और 'दो दीवाने सहर में' पर भारी पड़ रही है।

## 'चरक' का ट्रेलर हुआ रिलीज, गांव में होने वाले अंधविश्वास और तांत्रिक क्रियाओं से डराती है फिल्म

'द केरल स्टोरी' फेम निर्देशक सुदीप्तो सेन की आगामी फिल्म 'चरकः फेयर ऑफ फेथ' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। ट्रेलर में भारत के ग्रामीण इलाकों में फैले अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और तंत्र-मंत्र से जुड़े कई सवाल उठाए गए हैं। जानते हैं कैसा है 'चरक' का ट्रेलर और क्या है इसमें कुछ खास?




ट्रेलर के शुरूआत में दिखाया गया है कि गांव से बच्चे गायब हो रहे हैं। इसके बाद उनके माता-पिता पुलिस के पास इसकी शिकायत दर्ज करवाने पहुंचते हैं। धीरे-धीरे आगे दिखाई देता है कि अघोरी बाबा, साथ ही कुछ लोग तंत्र-मंत्र से जुड़े होते हैं। आगे दिखाया गया है कि चरक मेले में लोग अंधविश्वास से जुड़े होते हैं तांत्रिक क्रिया करते हैं। लेकिन इस बीच सवाल यही खड़ा होता है कि बच्चे कहां गायब हो रहे हैं और वो कैस मिलेंगे।

### तांत्रिक जगत के रहस्य को दिखाती है फिल्म

चरक भारतीय तांत्रिक जगत के रहस्यमय और अनसुलझे पहलुओं को तलाशने की कोशिश करती है। इसमें मनोवैज्ञानिक रूप से गहराई से जुड़े किरदारों को एक विचलित कर देने वाले ट्रेडिनशन के साथ मिलाया गया है। टेलर में अंधविश्वाल, तंत्र-मंत्र की अलग-अलग विद्याओं और विधाओं के बारे में दिखाया गया है। इसमें अघोरी से लेकर बली देने की प्रथा तक शामिल है।

### 6 मार्च को रिलीज होगी फिल्म

शीलादित्य मौलिक द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अंजली पाटिल, साहिदुर रहमान, सुब्रत दत्ता, शशि भूषण, नलनीश नील, शंखदीप और शौनक श्यामल सहित कई जाने-माने कलाकार शामिल हैं। 'चरकः फेयर ऑफ फेथ' एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सिनेमाई अनुभव प्रदान करता है, जो आस्था और कट्टरता के बीच की पतली रेखा पर सवाल उठाता है। यह फिल्म 6 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर को देखकर इसको लेकर उत्साह बढ़ गया है।




दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर भारत के लिए काम आसान कर दिया है। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय टीम को अगले दोनों मैच जीतने होंगे।

# दक्षिण अफ्रीका की जीत से नेट रन रेट का महत्व हुआ कम, सेमीफाइनल के लिए भारत को अब चाहिए दो जीत

**अहमदाबाद।** कप्तान एडेन मार्करम की नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराया। दक्षिण अफ्रीका ने इसके साथ ही टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है और सेमीफाइनल के लिए दावा मजबूत कर लिया है। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 176 रन बनाए। जवाब में मार्करम ने दमदार बल्लेबाजी की जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 16.1 ओवर में एक विकेट पर 177 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

### मार्करम ने दिलाई दमदार शुरूआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्करम ने क्विंटन डिकॉक के साथ मिलकर दक्षिण अफ्रीका को मजबूत शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 95 रन जोड़े। डिकॉक अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन रोस्टन चेज ने उन्हें आउट कर दिया। डिकॉक 24 गेंदों पर चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मार्करम ने रेयान रिकेल्टन के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज पर दबाव बढ़ाया।



### भारत का समीकरण

दक्षिण अफ्रीका ने इस तरह भारत के लिए राह आसान कर दी है। अब भारत को अगले दो मुकाबले जीतने हैं जिससे वह सेमीफाइनल में जगह बना सकता है।

भारत का सामना जिम्बाब्वे से है और इसके बाद टीम को वेस्टइंडीज का सामना करना है। भारत अगर अपने दोनों मुकाबले अपने नाम कर लेता है तो उसके लिए चीजें आसान हो जाएंगी।

दक्षिण अफ्रीका का सामना अब सुपर आठ के अंतिम मैच में जिम्बाब्वे से होगा।

अगर भारत दोनों मैच जीत जाता है और फिर दक्षिण अफ्रीका भी जिम्बाब्वे को हरा देता है तो नेट रन रेट का कोई महत्व नहीं रह जाएगा।

इस स्थिति में दक्षिण अफ्रीका के तीन मैचों में छह अंक होंगे, जबकि भारत के चार अंक हो जाएंगे। वहीं, वेस्टइंडीज एक जीत के साथ दो अंक पर ही रुक जाएगा।

### वेस्टइंडीज को लगे शुरूआती झटके

इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। दक्षिण अफ्रीका ने लुंगी एनगिडी की अगुआई में दमदार प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज को झटके दिए। हालांकि, आठवें विकेट के लिए रोमारियो शेफर्ड और जेसन होल्डर ने शानदार साझेदारी की जिससे वेस्टइंडीज दक्षिण अफ्रीका के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रख सका।

### शेफर्ड-होल्डर की साझेदारी

वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय सात विकेट पर 83 रन था। लेकिन शेफर्ड और होल्डर ने इसके बाद पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने आठवें विकेट के लिए 57 गेंदों पर 89 रनों की साझेदारी कर वेस्टइंडीज को मुश्किल से उबारा। होल्डर आखिरी ओवर में रन आउट हुए जिससे ये साझेदारी टूट गई। होल्डर 31 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 49 रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज के लिए सिर्फ शेफर्ड और होल्डर ने दमदार प्रदर्शन किया जिससे टीम चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दे सकी। शेफर्ड 37 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 52 रन बनाकर नाबाद लौटे।

वेस्टइंडीज के लिए होल्डर और शेफर्ड के अलावा ब्रेंडन किंग ने 21, शाई होप ने 16, शेरफाने रदरफोर्ड ने 12 और मैथ्यू फोर्ड ने 11 रन बनाए, जबकि रोवमैन पोवैल 9, शिमरॉन हेटमायर 2 और रोस्टन चेज 2 रन बनाकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के लिए एनगिडी ने तीन विकेट लिए, जबकि कगिसो रबादा और कॉर्बिन बॉश को दो-दो विकेट मिले।

## टी20 विश्वकप से बाहर हुआ मेजबान श्रीलंका, पाकिस्तान की राह हुई कठिन

**कोलंबो।** मिचेल सैंटनर और कोल मैककोन्की की अर्धशतकीय साझेदारी के बाद रचिन रवींद्र की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप 2026 की सह-मेजबान श्रीलंका टीम को 61 रन से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका का सफर टूनामेंट में समाप्त हो गया। अब टीम अपना आखिरी मुकाबला पाकिस्तान से खेलेगी। बुधवार को कोलंबो में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में सात विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर सिर्फ 107 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई।

सुपर-8 मुकाबले में जीत के साथ न्यूजीलैंड ग्रुप-2 की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। उसके खाते में 3 अंक और नेट रन रेट +3.050 हो गया। वहीं, इंग्लैंड चार अंक लेकर शीर्ष पर है। अब न्यूजीलैंड को सुपर-8 में अपना आखिरी मुकाबला इंग्लैंड से शुक्रवार को खेलना है। श्रीलंका की टीम लगातार दो मैचों में शिकस्त झेलने के बाद आखिरी पायदान पर पहुंच गई। वहीं, पाकिस्तान फिलहाल एक अंक और -0.461 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। सलमान आगा की टीम को अपना आखिरी मुकाबला 28 फरवरी को खेलना है। पाकिस्तान अगर यह मैच जीत भी लेता है तो हद से हद तीन अंक हासिल कर पाएगा, लेकिन नेट रन रेट में न्यूजीलैंड उससे बाजी मार लेगा और सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेगा।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

# टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मिचेल सैंटनर का अनूठा डबल

**कोलंबो।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1,000 रन और 100 विकेट निकालने वाले आईसीसी के पूर्ण सदस्य देश के छठे खिलाड़ी बन गए हैं। वह इस मुकाम को हासिल करने वाले पहले कीवी खिलाड़ी भी हैं।

मिचेल सैंटनर ने बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 मुकाबले में 26 गेंदों का सामना करते हुए चार छक्कों और दो चौकों के साथ 47 रन की पारी खेली। सैंटनर ने यह पारी उस समय खेली, जब कीवी टीम 84 के स्कोर तक अपने छह विकेट खो चुकी थी। यहां से सैंटनर ने कोल मैककोन्ची के साथ 47 गेंदों में 84 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 168/7 के स्कोर तक पहुंचा दिया।



टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आईसीसी के पूर्ण सदस्य देश की तरफ से अब तक सिर्फ छह ही खिलाड़ी 1,000 रन बनाने के साथ 100 विकेट हासिल कर सके हैं। इनमें सैंटनर के अलावा, शाकिब अल हसन, मोहम्मद नबी, सिकंदर रजा, हार्दिक पांड्या और शादाब खान का नाम शामिल है।

कीवी टीम ने 34 के स्कोर तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए थे, लेकिन यहां से ग्लेन फिलिप्स ने रचिन रवींद्र के साथ तीसरे विकेट के लिए 41 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 75 के स्कोर तक पहुंचाया। फिलिप्स 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। यहां से टीम ने 84 के स्कोर तक अपने छह विकेट खो दिए।

इसके बाद कप्तान सैंटनर ने मोर्चा संभाला। उन्होंने कोल मैककोन्ची के साथ 84 रन की साझेदारी करते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। सैंटनर ने 47 रन टीम के खाते में जोड़े, जबकि कोल ने 23 गेंदों में पांच बाउंड्री के साथ 31 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से महेश तीक्षणा और दुष्मंथा चमीरा ने तीन-तीनविकेट निकाले। एक विकेट दुनिथ वेलालगे ने हासिल किया।

## न्यूज कॉलम

### बुजुर्ग डॉक्टर के घर से लाखों के आभूषण चोरी 3 माह बाद अलमारी का लॉकर खोला तो पता चला

**इंदौर।** इंदौर के तिलक नगर इलाके में रहने वाले एक डॉक्टर के यहां लाखों की चोरी की वारदात हो गई। तीन माह बाद जब अलमारी का लॉकर खोला तो उन्हें जानकारी लगी। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर बुधवार को दर्ज की है। वही अब संदेह के आधार पर पुलिस उनके यहां काम करने वाले आधा दर्जन नौकरों से पूछताछ करेगी। तिलक नगर पुलिस ने बताया कि 70 साल के डॉक्टर राजकुमार मुंदडा निवासी साहिला एलाईट ग्रेटर ब्रजेश्वरी की शिकायत पर पुलिस ने चोरी के मामले में एफआईआर की है। डॉक्टर राजकुमार ने बताया कि उनके घर की अलमारी से बिना लॉक टूटे मोती वाला सोने का हार, झुमका सेट, सोने के कंगन, हीरे का ब्रेसलेट, सोने के झुमके, सोने की अंगूठी, चांदी के बर्तन ओर नकदी रुपए गायब हो गए। उन्होने बताया कि 12 फरवरी को जब उन्होने लॉक खोला तो अलमारी के अदंर कोई जेवर नही थे। जबकि अलमारी का लॉक भी नही टूटा था। डॉक्टर ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसके यहां करीब आधा दर्जन कर्मचारी साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं के लिए आते है। उन्होंने एक कर्मचारी को चॉबी की जानकारी होने की बात भी बताई। पुलिस ने इस मामले में सभी कर्मचारियों के नाम पते की जानकारी ली है। अब पुलिस डॉक्टर के यहां चोरी को लेकर आगे उनसे पूछताछ कर सकती है।

### पार्टी के दौरान हुई चाकूबाजी में घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया

**इंदौर।** महू के बड़गोंदा थाना क्षेत्र में महू-मंडलेश्वर मार्ग स्थित वेकेशन विला फार्म हाउस पर बुधवार देर रात चाकूबाजी की घटना हुई। घटना में एक युवक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए राऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, फार्म हाउस पर एक पार्टी चल रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो बढ़कर चाकूबाजी तक पहुंच गया। घायल युवक को उसके साथियों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। सूत्रों के मुताबिक, जिस फार्म हाउस पर यह पार्टी आयोजित की गई थी, वहां बड़गोंदा सहित अन्य थानों के कुछ पुलिसकर्मियों की मौजूदगी की भी चर्चा है। इतना ही नहीं, पार्टी में तीन युवतियों के शामिल होने की बात भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि उक्त फार्म हाउस इंदौर निवासी विशाल शर्मा और उसके एक साथी का है। घटना के समय फार्म हाउस मालिक विशाल शर्मा अपने दोस्तों के साथ मौके पर मौजूद था। मामले में एसडीओपी ललित सिकरवार का कहना है कि अभी घटना की जानकारी जुटाई जा रही है।



मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) का आयोजन आगामी 1 मार्च को

# इंदौर शहर के 100 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 38 हजार 144 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे

## परीक्षा की तैयारियों को लेकर संभागायुक्त कार्यालय में बैठक सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा ऑफलाइन पद्धति से राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 का आयोजन आगामी 01 मार्च को किया जाएगा। यह परीक्षा इंदौर जिले के 100 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। उक्त परीक्षा के लिए इंदौर के शासकीय और अशासकीय स्कूलों व कॉलेजों को केन्द्र बनाया गया है। शहर में आयोजित इस परीक्षा में कुल 38 हजार 144 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी। राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 परीक्षा के सम्पूर्ण संचालन हेतु संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े को परीक्षा समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है।



उक्त परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आज संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देश पर संभागायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त राजस्व एवं प्रभारी परीक्षा अधिकारी श्रीमती सपना एम. लोवंशी ने बैठक में बताया कि राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 के प्रश्नपत्र में बहुवैकल्पिक प्रश्न होंगे। परीक्षा प्रारंभ होने के 45 मिनट पूर्व परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। सभी परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केन्द्र पर पहुँचें।

### मोबाइल फोन रखना प्रतिबंधित

परीक्षार्थियों का प्रवेश मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी प्रवेशपत्र और फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व ओएमआर सीट का वितरण किया जाएगा तथा प्रश्न पत्र पुस्तिका का वितरण 11.55 बजे किया जाएगा। परीक्षा पूर्व सभी पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी को वही सेट मिले जो उनके लिए निर्धारित है। बैठक में प्रभारी परीक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 में परीक्षार्थी प्रवेश पत्र, पहचान पत्र, गोले बनाने हेतू निर्धारित स्याही का पेन, स्वयं का फोटो, पानी की पारदर्शी बाटल, अन्य कोई सामग्री जो ई-प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट है, को ले जाने की अनुमति रहेगी। बैठक में बताया गया कि परीक्षा के दौरान वीक्षकों को मोबाइल फोन रखना प्रतिबंधित है। साथ ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित है।

## जीत-हार से आगे बढ़कर खेल भावना का संदेश देता खेलोत्सव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



आत्मबल, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी हैं। किसी भी परिस्थिति में हार न मानें और अपनी सीमाओं को चुनौती देते हुए आगे बढ़ते रहें। ये प्रेरणादायी विचार पद्म श्री से सम्मानित अंतर्राष्ट्रीय पैरा स्विमर सत्येंद्र लोहिया ने वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में आयोजित चार दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव खेलोत्सव 2026 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। अपने संबोधन में लोहिया ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि दिव्यांगता शरीर में नहीं, बल्कि सोच में होती है। दृढ़ संकल्प, सकारात्मक विचार, उत्साह और उम्मीद के साथ व्यक्ति अपने हर सपने को साकार कर सकता है। उन्होंने अपने जीवन के संघर्षों और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए छात्रों को संदेश दिया कि चुनौतियाँ ही सफलता की सीढ़ियाँ बनती हैं। उनका प्रेरक उद्बोधन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक सिद्ध हुआ। खेलोत्सव 2026 का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से सक्रिय रखने के साथ-साथ पारंपरिक भारतीय खेलों के प्रति पुनः आकर्षित करना भी है। खेलोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने आठ प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं – क्रिकेट, शतरंज, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, कबड्डी, पिट्टू, रस्साकशी (टग ऑफ वॉर) एवं अन्य प्रतिस्पर्धात्मक खेलों– में भाग लेकर अपनी क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## 1590 बकायादारों से 7 करोड़ वसूले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में बुधवार को नगर निगम ने शहर में राजस्व वसूली अभियान चलाया। संपत्तिकर और जलकर के 1590 बकायादारों से 7 करोड़ 6 लाख रुपए से अधिक की वसूली की गई। अभियान के तहत सभी जोनल कार्यालयों और निगम मुख्यालय पर विशेष कर संग्रहण शिविर (कैंप डे) आयोजित किए गए। साथ ही सभी जोन क्षेत्रों में सघन वसूली कार्रवाई की गई। प्रभारी राजस्व निरंजन सिंह चौहान और अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव के अनुसार, शाम 6 बजे तक संपत्तिकर और जलकर की 1590 रसीदों के माध्यम से कुल 7.06 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ।

## व्हाट्सएप कॉल कर आरोपी ने खाते में डलवाए 1.60 लाख रुपए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में बीएसएफ के एएसआई के साथ निवेश के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने व्हाट्सएप कॉल कर शेयर और कमोडिटी में निवेश कराने का झांसा दिया और करीब 1 लाख 60 हजार रुपए खाते में डलवा लिए। पुलिस के अनुसार बीएसएफ के एएसआई शौकत खान, निवासी एसटीसी बीएसएफ कैंपस ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए निवेश पर अच्छा लाभ मिलने का दावा किया। आरोपी ने बातचीत के दौरान पहले 30 हजार रुपए खाते में डलवाए। इसके बाद लगातार संपर्क कर अलग-अलग किस्तों में और रुपए डलवाता रहा। आरोपी ने 1 लाख रुपए जमा होने की फर्जी स्लिप भी भेजी, लेकिन खाते में कोई राशि जमा नहीं हुई। आरोपी 6 फरवरी तक कॉल कर और रुपए निवेश करने के लिए कहता रहा। जब खाते में कोई राशि नहीं आई, तब शौकत खान को ठगी का एहसास हुआ।

हाईकोर्ट ने जारी किए नोटिस

## हवा में चलने वाले रेस्टोरेंट को लेकर जनहित याचिका



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के बायपास पर हवा में चल रहे झूलते रेस्टारेंट को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है जिस पर आज डिविजन बेंच में सुनवाई हुई। यह याचिका ऐडवोकेट चर्चित शास्त्री द्वारा लगाई गई। इसमें कहा गया है कि यह मौत का झूला है। देश में तीन स्थानों पर इस तरह के होटल्स को हादसों के बाद बन्द किया गया है। यहां भी काफी ऊंचाई पर लोगो को ले जाकर उनकी जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समयः सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com